दैनिक
# लोकमित्र
सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :82
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 23 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# प्रयागराज डेवलपमेंट रीजन बनेगा

## ▶▶ मिर्जापुर-प्रयागराज तक बनेगा एक्सप्रेस-वे

- बागपत, हाथरस और कासगंज में होगा मेडिकल कॉलेजों का निर्माण
- महाकुंभ में मुख्यमंत्री एवं उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने लगाई डुबकी नौ करोड़ श्रद्धालुओंने किया स्नान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुंभनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में महाकुम्भ त्रिवेणी संकुल पर हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में जनहित के कई बड़े फैसले लिए गए। इसके तहत प्रयागराज रीजन डवलपमेंट की स्थापना होगी, जिसके तहत आसपास के जिलों को मिलाकर उनका सुनियोजित विकास कराया जाएगा। पश्चिमी क्षेत्र के बागपत, हाथरस और कासगंज जिलों में मेडिकल कालेजों का निर्माण होगा। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम अपने बांड जारी कर सकेंगे, जिससे निगमों की वित्तीय हालत में सुधार हो सकेगा। साथ ही मीरजापुर से प्रयागराज छह लेन का एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा। बैठक के बाद मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने संगम में डुबकी लगाई।महाकुंभ में बुधवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में हुए फैसलों को बारे में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पीपीपी मोड पर बागपत, हाथरस और कासगंज में मेडिकल कालेजों के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। जल्द ही उन पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बलरामपुर में अटल जी के नाम से केजीएमयू का सेंटर बनेगा। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम बांड जारी कर सकेंगे। अब तक लखनऊ और गाजियाबाद नगर निगम के लिए ही बांड जारी किये जा रहे हैं। प्रयागराज के लिए एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बांड जारी होगा। काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद काशी वैश्विक पटल पर छा रहा है।

उन्होंने बताया कि वाराणसी-विंध्य को एक डेवलेपमेंट रीजन बनाने की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाया जायेगा। इससे यहां के न केवल पर्यटन की दृष्टि से यहां पर रोजगार के सृजन में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा। चित्रकूट और प्रयागराज को भी गंगा एक्सप्रेस के साथ जोड़ने की कार्यवाही हो रही है। प्रयागराज में यमुना नदी पर सिग्नेचर ब्रिज के समानांतर एक नए पुल के निर्माण प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस महाकुंभ को ध्यान में रखकर प्रयागराज के साथ–साथ इस पूरे क्षेत्र का सांस्कृतिक दृष्टि से विकास किया गया, वह प्रधानमंत्री का विजन है।गंगा एक्सप्रेस-वे प्रयागराज से मिर्जापुर और मिर्जापुर से संत रविदास नगर होते हुए काशी, चंदौली और गाजीपुर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे में जुड़ेगा। इसके अलावा वाराणसी और चंदौली से मिनी एक्सप्रेसवे सोनभद्र को जोड़ते हुए नेशनल एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा।मुख्यमंत्री ने बताया कि खासतौर पर प्रदेश के जो महत्वपूर्ण मामले हैं, उनमें डिफेंस से संबंधित जो पालिसी पर भी विचार हुआ है। मौजूदा डिफेंस पालिसी 2018 में बनी थी, उसे नये सिरे से बनाये जाने के बारे में चर्चा हुई है। साथ ही एफडीआई के अंतर्गत जो-जो निवेश प्रदेश में हुआ है, उस पर भी विचार हुआ है। उन्होंने बताया कि युवाओं को स्मार्ट फोन और टेबलेट उपलब्ध कराने के लिए धनराशि की व्यवस्था की गई है।टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से प्रदेश के 62 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो को उच्चीकृत किया जाएगा। इसके अलावा पांच सेंटर फॉर इनोवेशन, इंवेंनशन, इन्क्यूबेशन एंड ट्रेनिंग की स्थापना किये जाने के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

उप्र औद्योगिक निवेश व रोजगार प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत प्रदेश में मेगा श्रेणी की आद्योगिक इकाइयों हेतु विशेष सुविधाएं एवं रियायतें दिए जाने के प्रस्ताव को प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके अलावा एफडीआई एवं फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश हेतु प्रोत्साहन नीति के तहत मेसर्स अशोक लीलैंड को आवंटित भूमि के लिए यूपीसीडा को दिए जाने वाली सब्सिडी धनराशि के भुगतान के बारे में इम्पावर्ड कमेटी के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रयागराज के महत्व को सभी देख रहे हैं। वह वैश्विक मंच पर प्रयागराज दिखाई दे रहा है। पिछले एक सप्ताह के अंदर सवा नौ करोड़ श्रद्धालुओं ने आकर प्रयागराज संगम में स्नान किया है। वह अविस्मरणीय और अकल्पनीय है।

## एक जमानत को तैयार, दूसरे ने कहा- गलत होगा

- ताहिर हुसैन की अर्जी पर बंटे सुप्रीम कोर्ट के 2 जज
- अब बड़ी बेंच का होगा गठन



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** दिल्ली पुलिस को कड़ी फटकार मिली जब सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई की, जिसने कथित तौर पर 2020 में शहर में दंगों के दौरान हिंसा की योजना बनाई और भड़काई और कई आरोपों का सामना किया।

हुसैन अब असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ हैं। उन्होंने अगले महीने होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए खुद के लिए प्रचार करने के लिए अस्थायी रिहाई की मांग की थी।दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उसे ठुकराए जाने के बाद दायर की गई याचिका, दो न्यायाधीशों की पीठ - न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति पंकज मिथल द्वारा खंडित फैसले के बाद खारिज कर दी गई। जस्टिस अमानुल्लाह इसके पक्ष में थे, लेकिन जस्टिस मिथल नहीं थे। अब इस मामले की सुनवाई एक बड़ी पीठ द्वारा किये जाने की उम्मीद है। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने पुलिस से कठिन सवाल पूछे और जानना चाहा कि जमानत याचिका का विरोध करने वाली पुलिस पांच साल में मुट्ठी भर गवाहों से भी पूछताछ करने में क्यों विफल रही।दिल्ली पुलिस पिछले पांच साल में पांच गवाहों से पूछताछ क्यों नहीं कर सकी? हम इस तथ्य से आंखें मूंद नहीं सकते... कि आपने पिछले पांच वर्षों में केवल चार गवाहों से पूछताछ की। उन्होंने मूल आरोपपत्र की ओर भी इशारा किया - जिसमें इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या से संबंधित आरोप शामिल हैं जो जून 2020 में दायर किया गया था। जज ने पूछा कि यह सब देखना होगा। आप किसी को इस तरह से अपमानित नहीं कर सकते! वह पांच साल में एक दिन के लिए भी जेल से बाहर नहीं आया है। मुझे इस पर भी (अपने आदेश में) लिखना होगा। हम हम (इस पर) अपनी आंखें बंद नहीं कर सकते...संविधान का अनुच्छेद 21 (व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार पर) किसके लिए है?

## शामली मुठभेड़ में घायल एसटीएफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार बलिदान



▶▶ हरियाणा के गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी में चल रहा था इंस्पेक्टर सुनील का इलाज

**गुरुग्राम, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में बदमाशों से हुई मुठभेड़ के दौरान घायल एसटीएफ की मेरठ यूनिट में तैनात इंस्पेक्टर सुनील कुमार का मेदांता मेडिसिटी में बुधवार को निधन हो गया। उन्हें सोमवार को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था।यूपी एसटीएफ की मेरठ टीम का शामली के झिंझाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व सोमवार रात करीब 2¬30 बजे कार सवार मुस्तफा कग्गा गैंग के बदमाशों की घेराबंदी के दौरान मुठभेड़ हो गई थी। मुठभेड़ में गैंग का एक लाख का इनामी बदमाश अरशद निवासी थाना गंगोह जिला सहारनपुर व उसके तीन साथी मंजीत, सतीश और मनवीर ढेर हो गए थे। इस मुठभेड़ में बदमाशों की गोलीबारी में एसटीएफ के इंस्पेक्टर सुनील कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए पहले करनाल के निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उन्हें डॉक्टरों ने गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी रेफर कर दिया था।जहां डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और उनकी सांसें आज थम गई।मेदांता अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक इंस्पेक्टर सुनील कुमार का मंगलवार की शाम को ऑपरेशन किया गया था। इस दौरान उनके शरीर में लगी तीन गोलियां निकाल दी गई थीं लेकिन उनका लिवर फट गया था। जिस वजह से उनकी हालत बिगड़ती चली गई और आज उन्होंने अंतिम सांस ली।इधर, उत्तर प्रदेश के शामली पुलिस अधीधाक रामसेवक गौतम ने बताया कि बदमाशों से मुठभेड़ में घायल इंस्पेक्टर सुनील कुमार की मौत की सूचना के बाद एक टीम को गुरुग्राम भेजा गया है। उनका शव लाया जा रहा है।

## ए राजा ने वक्फ पर जेपीसी की बैठक को आगे बढ़ाए जाने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएम) नेता ए राजा ने वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल से विपक्षी पार्टियों के सदस्यों की ओर से आगामी 24 और 25 जनवरी को आयोजित बैठक को 30 से 31 जनवरी तक आगे बढ़ाए जाने के लिए पत्र लिखा है।ए राजा ने जगदंबिका पाल को लिखा है कि हाल ही में जेपीसी सदस्यों ने पटना, कोलकाता और लखनऊ में हितधारकों से उनकी राय जानने के लिए कल (21 जनवरी) को ही अपना टूर पूरा किया है। साथ ही वहां के हितधारकों को एक सप्ताह का समय दिया है कि वे अपने सुझाव लिखित तौर पर भेजें।

### ▶▶ ▶▶ जलगांव में बड़ा ट्रेन हादसा

## पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह से यात्री ट्रेन से कूदे, 12 की मौत



**जलगांव ,एजेंसियां।** जलगांव के पचोरा रेलवे स्टेशन पर एक चौंकाने वाली घटना में, पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद अफरा-तफरी मच गई। घबराए यात्री अपनी जान के डर से चलती ट्रेन से कूदने लगे। दुख की बात है कि कुछ यात्री बगल के रेलवे ट्रैक पर उतर गए, जहां वे उसी समय गुजर रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में कई लोग हताहत हुए हैं, जिससे स्टेशन पर शोक और सदमे की स्थिति है। बताया जा रहा है कि अब तक 12 लोगों की मृत्यु हुई है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्पक ट्रेन हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने घायलों के लिए पर्याप्त चिकित्सा उपचार का आदेश दिया है, साथ ही यात्रियों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। नासिक के संभागीय आयुक्त प्रवीण गेदाम ने बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस के यात्री ट्रैक पर थे जब कर्नाटक एक्सप्रेस बगल के ट्रैक से गुजर रही थी तभी वे दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हम मौके पर हैं। एडिशनल एसपी, एसपी, कलेक्टर और हर कोई अपने रास्ते पर है। हम डीआरएम और रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। अंतिम उपलब्ध जानकारी के अनुसार 8 एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंचीं, रेलवे की अतिरिक्त बचाव वैन और रेलवे एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा जा रहा है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। आखिरी रिपोर्ट के मुताबिक 8 लोगों की मौत हो गई है। संख्या बढ़ सकती है। प्रशासन हरसंभव मदद कर रहा है। अधिकारी आपातकालीन सहायता प्रदान करने और घटना की जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। हताहतों की संख्या की पुष्टि करने और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

## मथुरा के शाही ईदगाह के सर्वे पर सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ाई रोक

▶▶ अब अप्रैल में होगी सुनवाई



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अपनी रोक बढ़ा दी, जिसमें मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण की अनुमति दी गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि यह परिसर कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के निकट स्थित है, जो हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक महत्व का स्थल है। वह मस्जिद परिसर के अदालत की निगरानी वाले सर्वेक्षण के खिलाफ%ट्रस्ट प्रबंधन समिति शाही मस्जिद ईदगाह%की याचिका पर सुनवाई 1 अप्रैल से शुरू होने वाला सप्ताह तक टाल देगी। सीजेआई ने कहा कि शीर्ष अदालत के पास अब तीन मुद्दे लंबित हैं और वे एक इंट्रा-कोर्ट अपील का मुद्दा (हिंदू वादियों द्वारा दायर मुकदमों के एकीकरण के खिलाफ) है, दूसरा पूजा (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 1 अप्रैल से शुरू होने वाले सप्ताह में ही अधिनियम है।

पीठ ने कहा कि इस बीच, शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण पर रोक लगाने वाला इलाहाबाद उच्च न्यायालय का अंतरिम आदेश जारी रहेगा। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 16 जनवरी को सबसे पहले उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर, 2023 के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी। उच्च न्यायालय ने शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण की अनुमति दी थी और इसकी देखरेख के लिए एक अदालत आयुक्त की नियुक्ति पर सहमति व्यक्त की थी। हिंदू पक्ष का दावा है कि परिसर में ऐसे संकेत हैं जो बताते हैं कि इस स्थान पर कभी मंदिर हुआ करता था। हिंदू पक्षों की ओर से पेश वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि मस्जिद समिति की अपील उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर, 2023 के आदेश के खिलाफ दायर की गई थी और मामले से जुड़े आदेश निष्फल हो गए हैं।

## सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, (हि.स.)।** रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में होने वाली सुनवाई अधिवक्ताओं के हड़ताल कारण टाल दी गई है। अब 30 जनवरी को इस पर सुनवाई होगी।वादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बुधवार को बताया कि राहुल गांधी के मानहानि मामले में एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में हड़ताल के कारण सुनवाई 30 जनवरी तक के लिए टाल दी गई। मामले में बचाव पक्ष द्वारा परिवादी से शेष जिरह में विचाराधीन है।कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद एमपी–एमएलए कोर्ट में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी, मैं आहत हुआ हूं।

## केजरीवाल और भगवंत मान पर 100 करोड़ रुपए की मानहानि का मुकदमा दायर

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाते हुए 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। वर्मा ने कहा कि अगर वह केस जीत जाते हैं, तो वह इस पैसे का इस्तेमाल अपने नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए करने की योजना बना रहे हैं, जहां से वह केजरीवाल के खिलाफ 5 फरवरी का विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।केजरीवाल के इस आरोप पर कि वर्मा ने पंजाबियों को देश के लिए ख़तरा बताया है, भाजपा नेता ने कहा, ÷मुझे यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि मैंने और मेरे परिवार ने सिख समुदाय के लिए क्या किया है।

## 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान ने लैंगिक भेदभाव को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई- प्रधानमंत्री




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के आज 10 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह एक परिवर्तनकारी और जन-शक्ति से संचालित पहल बन गई है। इसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान लैंगिक भेदभाव को दूर करने और बालिकाओं को सशक्त बनाने में सहायक रहा है।मोदी ने कहा कि इस पहल से कम बाल लिंगानुपात वाले जिलों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

प्रधानमंत्री ने इस अभियान को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने वाले सभी हितधारकों की सराहना की।प्रधानमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर सिलसिलेवार अपनी पोस्ट में लिखा, ÷आज हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की 10वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। पिछले एक दशक में यह एक परिवर्तनकारी, जन-संचालित पहल बन गई है और इसमें सभी क्षेत्रों के लोगों की भागीदारी रही है।उन्होंने लिखा, ÷बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान लैंगिक भेदभाव को दूर करने में सहायक रहा है और साथ ही इसने यह सुनिश्चित करने के लिए सही माहौल तैयार किया है कि बालिकाओं को शिक्षा और अपने सपनों को पूरा करने के अवसरों तक पहुंच मिले।प्रधानमंत्री ने लिखा, ÷लोगों और विभिन्न सामुदायिक सेवा संगठनों के समर्पित प्रयासों के कारण सबेटीबचाओबेटीपढ़ाओ ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। कम बाल लिंग अनुपात वाले जिलों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और जागरूकता अभियानों ने लैंगिक समानता के महत्व की गहरी समझ पैदा की है।उन्होंने लिखा, ÷मैं उन सभी हितधारकों की सराहना करता हूं, जिन्होंने इस आंदोलन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाया है।

## जनता दल ने भाजपा को दिया बड़ा झटका, सरकार से वापस लिया समर्थन



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** एक बड़े राजनीतिक बदलाव में, जनता दल (यूनाइटेड) ने आधिकारिक तौर पर मणिपुर में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। इस फैसले से राज्य विधानसभा में पार्टी का एकमात्र विधायक विपक्षी दल में शामिल हो गया है। हालांकि इस घटनाक्रम से सरकार की स्थिरता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन यह एक कड़ा संदेश है क्योंकि जेडीयू केंद्र और बिहार में बीजेपी की प्रमुख सहयोगी है। यह घटनाक्रम कॉनराड संगमा के नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स पार्टी, जो मेघालय में सत्ता में है, के बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस लेने के महीनों बाद आया है।मणिपुर में 2022 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने छह सीटें जीतीं, लेकिन चुनाव के कुछ महीनों बाद, पांच विधायक भाजपा में चले गए, जिससे सत्तारूढ़ दल की संख्या मजबूत हो गई। 60 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल बीजेपी के 37 विधायक हैं. इसे नागा पीपुल्स फ्रंट के पांच विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है, जिससे इसे आरामदायक बहुमत मिल गया है।

## कुलदीप सिंह सेंगर को राहत- दिल्ली हाईकोर्ट से मिली अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने निष्कासित भाजपा के पूर्व विधायक और उन्नाव रेप केस में आरोपी कुलदीप सिंह सेंगर को 24 जनवरी को एम्स में मोतियाबिंद सर्जरी कराने के लिए अंतरिम जमानत दे दी।

उन्हें 27 जनवरी को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। वह इस मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। इससे पहले कोर्ट ने सेंगर को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने से सोमवार को इनकार कर दिया था। राजनीतिक नेता को 20 जनवरी को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन वह बलात्कार के मुख्य मामले में खंडपीठ से राहत पाने में असफल रहा, क्योंकि यह पाया गया कि जमानत विस्तार के लिए उसका आवेदन पीड़िता को नहीं दिया गया था। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिन्दर कौर की पीठ ने कहा, उसे हिरासत में लिया जाए। बलात्कार पीड़िता के वकील ने आरोप लगाया कि उन्हें केवल शीघ्र सुनवाई की मांग वाला एक आवेदन दिया गया था।

इसके बाद, पीड़िता के पिता की हिरासत में हुई मौत से संबंधित मामले में न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कहा कि खंडपीठ के रुख को देखते हुए, इस मामले में अंतरिम राहत बढ़ाने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

न्यायाधीश ने कहा, यदि खंडपीठ ने इनकार कर दिया है, तो इससे कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। आप आत्मसमर्पण कर दीजिए। सेंगर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने न्यायमूर्ति महाजन से कहा कि वह शाम को अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर देंगे।

## भारत को बाहर से नहीं बल्कि अंदर से खतरा है-फारूक अब्दुल्ला



**जम्मू-कश्मीर ,एजेंसियां।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि भारत को बाहर से नहीं बल्कि अंदर से खतरों का सामना करना पड़ रहा है और उन्होंने देश में इस प्रचार की आलोचना की कि हिंदू खतरे में हैं। पार्टी कार्यालय जम्मू में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि आज भी देश इसे आगे बढ़ाने के लिए हमसे बलिदान मांगता है। अगर हम ऐसा नहीं कर सके तो हम भारत को नहीं बचा पाएंगे। भारत को बाहर से नहीं बल्कि देश के अंदर से खतरा है। घर को हमेशा कोई अंदर वाला ही नुकसान पहुंचाता है, कोई बाहरी नहीं। अगर हमें इस घर को मजबूत करना है तो हमें खुद को मजबूत करना होगा।अब्दुल्ला ने कहा कि हमें लोगों के बीच जाकर उनकी परेशानियों को जानना होगा और उनका समाधान ढूंढना होगा। यह उनका प्रचार है कि हिंदू खतरे में हैं।% मैं उनसे पूछता हूं कि यह कैसे संभव है जबकि पूरी आबादी में 80त्न हिंदू हैं। इस तरह का प्रचार सिर्फ लोगों में डर पैदा करने के लिए किया जाता है।

# महाकुम्भ से योगी ने दी महासौगात, यूपी बनेगा एयरोस्पेस का महारथी

## देश की सुरक्षा के लिए यूपी को अग्रणी एयरोस्पेस तथा रक्षा केंद्र बनाने का मुख्यमंत्री ने उठाया बीड़ा




**महाकुम्भ नगर।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-सामाजिक समागम महाकुम्भ 2025 में जहां एक तरफ दुनियाभर के आस्थावानों का जुटान हो रहा है, वहीं प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस महाकुम्भ के जरिए सूबे को महा सौगात दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को तीर्थराज प्रयागराज में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए 10 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसमें उत्तर प्रदेश को एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में महारथी बनाने के उद्देश्य से नई नीति को मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य है। इस नीति के लागू होने के बाद प्रदेश के 1 लाख युवाओं को सीधे-सीधे रोजगार मिलने की प्रबल संभावना है।

महाकुम्भ नगर से प्रदेश को महासौगात देने के क्रम में अन्य अहम प्रस्तावों में विदेशी कंपनियों को उद्योग स्थापित करने के लिए एफडीआई नीति में योगी कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी है। इसके अंतर्गत योगी सरकार भूमि पर 80 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। इसके अलावा यूपी औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति में भी बड़े सुधारों की तरफ योगी सरकार ने कदम बढ़ाए हैं।

महाकुम्भ नगर के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा उत्तर प्रदेश को एक अग्रणी एयरोस्पेस तथा रक्षा केंद्र बनाने पर है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी क्षमताओं, नवाचार और वैश्विक सहयोगी को गति मिल सकेगी। इस नीति का उद्देश्य यूपी में एयरोस्पेस और रक्षा (ए एंड डी) क्षेत्र को सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) में एक मजबूत, विश्व स्तरीय, उच्च प्रौद्योगिकी और कुशल ए एंड डी मैन्यूफैक्चरिंग वातावरण बनाना है। इसके अलावा ए एंड डी क्षेत्र में आधुनिकतम केंद्र विकसित करने के लिए स्टार्टअप और निवेश को भी आकर्षित किया जाएगा। यही नहीं यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा में स्टार्टअप और एमएसएमई के कौशन और क्षमता विकास के लिए ए एंड डी आधारित सामान्य सुविधा केंद्र बनाने पर भी योगी सरकार ने कदम आगे बढ़ा दिया है। राज्य में प्रमुख ए एंड डी विनिर्माण परियोजनाओं और डीपीएसयू को आकर्षित करना, अनुसंधान को बढ़ावा देना भी इस नीति का प्रमुख हिस्सा है।

### - कुछ महत्वपूर्ण फैसले -

**प्रयागराज,** काशी और चित्रकूट के लिए बड़े फैसलेः एससीआर की तर्ज पर प्रयागराज-चित्रकूट डेवलपमेंट रीजन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। गंगा एक्सप्रेस-वे के एक्सटेंशन को मंजूर किया गया। अब यह प्रयागराज से मिर्जापुर- भदोही- वाराणसी-चंदौली-गाजीपुर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा। वाराणसी से चंदौली और सोनभद्र को जोड़ा जाएगा। इसे प्रयागराज-विंध्य काशी एक्सप्रेस-वे के रूप में जाना जाएगा। चित्रकूट से प्रयागराज को जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। रीवा नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए काम किया जाएगा।

प्रयागराज में यमुना पर नया पुल, गंगा पर फोरलेन पुल बनेगा- प्रयागराज में यमुना नदी पर सिग्नेचर ब्रिज के पैरलल एक नए पुल के निर्माण का प्रस्ताव पास किया गया है। इसके अलावा प्रयागराज से मिर्जापुर, जौनपुर, वाराणसी, आजमगढ़ गोरखपुर के कनेक्टिविटी के लिए सलोरी-हेतापट्टी झुंसी के बीच फोरलेन ब्रिज की मंजूरी दी गई है।

**छात्रों को मिलेंगे टैबलेट और स्मार्टफोन**

स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत अगले वित्तीय वर्ष में छात्रों और छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे जाएंगे। योगी सरकार ने 5 साल में दो करोड़ छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित करने का निर्णय लिया है। कैबिनेट से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली।

**आगरा में नई आवासीय परियोजना बसेगी**

आगरा विकास प्राधिकरण रायपुर के रहमनकला गांव में नई आवासीय परियोजना ला रहा है। इसके लिए प्राधिकरण को 442 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जाएगी।

### 166 बेड का राजकीय संयुक्त चिकित्सालय, बलरामपुर होगा हस्तांतरित

**प्रयागराज।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर की स्थापना के लिए 166 बेड के राजकीय संयुक्त चिकित्सालय, बलरामपुर को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तांतरित करने तथा जनपद बलरामपुर में स्थापित किए जा रहे किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के सेटेलाइट सेन्टर को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर में परिवर्तित किए जाने को भी मंजूरी मिली। आम जनमानस को विशिष्ट चिकित्सा सुविधा और युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर को स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, बलरामपुर में केजीएमयू के सेटेलाइट सेन्टर को मेडिकल कालेज में परिवर्तित कर उसके संचालन के लिए एमसीआई/एनएमसी मानकों के दृष्टिगत 1394 शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों का सृजन भी किया जा चुका है।

**प्रोत्साहन नीति के तहत आवंटित भूमि पर सब्सिडी का अनुमोदन**

**प्रयागराज।** योगी सरकार ने एफडीआई एवं फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश के लिए प्रोत्साहन नीति 2023 में अनुमन्य फ्रंड एंड लैंड सब्सिडी के तहत मेसर्स अशोक लीलेंड लि. को आवंटित भूमि पर यूपीसीडा को देय सब्सिडी के भुगतान की भी मंजूरी प्रदान की। सब्सिडी भुगतान के संबंध में इम्पावर्ड कमेटी द्वारा 27 सितंबर की संस्तुति पर अनुमोदन किया गया है।

एफडीआई नीति 2023 के अंतर्गत यूपीसीडा द्वारा अशोक लीलेंड को दी गई भूमि की लागत का 75 प्रतिशत यानी 106.51 करोड़ यूपीसीडा को देय है। इस भुगतान के लिए इम्पावर्ड कमेटी द्वारा संस्तुति प्रदान की गई है। प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत आरंभ में सुविधा की शुरुआत 2500 बस प्रति वर्ष की क्षमता से किया जाएगा। इस सुविधा में एक एक्सीलेंस सेंटर भी सम्मिलित होगा। इसमें लगभग 186 करोड़ रुपए का व्यय होगा।

**एचएलईसी की संस्तुतियों को मिला अनुमोदन**

**प्रयागराज।** योगी मंत्रिमंडल ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उत्च स्तरीय प्राधिकृत समिति (एचएलईसी) की अगस्त और सितंबर 2024 को संपन्न बैठक में की गई संस्तुतियों पर भी अनुमोदन प्रदान किया। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत प्रदेश में मेगा श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों के लिए विशेष सुविधाएं और रियायतें दिए जाने का प्राविधान किया गया है।

इसके तहत त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लि. मुरादाबाद को पूंजीगत सब्सिडी के रूप में 250 करोड़ तथा गैलेंट इस्पात लि. मिर्जापुर को एसजीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में 10,749 करोड़ रुपए प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई।

संक्षिप्त खबरें

## शिक्षक संकुल की बैठक में गुणवत्तापरक शिक्षा देने पर बल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** न्याय पंचायत रैइया के प्राथमिक विद्यालय तवकलपुर में मंगलवार को शिक्षक संकुल की बैठक की गयी। बैठक में होलागढ़ के एआरपी गुंजन सिंह ने शिक्षको को बताया कि छात्रों को भाषा, गणित और विज्ञान आदि विषयों को टीएलएम के माध्यम से गुणवत्ता परख शिक्षा प्रदान करें ताकि बच्चे आसानी से समझ सकें। इस मौक़े पर अन्य एआरपी गणों ने भी अलग अलग विषयों पर शिक्षकों का ध्यान आकृष्ट किया। प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संघ के महामंत्री प्रेमचंद्र पटेल ने सभी शिक्षको एव बच्चो का स्वागत वंदन एव जलपान आदि की उत्तम व्यवस्था किया। इस मौक़े पर आशुतोष, दुर्गेश केशरवानी, रुचि श्रीवास्तव, संचिता कुमारी, ऋतु त्रिपाठी, सुशीला देवी, मनोज कुमार आदि रहे।

## विधायक ने विद्यार्थियों को बांटे स्मार्टफोन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** वासुदेव रामकृष्ण मिश्र महाविद्यालय उमरिया बादल उर्फ गैंदा में बीए/ बीएससी के फाइनल कक्षा के उत्तीर्ण बच्चों को भाजपा विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने 20 जनवरी को निःशुल्क स्मार्टफोन वितरित किया। बताया कि यह फोन स्कूली बच्चों को सरकार की ओर से तकनीकी ज्ञान पाने के लिए निःशुल्क वितरित गया। भाजपा सरकार गरीब छात्र छात्राओं के लिए ही नहीं हर वर्ग को अनेक प्रकार का लाभ पहुंचा रही है। विद्यालय के प्रबंधक वरिष्ठ अधिवक्ता केके मिश्र ने कहा कि इस फोन से बच्चों को गूगल की सहायता से कठिन से कठिन विषय का हल मिलेगा। पहले दिन लगभग सौ बच्चों को स्मार्टफोन बाँटा गया। कार्यक्रम में मनीष नारायण मिश्र, पंकजेश, संजय आदि मौजूद रहे।

## अभिनेत्री भाग्यश्री ने किया संगम इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मऊआइमा (प्रयागराज)।** मऊआइमा क्षेत्र के खमपुर सिसवां स्थित संगम इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन बुधवार को अभिनेत्री भाग्यश्री ने फीता काटकर किया। विद्यालय संचालक पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता ने पुष्पगुच्छ देकर सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लाइव के माध्यम से बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने कहा कि सरकार जल, विकास, शिक्षा आदि को लेकर मजबूती से काम कर रही है। विशिष्ट अतिथि अभिनेत्री भाग्यश्री ने कहाकि आगे बढ़ने के लिए शिक्षा की आवश्यकता होती है। इसलिए हम सबको अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, प्रधानाचार्य स्मृता खरे, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मऊआइमा सुधीर मौर्य, सोरांव ब्लॉक प्रमुख प्रदीप पासी, विद्यायल सचिव दिनेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, रोहित गुप्ता, साधु दुबे, ओम प्रकाश पांडेय, विवेक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त, हर तरफ जाम का झाम

**प्रयागराज।** महाकुम्भ नगर प्रयागराज शहर में यातायात व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। अनायास रोड डायवर्जन करके दूरदराज से आ रहे श्रद्धालुओं व आम शहरियों को परेशान किया जा रहा है। भीड़ पर कोई कंट्रोल ही नहीं है। यातायात व्यवस्था सम्हालने वाले पुलिसकर्मी 10 मार्गो को बन्द कर उसमें से दो रास्ते पर पब्लिक को जबरदस्ती ढकेल दे रहे हैं, जबकि आराम से आने जाने पर शायद जाम न लगे, लेकिन पुलिस की खूब मनमानी चल रही है।

फाफामऊ, झूँसी, सुलेमसरांय, नैनी से आने वाले लोग बुरी तरह से परेशान हो रहे हैं। पुलिस उन्हें रोककर रास्ता भटका रही है। किसी भी रूट से मेला क्षेत्र में किसी भी प्रवेश द्वार पर खड़े पुलिस कर्मी चाहे प्रेस हो या अन्य विभाग मीडिया पास, वाहन पास होनें पर भी जाने नहीं देते हैं। मीडियाकर्मी को इससे पहले कभी पास दिखाने पर रोका नहीं जाता था, पर इस बार तो खुलेआम पुलिस का गुण्डाराज चल रहा है। पुलिस की यातायात के नाम पर हो गुंडागर्दी से जगह-जगह जाम हो रहा है। जनता परेशान हो रही है। यातायात व्यवस्था सम्हालने वाले पुलिसकर्मी व उनके जिम्मेदार अधिकारी फेल्योर साबित हो रहे हैं। दूर दराज आने जाने वाले सरकारी कर्मचारियों, टीचरों, बच्चों का आना जाना दूभर हो गया है। बस योगीजी के पास रिपोर्ट अच्छी जा रही हैं, कि महाकुम्भ की व्यवस्था बहुत शानदार है सभी योगीजी की आँख में धूल झोंक रहे हैं। जिससे सरकार की बदनामी भी हो रही है जो ठीक नहीं..?

### वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार को नवादा से 70 वर्षीय एक वारंटी राम अभिलाष पुत्र भुल्लुर निवासी नेवादा को पकड़ कर विधिक कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि वह थाने में दर्ज एक मामले में वारंटी था।

## वेदपाठी ब्राह्मणों ने स्वस्ति वाचन से किया अदाणी का भव्य स्वागत-प्रयाग पुत्र

### आदि शंकर विमान मंडपम मन्दिर की वास्तु कला देख अभिभूत रहे उद्योगपति अदाणी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** ब्रह्मा जी का प्रथम यज्ञ क्षेत्र और सनातन संस्कृति को पोषित करने वाली संगम की रेती अध्यात्म और सांस्कृतिक दर्शन को संजोए हुए है।तीर्थराज प्रयाग के प्रथम देव वेणीमाधव,नगर के रक्षक लेटे हनुमानजी और अन्य धार्मिक स्थल जहां श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र हैं, वही संगम की रेती का हर कण देवत्व का बोध कराता है। सनातन दर्शन के साथ संगम क्षेत्र का आदि शंकर विमान मंडपम मन्दिर अपने वास्तुकला के जरिए देश और दुनिया के लोगों को आकर्षित कर रहा है।

प्रयागराज की पुण्य भूमि पर स्थित आदि शंकर विमान मंडपम मंदिर मंगलवार को एक विशेष आध्यात्मिक समागम एवं सत्कार का साक्षी बना, जब देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अदानी अपने परिवार सहित वहां पहुंचे।.मंदिर के मुख्य द्वार पर पूज्य स्वामी काशी मनी के मार्गदर्शन में 51 वेद पाठी वैदिक ब्राह्मणों ने स्वस्ति वाचन से उनका भव्य 'वैदिक वेलकम' किया है। साथ रहे प्रयाग पुत्र राकेश शुक्ल ने कहा कि इस तरह का दिव्य स्वागत, सनातन परंपरा की गौरवशाली झलक प्रस्तुत करता है।

महाकुम्भ आयोजन विशेषज्ञ एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश शुक्ल ने बताया कि मेजवान के रूप में अदानी को सम्मान देते हुए पूर्ण महाकुम्भ के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक महत्व का बोध कराया है।देश के प्रमुख उद्योग पति गौतम अदानी ने अपनी यात्रा की शुरुआत इस्कॉन रसोई से करते हुए पवित्र संगम दर्शन, आरती व प्रयागराज के कवच हनुमान जी के दर्शन के बाद वह आदि शंकर विमान मंडपम मंदिर पहुंचे। यह मंदिर कुंभ क्षेत्र मे भारतीय दर्शन और सांस्कृतिक चेतना का एक अमूल्य केंद्र बना हुआ है।मंदिर प्रांगण में स्थित गीता प्रेस द्वारा निर्मित आरती संग्रह पगोडा पर उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ संवाद किया है।उनकी यह आत्मीय बातचीत न केवल उनकी आध्यात्मिक आस्था को प्रकट करती है, बल्कि समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और जुड़ाव को भी उजागर करती है।

गौतम अदानी का प्रयागराज दौरा, इस पवित्र धरती की महत्ता और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के प्रति उनकी निष्ठा को प्रकट करता है.संगम की यह पावन भूमि, जो कुम्भ मेले की परंपरा को जीवंत रखती है, समूचे विश्व में भारतीय धर्म और संस्कृति की अद्वितीय पहचान को दर्शाती है। गौतम भाई की यह यात्रा भारतीय आध्यात्मिकता और सामाजिक समरसता की प्रेरणा को और अधिक उजागर करने वाली सिद्ध होगी।

## कुम्भ भव्य, दिव्य और डिजिटल अपने आप में त्रिवेणी संगम है- राहुल दास जी महाराज

**महाकुम्भ नगर।** श्री वैष्णो भाग्य नगर खालसा हैदराबाद तेलंगाना से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी राहुल दास महाराज ने आज एक भेट वार्ता में कहा की देश में संप्रदायभेद, जातिपति भेद और प्रान्त भेद दूर होना चाहिए। तब जाके एक अच्छे समाज का निर्माण होगा। भारत देश ने जितना स्थान जगतगुरु शंकराचार्य को दिया उतना ही स्थान डॉ. भीमराव अम्बेडकर साहब को भी दिया है। इस लिए सामंत काल में जो मनुवाद और अम्बेडकरवाद के बीच जो विरोधाभास चल रहा है उसे दूर करके मनुष्य की योग्यता के अनुसार हर व्यक्ति को सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने बताया की 2025 का महा कुम्भ मेला जो गंगा,जमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम लगा वो सिर्फ तीन नदियों का ही नहीं है

## न्याय प्रक्रिया हुई कमजोर तो बढ़ेगी अराजकता-गौरी शंकर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** देश व्यवस्था के प्रमुख स्तम्भ न्यायपालिका संचालन के अहम किरदार अधिवक्ता बन्धु सरकार की नीतियों से हासिए पर हैं। उनकी सुरक्षा और हक को लेकर सरकार गम्भीर नही है। उच्च न्यायायल के वरिष्ठ अधिवक्ता गौरी शंकर चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ता निशाने पर हैं। प्रदेश सरकार अधिवक्ताओं को हक़, सुरक्षा और सम्मान देने को तैयार नही है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया पर चोट होगी तो अराजकता बढ़ेगी।

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के दावेदार वरिष्ठ अधिवक्ता गौरी शंकर चतुर्वेदी प्रदेश सरकार द्वारा उपेक्षित अधिवक्ता समाज को लेकर मुखर रहे हैं। उंन्होने कहा कि अधिवक्ता निशाने पर हैं और प्रदेश की योगी सरकार बार की मांगों को गम्भीरता से नही ले रही है। हाल में प्रयागराज में हुई सलोरी में हत्या का बाद पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने में एक सप्ताह का समय लेती है। वह भी अधिवक्ताओं के धरना, प्रदर्शन के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि यदि कोई दबंग या अपराधी किस्म के लोग अधिवक्ताओं को निशाने पर लेते हैं तो पुलिस प्रशासन लखनऊ की ओर देखने लगता है। यह कैसा न्याय है। यदि न्याय के प्रहरी खुद के न्याय के लिए जूझते हैं तो इससे बड़ी शर्मनाक बात कुछ भी नही हो सकती है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि यदि न्याय के प्रहरी चोटिल होंगे और न्यायिक प्रक्रिया बाधित होगी तो निश्चित ही अपराध और अराजकता बढ़ेगी। उंन्होने मांग दोहराते हुए कहा कि अधिवक्ता की किसी स्थिति में मौत होने पर कम से कम दस लाख रुपये सहयोग राशि दी जाय।अधिवक्ता की हत्या पर 50 लाख सहयोग राशि परिवार को दी जाय।दुर्घटना की स्थिति में उनकी दवा का खर्च सरकार उठाए।वरिष्ठ अधिवक्ताओं को पेंशन की व्यवस्था दी जाय। हम सरकार का ध्यान आकृष्ट कराकर मांगों पर गम्भीरता से विचार करने की मांग दोहराई है।

## सारिका रही अव्वल और अमीना दूसरे स्थान पर

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज में आज वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता दूसरे दिन शतरंज और टेबल टेनिस खेल प्रतियोगिता हुयी। प्रतियोगिता के प्रारंभ में कॉलेज की प्राचार्या प्रो आशीमा घोष एवम शंकर चैटर्जी ने रिबन काट कर प्रतियोगिता की शुरुआत किया।

शतरंज खेल प्रतियोगिता मैं कालेज की 22 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें सारिका यादव विजेता रही। उन्होंने 4 चक्रों में चार अंक अर्जित किए। 3.5 अंक के साथ अमीना खातून द्वितीय एवं 3 अंको के साथ अनुष्का ओझा तृतीय स्थान पर रही, आकांक्षा यादव ने चौथा स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस मै कॉलेज की 10 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच की विजेता शुभकामना सोनकर रही। शुभकामना ने शिफा बानो को 11-08 और 12-10 से सीधे सेटों मैं पराजित कर विजेता बनी। प्रेरणा श्रीवास्तव प्रतियोगिता मैं तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के दौरान सहायक प्रशिक्षक टेबल टेनिस शैलेष द्विवेदी, शतरंज प्रतियोगिता के निर्णयक धीरज सक्सेना एवं आबिद अली, डॉ अनुज कुमार वर्मा, डॉ माधुरी, डॉ कस्तुरी भारद्वाज, डॉ फातिमा, खेल कूद क्रियाकलाप समिति की प्रभारी डॉ अंजलि शिवहरे मौजूद रही।

## हनुमानजी सब का करेंगे मंगल-गायत्री मिश्र



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** ब्लॉक परिसर में बुधवार को नव निर्मित मन्दिर में प्रमुख गायत्री गंगा प्रसाद मिश्र की देव समर्पण के प्रति आस्था का नजारा देखा गया।प्रमुख दम्पत्ति ने अष्टसिद्धि दाता हनुमानजी की प्राणप्रतिष्ठा कर उनका भव्य अभिषेक किया गया है। बाबा बोलन नाथ पार्क में निर्मित मन्दिर को फूल मालाओं और तोरण द्वार से सजाकर भव्यता दी गयी।

ब्लाक मुख्यालय परिसर में बने बाबा बोलन नाथ पार्क में बना हनुमान मंदिर में बुधवार को हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में ब्लाक प्रमुख श्रीमती गायत्री मिश्रा व उनके पति प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र विधि विधान से पूजन कर हनुमान जी का अभिषेक किया है।

पार्क का यह मंदिर अति प्राचीन बताया गया है।समय के थपेड़े खाकर यह अपना अस्तित्व खो दिया था।प्रमुख मेजा गायत्री मिश्रा ने प्रमुख पद का चुनाव जीतने के साथ इसके निर्माण और हनुमान जी के प्राण प्रतिष्ठा का संकल्प लिया था।प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने इस मंदिर को नए शिरे से निर्मित कर इसे भव्य व दिव्य रूप दिया। ब्लाक प्रमुख श्रीमती गायत्री मिश्रा ने अपने निजी कोष से इसका निर्माण कराया है।यहाँ पूजन ,हवन के बाद प्रसाद वितरण किया गया है। प्रमुख रूप से खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपनारायण मिश्र, शेष मणि शुक्ल, संजय तिवारी, अनिल शुक्ल, आशुतोष मिश्र, डॉ राकेश पांडेय, मयंक शुक्ल, राहुल मिश्र सहित दर्जनों की संख्या में ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## खेलकूद और वार्षिकोत्सव का आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** पीएमश्री उच्च प्राथमिक संविलयन विद्यालय बलईमऊ में बुधवार को खेलकूद प्रतियोगिता एवं वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी लालजी शर्मा, शिक्षक संघ के ब्लाक मंत्री प्रेमचंद पटेल, एआरपी आशुतोष कुमार, एआरपी रूचि श्रीवास्तव एवं अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। बच्चों द्वारा अनेक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को लंच बॉक्स, पेंसिल बाक्स एवं नोटबुक देकर पुरस्कृत किया गया।

## अल्लापुर के किदवई नगर में घर में घुसकर लूट

**इलाहाबाद।** शुक्रवार को जॉर्जटाउन थाना के अंतर्गत किदवई नगर अल्लापुर में बदमाशों ने घर में घुसकर सोना चांदी व कुछ कैश लूट कर परिवार पर जान लेवा हमला कर दिया। बता दें की ईडब्लूएस किदवई नगर अल्लापुर निवासी मुकेश मेहतर अपने परिवार संग घर में सो रहा था, रात तकरीबन 11:30 बजे घर का गेट कूदकर बदमाशों ने लूट कर ली। परिजनों के विरोध करने पर बदमाशों ने घर की महिलाओं को पीटना शुरू कर दिया जब मुकेश ने बीच बचाओ करने की कोशिश की तो बदमाशों ने कुल्हाड़ी से मुकेश पर जान लेवा हमला कर दिया जिसमें मुकेश बुरी तरह घायल हो गया। महिलाओं को डायल 112 पर फ़ोन करते देख सभी बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए भाग

# रैली निकाल सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** विकास खंड नेवादा के प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में बुधवार को यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रैली निकाल कर छात्रों समेत अभिभावकों को जागरूक किया गया।

प्रधानाध्यापक डॉ0 राम नेवाज सिंह ने कहा कि लगातार सड़क दुर्घटनाओं की संख्या वृद्धि हो रही है, जबकि पुलिस व यातायात पुलिस की तरफ से सड़क सुरक्षा से संबंधित समय समय पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों को बताया कि वह अभिवावकों को वाहन चलाते समय बगैर हेलमेट व सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने से मना करें। अधिकतर दुर्घटनायें नशे में वाहन चलाने के दौरान होती है। इसलिए नशे की हालत में वाहन कभी नहीं चलाना चाहिए। गांव की गलियों में रैली घूमने के दौरान उन्होंने अभिवावकों से वाहन चलाने के दौरान या सड़क पर चलते समय मोबाइल फोन पर बात न करें। सड़क पार करते समय दाएं बाएं देखें, इसके बाद जेब्रा क्रासिंग पर सड़क पार करने का प्रयास करें। हमेशा यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओ को रोका जा सकता है। उन्होंने छात्रों को 18 वर्ष की आयु तक वाहन चलाने से मना करते हुए बगैर लाइसेंस के छात्रों को गाड़ी नहीं चलाने की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक अध्यापिका सुनीता सिंह, कविता चौधरी, मधु सोनकर, नीलम, बबिता केशरवानी, सरोज देवी, पवन कुमार समेत ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# ब्लाक स्तरीय स्पेल बी प्रतियोगिता में नितिन, अंशू, हर्षिता व मोना का चयन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों विषय से संबंधित गुणवत्ता सुधार के लिए शासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षाएं भी आयोजित की जाती है। इसी परिप्रेक्ष्य में छात्रों की हिंदी व अंग्रेजी वर्तनी में सुधार कर और उनके शब्द ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को विकास खण्ड कड़ा में ब्लाक स्तरीय स्पेल बी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छात्रों को अंग्रेजी के शब्दों के अपूर्ण अक्षरों को भरकर स्पेलिंग पूर्ण करनी थी। साथ ही हिंदी विषय के अंतर्गत श्रुतलेख लिखाकर छात्रों का मूल्यांकन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव ने बताया कि परीक्षा के उपरांत किए गए मूल्यांकन में प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक विद्यालय देवीगंज प्रथम के छात्र नितिन साहू, उच्च प्राथमिक स्तर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय घड़ियालीपुर के छात्र अंशू, कंपोजिट में प्राथमिक स्तर पर कंपोजिट विद्यालय गौसपुर नवावां की छात्रा हर्षिता मौर्या व कंपोजिट में उच्च प्राथमिक स्तर पर कंपोजिट विद्यालय में मर्दानपुरवर्जी की मोना का चयन हुआ है। अब ये सभी बच्चे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# अवैध संबंध का विरोध करने पर विवाहिता को पीटकर घर से भगाया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चरवा, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव में अवैध संबंध का विरोध करने पर पति ने परिजनों के साथ मिलकर विवाहिता को जमकर पीटा साथ ही उसे घर से भगा दिया। रोती बिलखती मायके पहुंची महिला ने घर वालों को मामले की जानकारी दीद्य बुधवार को पीड़िता ने थाने जाकर पति,जेठानी और ससुर के खिलाफ मामले की तहरीर दी।तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

चरवा क्षेत्र के एक गांव की नव विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी 3 वर्ष पूर्व हुई है। शादी के बाद उसने एक दिन अपने पति को जेठानी के साथ अवैध संबंध बनाते हुए देख लिया। उसने इस संबंध का विरोध करना शुरू किया। विरोध करने पर पति उसके साथ गाली गलौज करने लगाद्य आरोप है कि पति उसके साथ बराबर अवैध संबंध बनाता रहा।

एक माह पूर्व फिर अवैध संबंध की आपत्ति करने पर पति ने जेठानी और ससुर के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। साथ ही घसीट करता उसे घर से बाहर निकाल दिया। महिला रोती बिलखती मायके पहुंची और उनको घटना की जानकारी दीद्य यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गये। पीड़िता ने बुधवार को थाने जाकर पति,जेठानी और ससुर के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# राशन कार्ड बनवाने के नाम पर महिला से फोन पर अश्लीलता

**करारी, (कौशाम्बी)।** करारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का एक रंगमिजाज कोटा संचालक ने गांव की ही एक महिला का राशन कार्ड बनवाने के नाम पर उससे अश्लीलता की। मोबाइल पर अश्लील बात की और मैसेज भेजा। कोटा संचालक की रंगमिजाजी से परेशान महिला ने बुधवार को स्थानीय थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

करारी के एक गांव की महिला ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वह गांव के कोटेदार के पास राशन कार्ड बनवाने के लिए गई थी। तभी से आरोपी कोटेदार महिला का मोबाइल नंबर पा गया। इसके बाद आरोपी कोटेदार महिला के मोबाइल नंबर पर मैसेज भेजने लगा। लाल राशन कार्ड बनवाने के बहाने पहले दोस्ती का हवाला दिया। इसके बाद अश्लील मैसेज भेजने लगा। रंगमिजाज कोटेदार की हरकतों से परेशान महिला ने स्थानीय पुलिस पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कटरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरा युवक घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**शाहजहाँपुर।** विमल पुत्र भाई लाल जालंधर से शाहजहांपुर आ रहे थे। जब ट्रैन कटरा रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो वो चलती ट्रैन से स्टेशन पर गिर गए वहाँ मौजूद लोगों ने 108 पर कॉल किया मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा मे एडमिट करवाया शुरुआती इलाज के बाद मरीज की स्थिति सही बनी हुयी है।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 169 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना कोखराज अंतर्गत सकाढ़ा तिराहा पर बैरियर लगाकर व मोर्चा बनाकर की जा रही सघन चेंकिग का निरीक्षण किया गया।महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना कोखराज अंतर्गत सकाढ़ा तिराहा पर बैरियर लगाकर व मोर्चा बनाकर की जा रही सघन चेंकिग का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए पांच गिरफ्तार

कौशाम्बी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सरोजमय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर तेजऊ निषाद, प्रहलाद निषाद, बिन्देश्वरी निषाद, गोरे लाल निषाद, झब्बू निषाद निवासी घोघपुर थाना महेवाघाट को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मालफड़ 1600 रुपये तथा जामातलाशी से 3120 रुपये व 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुआ।

# कार की टक्कर से बाइक सवार आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित दो जख्मी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के चतुरीपुर गांव के समीप कार की टक्कर से बाइक से पति के साथ केंद्र जा रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री जख्मी हो गई। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया है।कोखराज थाना क्षेत्र के टेंगाई गांव की सुषमा देवी सिराथू कस्बे के परसीपुर वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकत्री है। बुधवार की सुबह वह पति आशीष कुमार के साथ मोटरसाइकिल से केंद्र जा रही थी। जैसे ही चतुरीपुर गांव के समीप पहुंची तभी पीछे से आ रही बेकाबू कार ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक सवार दंपत्ति गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

# पत्रकार के निधन पर अधिवक्ताओं ने की शोकसभा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** वरिष्ठ पत्रकार न्यू प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष सतीश नामदेव के आकस्मिक निधन पर मॉडल जिला बार एसोसिएशन कौशाम्बी एवं अधिवक्ता परिषद के तत्वाधान में शोकसभा का आयोजन किया। शोकसभा में दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। साथ ही ईश्वर से यह भी कामना की गई कि परिवारीजनों को इस अपार दुख को सहने की क्षमता प्रदान करें। शोकसभा में गणमान्य नागरिक व अधिवक्ता गण मौजूद रहें।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक शुभम सिंह व महिला उपनिरीक्षक निधि वर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा गुड्डी देवी निवासी अफजलपुर सातों थाना कड़ाधाम को 20 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**▶▶ जिलाधिकारी ने सहायक अध्यापिका की सेवा समाप्त करने एवं शिक्षामित्र का एक दिन का वेतन अवरूद्ध करने के दियें निर्देश**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज विकास खण्ड मूरतगंज के प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा।

प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत कुल 06 शिक्षक, शिक्षिकाओं के सापेक्ष प्रधानाध्यापक सत्य नारायण यादव, सहायक अध्यापक निकिता केसरवानी, सहायक अध्यापक रितिका सिंह, सहायक अध्यापक राम करण एवं सहायक अध्यापक आमिर उबैद सहित 05 शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। मालती कुशवाहा (शिक्षामित्र) बिना सूचना के अनुपस्थित पायी गयीं। निरीक्षण के समय विद्यालय में एम0डी0एम0 मीनू के अनुसार बनाने की तैयारी की जा रही थी। विद्यालय में कुल नामांकन 255 के सापेक्ष 65 छात्र उपस्थित पाये गये। छात्रों की उपस्थिति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने एवं विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दियें। उन्होंने अनुपस्थित शिक्षामित्र का निरीक्षण तिथि का मानदेय अवरूद्ध करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दियें। उच्च प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत कुल 03 शिक्षक शिक्षिकाओं के सापेक्ष प्रधानाध्यापिका सुचिता कुशवाहा एवं सहायक अध्यापक नरेश कुमार सहित 02 शिक्षकध्शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। सहायक अध्यापिका अलका बिना किसी सूचना के दिनांक 22.07.2024 से लगातार अनुपस्थित चलने के कारण जिलाधिकारी ने सहायक अध्यापिका की सेवा समाप्त करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दियें। निरीक्षण के समय विद्यालय में एम0डी0एम0 मीनू के अनुसार बनाने की तैयारी की जा रही थी। विद्यालय में कुल नामांकन 155 के सापेक्ष 55 छात्र उपस्थित पाये गये। विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने जाने एवं विद्यालय परिसर में साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश प्रधानाध्यापिका को दियें।

# अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटी गिट्टी भरी ट्रक ,चालक जख्मी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सदर कोतवाली के खोदायगंज गांव के समीप बुधवार की सुबह साइड देने के चक्कर में अनियंत्रित हुई ट्रक गड्ढे में पलट गई। जिसमें चालक जख्मी हो गया, हादसा देख मौके पर पहुंचे लोगों ने केबिन में फंसे चालक को शीशा तोड़कर बाहर निकाल अस्पताल में भर्ती कराया है।

सराय अकिल थाना क्षेत्र के बसुहार गांव निवासी ट्रक चालक मंमू मिश्रा बुधवार की सुबह चित्रकूट के बरगढ़ से गिट्टी लाद कर ऊंचाहार जा रहा था। जैसे ही सिराथू मार्ग के खोदायगंज गांव के पास पहुंचा सामने से आ रहे डंपर को साइड देने के चक्कर में ट्रक गड्ढे में पलट गया इस दौरान चालक आधे घंटे केबिन में फंसा रहा। राहगीरों ने देखा और मामले की जानकारी स्थानीय लोगों के दी जिसके बाद लोगों ने शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाल एंबुलेंस की मदद से सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया है।

# नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष व भाजपा जिलाध्यक्ष ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री व नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ व जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में तथा नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी) के अथक प्रयास से निकाय के 25 वार्डो में शीत लहर एवं ठंड से बचाव हेतु निराश्रित एवं असहाय, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग महिला, पुरूष नागरिकों को ऊनी कम्बल वितरण करने हेतु वार्डवार, मोहल्ले में कैम्प, चौपाल लगाकर पात्र लाभार्थियों को चयनित कराते हुए अध्यक्ष की अध्यक्षता में तथा भारतीय जनता पार्टी के मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य, मण्डल अध्यक्ष महेश लोधी, व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष परवेश केसरवानी व बीरेन्द्र केशरी तथा निकाय के निर्वाचित सदस्यगणों की उपस्थिति में वार्ड नम्बर-08, महात्मा गाँधी नगर (चक नगर द्वितीय) व वार्ड नम्बर-09, ऊधोश्याम नगर (नया नगर द्वितीय, मोइयनपुर) तथा वार्ड नम्बर-13, अटल बिहारी वाजपेयी नगर (समदा चौराहा, छोकरियन का पुरवा, रामपुर बसोहरा) एवं पूर्व में वितरण किये गये वार्डो के अवशेष बचे हुए पात्र लाभार्थियों एवं नागरिकगणों को श्री धर्मराज मौर्य जिला अध्यक्ष, अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी), महेश लोधी मण्डल अध्यक्ष, विजय तिवारी अध्यक्ष प्रतिनिधि, ओमकार पटेल (अवर अभियन्ता), संजय कुमार गुप्ता (लिपिक),

अशुल केसरवानी, जीतेन्द्र साहु, रामयश लोधी, हरिशचन्द्र पाल, राजू सिंह, निरंजन चौधरी, अजय कुमार, नत्थू लाल, सीमा चौरसिया सभासद व प्रतिनिधि झल्लर चौरसिया, तथा भारत गौतम, मान सिंह, आर्यवीर, दुर्गा प्रसाद सभासद प्रतिनिधि, तथा निकाय दीपक पाण्डेय, गुलाम शाबिर, संजीव कुमार, शिवम् सिंह, मयंक केशरवानी, विजय पाण्डेय, दिनेश सिंह, अर्जून सिंह, आजाद, साजन, रोहित गौतम के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस शीत लहर में निराश्रित एवं असहाय नागरिकगणों को आज कुल 1115 ऊनी कम्बल जैसे ही प्राप्त हुआ उनके चेहरे पर मुस्कान/खुशी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा एवं नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी) का लाभान्वित लोगो ने आशिर्वाद दिया।

# रामन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर निकाली गयी शोभा-यात्रा, वितरित हुआ महाप्रसाद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** श्रीधाम अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष पूर्ण होने के सुअवसर पर बुधवार को नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के देवीगंज बाजार में अग्रहरि परिवार द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी।शोभा यात्रा के दौरान उपस्थित लोग हाथों में धर्म ध्वजा लेकर जय श्री राम के जयकारे लगाते रहे जिससे समूचा नगर क्षेत्र गुंजायमान रहा। श्री शिव चंडी हनुमान मंदिर से निकली भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण के पश्चात पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हुई।इसके पश्चात मंदिर परिसर में ही महाप्रसाद का वितरण किया गया।इस अवसर पर नगर अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी, शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रमेशचन्द्र सोनकर, भाजपा नेता मुन्ना साहू, नीरज साहू, होरी लाल अग्रहरि, कपिल अग्रहरि, सुरेंद्र अग्रहरि, बीरेन्द्र अग्रहरि, रज्जन अग्रहरि, सोनू अग्रहरि, पंकज अग्रहरि आदि लोग उपस्थित रहे।

# आत्म हत्या करने रेलवे लाइन पहुंचे युवक को लोगो ने बचाया

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर में एक युवक घर में किसी बात पर नाराज होकर दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग आत्महत्या करने के लिए जैसे ही पहुंचा, स्थानीय लोगों ने देखा कि एक युवक काफी देर से रेलवे लाइन के किनारे घूम रहा है, उन्हें शंका हुई तो युवक के पास पहुंचे तो युवक ने आप बीती बताई व परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

नगर क्षेत्र के वार्ड 17 सरजूदास नगर के खलीलाबाद निवासी मिलन पटेल पुत्र स्वरू गयादीन अपनी मां से किसी बात कि लेकर झगडा कर घर से कुछ ही दूरी पर स्थित दिल्ली हावड़ा रेल रेलवे लाइन पर जान देने पहुंच गया ,घर वालो ने शोर मचाते हुये मुहल्ले वालो के साथ पीछा किया और रेलवे लाइन से पकड कर घर लाये। फरवरी माह मे है, बहन की शादी स जिसके चलते मां और बेटे मे हुई थी बहस स नौ वर्ष पूर्व पिता ने भी संदिग्ध परिस्थितियों मे फांसी लगा कर की थी आत्म हत्या कर लिया था।

# बिछौरा में जनकल्याणकारी योजनाओं का जिलाधिकारी ने भौतिक निरीक्षण कर लिया जायजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज तहसील सिराथू के ग्राम-बिछौरा में जनकल्याणकारी योजनाओं यथा-प्रधानमंत्री आवास, पेयजल आपूर्ति तथा जीरो पॉवर्टी परिवारों का सर्वे किये जाने विषयक योजनाओं का भौतिक निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की गई।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामसभा में बने प्रधानमंत्री आवासों का जायजा लिया, इस दौरान ग्राम में लगभग 06 प्रधानमंत्री आवास प्राप्त हुए, जिनके लाभार्थियों द्वारा आवास निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई गयी पानी टंकी का भौतिक निरीक्षण किया। पानी की टंकी सुचारू रूप से क्रियाशील पायी गयी, जिससे ग्रामवासियों को सुबह-शाम पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने वहॉ पर जीरो पॉवर्टी के परिवारों का सर्वे कराये जाने से सम्बन्धित योजना का भी भौतिक निरीक्षण किया, जिसमें 25 परिवारों के लक्ष्य के सापेक्ष 18 परिवारों का सर्वे पूर्ण करा लिया गया है, शेष लाभार्थियों को जल्द से जल्द सर्वे कराकर उनको योजना के लाभ से लाभान्वित कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 संदर्भ संख्या-20017424014998 शिकायतकर्ता हेमंत कुमार पुत्र गोवर्धन पासी निवासी ग्राम-बडनपुर कादीपुर इचौली परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी द्वारा प्राप्त शिकायत का निस्तारण दिनांक 29 नवम्बर 2024 को उप जिलाधिकारी सिराथू द्वारा करवाया गया था, का मौके पर स्वयं जाकर भौतिक सत्यापन किया, जिसका निस्तारण सही पाया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सिराथू सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपर जिलाधिकारी ने तीन आई0जी0आर0एस0 शिकायतों का स्वयं मौके पर पहुँचकर किया मौका मुआयना

कौशाम्बी। अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रबुद्ध सिंह द्वारा आई0जी0आर0एस0 संदर्भ सं0 40017424024376 आवेदिका बच्ची देवी पत्नी लालता प्रसाद तिवारी निवासिनी भड़ेसर तहसील सिराथू एवं आई0जी0आर0 संदर्भ संख्या 20017424016124 व 20017424016518 आवेदिका रामरती पत्नी स्व0 रामचन्द्र निवासिनी ग्राम घना का पूरा मजरा भडेसर के निस्तारणों का भौतिक सत्यापन किया गया, जो कि सही पाया गया।

# जिले के विभिन्न कस्बों में निकली भव्य श्री राम जी की शोभायात्रा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अयोध्या मन्दिर में भगवान श्रीराम के रामलाला मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के वर्षगांठ के अवसर पर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मौके पर मंझनपुर मुख्यालय स्थित श्री रामजानकी मन्दिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसके साथ विधानसभा के नारा गांव, करारी थाना क्षेत्र के छिमिरछा गांव में शोभा यात्रा को निकाला जा रहा है। इसके साथ जिले में चायल, मंझनपुर, नारा, मूरतगंज और अम्बावा पूरब सहित अन्य जगहों पर भी विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यालय मंझनपुर में श्री राम जानकी मंदिर में महंत सुख सागर मिश्र की अगवाई में भव्य शोभायात्रा को निकाला गया जो अग्निशमन चौराहे से मंझनपुर चौराहे बाजार होते हुए वापस श्री राम जानकी मंदिर पर समाप्त हुई। इसी तरह नारा में आयोजित श्री राम जी की शोभायात्रा पूरे गांव में भूमि और अंततः प्राचीन शिव मंदिर में समाप्त हुई। मूरतगंज व अंबावाँ पश्चिम में भी भव्य शोभायात्रा निकालकर पूजा पाठ किया गया। चल कस्बे में विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में कार्यकर्ता राजू पासी के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

संक्षिप्त खबरें

## आम की अच्छी फसल एवं पौधों को स्वस्थ रखने के लिये उद्यान विभाग के सुझाव को अपनाये

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि कृषक भाई आम की अच्छी फसल एवं पौधों को स्वस्थ रखने के लिये जनवरी माह बहुत ही महत्वपूर्ण होता है ऐसे में जनवरी माह में उद्यान विभाग के सुझावों पर कृषक भाई विशेष ध्यान दें। उन्होने बताया है कि कृषक भाई नवीन रोपित पौधों को पाले से बचाव हेतु धुआं, सिंचाई या कापर आक्सीक्लोराइड का 5 ग्राम प्रति लीटर पानी के साथ छिड़काव करें तथा थालों की निराई-गुड़ाई करें। पुराने पौधों में तना छेदक कीट का प्रकोप होने पर उनके द्वारा बनाये गये छिद्र में पेट्रोल या नुआन अथवा डावूक्लोरोवास को रूई में भिगाकर छेदों में अन्दर डालकर गीली मिट्टी से बन्द करें। भुनगा/फुद्दंका/मधुआ के लिये मोनोक्रोटोफास 1.25 मिली0/लीटर या थाइमेयोएट 2 मिली लीटर प्रति लीटर पानी के साथ छिड़काव करें। गुजिया (मिलीबग) के बचाव हेतु पौधों के तने पर 400 माइक्रान का पालीथीन 25 सेमी0 चौड़ी पट्टी सुतली या रस्सी बांधकर ऊपर और नीचे ग्रीस लगा दें। पुष्प गुच्छ मिज से ग्रसित बागों में बौर फूटने पर डायमेयोएट का 0.06 प्रतिशत का पौधों पर छिड़काव अवश्य करें। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी प्रतापगढ़ में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन हेतु करें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण विकास कुमार दीपांकर ने बताया है कि जनपद प्रतापगढ़ के अन्तर्गत तहसील सदर में सई नदी अन्तर्गत एक खण्ड तथा तहसील पट्टी में गोमती नदी का एक खण्ड एवं लालगज में बहने वाली सई नदी के 06 खण्डों में मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठन किया जाना है। तहसील अन्तर्गत बहने वाली नदियों के खण्डवार समितियों का गठन इच्छुक मत्स्य पालक कर सकते है एवं एक न्याय पंचायत स्तर पर जिसका कार्यक्षेत्र मात्र एक न्याय पंचायत तक होगा जिसमें मत्स्य पालन, मत्स्य उत्पादन एवं मत्स्य विपणन की समिति न्याय पंचायत स्तर पर गठन की जायेगी। उन्होने बताया है कि समिति गठन करने हेतु न्यूनतम 27 सदस्यों एवं कार्यक्षेत्र के निवासी होना अनिवार्य है। 27 सदस्यों में 03 सदस्य अनुसूचित जाति एवं 06 महिला सदस्य होना अनिवार्य है। समिति के सचिव की आयु 20 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता इण्टर पास होना अनिवार्य है। एक व्यक्ति मत्स्य विभाग द्वारा गठित समितियों में से किसी एक समिति का सदस्य हो सकता है। आवेदक द्वारा विभागीय पोर्टल पर आनलाईन आवेदन ही मान्य होगा एवं आवेदन तिथि से 30 दिन के अन्दर तीन बैठक कराकर एवं समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करने की अवधि तक होगा, दिये गये अवधि में कार्य न पूर्ण करने पर आवेदन स्वतः निरस्त हो जायेगा। इसके अतिरिक्त समिति गठन करने सम्बन्धी जानकारी कार्यालय मत्स्य विभाग कक्ष संख्या-5 भूतल विकास भवन में किसी भी कार्य दिवस में आकर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

## धूमधाम संग मनाया गया राममंदिर का स्थापना दिवस



**बीजापुर प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के विकासखंड शिवगढ़ अंतर्गत बीरापुर बाजार में अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के स्थापना दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया गया। लंगर लगाकर प्रसाद के रूप में हलवा और कचालू वितरित किया गया। लोगों में खुशी की लहर दिखाई दी। लोग डीजे की धुन पर भक्ति रस मे झूम उठे और भगवान राम के जयकारों से बीरापुर बाजार गूंज उठा। लोग एक दूसरे से मिले और खुशी का इजहार किया। इस दौरान वेद प्रकाश सिंह,राजेंद्र प्रसाद चतुर्वेदी,राकेश पांडे, प्रधान ईश्वर चंद जायसवाल, नीरज, कीर्ति कुमार मिश्रा राकेश गोड पूर्व बीडीसी, प्रधान धनऊपुर प्रेम प्रकाश सरोज सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## राम मंदिर के साल गिरह पर भंडारे का आयोजन



**लक्ष्मणपुर प्रतापगढ़।** इलाके के सगरा सुंदरपुर पुरानी बाजार में लखनऊ वाराणसी हाइवे के किनारे गंगा किराना की दुकान के सामने बुधवार को दोपहर में राम मंदिर के साल गिरह पर भंडारे के प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम के आयोजक विनोद गुप्ता ने बताया कि यह अयोध्या में बनी राम मंदिर की साल गिरह का उत्सव कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें महाप्रसाद में पूड़ी सब्जी व मीठा रखा गया है, जो आज दोपहर दो बजे से देर शाम तक चलेगा।कार्यक्रम का संचालन राममूर्ति जायसवाल ने किया।इस मौके पर बच्चा शुक्ला,समाजसेवी संजय शुक्ला,संतोष जायसवाल,शुभम कुमार,संजीत गुप्ता,विक्की कुमार,प्रमोद विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## दीवार जमीदोज एवं तोड़फोड़ करने में चौदह पर मुकदमा दर्ज

**लक्ष्मणपुर प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सगरासुंदरपुर निवासी अजय कुमार तिवारी पुत्र स्व. प्रेम शंकर तिवारी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाते हुए बताया कि बीते 15 जनवरी को सुबह लगभग 4:45 बजे गांव के श्रीकांत द्विवेदी पुत्र स्वर्गीय राम अभिलाष द्विवेदी, दिनेश द्विवेदी व बद्री द्विवेदी पुत्रगण श्रीकांत द्विवेदी, कलावती पत्नी श्रीकांत द्विवेदी, पंकज तिवारी पुत्र कृष्ण कुमार, चंद्रेश तिवारी पुत्र सर्जन प्रसाद तिवारी, सतीश तिवारी पुत्र सुरेश तिवारी, आरती देवी पत्नी स्वर्गीय सदाशिव तिवारी, सरिता पत्नी पंकज, कांति पत्नी सर्जन प्रसाद तिवारी, मीरा देवी पत्नी स्वर्गीय सुरेश तिवारी फावड़ा व गहदाला सरिया आदि लेकर आए और घर के बाहर बनी चहरदीवारी को तोड़कर जमीन पर गिरा दिया। साथ ही आबादी की जमीन पर जबरन रास्ता बना लिया। शोर शराबा सुनकर पीड़ित नींद से उठा और मना करने पर उक्त लोग गाली गलौज करने लगे व पीड़ित को मारने के लिए दौड़ा लिया। उसने अपने घर के कमरे में घुसकर दरवाजा बंद करके किसी तरह अपनी जान बचाई। आरोपितों द्वारा घर में घुसकर दरवाजा तोड़ने का भी प्रयास किया गया व घर में रखा सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने फोन के माध्यम से घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस को आता देख दबंग धमकी देते हुए भाग गए। दबंगों में कुछ लोग अपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं, जिनको प्रशासन का कोई भय नहीं है। मामले में लीलापुर एसओ अरुण सिंह, ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जिलाधिकारी ने महाकुम्भ के दृष्टिगत श्रद्धालुओं/यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रैन बसेरा का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी ने जनपद प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ-2025 के महत्वपूर्ण स्नान पर्व ''मौनी अमावस्या'' में आने वाले श्रद्धालुओं/यात्रियों को अवस्थान की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत तुलसीसदन में बनाये गये रैन बसेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तुलसीसदन (हादीहाल) के रैन बसेरे में 50 बेड मय गद्दा, रजाई, चारपाई लगा हुआ पाया गया जिसके सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये गये कि हाल की और अधिक साफ-सफाई करायी जाये तथा परिसर में प्रत्येक दिन फागिंग, एण्टी लार्वा का छिड़काव इत्यादि कराया जाये।

बिस्तर पर साफ चादरें एवं तकिया (कवर सहित) बिछाया जाये। रात्रि में हाल के भीतर एवं बाहरी परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि नगर के स्वयंसेवियों से समन्वय स्थापित करें तथा उनका सहयोग लेते हुये श्रद्धालुओं/आगन्तुकों के खान-पान हेतु समुचित व्यवस्था करा लें ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। तुलसीसदन परिसर में एक हेल्प डेस्क बनाया गया है जो छोटा है, तत्क्रम में परिसर के मुख्य द्वार पर एक बड़ा हेल्ड डेस्थ स्थापित करते हुये उसमें कार्मिकों की तैनाती हेतु जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थायें महाकुम्भ पर्व तक सतत् सुव्यवस्थित ढंग से चलाई जाये। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार उपस्थित रहे।

## समारोहपूर्वक मनायी गयी शिक्षामनीषी बाबू शिवमूर्ति की पुण्यतिथि



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साहबगंज क्षेत्र के सड़वा दुबान स्थित बाबू संतबक्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को समाजसेवी बाबू शिवमूर्ति सिंह की पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनायी गयी। बाबू संतबक्श ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के बैनरतले आयोजित समारोह का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख लक्ष्मणपुर प्रेमलता सिंह व भाजपा नेता राकेश सिंह ने बाबू शिवमूर्ति सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि बाबू शिवमूर्ति सिंह सादा जीवन उच्च विचार के परिचायक थे। श्री सिंह ने कहा कि स्व. शिवमूर्ति सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करते हुए लोगों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। पुण्यतिथि पर जरूरतमंद लोगो को कंबल भी वितरित किया गया। अध्यक्षता डा. एस. के. पांडेय व संचालन अनूप त्रिपाठी ने किया। स्वागत भाषण डॉ. आरके विश्वकर्मा व आभार प्रशांत सिंह ने जताया। इस मौके पर यथार्थ सिंह, शिवम सिंह, हरि नारायण सिंह, डॉ. संगम लाल, अमित सिंह आदि रहे।

# एसटीएफ और पुलिस टीम ने पचास हजार के ईनामिया बदमाश को दबोचा, गया जेल



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसपी डॉ. अनिल कुमार के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर बुधवार को लालगंज सर्किल के लीलापुर पुलिस थाने को एसटीएफ की लखनऊ टीम के सहयोग से सफलता मिली है। लीलापुर पुलिस ने जिले के कई थानों में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पचास हजार के ईनामिया बदमाश को धर दबोचा है। लीलापुर के प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार सिंह को एसटीएफ लखनऊ की टीम ने सर्विलांस व मुखबिरी के जरिए ईनामिया बदमाश के क्षेत्र में होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अरूण सिंह के साथ पुलिस व एसटीएफ के लखनऊ यूनिट निरीक्षक अतुल चतुर्वेदी की टीम अलर्ट हो उठी।

मंगलवार की रात पुलिस व एसटीएफ टीम ने बाबूगंज मार्ग पर पतुलकी मोड़ के पास पहुंची तो ईनामिया बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते भागने लगा। एसटीएफ व पुलिस टीम ने साहसिक प्रदर्शन करते हुए आरोपी को धर दबोचा। पकड़े गये आरोपी लालगंज कोतवाली के बेलहा मदनगढ़ निवासी शमी मोहम्मद के पुत्र मुकीम अहमद को पुलिस ने दबोचा तो तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। प्रयागराज जोन के आईजी के स्तर पर गिरफ्त में आये बदमाश मुकीम की गिरफ्तारी के लिए पचास हजार का ईनाम घोषित किया गया था। पकड़े गये आरोपी मुकीम के खिलाफ जिले के लालगंज, संग्रामगढ़, महेशगंज, लीलापुर में गोवध निवारण अधिनियम तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी मुकीम के खिलाफ हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। बुधवार को पुलिस ने आरोपी मुकीम अहमद को जेल भेज दिया है। ईनामिया बदमाश के दबोचे जाने की जानकारी पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय तथा लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर ने एसटीएफ तथा लीलापुर पुलिस की कामयाबी को सराहा है।

# विधायक मोना के प्रयास से रंग लायी टाउन एरिया में विकास की चमक, आदर्श योजना के तहत मिले दो करोड़

**▶▶ प्रतापगढ़ की इकलौती लालगंज टाउन एरिया को सौगात पर सभासदों ने जताया सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा का आभार**



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज टाउन एरिया को क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से एकमुश्त दो करोड़ की बड़ी धनराशि मिलने से यहां विकास की चमक तेज होगी। आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत लालगंज टाउन एरिया को विधायक मोना के प्रस्ताव पर शासन द्वारा प्रदेश की गिनेचुने नगर निकायो में शामिल किया गया था। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज को इस योजना में शामिल कराने के लिए विधायक आराधना मिश्रा के साथ प्रदेश के नगर विकास मंत्री से मुलाकात भी किया था। शासन द्वारा प्रदेश की औरैया, सिद्धार्थ नगर के बिस्कोहर तथा संत कबीरनगर के बाघ नगर, देवरिया के सलेमपुर व महराजगंज तथा सम्भल के बहजोई एवं बस्ती के मुण्डरेवा निकाय के साथ प्रतापगढ़ की इकलौती लालगंज नगर पंचायत को इस योजना के तहत चार करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की थी। अवशेष दो करोड़ की धनराशि को अवमुक्त कराने के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना ने हाल ही में नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मिलकर पत्र सौंपा था। विधायक के अनुरोध पर शासन द्वारा बीस जनवरी को अवशेष दो करोड़ रूपये अवमुक्त किये जाने का शासनादेश निर्गत किया है। प्रदेश के अनुसचिव पारसनाथ के द्वारा निर्गत शासनादेश के तहत दो करोड़ रूपये की एकमुश्त धनराशि टाउन एरिया को मिली है। दो करोड़ रूपये की धनराशि अवमुक्त होने से अब टाउन एरिया के वार्डो में सीसी तथा इण्टरलाकिंग व पक्की नाली के निर्माण कार्यो में तेजी दिखेगी।

बुधवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने विज्ञप्ति के जरिए यह जानकारी दी है। दो करोड़ रूपये की सौगात को लेकर सभासदों के चेहरे भी यहां खिले दिखे। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी, प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद दारा सिंह, शिवकुमार वर्मा, जाहिदा, संध्या शुक्ला, शबनम बानो, पन्ने लाल पाल, शेरू खां, ममता सिंह ने टाउन एरिया के विकास में तेजी लाने के लिए विधायक मोना तथा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के लगातार प्रयासों को सराहा है।

## दबंगों ने युवक को रास्ते में पीटकर किया जख्मी

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के मरियमपुर गांव निवासी अर्पित यादव ने आरोप लगाया है कि वह बुधवार की शाम 6:00 बजे के आसपास बाजार से अपने घर मरियमपुर गांव जा रहा था। अभी वह सराय महेश रोड के पास पहुंचा था कि पहले से खड़े युवकों ने उसे रोक लिया और लात घुसे व डंडे से पीट कर घायल कर दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आई है। आनंद फानन में आसपास मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उसे इलाज के लिए सीएचसी पट्टी भेजा। सीएचसी पट्टी में उसका इलाज चल रहा है।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाये-जिलाधिकारी

**● जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी ने कलेक्टेट्र कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता सन्तोषी देवी निवासी ग्राम सदर बाजार कोहरौटी ने शिकायत किया कि प्रार्थिनी के घर के बगल पुस्तैनी मन्दिर दिनेश प्रजापति के बगल में है मन्दिर के उत्तरी गेट पर मन्दिर से सटा हुआ पूजा हेतु चौकी बनी हुई है, चौकी पर दिनेश व अनिल जबरजस्ती चौकी के नींव के ऊपर दीवाल बनाकर मन्दिर की चौकी व उत्तरी गेट बन्द करने के लिये नींव खोद कर दीवाल बना रहे है, प्रार्थिनी के रोकने पर मारने-पीटने की धमकी दे रहे है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसएचओ कोतवाली को निर्देशित किया है कि स्वयं जांच कर शिकायत का समाधान करायें व की गयी कार्यवाही से अवगत करायें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व व अन्य शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पीएम को गया शव

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने ससुराल में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरूवार को शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया। लालगंज कोतवाली के रोहित वर्मा की पत्नी राधिका 22 ने मंगलवार की देर शाम कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। राधिका का पांच वर्ष पूर्व रोहित के साथ विवाह हुआ था। वह अपने पीछे चार वर्ष के मासूम को निराश्रित छोड गयी है। बुधवार को सूचना मिलने पर दरोगा राजेन्द्र फोर्स के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

# तुलसीसदन में 24 से 26 जनवरी तक ''उत्तर प्रदेश दिवस'' को भव्यता के साथ मनाया जाये-सीडीओ



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में जनपद के तुलसीसदन (हादीहाल) में दिनांक 24 से 26 जनवरी 2025 तक ''उत्तर प्रदेश दिवस-2025'' को भव्यता के साथ मनाये जाने के सम्बन्ध में विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं के स्टाल लगाये जाये और योजनाओं के सम्बन्ध में लोगों को जानकारी दी जाये। बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों ने यूपी दिवस के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र/स्वीकृति पत्र का वितरण किया जायेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि यूपी दिवस के अवसर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाये। उन्होने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी शताब्दी वर्ष, समाज कल्याण विभाग द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा जी की 150वीं जयन्ती पर आधारित प्रदर्शनी, राष्ट्रीय एकीकरण विभाग द्वारा लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल पर आधारित प्रदर्शनी लगायी जायेगी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, कृषि विभाग, चिकित्सा विभाग तथा अन्य विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तशिल्पियों किसानों, उद्यमियों, चिकित्सकों आदि का चयन करते हुये उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के अवसर पर सम्मानित किया जाये। बैठक में जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दुर्गा पूजा एवं रामलीला के अभिनय कर्ताओं को किया गया सम्मानित

**लक्ष्मणपुर प्रतापगढ़।** इलाके के सगरा सुंदरपुर बाजार में बाबा नर्वदेश्वर धाम मंदिर के प्रागण में मंगलवार को देर शाम जय मां दुर्गा समिति एवं रामलीला कमेटी लक्ष्मणपुर के अभिनय कर्ताओं का सम्मान समारोह रखा गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय मां दुर्गा कमेटी के अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ल ने किया। पात्र का अभिनय करने वाले रामसूरत त्रिपाठी, संजय शुक्ल, संतोष गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आदर्श गुप्ता, प्रमोद जायसवाल, अनूप, मुकेश ,सुशील, दयाराम, जयप्रकाश, शम्भू मोदनवाल ,राहुल तिवारी, डब्लू पेंटर, सुजीत कुमार को माला,अंग वस्त्र एवं राम चंद्र की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजक रामलीला कमेटी के संचालक रत्नाकर त्रिपाठी रहे। इस मौके पर संजय शुक्ला समाजसेवी , अजय तिवारी, राधेश्याम, शिव शंकर तिवारी, मुन्ना पांडे, मनोज शुक्ला सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पूर्वजों की स्मृतियों को संजोना ही सबसे बड़ी पुण्यतिथि



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित प्रधानाचार्य स्व.अशोक कुमार तिवारी की आठवीं पुण्यतिथि आज वृद्धाश्रम महुली में मनाई गई।स्व. तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गुरु जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करके उन्होंने जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। पूर्वजों की स्मृतियों को संजोए रखना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। आधुनिकता की चकाचौंध में पूर्वजों को याद करना एक बहुत बड़ी चुनौती है।सदर विधायक ने कहा कि ऐसे पुण्य दिवस पर सभी वृद्धजनों के लिए भोजन परोसना मेरे लिए गर्व की बात है।श्रीमती अरुण तिवारी ने कहा कि मेरे पति ने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा विभाग में व्यतीत किया। शिक्षा, शिक्षक, शिक्षार्थी और शिक्षालय ही उनके लिए सब कुछ था।राजेश कुमार मिश्रा (स्वास्थ्य विभाग) ने कहा कि बाबूजी एक सच्चे समाजसेवी थे।अभिषेक तिवारी ने अतिथियों और वृद्धजनों का स्वागत किया।कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के मैनेजर अंबिका मिश्रा,महेश चंद्र त्रिपाठी, अभिनव तिवारी, श्रीमती ज्योति शुक्ला, श्रीमती एकता तिवारी इत्यादि लोग रहे। संचालन ज्ञानेश तिवारी तथा आभार प्रदर्शन डॉ विकास तिवारी ने किया।

## सम्पादकीय

# महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगाम कैसे

भारत के शीर्ष तीन शहरों में बेंगलूरु को महिलाओं के लिए सामाजिक व औद्योगिक समावेश में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाला माना गया है। तमिलनाडु के आठ शहरों को इस सूची में स्थान प्राप्त हुआ, जिसमें कामकाजी महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित, समावेशी शहरों में दूसरे नंबर में राज्य की राजधानी चेन्नई है। जो बीते साल के सर्वेक्षण में पहले पायदान पर थी। लिंग समावेशी क्षेत्र के तौर पर 25 में से 16 शहर दक्षिण भारत के हैं। यह सर्वेक्षण महिलाओं के कामकाज, उनकी रहने की जगहों, आगे बढने् के तरीकों के आधार पर किया गया।कोयंबटूर, तिरुचिरापल्ली, वेल्लोर, मदुरै, सेलम, इरोड, तिरुप्पुर भी इस सूची में शामिल हैं। देश में महिलाओं के लिए शीर्ष शहरों के सूचकांक, आदर्श शहरों व सवरेत्तम चलन की पहचान करता है। महिलाओं की प्रगति और उन्हें आग बढने् के मार्ग प्रशस्त करने में शहरों के मूल सिद्धांतों व सांस्कृतिक ताने-बाने की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। मुख्मंत्री एमके स्टालिन का दावा है कि भारत की औद्यौगिक महिला कार्यबल का चालीस प्रतिशत हिस्सा तमिलनाडु से आता है।देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम कसने में बुरी तरह असफल सरकारों के लिए इस तरह के अध्ययन फौरी तौर पर राहत दे सकते हैं। मगर हकीकत यही है कि देश भर में प्रतिवर्ष तकरीबन चार लाख से अधिक मामले महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के दर्ज होते हैं।नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार हर पंद्रहवें मिनट में बलात्कार की घटना दर्ज होती है, जिसमें राजस्थान शीर्ष पर है, उप्र-मप्र क्रमशः दूसरे-तीसरे स्थान पर हैं। कामकाजी महिलाओं के खिलाफ कार्यस्थल पर होने वाले शोषण के खिलाफ कानून लागू होने के बावजूद सुरक्षित वातावरण मिलना बेहद दुष्कर है।हालांकि उक्त सर्वेक्षण में अध्ययन के लिए चुने गए शहरों के परिवेश व सांस्कृतिक महत्त्व को भी देखा जाना जरूरी है। क्योंकि दक्षिण के राज्यों में उत्तर की बनिस्पत शिक्षा अधिक है और लैंगिक विषमता भी कम है।असल सवाल यह होना चाहिए कि महिलाओं के लिए सुरक्षित शहरों के तौर-तरीकों को अन्य राज्य सरकारें भी अपनाने का प्रयास करें। इससे महिला कार्य-बल की क्षमता भी बढ़ सकती है, वे उत्कृष्टतापूर्ण नतीजे देने में सफल होंगी, जो राष्ट्र की उन्नति व समृद्धि में महती भूमिका निभा सकता है।




# मुंबई में सैफ अली खान पर हमला हो सकता है तो आप किस खेत की मूली है



**अशोक भाटिया**

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले का आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद पुलिस रिमांड में है। उससे लगातार पूछताछ चल रही है। पुलिस दावा कर रही है कि सैफ पर हमले का केस सुलझा लिया गया है। आरोपी के सैफ के घर में घुसने से लेकर उन पर हमले तक की पूरी थ्योरी बता रही है कि वारदात की सभी कड़ियां जोड़ने की चुनौती बनी हुई है। आरोपी से पूछताछ के जरिए पुलिस पूरी पड़ताल कर रही है। पुलिस जानना चाहती है कि आखिर वारदात कैसे हुआ? 16 जनवरी की रात क्या-क्या हुआ? वारदात को अंजाम देकर आरोपी कैसे सैफ के घर से फरार हो गया? मुंबई पुलिस आरोपी को सैफ अली खान के घर ले जाकर क्राइम सीन रिक्रिएट करवा सकती है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पता चला कि वो एक बांग्लादेशी घुसपैठिया है। हमारे देश में अवैध घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। ये देश की आतंरिक सुरक्षा के लिए खतरनाक है।सैफ अली खान के हमलावर का नाम पहले विजय दास बताया जा रहा था, लेकिन ये एक फर्जी नाम था। उसका असली नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है। वो एक बांग्लादेशी घुसपैठिया है, जो पिछले 6 महीने से मुंबई में साफ-सफाई का काम कर रहा था। उसके हमलावर के पास कोई भी भारतीय पहचान पत्र नहीं था। उसने कोलकाता में जहांगीर शेख के नाम पर एक सिम कार्ड लिया था। इसका ये इस्तेमाल कर रहा था। दरअसल सैफ अली खान पर हमले ने बॉलीवुड को हिला दिया है, लेकिन मुंबईकरों को सावधान रहने की चेतावनी भी दी है। सैफ और उनका परिवार बहुमंजिला इमारत शरण की 11वीं और 12वीं मंजिल पर रहता है। सैफ, करीना, उनके बच्चे तैमूर और जेह आलीशान डुप्लेक्स फ्लैट में रहते हैं। बच्चों की देखभाल करने वाली माताएं भी घर में ही रहती हैं। सैफ और करीना सिल्वर वर्ल्ड की सेलिब्रिटी होने के साथ-साथ अमीर भी हैं, लेकिन कपल ने कभी नहीं सोचा था कि आधी रात के बाद कोई उनके घर में घुसकर उन पर हमला कर देगा।सैफ अली खान की मां शर्मिला टैगोर भी एक प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। सैफ के पिता मंसूर अली पटौदी एक स्टार क्रिकेटर थे। नबाब परिवार में जन्मे, सैफ ने हमेशा शाही जीवन जिया है और ग्लैमर उनके आसपास है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बांग्लादेशी युवक जिसने उनके फ्लैट में घुसकर उन पर हमला किया। सैफ ने हमला करने के लिए सैफ को लक्ष्य के रूप में क्यों चुना? वह सैफ के घर कैसे पहुंचा, बांद्रा इलाके में एक संभ्रांत बस्ती है, बांग्लादेशी हमलावर को हाईप्रोफाइल सोसायटी में प्रवेश कैसे मिला, क्या इसके पीछे कोई मास्टरमाइंड है, वह सैफ को चाकू मारने के बाद कैसे भाग गया। मुंबई पोलिस हमले का सीन रिक्रियेक्ट कर रही है तो क्या वही सच है जो हमें बताया जा रहा है ।

सैफ के बच्चों के पास एक नर्सरी, थिएटर, खूबसूरती से सजी छत है। घर में ऑडी स्पाइडर, मर्सिडीज बेंज, रेंज रोवर जैसी शानदार कारें हैं। सैफ ने अब तक 75 फिल्में रिलीज की



हैं। उनकी हिट फिल्में दिल चाहता है (2001), कल हो ना हो (2003), हम तुम (2004), ओमकारा (2006) हैं।करीना से शादी होने तक, सैफ बांद्रा में फॉर्च्यून हाइट्स में रहते थे। सैफ का स्विट्जरलैंड में एक घर और उनके पैतृक गुरुग्राम में एक बड़ा महल है। आज तक, मुंबई में मशहूर हस्तियों और सार्वजनिक जीवन के प्रमुख नेताओं पर घातक हमलों की कई घटनाएं हुई हैं। लेकिन घर के अंदर सैफ पर हमला एक बहुत ही गंभीर घटना है, लेकिन पुलिस और प्रशासन के लिए एक चुनौती भी है। मुंबई को देश में सबसे सुरक्षित महानगर के रूप में जाना जाता है। मुंबई दिल्ली, कोलकाता, बैंगलोर, हैदराबाद, लखनऊ, पटना की तुलना में अधिक सुरक्षित है । मुंबई 24 घंटे महानगर है। यह अमीर, गर्भवती अमीर और लाखों श्रमिकों वाला शहर है। वे कर्मचारी और दैनिक वेतन भोगी हैं। मुंबई किसी को भूखा नहीं देता। रात के 12 बजे के बाद भी एक अकेली लड़की लोकल, बस या ऑटो-टैक्सी से इस महानगर में यात्रा कर सकती है। मुंबई महानगर की जनसंख्या 1. 5 करोड़ से अधिक है और महामुंबई की जनसंख्या दो करोड़ से अधिक है। इतनी बड़ी आबादी में, रोजगार और उद्योग के लिए विदेशियों की संख्या बड़ी है। मुंबई में हिंदी बोलने वालों की संख्या पचपन लाख से अधिक होनी चाहिए। पटना या लखनऊ की तुलना में मुंबई में अधिक हिंदी बोलने वाले हैं। बाहर से आने वाले लोग कौन हैं? क्या मुंबई पुलिस के पास विस्तृत और अद्यतित जानकारी है कि वे कहां से आए हैं, वे कहां रहते हैं, वे क्या करते हैं, उनके पुलिस रिकॉर्ड क्या हैं? यह एक तथ्य है कि मुंबई में पकड़े गए अपराधियों में अन्य भाषाएं अधिक आम हैं। मुंबई में घुसपैठ नियंत्रित है या नहीं, यह सवाल वर्षों से बना हुआ है।

मुंबई देश की वित्तीय राजधानी और महाराष्ट्र की संघर्षरत राजधानी है। मुंबई को देश के सबसे महंगे शहर के रूप में जाना जाता है। मुंबई में रियल एस्टेट की दरें किसी भी अन्य शहर की तुलना में अधिक हैं। बांद्रा से जुहू, अंधेरी, गोरेगांव, कलाकार, निर्माता, निर्देशक, तकनीशियन आदि फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के डिपो हैं। मुंबई में विभिन्न क्षेत्रों में काफी ग्लैमर है। व्यापार-उद्योग-व्यवसाय-वित्तीय क्षेत्र के बड़े असमिया मुंबई में हैं। देश के सभी प्रमुख राजनीतिक नेताओं के आवास भी मुंबई में हैं। यही कारण है कि इस महानगर की सुरक्षा इतनी महत्वपूर्ण है। सैफ पर उनके घर पर हुए हमले ने मुंबई की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 2-4 करोड़ रुपये से लेकर 50 करोड़ रुपये तक के लक्जरी फ्लैटों के साथ रहने वाले लोग खुश और संतुष्ट हो सकते हैं, लेकिन यह मुद्दा कि क्या वे सुरक्षित हैं, एक चुनौती बन गया है।सैफ पर उनके घर के अंदर हमला करने वाले बांग्लादेशी शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर था , जो 30 साल की उम्र में मेघालय के रास्ते भारत आया था ।पश्चिम बंगाल में कुछ समय रहने के बाद, वह मुंबई पहुंचा । वह विजय दास नाम से रह रहा था । बांग्लादेशी लोगों की घुसपैठ वर्षों से चल रही है। केंद्र में चाहे कितनी भी सरकारें बदल जाएं, इस घुसपैठ पर कोई लगाम नहीं लगा सका है। जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे, तब तत्कालीन केंद्रीय मंत्री मदनलाल खुराना ने संसद में कहा था कि देश में दो करोड़ से अधिक बांग्लादेशी होने चाहिए। आज वे कितने होंगे? पश्चिम बंगाल और उत्तर-पूर्वी राज्यों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं। उन्हें आधार कार्ड मिलता है, राशन कार्ड मिलता है, रोजगार मिलता है। सीमा सुरक्षा बल की आंखों की अनदेखी करने के बाद बांग्लादेशी घुसपैठिए वर्षों तक कैसे आते हैं और जाते हैं? भारत में दिहाड़ी मजदूर, सब्जी विक्रेता, मछली विक्रेता, निर्माण मजदूर, चौकीदार, सुरक्षा गार्ड, घरेलू नौकर और यहां तक कि बार भी काम करते हैं, लेकिन उन्हें भगाना बहुत मुश्किल है। सैफ के हमलावर को पकड़ने के लिए मुंबई से 200 पुलिस चौबीसों घंटे काम कर रही थी।जब सैफ पर हमला हुआ तो वह निहत्था था और हमलावर हथियारबंद था। हमलावर बांग्लादेश से कब आया, कैसे आया, कहां रहा, किसने उसे पनाह दी, कब मुंबई आया, किसके साथ मुंबई में रहा, वह सैफ के घर कैसे पहुंचा, उसके निशाने पर सीधे सैफ थे कि उनके बेटे का अपहरण हो गया था और वह फिरौती मांगना चाहते थे। इन सभी सवालों के जवाब रहस्यमय हैं। जब हमलावर सदगुरु शरण भवन में घुसा तो वहां का चौकीदार सो रहा था। उसे रोकने वाला कोई नहीं था। सैफ के घर के बाहर कोई सीसीटीवी नहीं था। सीढ़ियां चढ़ने और उतरने के उनके कैमरे की फुटेज ही पुलिस को मिला था।अभिनेता-निर्माता राकेश रोशन पर साल 2000 में अंडरवर्ल्ड गैंग ने हमला किया था। उनकी फिल्म कहो ना प्यार है पर रिलीज के तुरंत बाद हमला हुआ था लेकिन वह बच गए। सलमान खान को अब तक सबसे ज्यादा जान से मारने की धमकी मिली है। अप्रैल 2014 में सलमान के घर के बाहर फायरिंग कर हमलावर फरार हो गए थे। गोलीबारी के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ होने का संदेह है। सलमान के पिता सलीम खान को भी जून 2022 में उनके बांद्रा स्थित घर पर धमकी भरे पत्र मिले थे। 1993 में मुंबई में दंगे होने पर संजय दत्त को भी गोली मार दी गई थी। 2014 में गौहर खान की लाइव परफॉर्मेंस के दौरान किसी ने स्टेज पर आकर उन्हें थप्पड़ मार दिया था। लेकिन उसके बाद भी कार्यक्रम चलता रहा। मार्च 2023 में, दो लड़के शाहरुख खान के मन्नत बंगले में घुस गए और ज्यादातर समय छिपे रहे। बाद में पता चला कि मन्नत बंगले के बाहर रेकी की गई थी। अक्टूबर 2024 में एनसीपी के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की बांद्रा पूर्व में उनके कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और हमलावर भाग गए थे।

यह अधिक गंभीर है कि सैफ अली खान को भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था, लेकिन पद्मश्री पुरस्कार विजेता मुंबई के महानगर शहर में अपने घर में भी सुरक्षित नहीं हैं और यदि भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित व्यक्ति 'सेफ ' नहीं है तो मुंबई वासी किस गफलत में है कि वो सेफ हैं ।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# चुनावी रण में केजरीवाल की मुसीबतें बढ़ाने आ रहे हैं राहुल, मोदी और योगी



**अजय कुमार,लखनऊ**

दिल्ली विधानसभा चुनाव की घड़ी करीब आ चुकी है और दिल्ली की सियासी जमीन पर जो हलचल मची है, वह अब किसी से छिपी नहीं है। नामांकन प्रक्रिया के बाद प्रत्याशी चुनावी मैदान में कूद पड़े हैं, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान कांग्रेस और बीजेपी के बड़े नेताओं की प्रचार रणनीतियों पर है। दोनों प्रमुख दल अपने-अपने प्रचार तीरों को निकालने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी ने अपनी चुनावी यात्रा की शुरुआत कर दी है, तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी दिल्ली की सियासी आंधी में अपनी ताकत लगाने के लिए तैयार हैं। इन दोनों ही दलों के बड़े नेताओं के प्रचार से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के लिए मुश्किलें खड़ी होने की संभावना जताई जा रही है।दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को होना है, और इसके साथ ही चुनाव प्रचार की समय सीमा भी 3 फरवरी शाम 5 बजे तक खत्म हो जाएगी। यानी चुनाव प्रचार के लिए कुल 12 दिन ही बचे हैं। ऐसे में अब चुनावी प्रचार में तेजी आ चुकी है और प्रमुख दल अपनी पूरी ताकत झोंकने को तैयार हैं। सबसे पहले बात करें कांग्रेस की, तो राहुल गांधी ने दिल्ली चुनाव में अपने अभियान को एक आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाने की योजना बनाई है। राहुल गांधी 22 जनवरी से दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में चुनावी रैलियां करने जा रहे हैं। उन्होंने सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र के इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास पहली रैली की शुरुआत की, और इसके बाद 23 और 24 जनवरी को क्रमशः मुस्तफाबाद और मादीपुर विधानसभा क्षेत्रों में रैलियां करने का कार्यक्रम तय किया है। इस दौरान राहुल गांधी का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाना है और दिल्ली में आम आदमी पार्टी और बीजेपी दोनों को घेरने की कोशिश करना है।राहुल गांधी की इन रैलियों के अलावा कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी दिल्ली में प्रचार अभियान में सक्रिय करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस की रणनीति यह है कि वे न केवल बीजेपी को, बल्कि आम आदमी पार्टी को भी निशाने पर लें। राहुल गांधी ने अपनी पहली सीलमपुर रैली में सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल दोनों को निशाने पर लिया था और उन्हें दलित तथा ओबीसी विरोधी करार दिया था। यह कांग्रेस की आक्रामक रणनीति को साफ दर्शाता है, जिसमें पार्टी न केवल दिल्ली के वोटरों से जुड़ने की कोशिश कर रही है, बल्कि बीजेपी और आप दोनों को अपने-अपने चुनावी गढ़ में घेरने की योजना बना रही है।

इसके बाद बात करें बीजेपी की, तो बीजेपी ने भी दिल्ली चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंकने का फैसला लिया है। बीजेपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनाव प्रचार के लिए उतारने की योजना बनाई है। मोदी और योगी दोनों के नेतृत्व में बीजेपी दिल्ली चुनाव में जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत से प्रचार करने जा रही है।

बीजेपी ने पीएम मोदी की तीन बड़ी जनसभाओं का आयोजन किया है, जिनमें से पहली जनसभा 29 जनवरी को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के यमुना खादर इलाके में होगी। इसके बाद 31 जनवरी को द्वारका के सेक्टर-14 में दूसरी रैली होगी और तीसरी रैली 2 फरवरी को सेंट्रल या साउथ दिल्ली में होगी।प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी दिल्ली चुनाव प्रचार में सक्रिय होंगे।

योगी आदित्यनाथ की कुल 14 जनसभाएं आयोजित की जाएंगी, जो दिल्ली के विभिन्न इलाकों में होंगी। खासकर बीजेपी की कोशिश है कि वह पूर्वांचली वोटरों को अपने साथ जोड़े, जो दिल्ली में बीजेपी का एक महत्वपूर्ण वोट बैंक बन चुके हैं। बीजेपी का मानना है कि अगर वह इस समुदाय का समर्थन प्राप्त कर पाती है, तो अरविंद केजरीवाल की नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को कड़ी टक्कर दी जा सकती है।बीजेपी ने न केवल प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मैदान में उतारा है, बल्कि पार्टी के अन्य दिग्गज नेता भी चुनाव प्रचार में सक्रिय हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सभी दिल्ली चुनाव में प्रचार करेंगे। बीजेपी का मानना है कि अरविंद केजरीवाल को घेरने के लिए ये सभी नेता एकजुट होकर उनकी कमजोरियों को उजागर करेंगे। बीजेपी के प्रचार में मोदी और योगी दोनों का एक अहम रोल है, और उनके निशाने पर इस बार अरविंद केजरीवाल होंगे।अब बात करें आम आदमी पार्टी की, तो दिल्ली में पिछले 11 साल से केजरीवाल की सरकार चल रही है और पार्टी ने अपनी सरकार की सफलता को प्रचारित करने की पूरी योजना बनाई है। हालांकि, कांग्रेस और बीजेपी की आक्रामक रणनीतियां केजरीवाल के लिए चुनौती पैदा कर सकती हैं। कांग्रेस की रणनीति, जिसमें वह बीजेपी के साथ-साथ आम आदमी पार्टी को भी निशाने पर लेकर चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बना रही है, ने केजरीवाल के लिए समस्याएं खड़ी कर दी हैं।

दिल्ली में कांग्रेस की एक मजबूत उपस्थिति रही है, और ऐसे में वह अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए बीजेपी और आप दोनों को घेरने की कोशिश कर रही है।दिल्ली चुनाव में सियासी वातावरण अब बेहद गर्म हो चुका है। कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही अपनी पूरी ताकत के साथ प्रचार में जुटे हुए हैं, और यह साफ हो चुका है कि दोनों दलों की रणनीति इस चुनाव को केवल केजरीवाल तक ही सीमित नहीं रखेगी, बल्कि वे दोनों ही पक्षों से चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बनाने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस का उद्देश्य है कि वह अपनी खोई हुई ताकत को फिर से हासिल कर सके, जबकि बीजेपी दिल्ली में अपने 27 साल के वनवास को खत्म करने के लिए चुनावी मैदान में है।**उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं।किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। |
| वृष | आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। |
| कर्क | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्त्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को मानसिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। |
| सिंह | आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से बच जायेंगे। आज अपने काम को समय से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं। |
| कन्या | आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। आज आपके मन में स्टोरी लिखने का विचार आ सकता है। |
| तुला | आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से काम संबंधी अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको ख़ुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको नया सीखने को मिलेगा। अन्य लोगों ने जिस प्रकार से अपने काम में प्रगति की है |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी सेवारत हैं उन लोगों को बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। |
| धनु | आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी |
| मकर | आज का दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए रचनात्मक गतिविधियों में रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती हैं। इस राशि के जो लोग बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए समय अच्छा है। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप बिजनेस में लाभ लेने के लिए किसी एक्सपर्ट की सलाह लेंगे। आज आपको किसी और के मामलों से दूर रहना होगा ताकि आप अपना मन काम में लगा सके। आज आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। |

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### ....संगम क्षेत्र सुहावन लागे

दिव्य छटा चहुंओर बिखेरत संगम क्षेत्र सुहावन लागे।
कोठी अटारी को छोड़ चले गृह गंगा के तीर बनावन लागे।
नाना प्रकार के भी खग देखो दूर दराज से आवन लागे।।
एक से बढ़कर एक है ज्ञानी जो ज्ञान की गंगा बहावन लागे।
दिव्य छठा चहुंओर बिखेरत संगम छेत्र सुहावन लागे।।
भस्म लगाए जटा को जमाए सजाए तुरंग सबेरे सबेरे।
नाचत गावत झूमत आवत नंग धूडंग सबेरे सबेरे।।
ढोल नगाड़ा सज य सब अखाड़ा बज य मृदंग सबेरे सबेरे।
झुंड के झुंड चल य एक संग नहाने को गंग सबेरे सबेरे।।



**गजेंद्र सिंह विकट**
**साहित्यकार**
**गड़वारा, प्रतापगढ**

### पतंग चली गगन की ओर

आज पावन पर्व में,पतंग का त्यौहार है
सभी के दिलों में खुशियों का बौछार है।
सुन्दर रंगीन पतंग से, सज गई बाजार
दुकानों में पतंग लेने का,लगी है कतार।
चली चली रे पतंग,चली गगन की ओर
मेरे पिया के हाथों में है, पतंग की डोर।
जब गगन की ओर, हमारी, चली पतंग
सुन्दर पतंग देखकर,बादल भी है मगन।
नीली पीली पतंगों से,छूपा है आसमान
जिधर देखो उधर पतंग, एक हीं समान।
छत पर प्रेमी, प्रेमिका, पतंग उड़ाते हैं
पतंग के बहाने दोनों,देखके मुस्काते हैं।
सखी चली है हवा,लेके पतंग संग संग
धरती आकाश के बीच,नाच रहा पतंग।
आज अपने-अपने छत में, सब खड़े हैं
दूसरे का पतंग, काटने के लिए अड़े हैं।
पतंग उड़ाने वाले, खुशीयों से है विभोर
मेरे पिया का पतंग चली गगन की ओर।



**श्रीमती देवन्ती देवी चंद्रवंशी**
**धनबाद, झारखंड**

### गीत

हे प्रिये सब ध्वस्त ना हो, जीत ही हो हार में,
प्रेम पुष्पित हो सदा ही, हो भले ही खार में।
बन गई है रात आँखें,
मन का दुर्वा भीगा रहता।
सो गया हो जग ये सारा,
मन वियोगी जागा रहता।
बन तुहिन है अश्क बैठा, पीर के किरदार में।
प्रेम पुष्पित हो सदा ही, हो भले ही खार में।
जीत कर जो हार बैठी,
हार कर जो जीतना था।
नेह के मधुबन को नेहिल,
स्नेह जल से सींचना था।
भाव के मोती बंधे ना, भावना के तार में ।
हे प्रिये सब ध्वस्त ना हो, जीत ही हो हार में ।
तुम बड़े ना हम बड़े बस,
प्रेम का सागर बड़ा हो।
उर के आंचल पर भरोसे,
का कोई माणिक जड़ा हो।
ना कभी भी घटने पाये, इक प्रतिशत प्यार में।
हे प्रिये सब ध्वस्त ना हो, जीत ही हो हार में।



**करुणा कलिका**
**बोकारो स्टील सिटी-झारखंड**

# आरपीएफ सिपाहियों के बीच चले लात घूंसे

**नशे में धुत कर्मचारियों के बीच लेनदेन को लेकर हुआ विवाद**

**वीडियो वायरल होने के बाद एक सिपाही को हटाया गया**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** रेलवे सुरक्षा बल की बैरिक में पैसे के लेनदेन को लेकर नशे में धुत सिपाहियों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मारपीट के आरोपी एक सिपाही को यहां से हटाकर बनारस भेज दिया गया है। इसको लेकर थाने पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कोई कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक दिन पहले वसूली के पैसे को लेकर सिपाहियों ने नशा किया। उसके बाद आपस में मारपीट करने लगे। जिसमें से एक सिपाही ने वीडियो बनाकर उसको वायरल कर दिया। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद एक सिपाही पर गाज गिर गई। पता चला है कि उसे यहां से व्यास नगर बनारस में अटैच कर दिया गया है।

**अटैचमेंट खत्म होने के बाद भी थाने पर डटा है**

**आरोपी सिपाही**

मारपीट करने वाले दूसरे आरोपी सिपाही का स्थानांतरण काफी पहले बनारस में हो चुका है। इसी बीच उसको तीन महीने के लिए मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से अटैच कर दिया गया था। अब उसका अटैचमेंट भी खत्म हो चुका है। इसके बाद भी उसको कार्य मुक्त नहीं किया जा रहा है। जबकि यह नियम के विपरीत है। उक्त सिपाही का रेल संपत्ति के चोरों से मधुर संबंध हैं। स्टाफ के बीच इसकी चर्चा हैं। पता चला है कि कमाई ऊपर तक जाती हैं। जिससे वह अफसरों की कृपा का पात्र बना हुआ है। संपत्ति की सुरक्षा राम भरोसे है।

## रनिंग भत्ते में बढ़ोतरी की मांग को लेकर गार्डों ने दिया धरना



**प्रतापगढ़।** टीए के अनुरूप रनिंग भत्ते में 25 प्रतिशत वृद्धि को लेकर आल इंडिया गार्ड कार्उसिल और लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन शाखा के संयुक्त तत्वाधान में 22 जनवरी को मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। धरने के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि रेल मंत्री ने रनिंग स्टाफ के साथ अन्याय किया है। उन्होंने वायदे के अनुरूप भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि नहीं की है। धरने को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष आर एम सरोज ने कहा कि भत्ते में बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। आर के गुप्ता ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों को भत्ता देने से इंकार किया है जिसके विरोध में लॉबी के सामने सुबह दस से प्रदर्शन किया जा रहा है।

शाखा सचिव अमरनाथ तिवारी ने बताया है कि केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किया गया। धरने में वीके तिवारी, मोहम्मद अनीश, जितेंद्र पांडे, आरके रावत, डीपी तिवारी समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।

## कालेज के संस्थापक की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित

लोकमित्र ब्यूरो

**सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़।** क्षेत्र के साहबगंज सड़वा दुबान स्थित बाबू संत बक्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे बाबू संत बक्श ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक बाबू शिव मूर्ति सिंह की 21वीं पुण्यतिथि मनाई गई । कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित लोगो द्वारा बाबू शिव मूर्ति सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पति डा. राकेश सिंह ने कहा कि बाबू संत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्थापक बाबू शिव मूर्ति सिंह सादा जीवन उच्च विचार के परिचायक थे। सदैव अभाव में रहकर गरीबों की मदद किया करते थे तथा अपनी प्रबल इच्छा शक्ति के चलते उन्होंने कॉलेज



की स्थापना की। उनमें करुणा ,दया भरी हुई थी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करते हुए लोगों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। जिसका परिणाम रहा की क्षेत्र के हजारों बेरोजगारों को नौकरियां मिली । इसके पूर्व सैकड़ो जरूरतमंद लोगो को कंबल वितरित किया गया । अध्यक्षता डा. एस. के.पांडेय एवं संचालन अनूप त्रिपाठी, स्वागत डा आर के विश्वकर्मा आभार प्रशांत सिंह ने जताया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता सिंह, यथार्थ सिंह ,शिवम सिंह, हरि नारायण सिंह, डा संगमलाल,अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने 50 हजार के ईनामियां गैगस्टर को दबोचा,भेजा जेल

**सुवंशा,प्रतापगढ़।** एसटीएफ कानपुर यूनिट द्वारा थाना फ्तनपुर पुलिस के सहयोग से 50 हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। धारा 392, 328, 364 भादवि थाना फ्तनपुर में वांछित के साथ अभियुक्त के विरुद्ध चोरी, लूट गैंगस्टर एक्ट जैसे मुकदमें हैं पंजीकृत हैं।थाना फ्तनपुर पुलिस के सहयोग से दिनांक 21.01.2025 को एसटीएम टीम कानपुर यूनिट उ0प्र0 द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मुखबिर की सूचना के आधार पर नरवल मोड्ढ् के पास रिलाईस जीयो पेट्रोल पम्प की पार्किंग में थाना क्षेत्र महाराजपुर जनपद कानपुर नगर से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त की पतारसी सुरागरसीध् गिरफ्तारी में जेठवारा पुलिस टीम को सहयोग प्राप्त हुआ । पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज रेंज प्रयागराज द्वारा शातिर अभियुक्त नदीम उर्फ सेबू उर्फ रिजवान उपरोक्त की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था ।

## पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**रानीगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रानीगंज के उ0नि0 राजनाथ यादव मय हमराह हे0का0 बृजेश शुक्ला व का0 राजू गौड़ द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0नं0 1503ध्04, अ0सं0 103ध्97 धारा 147ध्323ध्353ध्504ध्506 भादवि से संबंधित 02 वारण्टी अभियुक्तों 1.रामसुख पुत्र रामदेव 2. मुन्नीलाल पुत्र मातादीन निवासीगण मुआर आधारगंज थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## शिवगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश कुमार गौतम व ब्लॉक मंत्री बने विनोद कुमार गौतम

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार आज 22 जनवरी को विकासखंड शिवगढ़ के सफाई कर्मचारियों का चुनाव ब्लॉक सभागार में उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बीएल पटेल एवं जिला मंत्री अनिल कुमार गौतम की देखरेख में संपन्न हुआ। ब्लॉक शिवगढ़ के द्विवर्षीय चुनाव/अधिवेशन के प्रथम चुनाव अधिकारी दशरथ गौतम जिला कोषाध्यक्ष एवं द्वितीय चुनाव अधिकारी के रूप में नागोराव मधुकर जिला प्रभारी उपस्थित रहे। पूरी ईमानदारी और संवैधानिक तरीके से चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नीलेश कुमार गौतम को ब्लॉक अध्यक्ष एवं विनोद कुमार गौतम को ब्लॉक मंत्री, संदीप सिंह को मुख्य सलाहकार, श्याम प्रकाश मिश्रा को ब्लॉक प्रभारी, विनोद कुमार



चौरसिया को ब्लॉक संरक्षक, राजेश कुमार गौतम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, द्वितीय विनोद कुमार गौतम को ब्लॉक कोषाध्यक्ष और राजेंद्र कुमार सरोज को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी निर्विरोध रूप से दी गई। चुनाव में बाबूलाल गौतम, राम लखन, रामचंद्र गुप्ता, संतोष कुमार, शिव बहादुर पाल, राम कृपाल, दिनेश चंद्र, दिलीप कुमार उपाध्याय, श्री कृष्ण, समर बहादुर, अकरम अली, धर्मेंद्र व विमला देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष बीएल पटेल ने नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश कुमार गौतम को पुष्प गुच्छ व माला एवं अन्य पदाधिकारियों को माला पहनाकर ईमानदारी से सफाई कर्मचारियों का काम करने का टिप्स दिया। जिला मंत्री अनिल कुमार गौतम ने सभी पदाधिकारीगण को प्रमाण पत्र वितरित किया। तत्पश्चात ए.डी.ओ. पंचायत आदि को मिठाई खिलाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। चुनाव के दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश प्रताप सिंह की अहम भूमिका रही।

## चोरी की मोबाइल संग दो अभियुक्त गिरफतार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** थाना हथिगवां पुलिस द्वारा चोरी की घटना से संबंधित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से चोरी की 02 अदद मोबाइल एन्ड्रायड स्मार्टफोन बरामद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामदध् सीज ।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री नन्दलाल सिंह थाना हथिगवां के नेतृत्व में उ0नि0 बनवारी लाल पाल मय हमराह का0 विपिन सारस्वत, का0 अजीत सिंह यादव, का0 कुलदीप सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना हथिगवां के02 अभियुक्तों, 1. विनीत कुमार गौतम पुत्र बबलू गौतम निवासी ग्राम इस्माईलपुर मजरे अब्दालपुर थाना सोराव जनपद प्रयागराज 2. अंकित कुमार गौतम पुत्र फूलचन्द गौतम निवासी ग्राम कटरा कौड़िहार थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज को थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत भदशिव हाइवे अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियक्तों के कब्जे से 02 अदद चोरी की मोबाइल एन्ड्रायड स्मार्टफोन बरामद किया गया । घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को अन्तर्गत धारा207 एम0वी0 एक्ट में सीज किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा धारा 317(2), 317(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। पूछताछ का विवरण गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया गया कि हम दोनों ने मिलकर टोल टेक्स से लालगोपाल गंज की तरफ रास्ते में राहगीर से एक मोबाइल एन्ड्रायड स्मार्टफोन छा।त्व् तमंसउम उपरोक्त को छीन लिया था । फिर वहां से हम दोनो ने लालगोपाल गंज होते हुये किलनापुर से हथिगवां रोड पर जंगल के पास एक व्यक्ति सड़क के किनारे खड़ी साइकिल पर रखा एक मोबाइल तमंसउम एन्ड्रायड स्मार्टफोन उपरोक्त हम दोनो लोगो ने चुरा कर भाग गये।

## भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा स्थापना को लेकर निकली शोभा यात्रा, हुए भण्डारे



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम स्थापना पर बुधवार को भण्डारे तथा शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम का मनमोहक स्तुति गान किया। लालगंज बाजार में प्रतिष्ठा को लेकर हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे का संयोजन युवा समाजसेवी अरविन्द सिंह व सुनील सिंह मोनू ने किया। यहां चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, दिनेश सिंह, अजीत सिंह, सालिक तिवारी, राकेश तिवारी गुडडू आदि रहे। रानीगंज कैथौला बाजार में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर व्यापारियों ने प्रभु श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली। व्यापारी पवन कुमार अग्रहरि की अगुवाई में निकली शोभा यात्रा में महिला श्रद्धालुओं ने मंगलगान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। शोभा यात्रा श्रीराम जयघोष के साथ बाजार के रामजानकी मंदिर से निकली। स्थापना उत्सव को लेकर श्रीराम भक्तों ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया। वहीं मां सती के दरबार में भी श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर भण्डारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संयोजन सुभाष केसरवानी व प्रधान ददन सिंह व जयप्रकाश केसरवानी ने किया। इस मौके पर व्यापारमण्डल के महामंत्री रामबाबू सोनी, शरद सिंह, शिवशंकर पाण्डेय, शंकर लाल जायसवाल, प्रमोद सिंह बाबा, धर्मेन्द्र केसरवानी, राजू केसरवानी, सनी सिंह, पुनीत सिंह व दिलीप मोदनवाल आदि रहे।

## सामर्थ्य फाउंडेशन ने जरूरतमंद लोगों को वितरित किया कंबल



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** सामर्थ्य फाउंडेशन की अध्यक्ष शिवम राज पाण्डेय अधिवक्ता के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कटेहटी ग्रामसभा के जरूरतमंदों के बीच इस ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया! इस मौके पर सामर्थ्य फाउंडेशन के अध्यक्ष ने कहां ऐसे लोग जो लाचार है, आर्थिक रूप से कमजोर की वजह से ठंड में सही तरह से गुजारा नहीं कर पा रहे हैं। ठंड से बचाव को लेकर सामर्थ्य फाउंडेशन की ओर से कंबल का वितरण किया गया है और आगे भी क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जाएगा। बताते चले विगत कई वर्षो से समाज हित में सामर्थ्य द्वारा बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री वितरण , शिक्षा को लेकर जागरूक कार्यक्रम, सहित हर क्षेत्र में कार्य करता आ रहा है। इसी कड़ी में ठंड को लेकर लोगों के बीच कंबल का वितरण की गया। इस मौके पर रामकरन शुक्ला , महेश सिंह (पत्रकार ), दिनेश तिवारी, विवेक तिवारी, कामता पाल, चंद्र प्रकाश पाण्डेय, दुबे जी, राजेश शर्मा, हनुमान दुबे, गोपाल तिवारी, आनंद सिंह, जीतेन्द्र सिंह, रतनमणी पाण्डेय, संतोष वर्मा आदि रहे।

## श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम स्थापना पर हुआ पूजन-अर्चन, जरूरतमंदो को मिले कम्बल

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा स्थापना उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं ने श्रीरामतारक महामंत्र के जाप के साथ धार्मिक ग्रन्थों का पूजन अर्चन किया। लालगंज क्षेत्र के पूरे तिलकराम गांव में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम लला के चित्र के समक्ष दीप जलाये। कार्यक्रम में श्रीरामचरितमानस राष्ट्रीय ग्रन्थ संरक्षा अभियान समिति के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश के साथ श्रद्धालुओं ने गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस ग्रन्थ का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन अर्चन किया। जगदगुरू स्वामी करपात्री जी महराज के रचित श्रीरामतारक महामंत्र का जाप कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। भगवान श्रीराम की भव्य आरती भी श्रद्धालुओं



ने उतारी। कार्यक्रम का संयोजन संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री सुशील शुक्ल ने किया। आयोजन के तहत जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े व कम्बल आदि भी भेंट किये गये। पूर्व प्रधान अजय शुक्ल गुडडू तथा वरिष्ठ अधिवक्ता विपिन शुक्ल एवं शिव नारायण शुक्ल तथा इं. अतुल शुक्ला एवं अधिवक्ता विनोद मिश्र ने भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पं. शेषनाथ शुक्ल व संचालन विमलकिशोर शुक्ल ने किया। सह संयोजक पीयूष शुक्ल तथा अमित शुक्ल ने प्रसाद वितरण किया। आयोजन में समाजसेविका विमला देवी शुक्ला ने बतौर विशिष्ट अतिथि जरूरतमंदों को सर्दी के कपड़े व कंबल आदि प्रदान किये। इस मौके पर सुनील शुक्ल, अमितेश शुक्ल, दिनेश सिंह, अभिनव शुक्ल आदि रहे।

## सद्भावना दिवस के रूप में मना समाज सेवी का स्मृति दिवस



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** राजर्षि टण्डन इंटर कॉलेज रामनगर (अठगवां) के संस्थापक एवं समाजसेवी स्व. श्रीहर्ष पाण्डेय की स्मृति में सद्भावना दिवस समारोह का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। जिसकी अध्यक्षता हरिओम मिश्र एवं संचालन अनूप अनुपम व रवींद्र अजनबी ने किया। श्रीहर्ष पाण्डेय समाजसेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह रहीं। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सदर राजकुमार पाल व विशेष अतिथि के रूप में धर्माचार्य अनिरुद्ध रामानुजदास की मौजूदगी रही।शहर के जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि समाजसेवी व सरपंच स्व. श्रीहर्ष पांडेय शिक्षा व समाज के प्रति सदैव समर्पित रहे। उनका योगदान अतुलनीय है। समाज के असहाय लोगों के हितों के लिए वे सदैव लड़ते रहे। उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। अति विशिष्ट अतिथि व पूर्व विधायक राजकुमार पाल ने पंडितजी को नमन करते हुए कहा कि आज जब एक एक इंच जमीन के लिए तमाम अपराध समाज में देखने को मिलता है। लेकिन पंडितजी ने राजर्षि टण्डन इंटर कॉलेज की स्थापना कर अपनी कई एकड़ भूमि विद्यालय के नाम कर दी, उनकी यह निःस्वार्थ भावना पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है। विशेष अतिथि अनिरुद्ध रामानुजदास ने कहा कि हम पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण करते हुये अपने लोगों का जन्मदिवस तो मनाते हैं, लेकिन अपने पूर्वजों को भूल जाते हैं। जबकि पूर्वजों का नमन हमारी संस्कृति रही है, पूर्वजों की शिक्षा से हमारा पथ प्रदर्शन होता है। इसलिए पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण न कर हमें अपने पूर्वजों को नमन करना चाहिए। कवयित्री अर्चना सिंह ने सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संस्थान सचिव व कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य पूनम इंसान, पवन कुमार गौतम, पूर्व एडीआईओएस दयाराम मौर्य रत्न, जूबाए अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, वकील परिषद के अध्यक्ष आनन्द पाण्डेय, आचार्य अनीस देहाती, सुनील प्रभाकर, श्रीकांत पाण्डेय, राजेश कुमार मिश्र, इं. विशाल नाथ तिवारी, राधेकृष्ण त्रिपाठी व वरिष्ठ पत्रकार राज नारायण शुक्ल राजन ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम के अंत में डॉ.अमित पाण्डेय ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## डाक जीवन बीमा के विभागीय एजेंटो का कमीशन बन्द होने से रिटायर्ड कर्मचारियों में रोष

**प्रतापगढ़।** डाक विभाग के रिटायर्ड कर्मचारियों ने डाक महानिदेशक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि डाक जीवन बीमा के व्यवसाय पर विभाग द्वारा विभागीय एजेंटों को दिए जाने वाले इंसेंटिव के भुगतान को बंद कर दिया है। जो रिटायर्ड डाक कर्मचारीयों के साथ सरासर अन्याय हो रहा है, क्योंकि कर्मचारी विभाग की सेवा करते हुए उक्त व्यवसाय के लिए दिन-रात एक करके विभाग के लक्ष्यों की पूर्ति करता है। जबकि यही व्यवसाय गैर विभागीय एजेंट के द्वारा संपादित किया जाता है तो उसे पालिसी चलने तक इंसेंटिव का भुगतान किया जाता रहा है। वही विभागीय एजेंटों को भी रिटायर्ड होने के बाद 2020 तक उनके कोड पर इंसेंटिव का भुगतान



किया गया परंतु उसके पश्चात विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा उपरोक्त इंसेंटिव का भुगतान करने में आनाकानी की जाने लगी। जिसकी शिकायत रिटायर्ड कर्मचारियों ने किया तब से आज तक विभाग के अधीनस्थों द्वारा हीला हवाली की जा रही है। इससे रिटायर्ड कर्मचारियों के भविष्य के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है। जहां उक्त मामले को लेकर कर्मचारियों ने आर पार लड़ाई लड़ने की कमर कस लिया है। वही रिटायर्ड फील्ड आफीसर रिटायर्ड पोस्ट मास्टर देवेन्द्र नाथ मिश्र का कहना है कि मुझे 11 मई 2016को पोस्टमास्टर जनरल ब्रिगेडियर चंद्रशेखर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए नवंबर 2009 व जनवरी 2013 के आदेश का हवाला देते हुए कहा था जो व्यवसाय पी0 एल 0 आई 0 आप द्वारा विभाग में रहते हुए किया जाएगा उसका इंसेंटिव रिटायर्ड होने के बाद भी मिलता रहेगा परंतु अधीनस्थ अधिकारियों के द्वारा मनमानी तरीके से इंसेंटिव भुगतान बंद कर दिया गया है। यदि पूर्व की भांति रिटायर्ड कर्मचारियों को उनके कोड पर इंसेंटिव का भुगतान नहीं किया जाता तो रिटायर्ड कर्मचारी आर पार की लड़ाई लड़ेंगे।

## मनायी गयी जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि

**लालगंज, प्रतापगढ़।** समाजवादी विचारक जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर यहां सपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यकर्ताओं ने बैठक के जरिए डॉ. लोहिया की विचारधारा को सशक्त बनाने में जनेश्वर मिश्र के समाजवादी चिंतन को अविस्मरणीय बताया। बैठक की अध्यक्षता रामधन यादव व संचालन प्रकाशचंद्र उपाध्याय ने किया। बैठक मे सपा के वरिष्ठ नेता टीपी यादव ने कहा कि स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अगुवाई में समाजवाद को मजबूती मिल सकेगी। इस मौके पर अधिवक्ता प्रवीण यादव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, रोशन लाल सरोज, ज्ञानप्रकाश वर्मा, राजेश यादव, सोनू पासी, अमृतलाल यादव आदि रहे।

## जिलाधिकारी ने मौनी अमावस्या स्नान पर्व के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के आगमन एवं वापसी हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के लिये अधिकारियों को कार्य एवं दायित्व सौपे

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी ने बताया है कि महाकुम्भ प्रयागराज के अति महत्वपूर्ण स्नान पर्व मौनी अमावस्या दिनांक 29 जनवरी 2025 को निर्धारित है जिसमें विभिन्न मार्गो से होकर श्रद्धालुगण प्रयागराज प्रस्थान करेगें तथा मौनी अमावस्या स्नान पर्व के पश्चात् वापसी भी करेगें। जिलाधिकारी ने महाकुम्भ के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के आगमन एवं वापसी करने को ध्यान में रखते हुये आवश्यक व्यवस्थाओं के लिये अधिकारियों को कार्य एवं दायित्व निर्धारित किया है। जिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था के लिये पुलिस अधीक्षक, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, एआरटीओ प्रवर्तन, एनएचएआई सुल्तानपुर/रायबरेली/प्रयागराज, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को निर्देशित किया है कि प्रयागराज की तरफ जाने वाले समस्त मार्गो जहां से श्रद्धालुओं का आगमन होना है ऐसे समस्त मार्गो पर सुलभता हेतु सुचारू रूप से मार्ग व्यवस्थापन यथा-यातायात सम्बन्धी संकेतकों का डिस्प्ले सुनिश्चित किया जाये। मार्ग के जिस स्थान पर डायवर्जन अपेक्षित है वहां पर लोगों की सहूलियत को देखते हुये समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करते हुये उसका प्रचार प्रसार किया जाये। चौराहों पर जेब्रा क्रासिंग, टैऽफिक बैरियर, सुरक्षा जांच केन्द्र आदि की व्यवस्था करायी जाये तथा इन सभी स्थानों पर साइनेज, रेडियम रिफ्लेक्टर, स्लाइडिंग बैरियर, रम्बल स्ट्रिप आदि आवश्यकतानुसार लगा दिये जाये, साथ ही मौनी अमावस्या स्नान पर्व के दृष्टिगत दो दिवस पूर्व से लेकर दो दिवस पश्चात् तक सुचारू एवं सुलभ यातायात हेतु आकलन करते हुये समस्त मार्गो पर पर्याप्त संख्या में कार्मिकों की तैनाती सुनिश्चित करायी जाये।आवागमन मार्ग पर साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था के लिये अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, एएमए जिला पंचायत, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रयागराज, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि समस्त मार्गो में एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका/नगर पंचायत/क्षेत्र पंचायत आदि के द्वारा साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये तथा मुख्य स्नान पर्व के दिन मार्ग पर पड़ने वाले समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगर पालिका/नगर पंचायतों में सड़क के दोनो तरफ चूना डलवाया जाये। मार्गो के दोनो तरफ प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से क्रियाशील रहे यह सुनिश्चित कराया जाये। हेल्प डेस्क एवं रैन बसेरे की व्यवस्था के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मार्गो पर पड़ने वाले मुख्य नगरों में नगर पालिका/नगर पंचायतों द्वारा एक-एक हेल्प डेस्क की स्थापना की जाये, जिससे कि आने जाने वाले श्रद्धालुओं को यदि किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़े तो वे स्थापित इन हेल्प डेस्क की मदद ले सके। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि स्थापित हेल्प डेस्क पर प्राथमिक उपचार किट एवं स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध रहे। जनपद में स्थापित रैन बसेरों को सुव्यवस्थित ढंग से क्रियाशील रखा जाये। चिकित्सा एवं उपचार व्यवस्था के लिये प्रधानाचार्य मेडिक कालेज, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला एवं पुरूष चिकित्सालय को निर्देशित किया गया है कि महाकुम्भ स्नान पर्व के दौरान जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाईयॉ पूर्ण रूप से एलर्ट रहेगी तथा इस अवधि में किसी भी चिकित्साधिकारी को अवकाश देय नहीं होगा। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/जिला चिकित्सालय/मेडिकल कालेज में आवश्यक जीवन रक्षक औषधियों/जीवन रक्षक उपकरण, आईसीयू, वेन्टिलेटर इत्यादि को पूर्ण रूप से क्रियाशील रखा जाये। प्राथमिक उपचार के साथ-साथ रेफरल का एक प्लान बना लिया जाये। समस्त चिकित्सा ईकाईयों मे पर्याप्त बेड की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उन्होने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौनी अमावस्या पर्व के दो दिवस पूर्व से दो दिवस पश्चात् तक समस्त उपजिलाधिकारी अपने क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी के साथ सतत् भ्रमणशील रहकर समस्त आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायेगें, यदि इस सम्बन्ध में कोई भी समस्या आती है तो तत्काल प्रभाव से जिलाधिकारी से अवगत करायेगें।

# श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ पर शोभायात्रा एवं भंडारे का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय सुंदरगंज बाजार स्थित हनुमत नगर में 500 वर्षो के उपरांत पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा/स्थापना की पहली वर्षगांठ के मौके पर डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा के बाद सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन हुआ।

साथ ही प्रभु श्रीराम मंदिर व भगवान श्रीराम के मंदिर में स्थापित होने की पहली वर्षगांठ को धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर इंडियन प्रेस काउंसिल के संयोजन में महाप्रसाद/ भंडारे की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम के सूत्रधार पत्रकार अरुण त्रिपाठी,बारों गांव निवासी निराला तिवारी,गुड्डू नगरहा,राकेश तिवारी रहे। इसके उपरांत इंडियन प्रेस काउंसिल के तहसील अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार लोकेश मिश्रा की अगुवाई में इंडियन प्रेस काउंसिल ने भंडारे की व्यवस्था का कार्यभार संभाला। कार्यकम में शोभायात्रा के सूत्रधार प्रधान प्रतिनिधि महराज पुर निशिकांत मिश्रा पिंटू रहे। कार्यक्रम में इंडियन प्रेस काउंसिल से राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना टाइगर,कुलदीप विश्वकर्मा,दिलीप साहू,अंकुश यादव,अखिलेश त्रिपाठी,रत्नेश शुक्ला,अमित तिवारी,अवधेश चंद्र पांडेय,सुजीत कुमार मिश्रा रामराज यादव प्रधानाचार्य,प्रमोद तिवारी आई टी सेल भाजपा,राजू तिवारी,बल्लू डॉन,सुंदर तिवारी,श्याम सुंदर यादव,सूर्यमणि शुक्ला मोनू मंडल अध्यक्ष सकरदहा भाजपा,अरुण रॉय, अश्वनी तिवारी बब्बा,अजय शुक्ला,सूरज पटेल,गुड्डू शुक्ला इलेक्ट्रॉनिक,समेत तमाम क्षेत्रवासी रामभक्त मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर बांटा गया प्रसाद

**कुंडा प्रतापगढ़।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य मंदिर में की गई मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर लोगों में आस्था देखने को मिली। कई स्थानों पर शोभा यात्रा, भंडारे, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। कुंडा नगर पंचायत के सरयू नगर मोहल्ले में बजरंग दल के संयोजन में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर दोपहर में भंडारे और प्रसाद का वितरण हुआ। इसमें क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद लिया। इस मौके पर आनंद अग्रवाल, रवीन्द्र दुबे, दिनेश यादव, बबलू केसरवानी, ओम प्रकाश केसरवानी, मुन्ना केसरवानी, मनोज केसरवानी आदि मौजूद रहे। बिहार रोड पर पप्पू मार्केट में श्रीराम लला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर प्रसाद वितरण किया गया। देर तक लोग प्रसाद पाते रहे। इस मौके पर समाजसेवी संजीव सिंह, अखिलेश उर्फ बच्चा यादव, महेन्द्र प्रताप सिंह, राम आसरे यादव, सुरेश मौर्या, पप्पू यादव, राकेश कुमार, विमल टेलर, अनिल मौर्या, शिवम विश्वकर्मा, ज्ञानचन्द्र सरोज आदि मौजूद रहे।

## अलग-अलग मारपीट में महिला समेत पांच घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के कनपुरियान बेंती गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में मुकेश सिंह की 38 वर्षीय पत्नी भावना सिंह, उसका 15 वर्षीय बेटा आर्यन सिंह, संतोष सिंह की 33 वर्षीय पत्नी अनुपम सिंह घायल हो गई। कोतवाली के तिलौरी विक्रमपुर गांव निवासी मेवालाल के 65 वर्षीय बेटे फूलचन्द और उसकी 60 वर्षीय पत्नी सुशीला देवी को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। घायलों को सीएचसी में इलाज कराने के बाद आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच करके कार्रवाई की बात कही है।

## स्वाट टीम ने चोरी व फिरौती माँगने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



लोकमित्र ब्यूरो

**जेठवारा-प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही थी । इसी क्रम में बुधवार को रात्रि को अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय व सीओ सदर श्रीमति करिश्मा गुप्ता के नेतृत्व मे थाना जेठवारा पुलिस व स्वाट टीम द्वारा थाना जेठवारा क्षेत्रान्तर्गत मनीराम का पुरवा तिराहा वहद ग्राम भावनपुर के पास मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान, अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में चोरी से संबंधित 01 शातिर अभियुक्त तनुज वर्मा पुत्र हरिकेश वर्मा बहादुर उम्र 20 वर्ष निवासी छीटीपुर थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ के दाहिन पैर में गोली लगी एवं मौके से 01 अन्य अभियुक्त विशाल पुत्र विजय वर्मा उम्र लगभग 19 वर्ष निवासी छीटीपुर थाना लालगंज, प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया है । घायल अभियुक्त तनुज वर्मा उपरोक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। अभियुक्तों के कब्जे से 1 अदद तमंचा 315 बोर, 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस व चोरी की ईको कार व स्टेशनरी का सामान बरामद किया गया।

## किशोरी को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को विगत 12 दिसम्बर 2024 को अगवाकर भगा ले जाने का आरोप त्रिलोकपुर बाघराय के युवक के खिलाफ था। पुलिस ने किशोरी के भाई की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया था। घटना के बाद से वह फरार था। मामले में बुधवार को थाने के दरोगा तेज बहादुर यादव ने जलालपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया।

## तमंचा,कारतूस संग अभियुक्त गिरफतार

**दिलीपपुर,प्रतापगढ़।** थाना दिलीपपुर पुलिस द्वारा अवैध 01 तमन्चा व 01 जिंदा कारतूस के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी दिलीपपुर श्री शत्रुघ्न वर्मा के नेतृत्व में उ0नि0 मनोज जायसवाल मय हमराह उ0नि0 दुर्गेश कुमार, का0 निर्दोष कुमार, म0का0 वन्दना कुमारी द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त चन्दन पाठक पुत्र श्रीधर पाठक निवासी ग्राम नजियापुर (घोरका मुफरिद) थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्रान्तर्गत रामपुर आधारगंज तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियक्त के कब्जे से अवैध 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर थाना दिलीपपुर में मु0अ0सं0 11६2025 धारा 3६25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

## पालतू कुत्ते के हमले से युवती जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कुंडा के गांधी नगर मोहल्ला निवासी राकेश तिवारी की 20 वर्षीय बेटी प्रशंसा तिवारी पर पड़ोसी के पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया। उसकी बांह को गंभीर रूप से काटकर जख्मी कर दिया। बेटी की चीख सुनकर दौड़े परिजनों ने कुत्ते से बचाया। लहूलुहान बेटी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद भी डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया।

## श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

लोकमित्र ब्यूरो



**कुंडा प्रतापगढ़।** बाबागंज विकास खंड क्षेत्र के पटना नहर चौराहा से कुशहा गांव निवासी समाजसेवी व रामभक्त सुमित मिश्रा मटियारी के नेतृत्व में अयोध्या धाम में रामलला विराजमान के तारीख वार प्रथम वर्षगांठ के मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें लगभग ढाई हजार के करीब सनातनी हिंदू युवक युवतियां सम्मिलित हुए। बताते चलें कि पटना नहर चौराहे से निकली यह भव्य शोभायात्रा डेरवा,चौरास मंदिर होते हुए ढ़िंगवस,पहलेपार होते हुए करीब 25 किलोमीटर की यात्रा तय करने के उपरांत राजापुर विंधन स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। जहां पर हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती के उपरांत भव्य शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा के संयोजकों के द्वारा इसे सनातन धर्म जागरण यात्रा का नाम दिया गया। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर रामभक्त थिरकते रहे एवं जय श्री राम का उद्घोष करते रहे। भारी संख्या में शोभायात्रा में शामिल हुए राम भक्तों द्वारा जब जय श्री राम का उद्घोष किया जा रहा था तो मानों पूरा क्षेत्र व यूं कहें कि गगन गुंजायमान हो रहा था। कार्यक्रम के दौरान राम भक्तों की भारी संख्या देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रही। पुलिस की मुस्तैदी का आलम यह रहा कि स्थानीय महेशगंज के थानाध्यक्ष मुकेश सिंह भारी पुलिस फोर्स जिसमें कि लगभग आधा दर्जन दरोगा, व लगभग डेढ़ दर्जन सिपाहियों के साथ शोभा यात्रा के साथ लगातार डटे रहे। शोभायात्रा के दौरान सुमित मिश्रा मटियारी के सहयोगी के रूप में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के कार्यकर्ता शिवम मिश्रा कुशहा,अन्नू तिवारी,सुमित मिश्रा,मयंक तिवारी,प्रवीण मिश्रा,ग्रामप्रधान डीहबलई मुकुंद यादव,भाजपा नेता बबलू शुक्ला,आनंद शुक्ला,अखिलेश तिवारी,जगदीश तिवारी,विवेक,सूरज दुबे,तरुण, व बॉस टीम के समस्त लोग सम्मिलित रहे।

## चकबंदी अधिकारी गांव में नही लगा रहे चौपाल

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय क्षेत्र के काशीपुर डुबकी गांव मे इन दिनो चकबंदी चल रही है। किसानो ने आरोप लगाया है कि चकबंदी के नाम पर किसानो को परेशान किया जा रहा है। किसानो को चक बदलने का भय दिखाकर परेशान किया जा रहा है। विद्यासागर, लालजी, अवधेश, दिनेश गुप्ता, राम आसरे, अशोक, जयचंद आदि किसानो का आरोप है कि चकबंदी विभाग के अधिकारी गांव मे चौपाल नही लगा रहे है। नियमानुसार चकबंदी विभाग के अधिकारियो को जन चौपाल लगाकर किसानो की आपत्तियों का निस्तारण करना चाहिए। चौपाल न लगाए जाने से किसानो में आक्रोश व्याप्त है। किसानो ने काशीपुर डुबकी गांव की तरफ डीएम का ध्यान आकृष्ट किया है।

## चेक बाउंस होने पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली के मनगढ़ गांव निवासी रोहित सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि वह कुंडा में जमीन की खरीद फरोख्त और विक्रय का काम करते हैं। इसी सिलसिले में लखनऊ के कुछ लोगों से सम्पर्क हुआ तो उन्होंने जमीन देने की बात कही। इस पर कई बार मैंने उनको 50 लाख रुपये दिए। आरोपियों ने तीन दिसंबर को कुंडा आकर जमीन का बैनामा करने की बात कही तो वह तहसील में इंतजार करता रहा, लेकिन कोई नहीं आया। दो जनवरी को आरोपियों से कहा कि जमीन का बैनामा करिए नहीं तो रुपये वापस करिए। इसके बाद उसे निजी बैंक का 50 लाख रुपये का चेक दिया गया। बैंक में चेक लगाने पर पर्याप्त धन होने से चेक बाउंस हो गया। पीड़ित रोहित सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मो. सद्दन, सैम अंसारी, साजी अहमद सिद्दीकी, सना सिद्दीकी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## अपहरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बाघराय,प्रतापगढ़।** अपहरण के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बाघराय के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 तेज बहादुर यादव मय हमराह का0 रविन्द्र कुमार द्वारा दिनांक 22.01.2025 को देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना बाघराय में अन्तर्गत 137(2) बी0एन0एस0 से संबंधित 01 अभियुक्त राशिद उर्फ गब्बू पुत्र रज्जब अली निवासी त्रिलोकपुर थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र बाघराय के जलालपुर रोड नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया ।

# तीन माह पहले अपहृत किशोरी को एसओ मुकेश सिंह ने किया बरामद

### एसओ की सक्रियता के चलते पुलिस ने बीते दो माह में आधा दर्जन युवतियों को किया बरामद



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** तीन माह पहले अपहृत किशोरी को महेशगंज एसओ मुकेश सिंह ने बरामद कर लिया है। पुलिस के लिए सिर दर्द बन चुकी किशोरी को पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंजनी के पुल के पास बरामद किया।महेशगंज थाना क्षेत्र के बोधी का पुरवा मज़रे झींगुर गांव की रहने वाली एक किशोरी को गांव का ही गैर बिरादरी एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसमें पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी अंकित सरोज के पिता बंशीलाल को जेल भेज दिया था, लेकिन किशोरी का सुराग पुलिस को नही मिल रहा था। पुलिस के लिए सिर दर्द बन चुकी किशोरी को बरामद करने के लिए एसओ मुकेश कुमार सिंह ने आरोपित के परिजनों का सीडीआर खंगालने के बाद आरोपित सहित किशोरी को बरामद करने के लिए दो टीमों को गठित कर दिया था। एक टीम एसआई शिविर पटेल और दूसरी टीम की अगुवाई एसआई ध्रुव सिंह कर रहें थें। सीडीआर खंगालने के बाद पुलिस को पता चला कि आरोपित युवक तमिलनाडु के कुडूनकुलम में रह रहा है। पुलिसिया टीम आरोपित की गिरफ्तारी और किशोरी की बरामदगी के लिए आरोपी के लोकेशन पर पहुँची लेकिन अपने को बचाने के लिए अपनी लोकेशन को छोड़कर आरोपित और किशोरी आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान राज्यों में अपनी लोकेशन बदलते हुए पुलिस से छिपते और भागते रहे। इसी बीच एसओ मुकेश कुमार सिंह को मंगलवार को दोपहर में पता चला कि आरोपित युवक किशोरी को लेकर थाना क्षेत्र के अंजनी के पुल के पास किसी का इंतजार कर रहा है और वह वही से किशोरी को लेकर भागने की फिराक में है। पुलिस ने चारों ओर से घेरकर किशोरी को बरामद कर लिया, लेकिन आरोपित युवक को पुलिस के आने की भनक लगी तो वह किशोरी को छोड़कर भाग निकला। इस संबंध में एसओ मुकेश कुमार सिंह का कहना है कि किशोरी को बरामद कर लिया गया है लेकिन आरोपित अभी फरार है। जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीम द्वारा दविश दी जा रही है।

### ▶▶ एसओ मुकेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस को लगातार मिल रही है सफलता

कुंडा प्रतापगढ़।बीते दो माह के भीतर ही महेशगंज पुलिस द्वारा अब तक इलाके से गायब और भागी हुई आधा दर्जन युवतियों को बरामद किया गया है। एसओ मुकेश कुमार सिंह की सक्रियता के चलते पुलिस ने ठुकराइन का पुरवा, राजापुर, नरियावा, जगापुर, झींगुर, जलालपुर सहित कन्हैया दुल्लापुर गांव से भागी हुई युवतियों को बरामद कर लिया है। पुलिस की सक्रियता और तत्परता के चलते युवतियों को बरामद करके पुलिस ने उनके स्वजनों को सौप दिया है।

## भाजपा नेता की माता के निधन पर लोगों में शोक व्याप्त

लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, (कौशाम्बी)।** करारी के भाजपा नेता सुरेश नागर चौधरी के माता का वृद्ध अवस्था में मंगलवार को मृत्यु होगई जिससे भाजपा नेताओं में शोककीलहर दौड़ गई इसीदौरान शारदा प्रसाद साहू भाजपा मंडल उपाध्यक्ष की अगुवाई में दो मिनटका मौन रख कर मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस दौरान दिलीप अग्रहरि ,कमल कुशवाहा ,गजराज सहित दर्जनों भाजपा मौजूद रहें।

## राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर निकाली गई शोभायात्रा

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** नगर पंचायत सुवंशा बाजार में राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर शोभायात्रा निकाली गई। पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इसी उपलक्ष में 1 वर्ष बीत जाने पर 22 जनवरी बुधवार शाम शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा में लोग डीजे संग नाचते गाते खुशी से झूम रहे थे। स्थानीय बाजार चौराहे पर आतिशबाजी और जय श्री राम के नारों से पूरा बाजार भक्ति मय हो गया। जय श्री राम के जयकारों के साथ भक्त प्रेमी डीजे संग पूरे बाजार में घूमते हुए आनंदित रहे।इस कार्यक्रम का आयोजन राजू मोबाइल वाले, राधेश्याम चौरसिया के सानिध्य में क्षेत्र के लोगों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। शोभायात्रा को सकुशल संपन्न कराने में थाना फतनपुर के उप निरीक्षक संतोष वर्मा, सिपाही रोहित यादव एवं सिपाही ओमप्रकाश लगे रहे। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से राकेश कुमार मिश्रा, राकेश बिंद सभासद, विवेक सिंह, मुन्ना बिंद सभासद, धीरज ओझा, वैद्य अनिल कुमार मिश्रा, बबलू सिंह, अंगद मौर्या, संगम तिवारी, शिवकुमार सोनी आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी पालिसी संख्या 314507955 मे मेरा नाम गौरा तथा आधार कार्ड पैन कार्ड में मेरा नाम ललिता देवी लिखा है दोनो नाम हमारे ही है। पालिसी संख्या और पैनकार्ड मे मेरे पिता का नाम शंकर वर्मा एवं आधार कार्ड में मेरे पति का नाम राम आसरे लिखा गया है।

गौरा उर्फ ललिता देवी
ग्राम व पोस्ट कंजा सराय गुलामी पट्टी
जिला प्रतापगढ़ उ0प्र0

## पिछड़ो, दलितों, शोषित एवं पीड़ित समाज के मसीहा थे स्व.जनेश्वर मिश्र -काका



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** सिंहगढ़ स्थित काका मार्केट में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर प्रख्यात समाजवादी चिंतक एवं छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध पंडित जनेश्वर मिश्र जी की 15वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधान सभाध्यक्ष राम अवध यादव ÷काका÷ ने छोटे लोहिया के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा बताया कि उनका जन्म बलिया के एक छोटे से गाँव में हुआ था। उनके पिता एक किसान परिवार से थे। वह कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। उन्होंने गरीबों, पिछड़ों, दलितों व दबे कुचले लोगों को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया। कार्यक्रम में अखिलेश यादव एडवोकेट, संदीप पाल एडवोकेट, सुरेश यादव एडवोकेट, शिव प्रसाद यादव एडवोकेट, गुरु जी, पप्पन यादव, मोहम्मद इमरान, शिवलाल यादव, रज्जू मिस्त्री, कल्लू विश्वकर्मा, हेमराज सरोज, संजय गुप्ता, विमलेश यादव, ओपी प्रदीप सिंह जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 18 महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 2187/23
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सुरेश चन्द्र आदि
बनाम सावित्री देवी
बनाम
सावित्री देवी आयु 60 वर्ष पत्नी दिनेश प्रसाद सरोज निवासी बिबियाकरनपुर पर0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 28.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 28.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# नियुक्ति को लेकर विवाद में फंसी शिक्षिका को 15 दिनों का मौका

### ▶▶ जिला विकास अधिकारी से मिले पत्र के बाद बीएसए ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** दिव्यांग प्रमाण पत्र को लेकर विवादों में फंसी शिक्षिका को बीएसए ने 15 दिनों का मौका देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई उन्होंने जिला विकास अधिकारी से जांच रिपोर्ट और पत्र मिलने के बाद की है। जिले के शिवगढ़ विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय डिहवा पसियाना में तैनात शिक्षिका रश्मि पांडेय को दिव्यांग कोटे से 2011 में नौकरी मिली थी। उन्होंने जो दिव्यांग प्रमाण पत्र नियुक्ति के समय दिया था वह वर्ष 2000 में जारी हुआ था। शिवगढ़ विकास खंड के गारापुर गांव निवासी जयप्रकाश पांडेय ने आरटीआई से प्राप्त सबूतों के आधार पर शिक्षिका के दिव्यांग प्रमाण पत्र को फर्जी करार देते हुए जांच की मांग की थी। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी ने प्रकरण की जांच करने के साथ ही विधिक राय लेकर अपनी जांच रिपोर्ट 28 दिसम्बर 2024 को मुख्य विकास अधिकारी को सौंप दी। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर डीडीओ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को जांच रिपोर्ट की प्रति देने के साथ ही कहा कि यह मामला उनके विभाग से संबंधित है।

इसलिए जांच रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई कर मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराएं। उक्त पत्र मिलने के बाद 20 जनवरी को बीएसए ने शिक्षिका को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा है कि वह 15 दिनों के भीतर साक्ष्य सहित अपना स्पष्टीकरण दें। अगर निर्धारित दिनों के भीतर स्पष्टीकरण नहीं मिलता तो कार्रवाई कर दी जाएगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी उनकी खुद की होगी।

## ताबिश मेंहदी के इंतक़ाल पर जताई शोक-संवेदना



**दुर्गागंज प्रतापगढ़।** बुधवार की शाम कठार कंधई हनुमानगंज में मौलाना जाफर मसूद हसनी नदवी व डाज़ ताबिश मेंहदी के इंतक़ाल पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया।जिसका संचालन मौलाना सलमान नदवी, व अध्यक्षता मौलाना मुहम्मद शोएब नदवी ने की। मौलाना मुहम्मद शोएब नदवी ने बताया कि मौलाना जाफर हसनी नदवी मौलाना सय्यद अबुल हसन अली नदवी के परिवार से थे, जो पूरी ज़िन्दगी शिछा व समाज सेवा से जुड़े रहे। नदवतुल उलमा लखनऊ के सचिव थे, उर्दू व अरबी के नामवर अदीब व सहाफी थे। कई किताबों के लेखक थे, बड़े मशहूर होने के साथ-साथ बड़ी सादगी थी।मौलाना फरहान नदवी नें ड़ा ताबिश मेंहदी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डाक्टर ताबिश मेंहदी प्रतापगढ़ी मशहूर शायर, अदीब, सुबह सादिक, तूबा, कंकर बोलते हैं, गज़ल नामा, जैसी 55 किताबों के लेखक थे। अबुल कलाम आज़ाद प्रतापगढ़, अमरोहा, आज़मगढ़ के शिछण संस्थाननों में अपनी सेवाएं प्रदान की थी। शोक सभा में प्रतापगढ़ के बहुत से नदवी उलमा विद्वान शरीक हुए, सबने इन्हें ख़िराज ए अक़ीदत पेश किया

## कार्यालय ग्राम पंचायत अधिया वि०ख० कुण्डा, प्रतापगढ़

पत्रांक : मेमो/मनरेगा/2024-25 दिनांक 22.01.2025

**अल्पकालीन निविदा**

ग्राम पंचायत अधिया में मनरेगा योजना अन्तर्गत 2024-25 में स्वीकृत एवं अनुमोदित निम्नांकित कार्यो पर प्रथम श्रेणी ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, गिट्टी, एंगल, इण्टरलाकिंग ईट, टीनसेट, जी0आई0सीट, दरवाजा, स्टील रोड व अन्य समाग्री की आवश्यकता है। इच्छुक पंजीकृत फर्म समाग्री की आपूर्ति हेतु तैयार हो तो अपनी दरें सील बन्द लिफाफे में दिनांक 23.01.2025 से 25.01.2025 तक सील बन्द निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। जो दिनांक 25.01.2025 को दोपहर 02.00 बजे उपस्थित फार्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृति करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | लल्लू के घर से नाली तक इण्टरलाकिंग | प्रथम श्रेणी ईट, सीमेन्ट बालू, इण्टरलाकिंग ईट | 300 |
| 2 | गुरू के घर से जागेश्वर प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग | प्रथम श्रेणी ईट, सीमेन्ट बालू, इण्टरलाकिंग ईट | 300 |

उपरोक्त आपूर्ति की जाने वाली समस्त समाग्री की गुणवत्ता मानक के अनुसार होनी चाहिए। आपूर्ति की जाने वाली सामाग्री की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। अन्य नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ प्राप्त कर सकते हैं।

नूरजहाँ
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अधिया
विकास खण्ड कुण्डा, प्रतापगढ़

सन्तोष कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत अधिया
विकास खण्ड कुण्डा, प्रतापगढ़

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# डीएम ने किया राजकीय जिला पुस्तकालय व अभ्युदय कोचिंग सेंटर का निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बुधवार को राजकीय जिला पुस्तकालय व मुख्यमंत्री अभ्युदय कोंचिग सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने पुस्तकालय व कोचिंग संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विद्यार्थियों से वार्ता की।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर में चल रही कक्षाओं को देखा, जहां शिक्षण कार्य चलता हुआ पाया गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिला राजकीय पुस्तकालय को भी देखा। यहां जिलाधिकारी ने अध्यनरत विद्यार्थियों से वार्ता की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से कहा कि सभी अच्छी तरह से अध्ययन कर प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर अच्छे पदों पर जाएं। उन्होंने पुस्तकालय प्रभारी प्रदीप नारायण शुक्ला से पुस्तकों के रखरखाव तथा सदस्यों की सूची के बारे में जानकारी ली। जिसमें पुस्तकालय प्रभारी ने ऑनलाइन पुस्तकों को देने तथा उन्हें वापस करने सहित सदस्यों की सूची अपडेट के संबंध में कंप्यूटर में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय प्रभारी को निर्देश दिए कि पुस्तकों का रखरखाव रैंक एवं अलमारियों पर अच्छी तरह से कराए। कहा कि जो सदस्य पढ़ने वाले आते हैं, उनकी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई जाए तथा उनसे जानकारी करें कि उन्हें तैयारी करने के लिए कौन सी पुस्तकों की आवश्यकता है, उसी के अनुसार सूची बनाएं ताकि उन पुस्तकों की व्यवस्था कराई जा सके। साथ ही पुस्तकालय की अच्छी तरह से सफाई कराएं। उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर के प्रभारी को निर्देश दिए कि अभ्युदय कोचिंग सेंटर का संचालन अच्छी तरह से कराया जाए ताकि विद्यार्थी अच्छी तरह से तैयारी करके विभिन्न परीक्षाओं में शामिल होकर उच्च पदों पर चयनित हो सके।इसके बाद जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने जिला सूचना कार्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, पेयजल आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार, अवर अभियंता अमित कनौजिया, जिला राजकीय पुस्तकालय प्रभारी प्रदीप नारायण शुक्ला, मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर के प्रभारी सीपी पांडेय आदि मौजूद रहे।

## युवाओं को मिलेंगे विदेशों में रोजगार के अवसर

**चित्रकूट ब्यूरो**- विदेशों में रोजगार के उपलब्ध अवसरों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने सूबे के पांच हजार से अधिक युवाओं को अलग-अलग क्षेत्रों में नौकरी दिलाने की तैयारी की है। युवाओं को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा दी गई है।जिला सेवायोजन अधिकारी संदीप ने बताया कि अभी तक विदेशों में नौकरी सिर्फ इजराइल तक ही सीमित थी, लेकिन अब इसमें जर्मनी और जापान को भी जोड़ दिया गया है। बताया कि विभाग के पोर्टल पर इसके लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में इजराइल, जापान व जर्मनी में नर्सिंग व केयर गिवर के आयु सीमा 25 से 45 वर्ष रखी गई है। यहां 5000 पद है और वेतन 1,31,818 रूपये प्रतिमाह मिलेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जनवरी है। सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 जनवरी है। उन्होनें बताया कि जर्मनी में सहायक नर्स की रिक्तियां है। इसमें नर्सिंग डिप्लोमा के साथ आयु सीमा 24 से 40 वर्ष निर्धारित है। पदों की संख्या 250 है। वेतन 2,29,925 रूपये प्रतिमाह मिलेगा।

# अपर जिलाधिकारी ने दी गणतंत्र दिवस में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को धूमधाम से मनाए जाने के संबंध में कलेक्टरेट सभागार में बुधवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें गणतंत्र दिवस में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि गणतंत्र दिवस की सुबल प्रातः सात बजे मलिन बस्तियों में सफाई अभियान, आठ बजे प्रभात फेरी घोष के साथ एनसीसी स्काउट तथा झांकियां, 8:30 बजे समस्त सरकारी व अर्द्धसरकारी भवनों में झंडारोहण, झंडाभिवादन, राष्ट्रगान, संविधान के संकल्प का स्मरण तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान, 9:30 बजे पुलिस लाइन में पुलिस परेड, 10 बजे समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, संविधान के संकल्प का स्मरण एवं खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:15 बजे जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल एवं मिठाई का वितरण, 10:30 बजे साइकिल दौड़, नौ से 10:30 बजे तक स्टेडियम में वॉलीबॉल प्रतियोगिता, दो बजे दृष्टि संस्था शंकर बाजार कर्वी में फल वितरण तथा तीन बजे रूट मार्च का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी संयोजक तथा सह संयोजक अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस को सादगी, सौहार्द, निष्ठा और गरिमा से उत्साहपूर्वक मनाया जाए। कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने अपने कार्यालयों को अच्छे से सजाएं। कहा कि गणतंत्र दिवस को मनाये जाने के लिए जो शासन से दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं, उसी के अनुसार कार्यक्रम आयोजित कराएं।बैठक में उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके जतारिया, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जल संस्थान डीके सत्संगी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# एक मार्च से शुरु होगी गेंहू खरीद, कराएं पंजीकरण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -गेहूँ खरीद वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत सरकारी गेहूँ खरीद केन्द्रों पर आगामी एक मार्च से सीधे किसानों से खरीद प्रारम्भ हो जाएगी। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गेहूँ खरीद के लिए जनपद में चार एजेन्सियों के कुल 38 गेहूँ क्रय केन्द्रों का अनुमोदन कर दिया गया है।जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि इसके लिए सरकारी गेहूँ खरीद केन्द्रों पर गेहूँ बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना आवश्यक है। आनलाइन पंजीकरण एक जनवरी से प्रारम्भ हो गए है। बताया कि अब तक जनपद में कुल 63 किसानों द्वारा आनलाइन पंजीकरण कराया गया है। बताया कि जिन किसानों ने गत वर्षों में इसके लिए पंजीकरण कराया था, उन्हें नवीन पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें अपने पुराने पंजीकरण का नवीनीकरण कराना होगा। वह किसी भी जनसेंवा केन्द्र, साइबर कैफे अथवा स्वंय मोबाइल से यह कर सकते है। बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,425 रूपयें प्रति कुन्तल है, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 150 रुपये प्रति कुन्तल अधिक है। बताया कि खरीद का भुगतान किसानों को उन्ही बैंक खातों में किया जाएगा, जो उनके आधार नंबर से लिंक्ड है। इसलिए पंजीकरण में वहीं मोबाइल नंबर का प्रयोग करें, जो आधार से लिंक हो। साथ ही बैंक खाता सक्रिय होना चाहिए, जिसमें पिछले तीन महीनों में धनराशि का लेन-देन किया गया हो। वर्तमान में सचालित धान क्रय केन्द्रों पर पंजीकरण व नवीनीकरण की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। कहा कि अधिक जानकारी के लिए किसान किसी भी सहायता के लिए विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800-1800-150 या जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लाक के विपणन निरीक्षक व क्रय केन्द्र प्रभारी से सम्पर्क कर सकते है।

## छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की सपाईयों ने मनाई पुण्यतिथि

**चित्रकूट ब्यूरो**- समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में समाजवादी पुरोधा छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें सपाईयों ने छोटे लोहिया के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।गोष्ठी में सपा कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने बताया कि जनेश्वर मिश्र बेहतरीन वक्ता थे। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि महंत राजू दास द्वारा भाषाई मर्यादा का उल्लंघन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री स्व मुलायम सिंह यादव के ऊपर की गई टिप्पणी सपा कतई बर्दाश्त नहीं करेगी तथा सड़क से संसद तक इसका विरोध करेगी। गोष्ठी के बाद समाजवादी छात्र सभा ने इस सम्बन्ध में ज्ञापन भी दिया।इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष माता प्रसाद कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष मो. गुलाब खान, उमाकांत यादव, राज सिंह, महासचिव सत्यनारायण पटेल, तीरथ यादव, रमा यादव, डॉ शची गुप्ता, शोभा जोशी, राजा यादव, रमेश चंद्र कुशवाहा, राकेश प्रजापति, रामभिलाष दिवाकर, रामकिशोर कुरील, मानसिंह पटेल, बबूलेश यादव, राघवेंद्र यादव, संदीप नहरा, सत्यम, रामभवन यादव, सुभाष पटेल, हरिमोहन, समीर विश्वकर्मा, राजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## 25 जनवरी को होगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

**चित्रकूट ब्यूरो**-अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी शनिवार को किया जाना है।बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर अथवा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओं में प्रजातांत्रिक मूल्यों के उत्प्रेरण के लिए ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' के विषय पर निबन्ध, वाद-विवाद, ड्राइंग, क्विज आदि प्रतियोगिताओं आयोजन कराते हुए सभी कार्यालयों में आयोग के निर्देशानुसार अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाये जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में चित्रकूट इण्टर कॉलिज में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा।

# लापरवाही के मामले में उप संचालक ने दो चकबंदी लेखपालों पर लिया एक्शन



### ▶▶ एक निलम्बित व दूसरे की शुरु हुई विभागीय जांच

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट विशेष क्षेत्र प्राधिकरण कार्यालय में बुधवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उप संचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने चकबंदी कार्यों की समीक्षा की। जिसमें तौरा के चकबंदी लेखपाल द्वारा कोई सरकारी कार्य न किए जाने का मामला सामने आने पर विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने के निर्देश दिए गए।

मानिकपुर तहसील के ऐंचवारा गांव में बुधवार को चौपाल लगाने के बाद अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उप संचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने बताया कि जनपद चित्रकूट में कुल 56 ग्रामों चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। जिसमें धारा 7 के स्तर पर कुल 20 गांव हैं। जिसमें अर्की, सिंधौली, तौरा, दरसेड़ा, नांदी एवं वीरधुमाई में अब तक चकबंदी लेखपाल द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया है। खासतौर से तौरा के लेखपाल उमेश पाण्डेय द्वारा कोई भी सरकारी कार्य नहीं किया जा रहा है। इसके चलते सम्बन्धित लेखपाल पर विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने के निर्देश दिए। साथ ही एक अन्य लेखपाल शशिकांत द्वारा भी सरकारी कार्यों में लापरवाही करने एवं बिना सरकारी कार्य किए ही झूठी रिपोर्ट देने के कारण निलम्बित करने के निर्देश सहायक चकबंदी अधिकारी को दिए गए है। उन्होंने बताया कि धारा 8 पड़ताल के लिए दो गांव भटरी व चनहट, धारा 10 के स्तर पर पांच गांव, धारा 20 के स्तर पर कुल 10 गांव तथा धारा 27 अंतिम अभिलेख की तैयारी के लिए खरूही, खरौंध एवं छेछरिहा बुजुर्ग में काम किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी व जिला उप संचालक चकबंदी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा ग्राम बगरेही के धारा 52 के प्रकाशन के लिए चकबंदी आयुक्त लखनऊ को पत्र भेजा गया है। जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए है कि चकबंदी कार्यों में लापरवाही करने वालों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसके चलते लेखपाल उमेश पाण्डेय और शशिकांत का वेतन की अग्रिम आदेशों तक के लिए रोका जाएगा। इस मौके पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन, चकबंदी अधिकारी धीरेन्द्र शुक्ला, संजय शुक्ला, शरदचंद्र यादव, सहायक चकबंदी अधिकारी सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव व रमाकांत आदि मौजूद रहे।

## फरार आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट**- जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए मफरूर, इनामिया, हिस्ट्रीशीटर व टॉप-10 अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मानिकपुर थाना पुलिस टीम ने 12 वर्षो से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।मानिकपुर थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि बुधवार को वह अपनी टीम उपनिरीक्षक रामेश्वर प्रसाद व आरक्षी प्रदीप कुमार के साथ 12 वर्षो से फरार चल रहा आरोपी सुभाष उर्फ सुभाषचन्द्र निवासी मोहल्ला आर्य नगर कस्बा व थाना मानिकपुर को कस्बे के रेलवे लाइन झरी फाटक से गिरफ्तार कर लिया। बताया कि यह आरोपी थाने में दर्ज मुकदमें में पिछले 12 वर्षो से फरार चल रहा था।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सरसवां कौशाम्बी

पत्रांकः 2008/लेखा/निविदा/क्षे०पं०/2024–25 दिनांक 21.01.2025

**निविदा**

क्षेत्र पंचायत सरसवां, जनपद कौशाम्बी में पंजीकृत ठेकेदारों को एतद्वारा सूचित किया जाता है पंचम/केन्द्रीय वित्त आयोग योजना वर्ष 2024–2025 के अन्तर्गत प्राप्त/प्राप्त होने वाली धनराशि से निम्न परियोजनाओं का निर्माण/सामग्री आपूर्ति प्राप्त किया जाना है। क्षेत्र पंचायत सरसवां में पंजीकृत ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओ से अपेक्षा है कि सामग्री आपूर्ति/परियोजना के निर्माण हेतु निर्धारित समय सीमा के अन्दर अपने–अपने निविदा प्रपत्र शील बन्द लिफाफे में विकास खण्ड कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डालना सुनिश्चित करेगें। निविदा फार्म की बिक्री दिनांक 22.01.2025 से 28.01.2025 समय अपराहन 02.00 बजे तक की जायेगी। निविदा दिनांक 29.01.2025 से दिनांक 11.02.2025 को अपराह्न 02.00 बजे तक जमा की जायेगी। निर्धारित समय सीमा के बाद आने वाली निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। निविदा पत्र के साथ आवश्यक वैध प्रपत्र जैसे पैनकार्ड, जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन, हैसियत प्रमाणपत्र, चरित्रप्रमाण पत्र, ठेकेदारी/आपूर्तिकर्ता पंजीकरण प्रमाण पत्र, शपथपत्र (स्टाम्प रू0 10.00) एवं स्टाम्प रू0 100.00, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है, प्राप्त निविदाएं दिनांक 12.02.2025 को पूर्वाहन 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा, अवकाश की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी। निविदा मूल्य के रूप में जमा की जाने वाली धनराशि बैंक आफ बड़ौदा कुम्हियावां में खुले खाता सं0 13690100005769 (खण्ड विकास अधिकारी, सरसवां, शाखा कुम्हियावां, IFSC CODE BARBOSARSAW) में जमा कर कार्यालय से निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं एवं धरोहर से सम्बन्धित 02/10 प्रतिशत धनराशि खण्ड विकास अधिकारी, सरसवां के पक्ष में बन्धक एफ०डी०आर० के माध्यम से देय हो, को आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा डालने वाले ठेकेदार किसी भी दशा में अन्य संस्था में काली सूची में न हो। किसी एक निविदा को अथवा समस्त निविदाओ को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। निविदा निरस्त किये जाने की दशा में निविदा मूल्य वापस नही की जायेगी एवं न ही उक्त निविदा मूल्य का समायोजन आगे किया जायेगा। निविदा की शर्तों, निविदा फार्म एवं अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय में सम्बन्धित पटल से सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्र0 | योजना का नाम | परियोजना का नाम | सामग्री की लागत (रू0 लाख में) | निविदा का मूल्य रू0 (500+18 प्रतिशत GST सहित) | कार्य की माप | धरोहर धनराशि रू0 (2/10 प्रतिशत) | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | पं०वि०आ०/ के०वि०आ० | ग्राम सभा सरसवां में पशु अस्पताल की रंगाई पुताई कार्य। (कोटेशन के माध्यम से) | 0.33 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 660.00/ 3300.00 | 06 माह |
| 2. | पं०वि०आ०/ के०वि०आ० | क्षेत्रीय सहकारी समिति लिए कुम्हियावां, वि०स० सरसां जिला कौशाम्बी में भवन मरम्मत का अवशेष कार्य। | 5.03 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 10600.00/ 50300.00 | 06 माह |
| 3. | पं०वि०आ०/ के०वि०आ० | ग्राम पंचायत अंधावा के मजरा मिरदहन का पूरा में छिउलहाई बाग से मेन रोड तक खडण्जा मरम्मत कार्य | 5.545 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 11000/ 55500 | 06 माह |
| 4. | पं०वि०आ०/ के०वि०आ० | क्षेत्रीय सहकारी समिति लि0 कुम्हियावां, वि०ख० सरसवां जिल्ला कौशाम्बी में भवन मरम्मत कार्य। | 6.08 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 12500/ 60800 | 06 माह |
| 5. | पं०वि०आ०/ के०वि०आ० | विकास खण्ड सरसवां में ए०डी०ओ० कृषि एवं चतुर्थ श्रेणी आवासीय भवनों की रंगाई कार्य एवं मरम्मत कार्य। | 3.09 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 6500/ 30900.00 | 06 माह |
| 6. | पं०वि०आ०/ के०वि०आ० | विकास खण्ड सरसवां में बाबू टाइप (टाइप– –3) आवासीय भवनों की रंगाई–पुताई कार्य व दरवाजे एवं खिड़की व छत मरम्मत कार्य। | 8.10 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 16500/ 81000 | 06 माह |
| 7. | पं०वि०आ०/ के०वि०आ० | विकास खण्ड सरसवां में एक नग ए०डी०ओ० टाइप (टाइप–2) आवासीय भवन की रंगाई–पुताई व मरम्मत कार्य एवं ए०डी०ओ० टाइप (टाइप–2) व बाबू टाइप (टाइप–3) शौचालय में टाइल्स जल आपूर्ति आदि कार्य | 7.65 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 15300.00/ 76500.00 | 06 माह |
| 8. | पं०वि०आ०/ के०वि०आ० | विकास खण्ड सरसवों में स्थित हाल का विस्तार व मरम्मत कार्य | 7.86 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 15800.00/ 78600.00 | 06 माह |

अवर अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
सरसवां कौशाम्बी।

खण्ड विकास अधिकारी
सरसवां कौशाम्बी।

प्रमुख
क्षेत्र पंचायत सरसवां–कौशाम्बी।


# जय श्रीराम के जयकारों के साथ धर्मनगरी में युवाओं ने निकाली विशाल पग शोभा यात्रा

**चित्रकूट ब्यूरो**-श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर बुधवार को जिला मुख्यालय में पग शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

जिसमें शामिल सैकड़ों महिलाओं और युवाओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण किया।जिला मुख्यालय में निकाली गई पग शोभा यात्रा कर्वी गल्ला मंडी शंकर बाजार से प्रारंभ होकर धनुष चौराहा होते हुए धुस मैदान पुरानी बाजार में समाप्त हुई। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे युवा समाजसेवी प्रियांशु मिश्रा ने कहा कि पूर्वजों के 500 वर्षों से अधिक के संघर्ष के बाद पिछले साल अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

साथ ही यह दिन इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो चुका है। ऐसे में इस गौरवशाली दिन को यादगार बनाने के लिए युवाओं ने यह विशाल पग शोभा यात्रा निकाली है। इस मौके पर अनुराग गुप्ता, अनुराग द्विवेदी, हर्षित पाण्डेय, दीपांशु सिंह, आशुतोष पाण्डेय, विनय यादव, अमन तिवारी, शिवम पटेल, माया प्रजापति, गीता सिंह, प्रियंका साहू, प्रांशु मिश्रा, रोहित गुप्ता, प्रिंस सिंह, गणेश गर्ग, सोमकार्तिक शुक्ला, शशांक मिश्रा, अनुपम सिंह, अजय रैकवार, अंशु यादव, दुर्गेश द्विवेदी, सूरज सिंह, शेरा, सुमित यादव, प्रिंस पाण्डेय, छोटू पाण्डेय सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 24 जनवरी को होगा आयुर्वेदिक चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के निर्देशानुसार मंझनपुर भेलखा स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। इस दौरान शिविर में बवासीर, भगंदर फीशर, गठिया, बाई, जोड़ो का दर्द, सियाटिका, चर्म रोग, श्वास रोग, उदर रोग, शुगर रोग सहित आदि रोगों का इलाज, परामर्श एवं औषधि वितरण का आयोजन होगा। उपरोक्त रोगों से ग्रसित लोग असुविधा से बचने के लिए सर्वप्रथम आधार कार्ड के साथ चिकित्सालय जाकर पहले से अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें। चिकित्सा शिविर में चिकित्सक डा0 बी0 एम0 त्रिपाठी प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयु0 चिकित्सालय पश्चिम शरीरा, डा0 राकेश कुमार पाण्डेय प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयु0 चिकित्सालय मंझनपुर डा0 ज्ञानेश्वर सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कौशाम्बी मौजूद रहेंगे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती नीलम प्रभात की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के रूप में नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी उपस्थित रहे। महिला जनसुनवाई में सदस्य के समक्ष 13 प्रकरण प्राप्त हुए जिसका निस्तारण करने का उन्होंने संबंधित अधिकारी व विभाग को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने विगत माह की जनसुनवाई में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की तथा उपस्थित अधिकारीगण को निर्देशित किया कि महिला जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करते हुए उनको भी अवगत कराएं। जनसुनवाई में प्रभारी महिला थाना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वन स्टाप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी व पुलिस विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# श्री रक्षकेश्वर शिव मंदिर में हुआ विशाल भंडारा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** लालगंज मां पार्वती सेवा समिति के संरक्षकपूर्व सभासद और सर्राफा व्यापारी महेश सोनी की अगवाई में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर श्री रक्षकेश्वर शिव मंदिर सराफा चौक में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने पूरी सब्जी और बूंदी का आनंद उठाया। समाजसेवी महेश सोनी ने बताया कि भगवान श्री रक्षकेश्वर शिव मंदिर की अपार महिमा है। सभी व्यापारियों पर उनका आशीर्वाद सदैव बना रहता है। उनकी कृपा से ही सराफा मंडी का व्यापार फल फूल रहा है।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी सहित मां पार्वती सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल जी गुप्ता, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, शुभम रस्तोगी, गोपाल सोनी, पुष्कर गुप्ता, गौरव सोनी, शुभम गुप्ता, बउवा गुप्ता, आशु गुप्ता, आयुष कौशल का योगदान सराहनीय रहा। प्रसाद ग्रहण करने वाले लोगों मे कैलाश बाजपेई, सुरेंद्र गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अप्पू शर्मा, शिवम गुप्ता, कौशलेंद , कंचन आदि लोग भी रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** लालगंज सरस्वती शिशु मन्दिर लालगंज में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम लला प्राणप्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगाठ पर भव्य कार्यक्रम किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक कैलाश वाजपेयी, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन व विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात आचार्य रामनरायन , रामशरण अग्निहोत्री, रमेश मिश्रा, दिवाकर, सुरेश कुमारी, पूजा मिश्रा, शिवानी, अनामिका पाण्डेय, शिवाङ्गी सहित भैया बहनो ने पुष्प अर्पित कर मङ्गल कामना की। शिशु मंदिर के प्रबंधक कैलाश वाजपेयी ने प्रभु श्रीराम जी के जीवन वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि अयोध्या धाम में भगवान श्री राम का मंदिर बनने से धार्मिक कार्यों में जनता जनार्दन की रुचि बढ़ी है। श्री राम मंदिर बनने से विश्व में हिंदू गौरव का भी उत्थान हुआ है। कौशलेन्द्र कंचन ने भी प्रेरक प्रसंग सुनाकर भगवान श्री राम के पदचिहों पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने प्रभु श्री राम के जीवन की घटनाओं को छात्र-छात्राओं के मध्य रखकर विचारों से सीख लेने का आह्वान किया।

वही प्रधानाचार्य ने आये हुए अतिथियो के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# पत्रकार की पत्नी के निधन पर लोगों ने व्यक्त की शोक संवेदना

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के पत्रकार सुरेश श्रीवास्तव की पत्नी सीमा श्रीवास्तव का मंगलवार की रात अचानक हृदयाघात से निधन हो गया। सीमा श्रीवास्तव के निधन की खबर से पत्रकारों में शोक की लहर दौड़गई है। सीमा श्रीवास्तव का अंतिम संस्कार डलमऊ गंगा घाट पर बुधवार को दोपहर बाद किया गया। इस मौके पर परिवारीजन रमेश श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव शुभम श्रीवास्तव, रिशु श्रीवास्तव आदि सभी लोग शोकाकुल थे। उनके निधन पर पत्रकार संघ अध्यक्ष सुशील शुक्ला, शेर बहादुरसिंह, देवेश अग्निहोत्री, अतुल त्रिपाठी, मोहम्मद याकूब, अशोक शुक्ला, देवेंद्र अवस्थी,



विजय सिंह, अनंत विजय सिंह, रामबाबू गुप्ता, शीतला गुप्ता, ससिराज पटेल, लल्लू सिंह, मंदीप, उत्कर्ष त्रिवेदी, ओमप्रकाश शुक्ला, पवन त्रिवेदी, अजय प्रतापसिंह, यशपाल सिंह, रणविजय सिंह, भाजपा नेता अनूप पांडे, नागेंद्र गुप्ता,शिव प्रकाश पांडे, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, रोहित सोनी, शिवम गुप्ता, शिवम सोनी ,पुष्कर गुप्ता ,अप्पू शर्मा, अनिल सिंह महेश सोनी आदि ने गहरा शोक जताया हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ

## चंद्रशेखर मेमोरियल स्कूल में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का मनाया गया भव्य कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** लालगंज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और चंद्रशेखर मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला व प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने विद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम करके श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया। भगवान श्री राम लक्ष्मण के प्रतीक स्वरूप जीवंत झांकी की आरती पूजन व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित हिंदुस्तान के करोड़ों हिंदुओं के त्याग तपस्या और बलिदान से अयोध्या धाम में भगवान श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ है। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।

उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर का बनना हिंदुओं के मान सम्मान और गौरव का बढ़ना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ की शुभकामनाएं भेंट की।

# काजी साहब का उर्स मुबारक पूरी शानो शौकत के साथ संपन्न हुआ

**▸▸सैकड़ों जायरिनो ने लंगर व जियारत किया**

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक काजी अब्दुल करीम रहमतुल्लाह अलेही की दरगाह पर उर्स मुबारक पूरी शान शौकत के साथ संपन्न हुआ। राणा नगर कानपुर रोड मुकरबा स्थित दरगाह काजी अब्दुल करीम रहमतुल्लाह अलैह के खानकाह पर काजी साहब का उर्स मुबारक बुधवार को पूरी शानो शौकत के साथ संपन्न हुआ। उर्स मुबारक में आने वाले जायरीनों ने दरगाह पर नजरों



नियाज दिलाए कुरान खव्हनी की गई। इस मौके पर सज्जादनसी हासिम मियां ने उर्स के सभी अरकान पूरे किए। बाद जोहर तकरीर का इंतजाम किया गया। मिलाद शरीफ का प्रोग्राम मुकम्मल होते ही उर्स पर की गई लंगर की व्यवस्था के तहत सभी को लंगर खिलाया गया आए हुए सैकड़ो जायरीनों ने लंगर किया। इंतजामिया कमेटी के डॉक्टर राममिलन कलाम हाफीज शकीर हाफिजी मुफ्ती गुलाम रसूल, मौलाना नासिर साहब रामचरण शर्मा, अल्लाराही वारसी डॉक्टर कल्लू साहब राजू मो 0निजाम एजाज मो0 माजिद, हाफिज वसीम अकरम आदि तमाम लोगों का विशेष योगदान रहा है।

# डीएम ने स्पोर्ट्स स्टेडियम के जीर्णोद्धार, नवीनीकरण तथा निर्मित सिंथेटिक हॉकी मैदान की पुनर्स्थापना के लिए किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जनपद रायबरेली के स्पोर्ट्स स्टेडियम का जीर्णोद्धार, नवीनीकरण तथा निर्मित सिंथेटिक हॉकी मैदान की पुनर्स्थापना के सम्बन्ध में जिला खेल कार्यालय, मोती लाल नेहरू स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नामित कार्यदायी संस्थान उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी कार्य कराये जाये वह समयबद्ध व मानक के अनुरूप पूर्ण कराये जायें, निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करायी जाए।

इस अवसर क्रीडाधिकारी धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तम एवं कार्यदायी संस्था के सहायक अभियन्ता अमरजीत यादव उपस्थित रहें।

# जमीनी विवाद को लेकर गौरा रुपई में हुई मारपीट की घटना

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के रामकृष्ण पुत्र भरोसे ने बताया कि गांव के ही अशोक पुत्र छोटेलाल, सचिन पुत्र अशोक, सोनी पुत्री अशोक, केशाना पत्नी अशोक जबरन उनकी भूमि पर शौचालय का निर्माण करा रहे थे। मना करने पर धारदार हथियारों से हमला बोल दिया जिससे रामकिशन, रद्धन सोनू, रेनू देवी और रवि गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रामकिशन ने बताया कि उन्होंने कई बार मामले की शिकायत तहसील और थाना लालगंज में की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। प्रति पक्षी गण सरहंग किस्म के व्यक्ति हैं। उनकी जमीन पर लगातार निर्माण कार्य करा रहेथे। बुधवार को जब शौचालय का भी निर्माण करने लगे तो रोका गया जिससे विपक्षी गणों ने एक राय होकर हमला बोल दिया जिसमें पांच लोगगंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मामले में पुलिस ने रामकिशन की तहरीर पर अशोक, सचिन, सोनी और केसाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से किसाना देवी ने रामकृष्ण, रामकिशोर, सोनू और राम कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। प्रभात निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर सभी का मेडिकल करायागया है।

# डीएम ने बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी(वि0रा0) अमृता सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने भी हस्ताक्षर अभियान में अपने हस्ताक्षर कर हिस्सा लिया। वन स्टॉप सेंटर मैनेजर एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय में जिला प्रोबेशन




अधिकारी की उपस्थिति में समस्त महिला कल्याण विभाग द्वारा शपथ समारोह का कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ।

# शुचिता व ईमानदारी की मिशाल थे जनेश्वर मिश्र-इं0 वीरेन्द्र यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** समाजवादी चिन्तक, विचारक पूर्व केन्द्रीय मंत्री छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी आयोजित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर मनायी गयी। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि जनेश्वर मिश्र समतामूलक समाज की स्थापना के लिए आजीवन लोगो को प्रेरित किया उन्होने जाति भेद, वर्ण भेद का हमेशा विरोध किया। अनेकोबार समाजवादी आन्दोलनों में जेल गये। कईबार केन्द्रीयमंत्री रहते हुए भी शुचिता एवं ईमानदारी की वह मिशाल रहे आमजनों से मिलने के लिए उनके दरवाजे सदैव खुले रहते थे। वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता ओ0पी0 यादव ने जनेश्वर मिश्र को याद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कई बार आन्दोलनों में शामिल होने का अवसर मिला जनकल्याणकारी मुद्दों पर सरकारों के विरूद्ध हल्ला बोल उनका प्रमुख नारा होता था। पार्टी नेता डा0 शशिकांत शर्मा ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे लोहिया के विचारों से प्रेरणा लेते हुए भाजपा की जनविरोधी नीतियों का विरोध कर समाजवादी पार्टी की नीतियों पर चलकर समाजवाद को मजबूत कर बाबा साहब के संविधान की रक्षा करना है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने करते हुए कहा कि जनेश्वर मिश्र ने सदैव अन्याय, अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष का रास्ता अपनाने का मूलमंत्र दिया, उनके विचारों को आत्मसात करना ही समाजवाद की मजबूती होगी। विचार गोष्ठी को आर0पी0 यादव, आफ्ताब अहमद, मिश्री लाल चौधरी, मुनेश्वर पासी, जीतू सिंह, राजेश मौर्या, शिवनारायण सोनकर, धनीराम मौर्य, सतगुरू पासी, कृपाशंकर यादव, राजेन्द्र रावत, विनोद यादव, मो0 मुशीर, नीलेश यादव, अविनाश, डा0 जावेद, राकेश यादव, पुत्तन सिंह यादव, सौरभ सिंह एडवोकेट, अरविन्द निर्मल, सुरजीत सिंह, अजय यादव, शुभम लोहिया, भानू पटेल, रामस्वरूप पासी, शिवबरन यादव आदि वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर शिवदुलारी यादव, सोनी रावत, रेहान, शैलेन्द्र यादव, रंजीत कुमार, पिन्टू यादव, रामसनेही, राधेश्याम लोधी, घनश्याम यादव, अरविन्द यादव, विकास विश्वकर्मा, चन्द्र प्रकाश आजाद, दीपू शुक्ला, दीपू सिंह, विनय यादव, जसवन्त यादव, बलराज राना, देवतादीन आदि लोगों नें जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# मुलायम सिंह यादव के विरुद्ध सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी किए जाने को लेकर आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** महराजगंज समाजवादी पार्टी के विधानसभा बछरावां के उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी उर्फ मोनू के नेतृत्व में छात्र सभा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के विरुद्ध हनुमान गढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी किए जाने को लेकर आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी को सौंपा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास ने प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेला में समाजवादी पार्टी के संस्थापक व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा रखी है जिसके प्रति हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास ने अभद्र टिप्पणी किया है जो गलत है हमारे नेता के खिलाफ जो बोला गया है उसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए इस विषय में राज्यपाल को ज्ञापन भेज कर कार्यवाही की मांग किया है । इस मौके पर समाजवादी पार्टी के विधानसभा उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी उर्फ मोनू, आशीष कुमार यादव, अनंत यादव, सचिन यादव, राज यादव सहित लगभग एक दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ

**▸▸चंद्रशेखर मेमोरियल स्कूल में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का मनाया गया भव्य कार्यक्रम**
**▸▸मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार हेतु जनपद की पांच ग्राम पंचायत चयनित -डीपीआरओ**

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजना के क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने हेतु ऑनलाइन आवदेन कराया गया था। उपरोक्त के क्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों से 225 ग्राम पंचायतों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया था। उन्होंने बताया कि शासनादेश के अनुसार न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक पाने वाली 41 ग्राम पंचायत का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन कराया गया। मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजनान्तर्गत स्थलीय सत्यापनोपरान्त दिये गये अंकों एवं साक्ष्यों, अभिलेखों के आधार पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 05 ग्राम पंचायत चयनित की गई है, जिसमें विकास खण्ड लालगंज की चयनित ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद बेलहनी, विकास खण्ड खीरों की चयनित ग्राम पंचायत लोदीपुर, विकास खण्ड बछरावां की चयनित ग्राम पंचायत नीमटीकर, विकास खण्ड शिवगढ़ की चयनित ग्राम पंचायत ओसाह एवं विकास खण्ड हरचन्दपुर की चयनित ग्राम पंचायत ललूपुर खास को जिला स्तरीय समिति द्वारा राज्य स्तर पर अग्रसारित किया गया है।

# श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म का हुआ बखान, गूंजे सोहर




**लोकमित्र ब्यूरो**
**बांदा।** जारी में पुतरिन दाई देवी मंदिर जिकड़ी यादव की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक कमल नयन शरण महाराज ने बताया कि जब-जब धर्म पर विपदा आती है तो उस विपदा को दूर करने के लिए तब तब भगवान का अवतार होता है। पुराणों के अनुसार, भगवान विष्णु के दो भक्त जय और विजय शापित होकर हाथी व मगरमच्छ के रूप में धरती पर उत्पन्न हुए थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार गंडक नदी में एक दिन कोनहारा के तट पर जब हाथी पानी पीने आया तो मगरमच्छ ने उसे पकड़ लिया। फिर हाथी मगरमच्छ से छुटकारा पाने के लिए कई वर्षों तक लड़ता रहा। इसके बाद वामन अवतार प्रसंग में बताया कि हमारे पास जो है वह सब कुछ भगवान का ही है। भगवान की वस्तुओं को भगवान को समर्पित कर जीवन मुक्ति को प्राप्त कर सकता है। जिस प्रकार महाराज बलि ने सब कुछ भगवान वामन को समर्पित कर भगवान को ही प्राप्त कर लिया। श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सभी ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कथा व्यास पं. कमल नयन शरण जी महाराज श्री धाम वृंदावन द्वारा नंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन करने के साथ आयोजन स्थल का पूरा माहौल भी नंदोत्सव के रंग में पूरी तरह से रंग दिया गया। जिसमें नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल और हाथी घोडा पालकी जय कन्हैयालाल के उद्घोष के साथ समूचा आयोजन परिसर गूंज उठा भक्तों ने भजनों की धुनों पर मगन होकर थिरकते हुए श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद लिया। श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का आनंद मनाते हुए भक्तों के बीच खूब मिठाई, टॉफीयां और एक दुसरे को बधाई दी कथा व्यास ने कहा कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आये हैं। आचार्य पंडित प्रदीप पाण्डेय, भजन गायक लवलेश द्विवेदी, तबला वादक रंजीत कुमार, पैड पर राहुल द्विवेदी द्वारा अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी झूमने पर मजबूर कर दिया।कथा परीक्षित श्री मती सुमित्रा जिकड़ी यादव के साथ शिवमंगल यादव, बोड़ीलाल यादव शिवपूजन यादव , श्याम बिहारी यादव, बबलू यादव, श्रीकांत तिवारी, कुलदीप त्रिपाठी (पत्रकार) आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश दिवस आयोजन की तैयारी पूरी करें - डीएम

**▸▸बैठक के दौरान डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बांदा।** आगामी 24 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां व व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। इस दौरान कृषि उद्यान समेत अनेक विभागों द्वारा प्रदर्शनियां, स्टाल लगाए और विभाग से संबंधित लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभार्थियों को लाभांवित कराएं। जिलाधिकारी जे. रीभा 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश की स्थापना के अवसर पर उत्तर प्रदेश दिवस आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर कृषि, उद्यान, पंचायतीराज, स्वास्थ्य, खादी ग्रामोद्योग, स्वयं सहायता समूह, ओडीओपी आदि विभागों के प्रदर्शनी/स्टाल लगाये जाने तथा विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग से सम्बन्धित प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिए। कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस गत वर्ष की भांति समारोह पूर्वक आयोजित किया जाए। इस आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि बेहतर कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को भी इस कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराए। उत्तर प्रदेश दिवस समारोह में जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा तथा उत्तर प्रदेश दिवस में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, विकास एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में भी जानकारी प्रदान की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अमित शुक्ला, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए सहित सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हरचंदपुर प्रेस क्लब का हुआ गठन, संतोष चौरसिया अध्यक्ष, अनिल श्रीवास्तव बने महामंत्री



**रायबरेली।** हरचंदपुर प्रेस क्लब कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों संगठन की जिम्मेदारी दी गई। बुधवार को कस्बे की हनुमान कुटी परिसर में ब्लॉक प्रेस क्लब की कार्यकारिणी का गठन किया गया। अजीत सिंह तथा राजेंद्र कौशल ने संरक्षक बनाया गया। संतोष चौरसिया को अध्यक्ष तथा अनिल श्रीवास्तव को महामंत्री बनाया गया, मनमोहन तिवारी, मनीष अवस्थी तथा दीपक सिंह और बृजेंद्र गुप्ता को उपाध्यक्ष, सौरभ बाजपेई को सचिव तथा अभिषेक जायसवाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। अभय सिंह, गौरव कौशल तथा आदित्य बाजपेई को संगठन का सदस्य बनाया गया। नवगठित संगठन के संरक्षक अजीत सिंह ने कहा कि संगठन के बन जाने से सभी को कार्य करने में मदद मिलेगी ।

# युवक को हॉकी और राड से पीटने वाले हमलावर घूम रहे छुट्टा

**▸▸बांदा से बाइक से घर जाते समय हुई थी घटना, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई**

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बांदा।** बाइक से अपने गांव जा रहे युवक को घेरकर तीन लोगों ने लोहे की रॉड और हॉकी से पीटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। 15 हजार रुपये और सोने की चेन समेत मोबाइल छीन लिया गया था। पुलिस



ने इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। आरोपी छुट्टा घूम रहे हैं। घटना मटौंध थाना क्षेत्र के त्रिवेणी गांव की है। वहां रहने वाला 35 वर्षीय मोहनलाल ने एक सप्ताह पूर्व देर शमा बांदा से अपने गांव जा रहा था, तभी त्रिवेणी गांव के पास तीन युवकों ने लोहे की रॉड व हॉकी से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। युवक के पास से 15 हजार रुपये, सोने की चेन व मोबाइल छीन लिया। ससुर तेरहीमाफी गांव निवासी सुरेश ने मोहनलाल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया कि दो बार पहले भी दामाद के ऊपर जानलेवा हमला कर चुके हैं। उन्होंने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। आरोपी छुट्टा घूम रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि कार्रवाई न होने से हमलावरों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। जानमाल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित आरोपी को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

# मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक 29 को

**बांदा।** संयुक्त आयुक्त उद्योग चित्रकूटधाम मंडल वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन मंडलायुक्त की अध्यक्षता में 29 जनवरी को कार्यालय सभागार में किया जाएगा। बैठक में नामित अधिकारी ही बैठक में स्वयं प्रतिभाग करें। किसी भी दशा में प्रतिस्थानी को न भेजा जाए।

सभी संबंधित विभागों के सक्षम अधिकारियों व उद्यमीगणों से बैठक में उपस्थित होने की बात कही गई है।

# पूज्य मोरारी बापू के श्रीमुख से हो रही दिव्य मानस कथा में आज आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज का सान्निध्य

## प्रभु श्रीराम के चरण, शरण और आचरण हमारे जीवन का पाथेय बनें-स्वामी चिदानन्द सरस्वती

**नैनी (प्रयागराज)।** परमार्थ निकेतन शिविर, अरैल में स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, स्वामी संतोषदास जी (सतुआ बाबा), साध्वी भगवती सरस्वती जी और पूज्य संतों के पावन सान्निध्य में राष्ट्रसंत पूज्य मोरारी बापू के श्रीमुख से हो रही दिव्य मानस कथा में आज आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज का आगमन हुआ।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और पूज्य मोरारी बापू ने आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज को रूद्राक्ष का पौधा भेंट कर मानस कथा में उनका अभिनन्दन किया।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा आज से एक वर्ष पहले ठीक आज ही के दिन 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी की प्राणप्रतिष्ठा हुई थी, जिसके हम सभी साक्षी थे। वह सनातन संस्कृति का एक सिग्नेचर इवेंट था। सिग्नेचर इवेंट इसलिए भी था क्योंकि वह केवल राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा नहीं, बल्कि राष्ट्र मंदिर की प्रतिष्ठा है, जो पूरे विश्व को संदेश दे रहा है।

स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य के अन्दर की अच्छाई जब बाहर आती है तो रामराज्य की स्थापना होती है; समाज का उत्थान होता है और जब बुराई बाहर आती है तो रावण की तरह पतन होता है। अब समय है कि हम सब मिलकर हमारे समाज में श्रीराम जी के आदर्शों को भी स्थापित करें। स्वामी जी ने कहा कि हम सब बहुत भाग्यशाली हैं कि हमें पूज्य बापू के रूप में भारत का मूल प्राप्त हुआ है। हम भाग्यशाली हैं कि पूज्य बापू श्रीराम कथा के माध्यम से प्रभु श्रीराम के दर्शन हमें करा रहे हैं। आज की यह तारीख व तिथि इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी।

आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज ने कहा कि पूज्य बापू, श्रीराम कथा के माध्यम से इस पवित्र तीर्थ को गरिमा प्रदान कर रहे हैं और इस तीर्थ में भक्ति धारा निरंतर प्रवाहित कर रहे हैं। बापू के दर्शन, श्रवण व मनन का आज हम सभी को अवसर प्राप्त हो रहा है। हम वास्तव में बहुत भाग्यशाली हैं कि हमें बापू के वचनों को श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक बार तीर्थराज प्रयाग में ऋषि याज्ञावल्क्य



के साथ अनेक ऋषि-महर्षि एकत्र हुए और चर्चा हो रही थी कि संसार में सबसे बड़ा अभागा कौन? जिसके पास धन नहीं, जिसके पास ज्ञान नहीं है, क्या वह सबसे बड़ा अभागा है? उसी समय व्यास ऋषि खड़े हुए और कहा कि जिसके पास प्रभु का नाम नहीं, वह सबसे बड़ा अभागा है। पूज्य बापू न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व में प्रभु का नाम पहुंचा रहे हैं। वर्तमान समय के राजऋषि व महर्षि हमारे पूज्य बापू हैं। बापू हर हृदय के रामनाम का संचार करने वाले तथा प्रेमरस प्रवाहित करने वाले हैं।

उन्होंने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि हमारे जीवन में धैर्य, क्षमा और शांति सदैव होनी चाहिए। जीवन में दया हो वही तीर्थ है, जीवन में शांति है वही तीर्थ है, जीवन में करूणा है वही तीर्थ है। उन्होंने कहा कि परमात्मा हमें ऐसा हृदय प्रदान करें ताकि हम अपने गुरूजनों को सदैव सम्मान प्रदान करते रहें। यहां से हम संकल्प लेकर जाएं क्योंकि वर्तमान समय में सनातन नया रूप में अंगड़ाई ले रहा है, नया आकार ले रहा है, ऐसे में हर व्यक्ति व परिवार को वेदों से जुड़ना होगा। उन्होंने संदेश दिया कि अब हिंदू समाज को न कटना है, न बटना है, न घटना है, न मिटना है, हमें एक होना है, नेक होना है और सब को मिलकर चलना है।

आज के मानस महाकुंभ में पूज्य बापू ने श्रीराम जन्मोत्सव का अलौकिक वर्णन किया।

## भगवान श्री रामचंद्र हमारे आराध्य के साथ आदर्श भी-ओंकार नाथ केसरी

खीरी (प्रयागराज)। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी महाराज हम सब हिंदुओं के आराध्य ही नहीं वरन् आदर्श भी हैं। जिनके बतलाये पदचिन्हों पर चलकर मनुष्य अपने जीवन को मंगल ही नहीं धन्य और सफल भी कर सकता है। उक्त बातें राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल संगठन के राष्ट्रीय मंत्री एवं स्थानीय जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओंकार नाथ केसरी द्वारा अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पहली वर्षगांठ के दौरान पूजा अर्चना के उपरांत कही गई ।आगे बतलाया कि उक्त दिवस को विस्तृत एवं भव्य रूप से बनाने की तैयारियां पूर्ण में ही कर ली गई थी। क्योंकि आज का दिन हम सबके लिए एक बहुत बड़ा और सौभाग्यशाली दिन है। धार्मिक मान्यता अनुसार भगवान राम की पूजा अर्चना करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण तो होती ही हैं साथ ही व्यक्ति को मानसिक शांति भी मिलती है। जिस दिन को हम सभी हिंदू देख एवं महसूस कर प्रसन्न हो रहे हैं उस सुखद घड़ी को लाने में हमारे पूर्वजो द्वारा का बलिदान छिपा हुआ है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी एवं देश के दीर्घायु प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी का भी बहुत बड़ा योगदान रहा साथ ही साथ वर्तमान समय में प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को विश्व स्तर पर प्रचारित एवं प्रसारित कर भारतवर्ष को

## अस्पताल की दशा बहतर, न डॉक्टर न सुविधा

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** केंद्र व प्रदेश सरकार भले ही स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था वेतन, सफाई और मरम्मत के लिए प्रति माह लाखों रुपये देती है। लेकिन अस्पतालों की दशा बहतर बनी हुई है। न दवा न ही कोई डॉक्टर सुविधाओं का भी अभाव है। लेड़ियारी नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 25 दिसंबर 2016 से बिना डाक्टर के चल रहा है। जिसकी कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत के बाद 12 नवंबर 2017 को एक चिकित्साधिकारी नियुक्ति की गई थी। लेकिन आज तक इस केंद्र पर कभी डॉक्टर नहीं आए। जिससे स्थानीय लोग चिकित्सा के लिए परेशान हैं। यहां एक सीचएए, फार्मासिस्ट शिव सिंह एक वार्ड ब्वॉय व एक स्वीपर, एक एलए, एक एलडी के पद हैं । लेकिन तैनात न होने से अस्पताल बेकार साबित हो रहा है।

बता दे की इस स्वास्थ्य केंद्र में न तो कोई चहारदीवारी है हैंडपंप तो दो वर्ष पूर्व लगाएं गये है। जबकि आज तक चहरी न बनाएं जाने से चारों ओर पानी का दुर्गंध बना रहता है। जिससे पानी दूषित होने से इस अस्पताल में आते मरीजों को पीने का पानी दूर-दराज जाने से मजबूर होना पड़ता है। जिसकी अस्पताल जानवरों का चारागाह बना हुआ है । लापर क्षेत्र में अधिकांश गरीब तबके के लोग रहते हैं। किंतु डॉक्टर के नहीं आने तथा पानी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। फर्मासिस्ट शिव सिंह, वार्ड ब्वॉय प्रदीप कुमार पांडेय और एलडी कृष्ण कुमार कुशवाहा के भरोसे यह तीन बेड का अस्पताल चल रहा है। फार्मासिस्ट आते हैं लेकिन कभी कोरांव तो कभी प्रयागराज ड्यूटी लगा दी जाती है। आयुर्वैदिक फार्मेसी की नियुक्ति 12 नवंबर 2017 को किया गया था। लेकिन वह भी अस्पताल से नदारद चल रहे हैं। अस्पताल तीन बेड का बना हुआ है। लेकिन बेड पर आज तक गद्दे नहीं दिखाई दिए। वर्ष 2003 में लाखों रुपए की लागत से पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह ने बनवाई थी। बने अस्पताल में डॉक्टर के होने के कारण मरीजों को नीम हकीमों को सहारा लेना पड़ता है। अस्पताल की फर्श में भी कई जगह उखड़ गई है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए बेकार पड़े लेड़ियारी नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य की मरम्मत करने के साथ डॉक्टर की नियुक्ति करने की मांग की है। अस्पताल के बगल में बने एएनएम सेंटर में साथ कमरे हैं। जिसमें से एक में बीएचडब्लू लालती मौर्या रहती है। लेकिन वह भी कभी कोरांव तो कभी प्रशिक्षण में रहती है। सा कमरे खाली पड़े हैं। जिसमे पड़ोस के लोगों ने ऊपरी, लकड़ी, भूसा और अन्य सामान रख लिया है। सेटर में न तो बाउंड्री है और न ही और हैंडपंप कूड़े का ढेर लगा है।

## जनता का पैसा जनता परेशान वीवीआईपी की मौज- विनय कुशवाहा

**प्रयागराज।** सपा प्रदेश सचिव व सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने कहा कि 2025 महाकुंभ प्रयागवासियों के लिए समस्याओं का महाकुंभ बन गया उसमें आग मे घी डालने का काम वीवीआईपी मूमेंट के किया जनता के टैक्स के पैसे से वीवीआईपी मेले का आनंद ले रहे हैं और जनता परेशान हो रहीग हैं चारोंओर जाम वजह सें स्कूल,अस्पताल व रोजमर्रा के कार्य से गंगापार व जमुनापार से शहर आने वालों को जाम के झाम से जूझना पड़ रहा है।मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अबतक का प्रथम महाकुंभ हैं जिसमें आध्यात्मिक चर्चा की जगह भारतीय मोनालिसा की आंखों की

## सरपंच जी का निधन संपूर्ण दक्षिणांचल की अभूतपूर्व क्षति-राजेश सिंह पटेल

**खीरी(प्रयागराज)।** इंद्रमणि सरपंच जी दक्षिणांचल की राजनीति के पुरोधा थे जिनका आकस्मिक निधन सिर्फ गांव ही नहीं समुचित दक्षिणांचल के राजनीति की अभूतपूर्व क्षति है। उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह पटेल द्वारा स्वर्गीय इंद्रमणि भुर्तियां सरपंच जी के आवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित करने के दौरान कही गई। आगे बतलाया कि आप इटवा कला सोसाइटी समिति के कई बार सरपंच, शिव जियावन इंटर कॉलेज के प्रबंधक, नैनी सेंट्रल जेल के अध्यक्ष पद के साथ-साथ अन्य कई पदों पर आसीन रहे। अपनी राजनीतिक एवं मिलन सरिता के कारण समूचे क्षेत्र में प्रसिद्ध थे देश के पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के भी आप बहुत करीबी थे। क्षेत्र की गरीब जनता उन्हें अपना मसीहा मानते थी क्योंकि वह सभी के सुख-दुखों में भागीदार रहा करते थे। आपका कहना था कि राजनीतिक सुख भोगने की विषय वस्तु नहीं बल्कि समाज के पिछड़े, गरीब, एवं असहाय लोगों के सहायता करने का एक बहुत ही अच्छा माध्यम है अतः युवा ज्यादा से ज्यादा वर्तमान राजनीति में भागीदार हो और क्षेत्र तथा देश को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग प्रदान करें। उक्त मौके पर मुख्य रूप से अशोक पाल,पप्पू पाल, मंसूर अली,नईम खान,आशीष गुप्ता, खेमराज सिंह, सरवर भाई,अभयराज पटेल, डॉ.नीरेंद्र निषाद,विनोद सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## सड़क पर फेंक रहे गोबर कूड़ा बाइक सवार गिरकर हो रहे चोटहिल

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** क्षेत्र के बाजार स्टेट राजमार्ग पर तथा गांवों और कस्बे में सड़क के किनारे डाले गए गोबर घरों का कूड़ा-करकट चलने वाले बाइक सवार अक्सर गिरकर चोटिल हो रहें हैं। शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे अब लोगों के लिए न केवल परेशानी का सबक बन रहा है बल्कि इसे हर समय दुर्घटनाओं का भय बना रहता है गांव में तो प्रत्येक सड़क के दोनों किनारों पर आपको गोबर से ढेर लगे हुए हैं। और बाजारों में सड़क पर कचरा, गोबर फेंकने से राहगीरों को मुसीबत बन रहा है। जबकि चलने वाले मार्ग पर गोबर से फिसलकर गिर जाते हैं।

उनके परिजनों को सूचना देने पर आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए ले जाया जाता है। वहीं स्टेट राजमार्ग पर चलने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहनों तेज रफ्तार से चलने से राहगीरों के नीचे से ऊपर उठकर मुख तक पहुंच जाता है। जिससे उनके कपड़े पूरी तरह से बर्बाद हो जाने पर आएं दिन विवाद का कारण बना हुआ है। सड़कों बेसहारा गौवंश घुमते रहते हैं। रात होने से बने घरों के सामने बैठे रहते हैं। सुबह होने पर भी गोबर लोग सड़क पर फेंक देने से ढेर लगने पर तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों उक्त कूड़ा आने जाने वाले राहगीरों के ऊपर तक पहुंच जाता है।

जबकि जगह-जगह गोबर का ढेर शुरू हो गए हैं। और इस गोबर के साथ लोग और गंदगी भी डाल देते हैं। जब सड़क पर दो पहिया वाहन ओवरटेक करते हैं तो किनारे पर पड़े गोबर के कारण वाहनों के फिसलने का भय भी बना रहता है। ग्रामीणों ने कई बार ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी से इसकी शिकायत की लेकिन ना तो अब तक सड़क के किनारे कूड़ा कचरा होते हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर कूड़ा उठाने के लिए वाहनों की समुचित व्यवस्था होने के बाद भी समस्या बरकरार बनी हुई है। इस गंदगी को लेकर इस बाबत

## सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा, लोग परेशान

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** सार्वजनिक स्थान पर हो रहे कब्जे को लेकर ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इससे गांव में कोई मांगलिक कार्य होने पर हर किसी विशेष परिस्थितियों पर तालाबों पर जाकर कार्य किया करते हैं । लेकिन शिकायत के बावजूद तहसील के अधिकारी मुख बने हुए हैं ।

बताया जाता है कि लेड़ियारी एक दशक पूर्व मनरेगा द्वारा तालाबों की खुदाई की गई थी। इसके लिए सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर रही है। वही दबंगों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। स्टेट राजमार्ग पर स्थित लेड़ियारी के दोनों तरफ है। लेकिन तालाब को पाटकर कोई गोमती तो कुछ लोग भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताया जाता है कि विकास खंड कोरांव में बिना पैमाइश के ही तालाब खोदाई की गई थी। तहसील के अधिकारियों की मिली भगत से तालाबों पर कब्जा जोरों पर चल रहा है। तहसील दिवस पर कई बार प्रार्थना पर देने के बावजूद भी आज तक इस और ध्यान न देने से सार्वजनिक स्थानों में जोरों पर कब्जा बना हुआ है। बताया जाता है कि उसरी, लेड़ियारी, देईबाध, जानकीतारा, चैलारी, करपिया, नीबी, बघोल, बहरैचा, खीरी गोबरा, पुरादत्तु खपटिहा, कोलसरा, पथरपुर आदि तालाबों को बिना पैमाइश के ही कार्य प्रारंभ किया गया था।

जबकि यहां पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा है। इतना ही नहीं कुछ स्थानों पर दीवानी का मुकदमा भी कायम है। लेकिन गांव के जनप्रतिनिधि के मिलीभगत पर कब्जा नहीं हटाने दे रहे हैं। इतना ही नहीं लेड़ियारी में 44 बीघा सात विश्वा गांव सभा की भूमि पर कब्जा बना हुआ है। विकास खंड कोरांव के कई तालाबों स्थानों कब्जा हो चुका है। लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है। कहीं तालाबों के किनारे मकान बन गए हैं। लोग खेती भी कर करने लगे हैं। नीबी ग्राम पंचायत में बना तालाब कब्जे की चपेट में है। इसके कारण जल संरक्षक तो हो ही नहीं पता। साथ ही मवेशियों को पानी के लिए भी दिक्कत होती है। इसके अलावा बाजारों में शौचालयों अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी अवैध कब्जा कर लिया गया है।

में कोरांव बीडीओ से शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन अभी तक ध्यान नहीं दिया गया।

## नालियां तो बनाई गई लेकिन ढक्कन लगाना भूल गए जिम्मेदार

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में ग्राम पंचायत द्वारा नालियों का निर्माण कार्य बनवाई गई लेकिन ढक्कन लगाना लगाना भूल गए जिम्मेदार जिससे उन नालियां में लोग कूड़ा करकट डाल देने से समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।



ग्रामीणों का कहना है कि एक वर्ष पूर्व नाली निर्माण कार्य कराया गया था। लेकिन आज तक ढक्कन न लगने से आए दिन इसमें गिरकर चोटिल होते रहते हैं। जबकि कुछ लोगों ने इन नालियों में घरों से निकलने वाली कूड़ा करकट डाल कर उसे पाट दिये जाने से समस्या बनी हुई है। कुछ लोग तो उसी नाली को बंद कर उस पर उपली और मवेशियों को बांध दिए जाने से घरों का निकलने वाला पानी उसी में भरे होने से दुर्गंध दे रहा है। जबकि अभी से मच्छरों के प्रकोप से सोना हराम हो गया है। इस गंदे पानी भरे होने से तरह - तरह की बीमारियां उत्पन्न हो रही है। जबकि इस संबंध में कई बार ग्राम प्रधान से इसकी जानकारी दी गई। फिर भी आज तक ध्यान नहीं दिया गया। लोगों ने बताया कि लाखों रुपये की लागत से निर्मित नालियां एक वर्ष में पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने पर मुहल्ले के लोगों के सामने जटिल समस्या हो रही है। जबकि इस संबंध में कई बार तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद जिम्मेदार मौन बने हुए हैं।

## श्रीराम से बड़ा उनका नाम है, जिसके जाप से मिलता है मोक्ष

**नैनी (प्रयागराज)।** राम से बड़ा राम का नाम है। राम नाम का जाप करने मात्र से मनुष्य को मोक्ष मिल जाता है। यह बातें अरैल सेक्टर-24 में स्थित श्री राम कथा शिविर में कथावाचक हेमलता मुदगल ने कहीं। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम तो कई है, लेकिन राम का नाम सर्वोपरि है। भगवान हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। यही कारण है कि भगवान विष्णु ने नारद को विवाह के बंधन में फंसने से बचा लिया था। श्रद्धा और समर्पण से राम का नाम जप करना चाहिए। आलस में भी अगर राम का नाम मुंह से निकलता है, तो उससे भी मनुष्य का कल्याण हो जाता है। पतित पावनी

## बौद्ध महोत्सव में भारी संख्या में जुटे लोग

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** बोधिसत्व जन सेवा संस्थान के तत्वावधान जियनी जगनरायण बुद्ध विहार, कोलसरा, लेड़ियारी में बुधवार को बौद्ध महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें दूर-दराज से सैकड़ो की संख्या बौद्ध महोत्सव में शामिल हुए।




इस दौरान बुद्ध प्रेमी पहुंचकर महामना गौतम बुद्ध भगवान डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा , अरुण कुमार मौर्य ने बौद्ध धर्म पर चलने के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि इस आदर्श पर चलने वाले न तो कभी परेशान होता है। फजूल खर्च की बचत होती है। वक्ता के रूप में पूर्व विधायक राम कृपाल कोल बौद्ध, अनूपा बौद्ध एवं अमर नाथ मौर्या, सुरेश कुशवाहा, राम गोपाल सिंह पटेल , ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह , राम नारायण मौर्य, ने कहा कि बौद्ध धम्म भारत के अलावा तमाम अन्य विकसित देशों में बौद्ध प्रभावी है। हम सबको भी बौद्ध धम्म अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का प्रज्वलित एमएलसी डा, मान सिंह और भत्ते देवानंद वर्धन ने किया।

बौद्ध महोत्सव के संरक्षण इन्द्र बहादुर कुशवाहा ने बताया कि हम सभी को भंते धर्म सागर, कमल कृति,अर्पित वर्धन व प्रदीप वर्धन के बताये रास्ते पर दया, करुणा, प्रेम के साथ चलना चाहिए। कार्यक्रम का अध्यक्षता करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख राम अवध कुशवाहा और संचालन बसपा नेता राम कुमार कुशवाहा ने किया। अध्यक्षता कर रहे अवधेश कुमार कुशवाहा समापन किया।

इस दौरान पूर्व कानूनगो राम अभिलाष, ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह, नीरज कुमार भुर्तिया, शंकर दयाल तिवारी, विनोद कुमार दुबे, बृजकिशोर कुशवाहा , सूर्य लाल कुशवाहा, जय बहादुर, डा, शिव मंगल कुशवाहा, अतुल कुशवाहा , बैजनाथ कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार, शिवम् कुशवाहा, डा , राम कुमार, संयोजक हरि प्रसाद, ब्रहम देव कुशवाहा, अजय कुशवाहा, कमलेश्वर कुशवाहा, चंदन कुशवाहा आदि सैकड़ों लोग रहे।

## नेता जी का अपमान नहीं सहेगे समाजवादी-पयासी

**कोरांव(प्रयागराज)।** देश के रक्षा मंत्री रहे पद्मश्री से सम्मानित उत्तर प्रदेश के कई बार मुख्यमंत्री रहे समाजवादी पार्टी के संस्थापक करोड़ों लोगों की राजनीति के आस्था के केंद्र मुलायम सिंह यादव के ऊपर राजूदास द्वारा की गई अभद्र अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ तहसील परिसर में समाजवादी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर सम्बन्धित कोराव थाने में मुक़दमा दर्ज किए जाने की माँग किया गया चर्चित सपा नेता प्रमोद पयासी ने कहा की राजूदास जो आपराधिक प्रवृत्ति का आदमी है ये लगातार समाजवादी पार्टी के लोगों के खिलाफ हमेशा अभद्र टिप्पणी करता रहता है ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त



कार्यवाही कर गिरफ्तारी की माँग किया पयासी ने ये भी कहा की कोई भी राजनीतिक हो उसको अशोभनीय टिप्पणी करना गलत है राजूदास के द्वारा इस तरह की भाषा का ईस्तेमाल किया गया जिसको सार्वजनिक तौर पर बोला नहीं जा सकता जब की इनको ये पता नहीं कि नेता जी को मरणोपरांत जिनके सरंक्षण मे राजनीति करते हैं उन्हीं की सरकार वो देश के प्रधानमंत्री ने पद्म विभूषण से इनको सम्मानित किया गया है उक्त कार्यक्रम में सोमदत्त पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सपा कोराव राष्ट्रीय सचिव यूथ प्रमोद मिश्र पयासी यादवेदर अहीर, शिवदानी पाल शहादत अली, रबी बेनवश अश्वनी पटेल दीपक पटेल नौशाद अंसारी मंगल देव कोल राजेश यादव आदि समाजवादी लोग उपस्थित रहे।

## छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र को पुण्यतिथि पर किया नमन

**प्रयागराज।** समाजवादी नेता,पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर आज सपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



पार्टी के जिला कार्यालय जार्जटाउन में सपा नेताओं ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करते हुए उनके पद चिन्हो पर चलने का संकल्प दुहाराया।

सपा नेताओं अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, डॉ मानसिंह यादव आदि ने स्व जनेश्वर मिश्र को सादगी का प्रतीक बताते हुए कहा कि ईमानदार छवि और आम कार्यकर्ताओं के बीच मधुर सम्बन्ध के चलते उन्हें छोटे लोहिया की उपाधि दी गई थी।माघ मेला क्षेत्र में सेक्टर 11में स्थित समाजवादी चिंतन शिविर में भी पुण्यतिथि मनाई गई। शिविर के संचालक अवधेश आनन्द ने कहा कि छोटे लोहिया की प्रेरणा से ही 18 वर्ष पहले इस शिविर की स्थापना की गई थी जो निरंतर जारी है। उधर मेजा के भड़ेवारा में सपा प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह के आवास पर कार्यक्रम कर श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, डॉ मानसिंह यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह, संतलाल वर्मा, महबूब उस्मानी, अरविन्द केसरवानी, असगर अली, नाटे चौधरी,अवधेश, अनंत बहादुर, संतोष, रामलखन, कुंज बिहारी, रतन लाल, पुष्पजीवी, अभिनव प्रकाश, हिमांशु सिंह, इंजी विक्रम सिंह यादव, रुपनाथ यादव एडवोकेट, सचिन श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, बड़ेलाल यादव आदि मौजूद रहे।

# नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**▸▸प्रत्येक बूथ पर 50 फीसदी से अधिक वोट हासिल करने को सभी नागरिकों का दिल जीतने का आह्वान**

**▸▸केंद्रीय योजनाओं के प्रचार, आआपा सरकार के घोटालों को जन-जन तक पहुंचाने की बताई जरूरत**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नमो एप के माध्यम से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत दिल्ली भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद किया और पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जीत का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने बूथ कार्यकर्ता को पार्टी की असली शक्ति बताया और प्रत्येक बूथ पर मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ने और हर बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने के लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही दिल्ली सरकार के घोटालों से भी अवगत कराने की जरूरत बताई।प्रधानमंत्री ने आबकारी घोटाले को लेकर कहा कि आज दिल्ली में शराब उपलब्ध है, लेकिन लोगों को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के बूथ कार्यकर्ता पर आआपा वालों की पोल खोलने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आप अपने बूथ की हर उस गली की तस्वीर खींचे, वीडियो बनाएं जहां गंदा पानी बह रहा है, नाली टूटी हुई है, गंदगी के जो ढेर हैं और उन तस्वीरों को आप लोकेशन के साथ लोगों से शेयर करें। दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने का श्रेय बूथ स्तर के कार्यकर्ता को देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में संगठन की ताकत की बदौलत हर बूथ पर यही शक्ति इस बार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड विजय दिलाएगी। इस चुनाव में केवल जीत ही पर्याप्त नहीं है।

हमरा लक्ष्य दोहरा होना चाहिए। पहला प्रत्येक बूथ पर मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ने और दूसरा हर बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने के लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतना है।मोदी ने भाजपा की सफलता में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि वह स्वयं सालों तक पार्टी के बूथ कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने कहा कि %मेरा बूथ-सबसे मजबूत% केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि ये भाजपा की संगठनात्मक शक्ति की जीवनरेखा और पार्टी के विस्तार का मंत्र है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में संगठन की ताकत की बदौलत हर बूथ पर यही शक्ति इस बार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड विजय दिलाएगी। हालांकि, इस चुनाव में केवल जीत ही पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि हमरा लक्ष्य दोहरा होना चाहिए।

पहला प्रत्येक बूथ पर मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ने और दूसरा हर बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने के लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतना है।मोदी ने कहा कि भाजपा के हर बूथ कार्यकर्ता को दिल्ली के युवा की आवाज बनना है। अपने बूथ के पहली बार मतदान करने वाले प्रत्येक युवा से मिलना भी आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। भाजपा की जीत पक्की करने के लिए दिल्ली की जनता पक्के निर्णय के साथ निकल पड़ी है। आपको 5 फरवरी को दिल्ली के लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पोलिंग बूथ तक पहुंचाना है। ठंड कितनी ही क्यों न हो, हमें सुबह से ही मतदान की तीव्रता को बढ़ाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के बूथ कार्यकर्ता पर आआपा वालों की पोल खोलने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आप अपने बूथ की हर उस गली की तस्वीर खींचे, वीडियो बनाएं जहां गंदा पानी बह रहा है, नाली टूटी हुई है, गंदगी के जो ढेर हैं और उन तस्वीरों को आप लोकेशन के साथ लोगों से शेयर करें।प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें याद रखना है कि सबसे बड़ा लक्ष्य भाजपा सरकार बनाने का है। दिल्ली को आप-दा ने जिन मुसीबतों और संकटों में डाला हुआ है, हमें दिल्ली को उनसे मुक्त कराना है। जब ऐसा होगा, तभी दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी बनाने का संकल्प सिद्ध हो पाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले आप वालों की आप-दा और उनके झूठ एवं फरेब से अब ऊब चुके हैं। पहले कांग्रेस ने और फिर आआपा वालों की आप-दा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि ये आप-दा वाले अब हर दिन एक नई घोषणा कर रहे हैं। ये इतने डरे हुए हैं कि इन्हें रोज सुबह एक नई घोषणा करनी पड़ रही है लेकिन अब दिल्ली की जनता इनका खेल समझ गई है। आप-दा ने पंजाब की बहनों को 1 हजार रुपये हर महीने देने का वादा किया था। 3 साल हो गए, लेकिन अभी तक एक नया पैसा इन्होंने नहीं दिया। दिल्ली में भी बहुत पहले हर महिला को 1 हजार रुपये देने की घोषणा की थी, वो पैसा भी अभी तक मिला नहीं है। अब ये उसमें बढ़ोत्तरी की घोषणा कर रहे हैं।प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की घोषणाओं पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि हिमाचल की लाखों बहनें आज भी कांग्रेस का वादा पूरा होने का इंतजार कर रही हैं। पहले हरियाणा और फिर महाराष्ट्र की बहनों को भी कांग्रेस ने ऐसी झूठी घोषणाओं से भ्रम में डालने की कोशिश की थी। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दिल्ली के मतदाताओं को बताने और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनाने की अपील करने के लिए प्रोत्साहित किया।संवादात्मक सत्र के दौरान दिल्ली के सभी 256 वार्डों के 13,033 बूथों के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेश को सुना।

## गुलमर्ग में आएगा बर्फबारी का एक और दौर, मैदानी इलाकों में हुई बारिश



**श्रीनगर, (हि.स.)।** कश्मीर के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में बर्फबारी का एक और दौर आया, जबकि पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ मैदानी इलाकों में बारिश भी हुई। 23 जनवरी को मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और जम्मू और कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों में बर्फबारी का एक और दौर होने का अनुमान है।श्रीनगर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार जम्मू के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि चिनाब घाटी और पीर पंजाल रेंज के ऊंचे इलाकों सहित जम्मू और कश्मीर के कई इलाकों में बुधवार को हल्की से मध्यम बर्फबारी होने की संभावना है। 24 से 28 जनवरी तक मौसम अधिकतर शुष्क रहने का अनुमान है। हालांकि, 29 जनवरी से 31 जनवरी के बीच अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है।उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट सहित कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में 11.2 मिमी बर्फबारी हुई, जिससे वहां रहने वाले पर्यटक काफी खुश हुए। कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में हल्की बारिश भी हुई। गुलमर्ग को छोड़कर घाटी के सभी मौसम केंद्रों में रात का तापमान बढ़ता रहा और मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात को सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस से 6 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। सोमवार को भी गुलमर्ग और कुपवाड़ा को छोड़कर कई मौसम केंद्रों पर दिन का तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया।

## जकार्ता में हुआ बहुराष्ट्रीय अभ्यास ला पेरोस, भारत ने दिखाई समुद्री ताकत



**▸▸स्वदेशी विध्वंसक आईएनएस मुंबई के साथ लंबी दूरी के समुद्री निगरानी पी-8आई विमान ने लिया हिस्सा**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दक्षिण पूर्वी महासागर क्षेत्र में तैनात भारतीय नौसेना का स्वदेशी विध्वंसक पोत आईएनएस मुंबई इंडोनेशिया के जकार्ता में बहुराष्ट्रीय अभ्यास ला पेरोस में हिस्सा लिया। इस अभ्यास का मकसद इंडो-पैसिफिक में समुद्री संबंधों को मजबूत करना, समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाना और अपने कौशल को एक साथ निखारना था। स्वदेशी विध्वंसक के साथ लंबी दूरी के समुद्री निगरानी पी-8आई विमान ने फ्रेंच-सीएसजी, रॉयल नेवी और रॉयल कैनेडियन नौसेना इकाइयों के साथ बहुराष्ट्रीय अभ्यास के समुद्री चरण में भाग लिया।नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने बुधवार को बताया कि अभ्यास के इस संस्करण में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना, फ्रांसीसी नौसेना, रॉयल नौसेना, संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना, इंडोनेशियाई नौसेना, रॉयल मलेशियाई नौसेना, सिंगापुर गणराज्य की नौसेना और रॉयल कनाडाई नौसेना सहित विभिन्न समुद्री भागीदारों के कर्मियों, सतह और उप-सतह परिसंपत्तियों ने भागीदारी की। इस अभ्यास में भाग लेने के लिए स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मुंबई 17 जनवरी को इंडोनेशिया के जकार्ता पहुंचा। इसके बाद वायु रक्षा अभ्यास, सतह पर हमले, बोर्डिंग ऑपरेशन, क्रॉस डेक लैंडिंग और सामरिक युद्धाभ्यास जैसे क्षेत्रों में कई तरह के अभ्यास हुए, जिसमें समन्वय और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाया गया।इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्री निगरानी, समुद्री अवरोधन संचालन और हवाई संचालन के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाते हुए प्रगतिशील प्रशिक्षण और सूचना साझाकरण के संचालन के माध्यम से साझा समुद्री परिस्थिति जागरुकता को विकसित करना था। इस अभ्यास ने समान विचारधारा वाली नौसेनाओं को बेहतर सामरिक अंतर-संचालन के लिए योजना, समन्वय और सूचना साझाकरण में घनिष्ठ संबंध विकसित करने का अवसर प्रदान किया। इस अभ्यास में भारतीय नौसेना की भागीदारी समान विचारधारा वाली नौसेनाओं के बीच उच्च स्तर का सामंजस्‍य, समन्वय तथा समुद्री क्षेत्र में नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अगले पांच सालों तक जारी रखने को मंजूरी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत देश में प्राप्त उपलब्धियों को स्वीकारते हुए आज इसे अगले पांच वर्षों तक जारी रखने को मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी।केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मिशन के तहत देश ने कई ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किए हैं। इससे देशभर में करीब 12 लाख स्वास्थ्यकर्मी जुड़े हैं। कोविड के भयावह काल का सामना करने में मिशन ने बड़ी भूमिका निभाई है और देश को 2.20 अरब कोविड टीके लगाए तथा सर्टिफिकेट बांटे गए हैं।सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मंत्रिमंडल को वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रगति से अवगत कराया गया। मंत्रिमंडल को मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, मृत्यु दर और कुल प्रजनन दर में त्वरित गिरावट तथा टीबी, मलेरिया, कालाजार, डेंगू, तपेदिक, कुष्ठ रोग, वायरल हेपेटाइटिस आदि जैसे विभिन्न रोगों के कार्यक्रमों के संबंध में प्रगति और राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन जैसी नई पहलों से भी अवगत कराया गया।

**▸▸राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्राप्त उपलब्धियां-**

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत देशभर में 220 करोड़ कोविड-19 वैक्सीन की खुराकें दी गईं।
- वर्ष 1990 के बाद से मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में 83 प्रतिशत की गिरावट आई है।
- वर्ष 1990 के बाद से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 75 प्रतिशत से अधिक गिरावट आई है।
- टीबी के मामले 2015 में प्रति एक लाख में 237 से घटकर 2023 में 195 हो गए हैं। वहीं इससे मृत्यु दर 28 से घटकर 22 हो गई है।
- प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 1.56 लाख निक्षय मित्र स्वयंसेवक 9.4 लाख से अधिक टीबी रोगियों की सहायता कर रहे हैं।
- वित्त वर्ष 2023-24 तक आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्रों की संख्या 1.72 लाख तक पहुँच जाएगी।
- राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन ने 2.61 करोड़ से अधिक व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की।
- भारत ने खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान में 97.98 प्रतिशत कवरेज हासिल किया।
- मलेरिया नियंत्रण प्रयासों से मृत्यु दर और मामलों में कमी आई है।
- कालाजार उन्मूलन लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ।
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम ने वित्त वर्ष 2023-24 में 4.53 लाख से अधिक डायलिसिस रोगियों को लाभान्वित किया है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत 2005 में की गई थी, जिसका उद्देश्य जिला अस्पताल (डीएच) स्तर तक ग्रामीण आबादी, विशेष रूप से कमजोर समूहों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना था।

वर्ष 2012 में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन की अवधारणा बनाई गई और एनआरएचएम को दो उप-मिशनों यानी एनआरएचएम और एनयूएचएम के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रूप में पुनः नामित किया गया।

## जूट के एमएसपी में 315 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जूट के एमएसपी को मंजूरी प्रदान की है। 2025-26 के सीजन के लिए कच्चे जूट का एसपी 5650 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। पिछले सीजन 2024-25 के मुकाबले जूट के मूल्य में 315 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि है।केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि 2014-15 के बाद से 2025-26 के दौरान जूट के खरीद मूल्य को 2400 रुपये से बढ़ाकर 5650 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। यानि इन सालों में एमएसपी में 2.35 गुना की वृद्धि की गई है।

## रेलवे क्लेम घोटाले में पटना समेत देश के पांच ठिकानों पर ईडी की छापेमारी



**पटना, (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे क्लेम घोटाला मामले में बुधवार को बिहार के पटना और नालंदा समेत देश के पांच स्थानों पर छापेमारी की है। पटना और नालंदा के अलावा बेंगलुरु में भी ईडी की छोपमारी चल रही है। पटना में तीन, नालंदा में एक और बेंगलुरु में एक स्थान पर छापेमारी चल रही है।रेलवे क्लेम घोटाला 100 करोड़ से अधिक का माना जा रहा है। यह घोटाला रेलवे कर्मचारियों के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे किया गया है। ईडी इस मामले में कई न्यायिक अधिकारियों, वकीलों और सरकारी कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर रही है। खासकर, रेलवे न्यायिक अधिकारी रहे आरके मित्तल और वकील बीएन सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की गई है। आरके मित्तल को कुछ साल पहले भ्रष्टाचार के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया था।उल्लेखनीय है कि रेलवे में हुए करोड़ों के इस घोटाले में सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन न्यायमूर्ति रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति उदय यू. ललित की पीठ के निर्देश पर सीबीआई ने यह मामला दर्ज किया था। इस घोटाले में रेलवे कर्मचारियों के नाम पर फर्जी दावे दाखिल किए गए थे और फिर उन दावों के आधार पर बड़ी रकम हड़पी गई थी। इस पूरे रैकेट में कई लोगों की मिलीभगत थी। एक-एक व्यक्ति के नाम पर चार-चार बार धन की उगाही की गई। मामला वर्ष 2015-2018 के बीच का है। सीबीआइ की कार्रवाई को आधार बनाकर प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले की जांच शुरू की थी।

# सभी धर्मों की धर्मिक संपत्तियों के बंदोबस्त के लिए एक ही कानून बनाएं: विहिप




**नई दिल्ली,(हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर विचार के लिए बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति को सुझाव दिया है कि सिर्फ मुसलमानों के लिए नहीं, देश में सभी धर्मों की संपत्तियों के लिए एक ही कानून बनाया जाना चाहिए। विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार के माध्यम से भेजे गए पत्र में सुझाव दिया गया है कि विभिन्न धार्मिक समुदायों की संपत्तियों के नियंत्रण और प्रबंधन के लिए अलग-अलग कानूनों के बजाय, देश में सभी धार्मिक संपत्तियों की बंदोबस्ती के लिए एक ही कानून होना चाहिए।जेपीसी को लिखे पत्र में विहिप ने सुझाव दिया है कि 'वक्फ को पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी चल या अचल संपत्ति के स्थायी समर्पण के रूप में परिभाषित किया गया है। यह समर्पण अल्लाह, सर्वशक्तिमान को किया जाता है।

एक बार जब कोई संपत्ति इस तरह समर्पित हो जाती है, तो वह सर्वशक्तिमान की संपत्ति बन जाती है और उसमें निहित हो जाती है।पत्र में आगे लिखा है किइसी तरह हिंदू अपने मंदिरों के रख-रखाव और धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए देवताओं को चल या अचल संपत्ति समर्पित करते हैं। ईसाई, बौद्ध, जैन और सिख सहित दूसरे धर्मों के अनुयायी भी अपनी संपत्ति को अपने धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त उद्देश्यों के लिए समर्पित करते हैं। भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में यह प्रावधान है कि स्टेट पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।उल्लेखनीय है कि वक्फ अधिनियम, 1954 को सरकार ने संसद में पेश नहीं किया था। यह मोहम्मद अहमद काजमी ने प्राइवेट मेंबर बिल के रूप में पेश किया था। लेकिन ऐसा लगता है कि तत्कालीन सत्तारूढ़ दल इस विधेयक को पेश करने में शामिल था। विधेयक को राज्य सभा की प्रवर समिति को भेज दिया गया। आश्चर्यजनक रूप से उस समय के कानून और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री सी. सी. बिस्वास प्रवर समिति के अध्यक्ष बनाए गए। बाद में उन्होंने स्पष्ट कियाकि तथ्य यह नहीं था कि सरकार ने पर्दे के पीछे से काम किया। अगर सरकार इसे प्रायोजित करना चाहती, तो खुल कर सामने आ सकती थी।उन्होंने स्वयं को प्रवर समिति का अध्यक्ष बनाए जाने का यह कह कर बचाव किया कि यह केवल संयोग था कि मुझे समिति का अध्यक्ष बनाया गया और मैंने कानून मंत्री की हैसियत से सरकार की ओर से विधेयक की पैरवी नहीं की।

## तमिलनाडु-कर्नाटक सीमा पर एल्लापुरा में ट्रक खाई में गिरा, नौ की मौत व दस घायल



**चेन्नई, (हि.स.)।** तमिलनाडु और कर्नाटक को जोड़ने वाले सावनूर-हुबली मार्ग पर कर्नाटक घाटी के एल्लापुरा में बुधवार सुबह एकट्रक गहरी खाई में गिर जाने से नौ लोगों की मौत हो गई। अन्य दस लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना में पीड़ित फल विक्रेता थे, जो सावनूर से फल बेचने के लिए जा रहे थे। घायलों को हुबली के केआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।उत्तर कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक एम नारायण ने बताया कि सावनूर-हुबली मार्ग पर एक ट्रक से कुछ लोग फल बेचने के लिए सावनूर जा रहेथे। एल्लापुरा में जंगल वाले इलाके में सुबह करीब 5.30 बजे के लगभग दूसरे वाहन को साइड देने के प्रयास में ट्रक बाईं ओर चला गया और अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर गहरी घाटी में गिर गया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।इस दुर्घटना में दस लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर हैं।पुलिस ने बताया कि शवों को बाहर निकालने के लिए क्रेन की मदद ली। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान फैयाज जमखंडी (45), वसीम मुदगेरी (35), एजाज मुल्ला (20), सादिक बाशा (30), गुलाम हुसैन जावली (40), इम्तियाज मुलाकेरी (36), अल्फाज जाफर मंडक्की(25), जिलानी अब्दुल जखाती (25) और असलम बाबुली बेनी (24) के रूप में हुई है। घायलों को हुबली के केआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंधनूर ट्रैफिक पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

## हूलॉक गिब्बन बंदरों के संरक्षण से जुड़े दीपलव को दिल्ली से गणतंत्र दिवस के लिए विशेष निमंत्रण



**तिनसुकिया (असम), (हि.स.)।** देश के गणतंत्र दिवस परेड समारोह में अतिथि के रूप में हिस्सा लेने के लिए तिनसुकिया के एक युवा को केंद्र सरकार से विशेष निमंत्रण मिला है। दीपलव सुतिया हूलॉक गिब्बन बंदरों के संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जागरूकता से जुड़े हैं।दीपलव को एक समय हूलॉक गिब्बन बंदरों के संरक्षण के कार्य को लोगों से काफी आलोचना मिलती थी। लोग जब दीपलव से मिलते थे तो पूछते थे कि उन्होंने कितने बंदरों की बिक्री की। लोग अक्सर उनका अपमान, मजाक और उपहास करते थे। लेकिन उन्होंने हूलॉक गिब्बन बंदरों का संरक्षण कार्य जारी रखा।दीपलव की मेहनत अंततः रंग लाई। प्रधानमंत्री द्वारा गणतंत्र दिवस परेड समारोह में दीपलव को आमंत्रित करने की खबर ने बारेकुरी के लोगों के साथ-साथ पूरे तिनसुकिया को गौरवान्वित किया है।सरकारी विभागीय अधिकारियों ने दीपलव सुतिया एवं उनकी पत्नी को हवाई यात्रा का टिकट भेजा है। दीपलव 25 जनवरी को डिब्रूगढ़ मोहनबाड़ी हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए रवाना होंगे और 29 जनवरी को तिनसुकिया लौटेंगे।दीपलव सुतिया ने बताया कि वह गणतंत्र दिवस के केंद्रीय समारोह का आनंद लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक इंटरएक्टिव सत्र में भाग लेने के लिए भी समय निर्धारित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने पर वे पर्यटन के क्षेत्र में बारेकुरी को आगे बढ़ाने के लिए कुछ योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे।उल्लेखनीय है कि तिनसुकिया जिले के बारेकुरी इलाके में इंसानों के सह-अस्तित्व में रहने वाले हूलॉक गिब्बन बंदरों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए दीपलव सुतिया वर्ष 2002 यानी अपने स्कूली जीवन से ही लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## पंजाब में आम आदमी क्लीनिक अब होंगे आयुष्मान अरोग्य केंद्र



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब में आम आदमी क्लीनिक खोलने के नाम पर बैकफुट पर आ गई है। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद सरकार ने आम आदमी क्लीनिक के बोर्ड उतारने शुरू कर दिए हैं। अब यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान अरोग्य केंद्र के नाम से जाने जाएंगे। पंजाब के शहरी क्षेत्रों में 242 आम आदमी क्लीनिक और 2889 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (2403) सब सेंटर और 266 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के बोर्ड उतारने का काम लुधियाना जिले से बुधवार को शुरू हो गया।पंजाब सरकार ने केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार इन केंद्रों के नाम बदलने शुरू कर दिए हैं। लुधियाना में 94 में से 65 आम आदमी क्लीनिक अब आयुष्मान आरोग्य केंद्र के नाम से जाने जाएंगे। इन क्लीनिकों पर नए बोर्ड लगाए गए हैं। इन क्लीनिकों से सीएम भगवंत सिंह मान की फोटो भी हटा दी गई है।

केंद्र सरकार को क्लीनिकों के नामों पर आपत्ति थी। उनका कहना था कि केंद्र सरकार के पैसे से खोले गए केंद्रों का नाम आम आदमी क्लीनिक रखकर राज्य सरकार ने ब्रांडिंग नियमों का उल्लंघन किया है।फंड बंद होने के बाद से केंद्र और राज्य सरकारों के बीच खींचतान चल रही है। बोर्ड बदलने की जिम्मेदारी जिला स्वास्थ्य समितियों को दी गई है। इन बोर्डों पर पंजाबी, हिंदी और अंग्रेजी में आयुष्मान आरोग्य केंद्र लिखा हुआ है।

## मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के शव पोस्टमार्टम के लिए रायपुर लाये गए, मुठभेड़ स्थल पर सर्च ऑपरेशन जारी



**गरियाबंद /रायपुर, (हि.स.)।** गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट जंगल में हुए मुठभेड़ में मारे गए सभी 14 नक्सलियों के शव बुधवार सुबह ओडिशा के नुआपड़ा विशिष्ट नक्सल विरोधी बल (एसओजी) के जवान छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंपकर सकुशल वापस नुआपाड़ा पहुंच गए। नक्सलियों के शव को रायपुर लाकर मेकाहारा अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। इनमें 6 महिला और 8 पुरुष नक्सलियों के शव हैं। शवों का पोस्टमार्टम करने के लिए 22 डॉक्टरों की टीम बनाई गई है, जिसमें 12 मर्चुरी में तैनात डॉक्टरों के अलावा 10 अतिरिक्त डॉक्टर और 10 सफाईकर्मियों की टीम पोस्टमार्टम के लिए बनाई जा रही है।मेकाहारा के सूत्रों के अनुसार मारे गए नक्सलियों में कई सीनियर कमांडर शामिल हैं, जिनकी शिनाख्त का काम जारी है। मेकाहारा अस्पताल की मोर्चरी में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन लाई गई है। नक्सलियों के शवों का एक्स-रे पहले किया जा रहा है। बॉडी में किसी प्रकार का कोई धातु या विस्फोटक मिलता है तो बॉम्ब स्क्वॉड की टीम को बुलाया जाएगा। इसके बाद ही पोस्टमार्टम की प्रकिया शुरू होगी।गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा द्वारा जानकारी दी गई है कि गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। मंगलवार रात में कई बार नक्सलियों से मुठभेड़ भी हुई। पूरी रात गरियाबंद डीआरजी, सीआरपीएफ कोबरा के जवान कुल्हाड़ी घाट इलाके के भालू डिग्गी के जंगल में मौजूद रहे। बुधवार सुबह से ही इलाके में जवानों का सर्च ऑपरेशन जारी है।

# डीजीपी प्रशांत कुमार ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट की बैठक से पहले उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेश (डीजीपी) प्रशांत कुमार बुधवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में पहुंचे। प्रशांत कुमार ने यहां संगम घाट पर आस्था और विश्वास की डुबकी लगाकर माँ गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। आस्था, समता और एकता के महासमागम श्महाकुम्भ-2025, प्रयागराजश् में आज पवित्र संगम में आस्था और विश्वास की डुबकी लगाकर माँ गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रशांत कुमार ने कहा कि कैबिनेट बैठक के बाद सभी कैबिनेट मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पर स्नान करेंगे। उसकी तैयारियों हमने पूरी कर ली है। हम मकर संक्रांति से बेहतर व्यवस्था करेंगे। हमने और अधिक मैनपावर जोड़ा है, आने-जाने के रास्ते में बेहतर सुविधाएं दी जाएगीं।

# सीएम योगी समेत 54 मंत्रियों ने संगम में लगाई डुबकी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में महाकुंभनगर के अरैल क्षेत्र में मंत्रिमंडल की बैठक में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर , रोजगार सृजन और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कई अहम प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। इसके बाद सीएम योगी की अगुवाई में एक साथ 54 मंत्रियों ने संगम में डुबकी लगाई। भीषण शदी के बावजूद भी अस्था के आगे सर्दी बेअसर नजर आ रहा था। आप को बता दें कि मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस),निषाद पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) भी बैठक में मौजूद रहे। इससे पहले 2019 में यहां आयोजित महाकुंभ के मौके पर योगी मंत्रिमंडल की बैठक हुयी थी। श्री योगी ने बैठक के बाद आयोजित लोकमित्र ब्यूरो सम्मेलन में महाकुंभ में आये सभी पूज्य संतो और श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुये कहा कि यह पहली बार है जब उप्र का संपूर्ण मंत्रिमंडल महाकुंभ नगर में उपस्थित है। बैठक में विकास से जुडे नीतिगत मुद्दों और प्रयागराज के विकास से जुड़े मुद्दों पर पर चर्चा हुयी है। उप्र की एयरोस्पेस और डिफेंस और रोजगार से जुडी पालिसी के पांच साल पूरे हो चुके है और इसकी नयी नीति के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गयी है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 20 के अंतर्गत अभियोजन निदेशालय की स्थापना के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी।

प्रयागराज नगर निगम ,वाराणसी नगर निगम,व आगरा नगर निगम हेतु म्युनिसिपल बांड निर्गत करने तथा अवस्थापना विकास निधि से क्रेडिट रेटिंग म्दींदबमउमदज के लिए धनराशि उपलब्ध कराए जाने पर अनुमोदन प्राप्त किये जाने के सम्बंध में मंजूरी।

टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से प्रदेश के 62 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो का उन्नयन, व 5 सेंटर फॉर इनोवेशन,इंवेंनशन, इन्क्यूबेशन एंड ट्रेनिंग की स्थापना किये जाने के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी। प्रदेश के असेवित जनपद हाथरस,बागपत, व कासगंज में भारत सरकार की वायबिलिटी गैप फंडिंग के अंतर्गत पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज सन्चालित किये जाने हेतु सफल निविदादाता का चयन किये जाने के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर की स्थापना हेतु 166 बेडेड राजकीय संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तातंरण किये जाने व जनपद बलरामपुर में स्थापित किये जा रहे ज्ञळडन् के सेटेलाइट सेंटर को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर में परिवर्तित किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी।

स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अंतर्गत निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण हेतु योजनांतर्गत अंतिम बिड अभिलेख के संबंध में प्रस्ताव स्वीकृत।

उप्र औद्योगिक निवेश व रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत प्रदेश में मेगा श्रेणी की आद्योगिक इकाइयों हेतु विशेष सुविधाएं एवं रियायतें अनुमन्य कराए जाने विषयक शासनादेश,मुख्य सचिव द्वारा अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति बैठक में की गई संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रस्ताव को मंजूरी।

फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट एवं फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश हेतु प्रोत्साहन नीति 2023 में अनुमन्य फ्रंट एंड लैंड सब्सिडी प्राविधान के अंतर्गत मेसर्स अशोक लीलैंड लिमिटेड को आवंटित भूमि हेतु यूपीसीडा को देय सब्सिडी धनराशि के भुगतान की स्वीकृति के सम्बंध में इम्पावर्ड कमेटी की बैठक की संस्तुतिध्निर्णय को अनुमोदन प्राप्त किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी।

उत्तरप्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर राजभवन में आयोजित 5 प्रतियोगिताओं में से दो में बुवि अव्वल

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की 148 वीं जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस-2025 पर उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों की प्रतियोगिता के मुख्य और अंतिम चरण की प्रतियोगिता के लिए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की 6 सदस्य की टीम कुलपति शुभकामना के साथ 20 जनवरी 2025 को राजभवन लखनऊ पहुंची । जहाँ 21 और 22 जनवरी को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के 4 विद्यार्थियों में महक, सुधांशु, अभिषेक और रितिका अग्रवाल नें उत्तर प्रदेश के 34 राज्य विश्वविद्यालयों के 90 प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा में सहभागिता की। सुधांशु त्रिवेदी ने कविता लेखन और महक ने निबन्ध लेखन में अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान अर्जित किया । राज्यपाल ने विजेताओं को प्रमाण पत्र, पुस्तक और भावी जीवन के लिए शुभाशीष दिया। राजयपाल ने सभी को सम्बोधित करते हुए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा प्रकृति के प्रति संवेदनशील कार्यों और विद्यार्थिन्मुख प्रतिस्पर्धाओं के बारे में जानकारी लिया ,और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस टीम को कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय द्वारा अधिष्ठाता कला संकाय प्रोफेसर मुन्ना तिवारी और डॉ. शैलेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में राजभवन भेजा गया था । उत्तर प्रदेश के 34 विश्वविद्यालयों में एक मात्र बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी है जिसने दो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राजभवन में उपलब्धि हासिल होने पर कुलपति प्रो मुकेश पाण्डेय,कुलसचिव विनय कुमार सिंह तथा विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों,व शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों तथा पूरी टीम को बधाई , शुभकामनाएं प्रेषित की। विश्वविद्यालय में हर्ष का वातावरण व्याप्त है ।

# प्रयागराज को मिला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उपहार

## सौ करोड़ रुपये की लागत से नैनी क्षेत्र में होगा निर्माण

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज,।** प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी की प्रेरणा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रयागराज को शहरी विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक सौगात मिली है। प्रदेश के ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि आज प्रयागराज की पावन धरा पर हुई कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने शहर में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के निर्माण की घोषणा की है।

**नैनी क्षेत्र में बनेगा अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल**

मंत्री एके शर्मा ने कहा, ÷प्रयागराज जैसे तेज़ी से बढ़ते शैक्षणिक, साहित्यिक और पर्यटन केंद्र में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। नैनी क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह हॉस्पिटल न केवल आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाएगा। इस परियोजना के लिए 50 करोड़ रुपये नगर निगम बॉन्ड जारी करके जुटाएगा। श्री शर्मा ने इस अवसर पर नगर निगम बॉन्ड को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह कदम शहरी निकायों की आत्मनिर्भरता और वित्तीय स्थिरता को मजबूत करेगा।

**प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में होंगे बड़े शहरी विकास कार्य**

कैबिनेट ने प्रयागराज, वाराणसी और आगरा के लिए 50-50 करोड़ रुपये के नगर निगम बॉन्ड जारी करने के प्रस्ताव को भी मंज़ूरी दी है। इन योजनाओं के तहत प्रयागराज नैनी क्षेत्र में 100 करोड़ की लागत से सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल। वाराणसीः भूमिगत पार्किंग और वाणिज्यिक परिसर का निर्माण। गाजियाबादः सौर सिटी परियोजना, अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र और कार्यरत महिलाओं के लिए हॉस्टल होगा। नगर निगम बॉन्ड को भारत सरकार द्वारा शहरी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक प्रमुख पहल बताया गया है। यह शहरी निकायों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सुशासन और वित्तीय अनुशासन को भी प्रोत्साहित करता है।

# कुंभ राजनीतिक कार्यक्रम और फैसले लेने का स्थान नहींः अखिलेश

महाकुंभ में योगी सरकार की कैबिनेट बैठक पर भड़के अखिलेश

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी संस्थापक सदस्य जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर बुधवार को उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का ने योगी सरकार पर तीखा हमला किया। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि कुंभ और प्रयागराज वह स्थान नहीं हैं, जहां पर राजनीतिक कार्यक्रम और फैसले लिए जाएं। वहां की गई कैबिनेट की बैठक राजनीतिक है। कुंभ के स्थान पर इसे आयोजित करके भाजपा राजनीतिक संदेश देना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी भूमाफिया पार्टी बन गई है। लखनऊ, गोंडा ही नहीं प्रभु श्रीराम की धरती अयोध्या की ही रजिस्ट्री चेक कर लें तो सबसे ज्यादा खरीदारों में आप भाजपा के लोगों को ही पाएंगे। भाजपा वक्फकी जमीन पर केवल कब्जा करना चाहती है। ये विवाद और झगड़ा खत्म नहीं करना चाहते हैं। नफ़रत का सहारा लेकर राजनीति करने के रास्ते पर भाजपा चलती है। उसी के लिए वह समय-समय पर कानून लाती है। सपा अध्यक्ष ने महाकुंभ में लगी मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा को लेकर महंत राजू दास की विवादित टिप्पणी पर भी कहा कि जिसकी जैसी संगत होती है, उसके वैसे विचार निकलते हैं। इस दौरान यादव ने फ़िर दोहराया कि मिल्कीपुर उपचुनाव हम सब मिलकर जीतकर दिखाएंगे। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पुलिस आगे कर दी है, एसओ, सीओ को निर्देश दे दिए गए हैं, डीएम और एसपी लखनऊ के इशारे पर चल रहे हैं। भाजपा इसे बेईमानी से बचाना चाहती है। निष्पक्ष चुनाव होगा तो ऐतिहासिक जीत समाजवादी पार्टी की होने जा रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने फ़िर दोहराया कि वहां हमारा समर्थन आप को है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कांग्रेस का विरोध है।

# अनीस मंसूरी बोले वक्फ का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा

पसमांदा मुसलमानों को नजरअंदाज किया गया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने वक्फ शंशोधन विधेयक-2024 पर गहरी चिंताओं जताई। इससे संबंधित सुझाव भी जेपीसी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) को दिया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड की स्थापना पसमांदा मुसलमानो को सहयोग देना था। अनीस मंसूरी ने कहा कि वक्फ संपत्तियों का उद्देश्य मुसलमानों के सामाजिक और आर्थिक कल्याण का था । लेकिन वर्तमान में यह उद्देश्य पूरी तरह भटक चुका है। उन्होंने जजेपीसी से आग्रह किया कि विधेयक में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि वक्फ संपत्तियों का सही और पारदर्शी उपयोग हो सके। अनीस मंसूरी ने कहा वक्फ संपत्ति का इस्तेमाल आर्थित रूप से कमजोर मुसलमान बच्चों, महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए । लेकिन मौजूद समय में वक्फ संपत्तियों का उपयोग इन जरूरतमंद वर्गों के हित में नहीं हो रहा है। वक्फ संपत्तियों के मुतवल्ली और प्रबंधक इन संपत्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे गरीब और जरूरतमंद वंचित रह जाते हैं।

ये बेहद अफ़्सोस नाक है कि वक्फ करने वालों के उद्देश्य पूरे नहीं हो रहे हैं। अनीस मंसूरी ने मांग किया कि वक्फसंपत्तियों का उपयोग जरूरतमंदों के लिए किया जाए। संपत्तियों के दुरुपयोग करने वाले मुतवल्लियों और वक्फ बोर्डों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान लाया जाए । उपयोगकर्ता वक्फसंपत्ति की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखे।

# लखनऊ जनपद को मिली नई 29 आशा कार्यकर्ता

## नवनियुक्त आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** नवनियुक्त 29 आशा कार्यकर्ताओं के द्वितीय बैच का अभिर्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को समाप्त हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अलीगंज स्थित एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में चल रहा था। कार्यक्रम के अन्तिम दिन मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एनबी सिंह प्रशिक्षण शिविर पहुंचकर नवनियुक्त आशा कार्यकर्ताओं से मिले। इस मौके पर डॉ एनबी सिंह ने आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी आपको सौंपी गयी है वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य सभी के जीवन का अहम भाग होता है और आपको विभाग की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों को समुदाय तक पहुंचाना है। आप समुदाय से ही हैं, लोगों के साथ सम्बन्ध मधुर और मित्रवत बनायें, उन्हें योजनाओं से जोड़ें जिससे कि वह इनका लाभ ले सकें। आप समुदाय और स्वास्थ्य विभाग के बीच सेतु हैं, इस सेतु का मजबूत होना बहुत जरूर है। आप मेहनत और इमानदारी से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें, मुश्किलों से घबराएं नहीं, विभाग आपका सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आठ दिवसीय था जिसे कुल 29 नयी आशा कार्यकर्ताओं ने सफलतापूर्वक प्राप्त किया। जिनमें काकोरी की एक, मलिहाबाद और मोहनलालगंज की दो-दो, इटौंजा की तीन, चिनहट की पांच और गोसाईगंज क्षेत्र की 16 आशा कार्यकर्ताएं हैं। इससे पहले पिछले हफ्ते 29 नवनियुक्त आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। अब तक कुल 58 नयी आशा कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण लिया है।

इन 58 को मिलाकर वर्तमान में जनपद में कुल 2269 आशा कार्यकर्ताएं काम कर रही हैं जिनमें ग्रामीण क्षेत्र में 1518 और शहरी क्षेत्र में 751 आशा कार्यकर्ताएं हैं। कार्यक्रम के अंत में आशा कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इस मौके पर जिला समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक विष्णु प्रताप, प्रशिक्षक एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शशि भूषण भारती, हेमा मौर्या, बीसीपीएम मलिहाबाद मिथलेश सिंह तथा 29 आशा कार्यकर्ताएं मौजूद रहीं।

# मौनी अमावस्या पर चलेंगी 400 से अधिक विशेष ट्रेनें :वी सोमन्ना

रेल राज्यमंत्री ने प्रयागराज जंक्शन पर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज,।** केंद्रीय राज्यमंत्री, रेल एवं जल शक्ति वी. सोमन्ना ने बुधवार को प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर महाकुम्भ के लिए किए गए व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। केंद्रीय राज्य मंत्री ने निरीक्षण के उपरांत मेला टॉवर में मीडिया कर्मियों से बताया कि मकर संक्रांति पर्व पर रिकार्ड 148 विशेष ट्रेनें चलाई गई। मौनी अमावस्या के दिन 150 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की योजना है एवं मौनी अमावस्या पर एक दिन पूर्व से दो दिन बाद तक कुल 400 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए कुम्भ विशेष ट्रेनें चलाने के लिए करीब 200 रेक उपलब्ध कराए गए हैं। महाकुम्भ के दौरान बेहतर व्यवस्थाओं के लिए अन्य क्षेत्रीय रेलवे से 10,000 से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है एवं स्टेशनों पर करीब 10,000 राजकीय रेलवे पुलिस एवं रेल सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया गया है। वी. सोमन्ना ने यह भी कहा कि महाकुम्भ में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के डबल इंजन ने अभूतपूर्व सुविधाएं उपलब्ध करायी हैं। विश्व स्तर का यह भव्य आयोजन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमन्त्री के कुशल नेतृत्व में आयोजित हो रहा है, जिसके लिए पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने रेल की अभूतपूर्व व्यवस्था के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी धन्यवाद दिया। मीडिया द्वारा कर्नाटक के सबसे बड़े उत्सव पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि कर्नाटक में दशहरा एक दिन का होता है और यहां दशहरा हर दिन मनाया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि स्टेशनों पर सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं।

# महंत राजू दास का पुतला फूंका

## नेता जी पर टिप्पणी को लेकर गुस्से में सपाई

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा का मामला तूल पकड़ रहा है। लखनऊ में समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंका। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने राजू दास के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। राजू दास के खिलाफराजू दास की दवाई, जूता चप्पल और पिटाई स्लोगन का नारा लगा रहे हैं। राजू दास का पुतला फूंकते हुए उनकी तस्वीरों पर थूका जा रहा है।

सपा कार्यकर्ताओं ने राजू दास से माफी मांगने की मांग किया। वहीं, सपाईयो ने कहा है कि नेताजी के खिलाफकहे गए घटिया शब्द बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। देश के रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पदों पर रहने वाले व्यक्ति के खिलाफ टिप्पणी गलत है। इतनी घटिया मानसिकता रखने वाला व्यक्ति खुद को बाबा और महंत कहता है। देशभर के साधु संतों से मांग करते हैं कि राजू दास को तत्काल महंत समाज से निष्कासित किया जाए। सपा नेता महेंद्र यादव ने महंत राजू दास को पाखंडी बाबा बताया है। उन्होंने कहा है कि यह पाखंडी धार्मिक व्यक्ति नहीं हो सकता। मुलायम सिंह यादव बजरंगबली के भक्त थे। साधु संतों से अपील है कि राजू दास को साधु बिरादरी से निकाला जाए। सीएम योगी अगर धार्मिक हैं तो राजू दास के ऊपर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराएं और उसे जेल भेजें।

# सनातनी युवाओं ने निकाली हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राम जन्मभूमि मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे के अवसर पर सनातनी युवाओं ने आज अखिल भारत हिंदू महासभा त्रिदंडी राष्ट्रीय कार्यालय इंटीग्रल यूनिवर्सिटी कुर्सी रोड से हनुमान सेतु लखनऊ विश्वविद्यालय रोड तक हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा निकाली। यात्रा शुभारंभ के मौके पर एम एल सी पवन सिंह चौहान, अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला, जन विकास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी, श्री सतगुरू कबीर जागू आश्रम के गुरूकुल प्रमुख शिव पूजन दीक्षित के अलावा युवाओ में पूर्व जिला अध्यक्ष अंशुमान त्रिवेदी, उत्कर्ष गुप्ता, प्रांजल तिवारी, सोभित यादव, पीयूष श्रीवास्तव ,साहिल गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में सनातनी युवा मौजूद थे। तय कार्यक्रम के अपराह्न 12 बजे सैकंड की संख्या में युवा हिन्दूवादी नेता अंशुमान त्रिवेदी के नेतृत्व में यात्रा का शुभारंभ करते हुए एम एल सी पवन सिंह चौहान ने कहा कि देश का युवा सनातन धर्म के प्रति जागरूक हो रहा है और भारत कों हिन्दू राष्ट्र घोषित करवाने के लिए सड़कों पर उतरने लगा है, जो उदाहरण के रूप में यह हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा सामने है। यह यात्रा अखिल भारत हिंदू महासभा त्रिदंडी कुर्सी रोड से प्रारम्भ होकर गुडम्बा थाना के समक्ष, टेढ़ी पुलिया, मामा चौराहा, पुराना हनुमान मन्दिर, अलीगंज, कपूरथला, आईटीआई चौराहा होते हुये हनुमान सेतु पहुंचेगी, जहां हनुमान चालीस के पाठ के साथ समाप्त हुई। यात्रा समापन के बाद यात्रा में शामिल लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश में हिन्दू राष्ट्र के स्थापना के संकल्प के साथ हिन्दू युवाओं को सनातन धर्म के जागरूक करने के लिए निरन्तर इस तरह की यात्राएं निकाली जाती रहेगी।

# हर्षवर्धन और विक्रमादित्य जैसे प्रचंड पुरुषार्थी प्रशासक हैं योगी आदित्यनाथ-अवधेशानंद

## महाकुंभः आस्था का महासागर और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** महाकुम्भ नगर । जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने महाकुम्भ के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए उन्होंने उनकी तुलना प्राचीन भारत के महान शासकों हर्षवर्धन और विक्रमादित्य से की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने उन महान शासकों की परंपरा को नए युग में संवर्धित किया है। वे केवल एक शासक नहीं, बल्कि प्रचंड पुरुषार्थ और संकल्प के धनी व्यक्ति हैं। उनके प्रयासों ने महाकुम्भ को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अवधेशानंद गिरी ने कहा कि भारत का भविष्य योगी आदित्यनाथ की ओर देख रहा है। भारत उनसे अनेक आकांक्षाएं, आशाएं और अपेक्षाएं रखे हुआ है। भारत की दृष्टि उनपर है। उनमें पुरुषार्थ और निर्भीकता है। वे अजेय पुरुष और संकल्प के धनी हैं। महाकुम्भ की विराटता, अद्भुत समागम, उत्कृष्ट प्रबंधन उनके संकल्प का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत का राष्ट्र ऋषि बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में योगी जी ने महाकुम्भ को ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। आस्था का यहां जो सागर उमड़ा है, इसके लिए योगी आदित्यनाथ ने बहुत श्रम किया है। चप्पे चप्पे पर उनकी दृष्टि है।स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि आज सनातन का सूर्य सर्वत्र अपने आलोक रश्मियों से विश्व को चमत्कृत कर रहा है। भारत की स्वीकार्यता बढ़ी है। संसार का हर व्यक्ति महाकुम्भ के प्रति आकर्षित हो रहा है। हर क्षेत्र में विशिष्ट प्रबंधन और उच्च स्तरीय व्यवस्था महाकुम्भ में दिख रही है। भक्तों के बड़े सैलाब को नियंत्रित किया जा रहा है। सुखद, हरित, स्वच्छ, पवित्र महाकुम्भ उनके संकल्प में साकार हो रहा है। हम अभिभूत हैं ऐसे शासक और प्रशासक को पाकर, जिनके सत्संकल्प से महाकुम्भ को विश्वव्यापी मान्यता मिली है। यूनेस्को ने इसे सांस्कृतिक अमूर्त धरोहर घोषित किया है। यहां दैवसत्ता और अलौकिकता दिखाई दे रही है। योगी आदित्यनाथ के प्रयास स्तुत्य और अनुकरणीय हैं तथा संकल्प पवित्र हैं। विश्व के लिए महाकुम्भ एक मार्गदर्शक बन रहा है, अनेक देशों की सरकारें सीख सकती हैं कि अल्पकाल में सीमित साधनों में विश्वस्तरीय व्यवस्था कैसे की जा सकती है।महामंडलेश्वर ने महाकुम्भ को सनातन संस्कृति का जयघोष और भारत की आर्ष परंपरा की दिव्यता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व नर से नारायण और जीव से ब्रह्म बनने की यात्रा का संदेश देता है। महाकुम्भ को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन दिखाता है ।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान पथ पर पिकअप में लगी आग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में किसान पथ पर गोभी लाद कर जा रहे पिकअप में बुधवार दोपहर दो बजे के करीब आग लग गई। इंजन से धुआं निकलता देख चालक ने साइड में गाड़ी लगानी चाही, लेकिन तब तक आग पहियों तक पहुंच गई। डाला को आग से घिरा देख चालक ने कूद कर जान बचाई। इस बीच सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। एफएसओ ने बताया कि किसान पथ पर खजौली के पास पिकअप में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर आग को बुझाया गया। आग इंजन और टायर में लगी थी। चालक श्रवण कुमार बाराबंकी से अर्जुनगंज बाजार गोभी लादकर जा रहा था। अचानक आग लगने पर पुलिस और दमकल को सूचना दी। आग लगने का सही कारण पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आग इंजन में शार्ट सर्किट से लगी होगी। घटना के दौरान कुछ देर के लिए यातायात रोक दिया गया था।

### लगातार 12 दिन से तापमान सामान्य से ज्यादा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बीते 12 दिनों में सामान्य तापमान की तुलना में मौसम गर्म दर्ज किया जा रहा है। सुबह के समय हल्का कोहरा हो रहा है। इसके बाद तेज हवाओं के बीच मौसम साफहो रहा है। सुबह के समय गलन महसूस हुई। इसके बाद मौसम साफहो गया। चटक धूप निकलने के चलते मौसम विभाग ने आज भी मौसम गर्म रहने का अनुमान जताया है। सुबह के समय लखनऊ का तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 27 डिग्री के आसपास बना रहेगा। दिन मैं तेज हवाओं का झोंका भी चलता रहेगा। बीते 9 जनवरी को लखनऊ का पारा सामान्य से कम दर्ज किया गया था। इस दौरान न्यूनतम और अधिकतम दोनों तापमान सामान्य से कम थे। इसके बाद से तापमान सामान्य की तुलना में लगातार गर्म दर्ज किया जा रहा है। 9 जनवरी को अधिकतम तापमान 20.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान की तुलना में 0.2 डिग्री कम रहा। इस दौरान न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री दर्ज किया गया था। यह सामान्य तापमान की तुलना में 1.2 डिग्री कम रहा था।

### 28 साल से फरार दंगे का आरोपी गिरफ्तार



**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट की हजरतगंज पुलिस ने 28 से साल फरार दंगे के आरोपी को गिरफ्तार किया है। लखनऊ में 1991 में हुए दंगे में नाम आने के बाद से फरार था। जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। मंगलवार को अलीगढ़ सिविल लाइन निवासी परमजीत सिंह पुत्र गुरुवचन सिंह को पकड़ा गया। परमजीत सिंह 1991 में हुए दंगे में दोषी पाए जाने के बाद से फरार चल रहा था। कोर्ट ने आरोपी के खिलाफपहली बार अगस्त 1997 में एनबीडब्लू जारी किया था। इसके बाद आरोपी को फरार घोषित कर संपत्ति कुर्क के आदेश भी हुए थे। पुलिस टीम ने दबिश देकर मंगलवार शाम करीब 7 बजे आरोपी को गिरफ्तार किया।

### बियर शॉप में सेंध लगा चोरी, डीवीआर भी उखाड़ा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में चोरों ने मंगलवार रात ग्वारी चौराहे के पास स्थित बियर दुकान में सेंध लगा चोर बियर की तीन पेटी चुरा ले गए। साथ ही वहां रखा करीब एक लाख रुपए नकद भी उठा लिया। कोई पहचान न हो सके इसके लिए दुकान में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी उठा ले गए। बुधवार सुबह दुकान खोलने पर ठेका संचालक को घटना की जानकारी हुई। पुलिस सीसीटीवी की मदद से चोरों के विषय में जानकारी जुटा रही है। गोमतीनगर विस्तार सेक्टर चार स्थित यमुना अपार्टमेंट निवासी रविंद्र कुमार श्रीवास्तव की ग्वारी चौराहे के पास बियर की दुकान है। जहां दुकान की दीवार काटकर चोरों ने गल्ले में रखे 97 हजार रुपए नकद और 3.90 लाख रुपए की बियर चुरा ले गए। चौकी प्रभारी मारुफआलम ने बताया कि रविंद्र की सूचना पर मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की गई। साथ आसपास के सीटीवी की फुटेज खंगाली गई। जांच में सामने आया कि चोर दुकान की चार इंच मोटी दीवार काट कर अंदर गए थे। जहां से तीन खुली पेटी बियर चुरा ले गए। साथ ही वहां लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी उठा ले गए। वहीं पीड़ित के बताए चोरी के सामान का रजिस्टर से मिलान कराया गया तो सामने आया कि चोर करीब तीन पेटी बियर ही चुरा लेकर गए हैं। घटना को लेकर अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

### सीएमएस संस्थापक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सिटी मोन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) के संस्थापक डा.जगदीश गांधी की पहली पुण्य तिथि पर एलडीए कॉलोनी ब्रांच स्कूल में बड़ा आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स और टीचर्स की मौजूदगी में संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण भी हुआ। कार्यक्रम में कई धर्मगुरु भी पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान सीएमएस ग्रुप की दूसरी संस्थापक डा.भारती गांधी ने पौधरोपण भी किया। साथ ही सफेद कबूतरों को उड़ाकर पीस और हार्मोनी पर जोर दिया। वहीं, सीएमएस मैनेजर प्रो. गीता गांधी किंगडन ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की। इस दौरान कई पारिवारिक सदस्य भी मौजूद रहे। हिन्दू धर्म के अच्युत प्रपन्नाचार्य अरविन्द शाष्त्री, पं. हरि प्रसाद मिश्रा, फिरंगी महली, मौलाना सूफियान, एचएस जग्गी, फादर जैसन जोसेफशील रतन भंते, ब्रह्माकुमारीज की बहन बीके राधा और बहाई धर्मगुरु बी. मोहाजिर मौजूद रहे।

### केजीएमयू पैथोलॉजी में जांच कराने में फूल रही सांसे

**लखनऊ।** केजीएमयू में मरीजों को खून की जांच कराने में सांसें फूल रही हैं। एक से दो घंटे लाइन में लगने के बाद मरीज नमूना दे पा रहे हैं। उसके एक से दो दिन बाद रिपोर्ट के लिए मरीजों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है। मरीजों की दुश्वारियों को कम करने के लिए संस्थान प्रशासन ने अब तक काउंटर बढ़ाने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया है। इसका खामियाजा दूर-दराज से ओपीडी में आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। केजीएमयू की ओपीडी में प्रतिदिन सात से आठ हजार मरीज आ रहे हैं। इनमें 25 से 30 प्रतिशत मरीजों को पैथोलॉजी जांच लिखी जा रही है। बामुश्किल 15 से 20 प्रतिशत मरीज ही पैथोलॉजी जांच करा रहे हैं। बाकी मरीज प्राइवेट पैथोलॉजी में जांच कराने को मजबूर हैं। ओपीडी में तीन से चार काउंटर ही हैं। पहले मरीज को जांच की फीस जमा करने के लिए कतार लगानी पड़ती है। फिर उसके बाद नमूना देने के लिए। सैकड़ों मरीजों की ब्लड कलेक्शन सेंटर के सामने लाइन रहती है। बुधवार को भी सैकड़ों मरीजों की कतार लगी रही। एक से दो घंटे बाद मरीजों का नंबर आ रहा था। दूर-दराज के तमाम मरीज बिना जांच कराए लौट गए। रायबरेली लालगंज निवासी सतीश विश्वकर्मा ने बताया कि यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने पैथोलॉजी जांच लिखी। जांच कराने में काफी समय लग रहा था। ट्रेन छूटने का समय लग रहा था। लिहाजा प्राइवेट पैथोलॉजी में जांच कराने चले गए। इसी तरह गोंडा के नीरज की भी जांच नहीं हो पाई। वह प्राइवेट में जांच कराने पहुंच गए। प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि मरीजों का दबाव अधिक है। मरीजों की समस्या को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### बिजली अभियंता 26 को तिरंगा रैली निकालेंगे

**लखनऊ।** पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में जूनियर इंजीनियर संगठन 26 जनवरी को तिरंगा रैली निकालेगा। संगठन ने केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाकर निजीकरण के विरोध विस्तृत कार्यक्रम प्लान तैयार किया है। इस दौरान बुधवार को कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। 09 फरवरी तक सभी जिला और परियोजना शाखाओं पर कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे और पांच बजे से छह बजे तक विरोध सभा का अयोजन किया जाएगा। 26 जनवरी को सभी अवर अभियंता और प्रोन्नत अभियंता राष्ट्रीय ध्वज के साथ तिरंगा रैली निकालेंगे। 27 जनवरी से 09 फरवरी तक कार्य आंदोलन किया जाएगा।

# विकास का नारा, विनाश का खेल, एलडीए अधिकारियों की करतूत

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के अधिकारियों की मिलीभगत से बाजार खाला क्षेत्र स्थित बुलाकी अड्डा चौराहे पर मस्जिद और कब्रिस्तान की जगह पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस अवैध निर्माण की जानकारी कई बार एलडीए को दी गई, लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। निर्माण लगभग पूरा होने की कगार पर है, फिर भी अधिकारी निर्माण को बचाने में लगे हुए हैं।

यह मामला न केवल भ्रष्टाचार को उजागर करता है बल्कि एलडीए की अक्षमता और लापरवाही को भी दर्शाता है। एलडीए अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं, जो कि एक गंभीर मामला है। यह मामला प्रवर्तन जोन-7 में विकास के नाम पर विनाश की ओर इशारा करता है। इस निर्माण से एलडीए अधिकारियों की लापरवाही और भ्रष्टाचार की बू आती है।

यह सवाल उठता है कि क्या एलडीए अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन करने में असफल हो रहे हैं या फिर वे इसमें शामिल हैं? मालूम हुआ कि शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन एलडीए के



अधिकारियों ने झूठा दावा करते हुए कहा कि निर्माण कार्य के लिए आवश्यक नक्शा स्वीकृत कर दिया गया है। जबकि हकीकत में स्वीकृत नक्शा वास्तविक निर्माण से काफी कम है। यह मामला दर्शाता है कि नक्शा विभाग से लेकर प्रवर्तन विभाग तक सभी अधिकारी इस अवैध निर्माण में शामिल हैं। एलडीए के अधिकारी इतने बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण को कैसे अनुमति दे सकते हैं, यह एक गंभीर सवाल है।

मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के बावजूद एलडीए के अधिकारी खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। यह मुख्यमंत्री के आदेशों का खुला अपमान है। इस मामले में शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री जी, प्रमुख सचिव (आवास), राजस्व परिषद अध्यक्ष व जिलाधिकारी लखनऊ और मंडलायुक्त को लिखित शिकायत से अवगत कराया था। लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह एक गंभीर मामला है और इसकी गहन जांच होनी चाहिए। एलडीए के भ्रष्ट अधिकारियों की भूमिका की जांच होनी चाहिए और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। इस संबंध में शिकायतकर्ता ने प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी से मिलकर अवैध निर्माण के बारे में पूरी जानकारी दी थी। जोनल अधिकारी ने आश्वासन दिया था कि निर्माण पर जल्द कार्रवाई की जाएगी, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

इस मामले में लापरवाही या भ्रष्टाचार का मुखौटा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। यह सवाल उठता है कि क्या एलडीए के अधिकारी अवैध निर्माण को रोकने में असफल हो रहे हैं या फिर वे इसमें शामिल हैं। मुख्यमंत्री को हस्तक्षेप करना चाहिए और एलडीए के अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई करनी चाहिए। अवैध निर्माण को तत्काल गिराया जाना चाहिए और दोषी अधिकारियों को निलंबित किया जाना चाहिए। इसके अलावा एलडीए को अपनी कार्यशैली में सुधार करना चाहिए और अवैध निर्माण को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए।

## पुष्पक ट्रेन हादसा-लखनऊ रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ से मुम्बई चलने वाली पुष्पक ट्रेन में महाराष्ट्र के जलगांव के पास बड़ा हादसा हो गया। इसमें एक दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत होने की सूचना है। सेंट्रल रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने हेल्पलाइन नम्बर (8957409292) जारी किया है। (सीपीआरओ) डॉ. स्वप्निल निला ने हादसे की पुष्टि करते हुए कहा घटना अफवाह के कारण हुई। घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा दी जा रही है और मृतकों की पहचान की जा रही है। जानकारी के अनुसार लखनऊ से मुम्बई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकलने पर आग लगने की अफवाह फैल गई। घबराए यात्रियों ने ट्रेन से छलांग लगा दी, लेकिन दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया। रेलवे ने हेल्पलाइन नम्बर 8957409292 जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक, पुष्पक एक्सप्रेस के ब्रेक लगाने पर पहियों से धुआं निकला, जिसे यात्रियों ने आग समझ लिया। अफवाह इतनी तेजी से फैली कि किसी ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन रुकने पर यात्री जान बचाने के लिए डिब्बों से कूदने लगे। इस बीच, दूसरे ट्रैक से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही कई लोगों की मौत हो गई। हादसे में अब तक 8-10 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। 8 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सेंट्रल रेलवे के भुसावल डिवीजन के अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा- हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया गया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलवे अधिकारियों ने हादसे के लिए फैल रही अफवाहों को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि ब्रेक लगाने पर पहियों से निकलने वाला धुआं सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन इसे आग समझकर यात्रियों ने जल्दबाजी में ट्रेन से छलांग लगा दी, जो उनके लिए जानलेवा साबित हुई। इस हादसे ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सुंदरकाण्ड एवं विशाल भण्डारे का आयोजन

**लखनऊ।** ममता चौरिटेबल ट्रस्ट मन्दिरों के जीर्णोद्धार और प्राण प्रतिष्ठा के कार्य में भी लगी है। इसी क्रम में आध्यात्मिक चेतना एवं सद्भावना अभियान के अंतर्गत मालवीय नगर स्थित प्राचीन आनंदेश्वर महादेव मन्दिर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा केएक वर्ष पूर्ण होने के अवसरममता चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आध्यात्मिक चेतना एवं सद्भावना अभियान के अन्तर्गत सुंदरकाण्ड धार्मिक कार्यक्रमएवंविशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भण्डारे का उद्घाटन करते हुए ममता चौरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी राजीव मिश्रा ने कहा सेवा सहायता समर्पण त्याग एवं सहयोग के साथ-साथ भण्डारे एवं आध्यात्मिक चेतना समागम का कार्यक्रम ममता चौरिटेबल ट्रस्ट के बहुमुखी उद्देश्यों एवं सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र की सशक्तता के प्रति संकल्प को स्थापित करती है।

## युवक पर खौलती चाय फेंकी, कमर और हाथ झुलसे

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ** राजधानी के सरोजनी नगर में एक युवक पर उबलती चाय फेंकी गई, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। युवक ट्रांसपोर्ट नगर में खाना पैक कराने आया था। इस दौरान पंडित चाय वाले की दुकान पर चाय पीने के लिए रुका था। घटना मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे की है। बताया गया कि बदाली खेड़ा निवासी तौफीक ट्रांसपोर्ट नगर में खाना पैक कराने गया था। आरटीओ ऑफिस के पास स्थित पंडित चाय वाले की दुकान पर रुका, जहां पहले से मौजूद अनुराग ने अपने दो साथियों अमजद रजा और एक अज्ञात व्यक्ति की मौजूदगी में तौफीक पर उबलती हुई चाय फेंक दी। इससे तौफीक बुरी तरह झुलस गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तौफीक और अनुराग में मामूली बात पर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों के बीच



हाथापाई होने लगी। इस दौरान अनुराग ने आग की भट्टी पर रखा खौलती चाय का पैन उठाकर तौफीक पर फेंक दिया। इससे उसके कमर और हाथ झुलस गए। घटना के बाद पीड़ित ने एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया और फिर सरोजनी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तौफीक की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों अनुराग और अमजद रजा तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है।

## रिहर्सल परेड पी चलती बाइक पर जवानों का स्टंट

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ**राजधानी लखनऊ में 26 जनवरी के भव्य आयोजन के लिए रिहर्सल पूरे जोरों पर है। चारबाग से शुरू हुई रिहर्सल हुसैन गंज, बर्लिंगटन चौराहा विधान भवन से होते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम पहुंची। इस दौरान परेड का अभ्यास लगभग 1 घंटे तक चला। मंडला आयुक्त डॉ. रौशन जैकब ने परेड की सलामी ली। इस मौके पर जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर, डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी सहित शासन-प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे। परेड में शामिल होने वाले सभी लोगों को मंडलायुक्त की ओर से विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा- सभी लोग समय का खास ख्याल रखें। विशेष रूप से संस्कृत कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले स्कूल और कॉलेज दो दिन के अंदर और अधिक अभ्यास करके अपनी प्रस्तुति को बेहतर बनाएं। जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने कहा परेड का रियल टाइम रिहर्सल आयोजित किया गया था। यूनिफॉर्म फोर्सेज के साथ स्कूल कॉलेज को ऑब्जर्व किया गया। किया क्या संबंध स्कूल और टुकड़ी के जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश के पैरालिम्पिक खिलाड़ी भी शामिल होंगे

26 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित विशेष अतिथियों में उत्तर प्रदेश के पैरालिम्पिक खिलाड़ी भी शामिल होंगे जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ यह पदक विजेता और खिलाड़ी 26 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली के कार्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किए गए हैं। इनमें बैडमिंटन खिलाड़ी और आईएएस अधिकारी सुहास लालिनाकेरे यतिराज भी शामिल हैं जिन्होंने एसएल4 बैडमिंटन श्रेणी में 2024 पेरिस पैरालिम्पिक खेलों में सिल्वर पदक जीता है। साथ ही अजीत सिंह यादव, सिल्वर पदक विजेता ¥46 जेवलिन श्रेणी, भारतीय पैरालंपिक एथलीट साक्षी कसाना, दीपेश कुमार और कई अन्य खिलाड़ी भी आमंत्रित किए गए हैं। खिलाडियों के अलावा, जल निकाय कायाकल्प और संरक्षण के लिए काम करनेवाले ष्जल योद्धाष् और समाज में योगदान देनेवाले कई अन्य लोग भी आमंत्रित अतिथियों में शामिल हैं। राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए यह पहल शुरू की गई है। विशेष आमंत्रितों में 31 श्रेणियों के लोग शामिल हैं जैसे-आपदा राहत कार्यकर्ता, सरपंच, पीएम यशस्वी योजना विजेता, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एसएचजी सदस्य, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्टार्ट-अप, मन की बात प्रतिभागी इत्यादि।

## ट्रक की टक्कर से घायल व्यक्ति का हाथ काटना पड़ा, चालक फरार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ** बंथरा में चार दिन पहले ट्रक की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार अधेड़ का बांया हाथ इलाज के दौरान काटना पड़ा। पीड़ित के छोटे भाई ने घटना को अंजाम देने वाले के खिलाफ बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के रसूलपुर, भटगांव निवासी सुनील कुमार के मुताबिक उसके बड़े भाई अनिल कुमार वर्मा (55) मोहनलालगंज स्थित एक ट्रैक्टर एजेंसी में नौकरी करते हैं।

अनिल बीती 18 जनवरी को शाम करीब 6.30 बजे अपनी बाइक से मोहनलालगंज से घर लौट रहे थे। मोहनलालगंज रोड से बंथरा स्थित जुनाबगंज में पहुंचते ही जैसे ही वह कानपुर रोड पर मुड़े तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक (यूपी 79 एटी 5833) ने उसे टक्कर मार दी। सुनील का कहना है कि ट्रक चालक की लापरवाही से टक्कर लगते ही उसके भाई अनिल नीचे गिर गए और उनका बांया हाथ ट्रक के अगले पहिए के नीचे दब गया। इस बीच उधर से गुजर रहे बंथरा के ही अमावा निवासी शशिभाल ने घटना देखी और आसपास के लोगों को बुलाया। इसके बाद अनिल को ट्रक के नीचे से निकाला गया। बाद में पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना अनिल के परिजनों को हुई तो वह भी वहां पहुंचे और अपने भाई को पहले केजीएमयू स्थित ट्रॉमा सेंटर ले गए। लेकिन अगले दिन उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ऑपरेशन के दौरान अनिल का बांया हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण काट दिया गया। सुनील का कहना है कि अनिल अभी भी वहीं निजी अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज जारी है। फिलहाल सुनील की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक नंबर के आधार पर उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। है।

## समय की कमी के कारण नहीं हो सका फैसला

**अभय सिंह की विधायकी पर सुनवाई 12 फरवरी को**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा के बागी विधायक अभय सिंह के खिलाफ14 साल पुराने मामले में बुधवार को लखनऊ हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। समय की कमी के कारण कोर्ट ने अगली सुनवाई की डेट 12 फरवरी तय की है। अभय सिंह पर हत्या का प्रयास और जानलेवा हमला करने का आरोप है।

इसी केस में हाईकोर्ट की दो बेंचों ने अलग-अलग फैसला सुनाया था। इसके बाद केस को चीफ जस्टिस ने राजन रॉय की बेंच को ट्रांसफर कर दिया था। अयोध्या के रहने वाले विकास सिंह ने 2010 में अभय सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग और जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। इस मामले में अंबेडकर नगर पुलिस ने हत्या के प्रयास और अन्य धाराओं में अभय सिंह और चार



अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। 2023 में अंबेडकर नगर एमपी,एमएलए कोर्ट ने सुनवाई के बाद अभय सिंह समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया। इसके बाद विकास सिंह ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी।

मामला हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में पहुंचा, जहां 20 दिसंबर 2024 को दो अलग-अलग फैसले सामने आए। जस्टिस एआर मसूदी ने अभय सिंह समेत पांच आरोपियों को तीन साल की सजा सुनाई और जुर्माना लगाया। वहीं, जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव ने उन्हें बरी कर दिया। इन विरोधाभासी फैसलों के कारण यह मामला न्यायिक उलझन में पड़ गया और इसे चीफ जस्टिस अरुण भंसाली की बेंच को सौंपा गया। चीफ जस्टिस ने इस विवादित मामले को जस्टिस राजन रॉय की बेंच को ट्रांसफर कर दिया। आज की सुनवाई में अभय सिंह के राजनीतिक भविष्य और कानूनी स्थिति पर अंतिम फैसला आ सकता है। यह मामला सिर्फ कानूनी नहीं, बल्कि राजनीतिक महत्व भी रखता है। अगर अभय सिंह दोषी करार दिए जाते हैं, तो उनकी विधायकी पर असर पड़ सकता है।

वहीं, बरी होने की स्थिति में यह उनके लिए बड़ी जीत साबित होगी। फरवरी, 2024 में हुए राज्यसभा चुनाव में सपा विधायक अभय सिंह अपने सियासी कदमों के चलते चर्चा में रहे। उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में वोट डाला था। आरोप भी लगे थे कि बीजेपी ने धनबल और बाहुबल के जरिए सपा के विधायकों को तोड़ने की कोशिश की। इसके लिए उन्होंने सपा से बगावत भी की।

अभय सिंह का जन्म अयोध्या के रहने वाले भगवान बक्स सिंह के घर हुआ था। उन्होंने 1994 में लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। अभय सिंह ने सक्रिय राजनीति की शुरुआत समाजवादी पार्टी से की थी। 2012 विधानसभा चुनाव में अभय सिंह ने विधायकी का चुनाव लड़ा।

इस चुनाव में अभय सिंह ने बसपा कैंडिडेट इंद्र प्रताप तिवारी को हराकर जीत दर्ज की थी। 2017 में अभय सिंह चुनाव हार गए थे। 2022 विधानसभा चुनाव में अभय सिंह ने तीसरी बार सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ा और बीजेपी उम्मीदवार आरती तिवारी को हरा दिया था। आरती तिवारी पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी की पत्नी हैं। मौजूदा समय में अभय सिंह गोसाईगंज सीट से सपा विधायक हैं। लेकिन, बीजेपी से ज्यादा नजदीकी चल रही है।

## पीक आवर व नान पीक आवर में बिजली खपत का डेटा मांगेगा आयोग

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली दरें तय करने के लिए प्रस्तावित नियमावली को सुनवाई के बाद मार्च में लागू किया जाएगा। जिसके बाद प्रदेश की बिजली कंपनियों की तरफ से दायर वार्षिक राजस्व आवश्यक्ता (एआरआर) और बिजली दरों पर आयोग सुनवाई करेगा। नियामक आयोग अध्यक्ष अरविंद कुमार के मुताबिक 'टाइम आफ द डे टैरिफ पर आयोग भारत सरकार की नियामावली के तहत डाटा लेगा। जिसके आधार पर उचित फैसला लिया जाएगा। आयोग सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बिजली कंपनियां पीक आवर और नान पीक आवर में श्रेणीवार उपभोक्ताओं की बिजली खपत का विवरण देंगी तभी आयोग किसी नतीजे पर पहुंचेगा।

आयोग सूत्रों के मुताबिक पीक आवर और नान पीक आवर का लाभ स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को ही मिलना है। जिन उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उन्हें भारत सरकार की नियमावली के तहत यदि नान पीक आवर में बिजली दरें कम होने का लाभ दिया जाना है तो उसे दिया जाएगा। ऐसे ही पीक आवर में बिजली दरें बढ़ने की दरें भी श्रेणीवार उपभोक्ताओं पर पड़ेंगी। यह सब तभी तय होगा जब बिजली दरें तय करने की नई नियमावली लागू हो जाएगी। आयोग अभी निमयावली बना रहा है लागू करने की बात इसके बाद आएगी।

**मई 2026 तक यूपी में पीक आवर टैरिफ संभव नहीं:** लखनऊ। पीक आवर्स (बिजली की सर्वाधिक खपत की अवधि) में बिजली की दरें 15 से 20 फीसदी अधिक करने में प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने की सुस्त गति बड़ी बाधा है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर जब तक सभी उपभोक्ताओं के परिसर में नहीं लग जाएगा इसे लागू ही नहीं किया जा सकता है। इस मामले में सूचना है कि शासन स्तर से भारत सरकार को यह लिखा गया है कि अधिनियम के मुताबिक इस व्यवस्था को यूपी में मई 2026 तक लागू कर पाना संभव नहीं है।

कारण बताया गया है कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर सभी उपभोक्ताओं के परिसर में लगाने में ही मई 2026 तक का समय लग जाएगा। 2023 में भारत सरकार द्वारा गजट किए गए विद्युत संशोधन अधिनियम-2023 में ही यह व्यवस्था है कि एक अप्रैल 2025 से कृषि उपभोक्ताओं को छोड़ सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए 'टाइम आफ द डे टैरिफ लागू किया जाए।

### एलयू में पीएचडी के दो विषयों का रिजल्ट जारी

**लखनऊ** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत दो विषयों का साक्षात्कार के बाद परिणाम जारी कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थियों के लिए फीस पोर्टल गुरुवार को खुल जाएगा। जिससे वह अपनी फीस जमा कर सकेंगे। एलयू की वेबसाइट पर कंप्लीट मेरिट सूची भी जारी कर दी गई है। जिसमें सभी अभ्यर्थी श्रेणीवार अपनी रैंकिंग भी देख सकते हैं। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। प्रवेश समन्वयक प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि भूगर्भ विज्ञान और अंग्रेजी विषय का परिणाम घोषित किया गया है। उपलब्ध सीटों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों का सीट अलॉटमेंट और कट ऑफ जारी किया गया है। पूर्व में प्राप्त लॉगिन आईडी का इस्तेमाल करके अभ्यर्थी 23 जनवरी को दोपहर तीन बजे से फीस जमा कर सकेंगे। डॉ. अनित्य के अनुसार, फीस जमा करने की अंतिम तिथि 26 जनवरी तय की गई है।

## 32वीं वाहिनी परिसर में खुला चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर

**24 घंटे मुफ्त एंबुलेंस सेवा, पीएसी जवानों को मिलेगा लाभ**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ** सरोजनी नगर के कानपुर रोड स्थित 32वीं वाहिनी पीएसी परिसर में बुधवार को चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर की ब्रांच की शुरुआत हुई। पीएसी अस्पताल में सेनानायक आईपीएस प्राची सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

आईपीएस प्राची सिंह ने कहा- वाहिनी में नियुक्त रहने वाले पीएसी बल के जवानों और उनके परिजनों को फायदा होगा। इसके अलावा अन्य पुलिस बल सहित राज्य आपदा मोचन बल, एटीएस लखनऊ, उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय और प्रथम वाहिनी उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के अधिकारी-कर्मचारी को भी सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर की स्थापना किए जाने से वाहिनी के जवानों और उनके परिजनों की जहां एक ओर समस्त प्रकार की जांचें बाजार से कम रेट पर हो सकेंगी। वहीं दूसरी ओर उक्त संस्था एम्बुलेंस की सेवा भी 24 घंटे निशुल्क उपलब्ध कराएगी। इस मौके पर उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल लखनऊ प्रथम वाहिनी के उपसेना नायक वीरेंद्र कुमार, 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के उपसेना नायक अरुण कुमार सिंह, सहायक सेनानायक प्रथम अभय नाथ मिश्रा, सहायक सेनानायक द्वितीय जगदीश प्रसाद यादव, उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल लखनऊ प्रथम वाहिनी के सहायक सेनानायक नवीन कुमार नायक, वाहिनी चिकित्साधिकारी एसपी यादव, डॉ. एमसी जोशी और शिविर पाल सुनील कुमार और सहायक शिविर पाल जुल्फेकार अली सहित वाहिनी के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## जहरखुरानी की शिकार हुई महिला,जेवरात उतारे



लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** बुधवार को सरकारी अस्पताल में दवा लेने आयी एक महिला दिनदहाड़े ही जहर खुरानी का शिकार हो गयी।अज्ञात बदमाश भरे बाजार महिला के कानों आदि से सोने-चांदी के जेवरात उतार ले गये।

पीड़िता ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहब्बत पुरा निवासिनी 42 वर्षीया कमलेश देवी पत्नी होतीलाल बुधवार को नगर नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दवा लेने आयी थी। दोपहर लगभग बारह बजे पीड़िता जब सीएचसी के पास पहुँची तभी उसे किसी ने नशीला पदार्थ सूंघा कर बेहोश कर दिया और उसके कानो से सोने के टॉक्स तथा जंजीर आदि जेवरात उतार कर चिन्ताहरण मंदिर के सामने छोड़ कर भाग गये।

बताया गया है कि पीड़िता के भतीजे की शादी थी। जिसके लिए जंजीर और टॉक्स सही कराने के लिए साथ लायी थी। घटना के बाद होश में आने पर पीड़िता अपने घर पहुंची।

जहां पीड़िता ने परिजनों के साथ पुलिस कोतवाली पहुंच घटना की तहरीर दी है।

## मृतक सेवानिवृत्त एडीएम राजेन्द्र कश्यप का नौकर ही निकला हत्यारा

- एक अभियुक्त गिरफ्तार, अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे का सब्बल व गेस्ट हाउस से चोरी किया समान इन्वर्टर व 02 बडे बैट्रा बरामद

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा/कासगंज।** बुधवार को थाना कासगंज क्षेत्रान्तर्गत कासगंज-सोरों रोड स्थित ग्राम मामों के पास मीनाक्षी गेस्ट हाउस में मृतक राजेन्द्र प्रसाद कश्यप पुत्र स्व0 सामन्ती लाल निवासी ग्राम गोरहा थाना व जनपद कासगंज (सेवानिवृत्त एडीएम) का खून से लथपथ शव बरामद हुआ था। मृतक के पुत्र वादी श्री शुभम कश्यप पुत्र राजेन्द्र प्रसाद कश्यप निवासी म0नं0 डी/55 सेक्टर-10 वसुन्धरा थाना इन्द्रापुरम कमिश्नरेट गाजियाबाद की तहरीर के आधार पर थाना कासगंज पर अज्ञात अभि0गण के विरुद्ध पंजीकृत कराया जो मु0अ0सं0 061/2025 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना की गई।

पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा द्वारा उक्त घटना को गम्भीरता से संज्ञान लेकर अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चौहान के नेतृत्व में थाना कासगंज, सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त टीम गठित कर घटना के अनावरण हेतु आदेश-निर्देश निर्गत किये गये। गठित टीम द्वारा निरन्तर किये जा रहे प्रयासो के क्रम में बुधवार को पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त धर्मेन्द्र कश्यप पुत्र सुरेश निवासी ग्राम नगला कंचन थाना व जनपद कासगंज को नवीन रिजर्व पुलिस लाइन जाने वाले रास्ते पर आम के बाग के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे का सब्बल व मृतक के गेस्ट हाउस से चोरी किया समान इन्वर्टर व 02 बडे बैट्रा बरामद हुए है।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कासगंज पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।अभियुक्त धर्मेन्द्र कश्यप उपरोक्त मृतक के परिवार का घरेलू सेवादार था एवं पूरे परिवार का धर्मेन्द्र पर विश्वास था । दिनांक 27 दिसम्बर 2024 को मृतक राजेन्द्र कश्यप के गाजियाबाद चले जाने पर धर्मेन्द्र उपरोक्त द्वारा उनके ग्राम मामों स्थित मीनाक्षी गेस्ट हाउस में चोरी की घटना की गई थी।

चोरी किया गया बैड व गद्दे दिनांक 20 जनवरी 2025 को ग्राम दरूआपुर से प्राप्त हुए थे । जिसमें मृतक द्वारा बैड व गद्दे दिये जाने वाले व्यक्ति को नाम बताने का अल्टीमेटम दिया गया था। जिसमें धर्मेन्द्र द्वारा की गई चोरी की घटना छिपाने के लिए धर्मेन्द्र उपरोक्त के द्वारा दिनांक 21.01.2025 को प्रातः 04 बजे मीनाक्षी गेस्ट हाउस पर आकर लोहे के सब्बल से सेवानिवृत्त एडीएम राजेन्द्र कश्यप की सिर पर प्रहार कर हत्या की गई है।

## विदेश भेजने के नाम पर राजस्थान के पांच व्यक्तियों से 5.50 लाख ठगे

लोकमित्र ब्यूरो



**कौशांबी।** वैशाली सेक्टर एक स्थित कंसल प्लाजा के बेसमेंट में जय टूर एंड ट्रेवल्स के खिलाफ कौशांबी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सोमवार रात धोखाधड़ी का दूसरा मुकदमा दर्ज किया है। राजस्थान के सवाई माधोपुर जिला स्थित गांव रामसिंहपुर निवासी पिंकी लाल ने टूर एंड ट्रेवल्स कंपनी के कर्मचारी अजयराज मलिक, पिंटू, राज और निहारिका पर उनसे व उनके चार अन्य साथियों से विदेश भेजने के नाम पर 5.50 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। बता दें कि इसी कंपनी के तीन अन्य कर्मियों के खिलाफ रविवार रात पंजाब के बंठिडा निवासी गुरविंदर ने भी करीब नौ लाख रुपये की ठगी के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पिंकी लाल ने बताया कि वह आरोपी अजयराज से विदेश में नौकरी लगवाने के लिए मिले थे। आरोपी ने रूस में अच्छे मासिक वेतन में नौकरी लगवाने का वादा किया। साथ ही इसका खर्चा 1.80 लाख रुपये प्रति व्यक्ति बताया। आधा भुगतान शुरुआत में और बाकी आधा वीजा व टिकट मिलने पर किया जाना था।पिंकी ने बताया कि उन्होंने व उनके साथी ताराचंद बैरवा, लखन बैरवा, रामस्वरूप बैरवा और रूपराम बैरवा ने 2.50 लाख रुपये नकद दिए और बाकी तीन लाख रुपये अजयराज के बताए बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद 21 नवंबर 2024 को अजय राज ने फर्जी वीजा की फोटो उनके पास भेज दी। जब ठगी का पता चला तब उन्होंने संपर्क करने की कोशिश की लेकिन आरोपी और उसके बाकी साथियों ने मोबाइल नंबर ही बंद कर लिया। डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बैंक से खातों की जानकारी भी मांगी गई है।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर सिद्धेश्वर महादेव कुटी में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ

- महंत मुकेशानंद गिरि महाराज वैद्य ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के भव्य व दिव्य राम मंदिर में भगवान रामलला का विराजमान होना ऐसा आलौकिक, अदभुत

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** सिद्धेश्वर महादेव कुटी पाइपलाइन रोड मकरेडा में बुधवार को प्रातः 8.30 बजे से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। अखंड रामायण पाठ में गाजियाबाद ही नहीं आसपास के श्रद्धालु भी शामिल हो रहे हैं।

सिद्धेश्वर महादेव कुटी के महंत मुकेशानंद गिरि महाराज वैद्य के सानिध्य में अखंड रामायण पाठ का आयोजन अयोध्या के विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक श्री राम जन्म भूमि मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। महंत मुकेशानंद गिरि महाराज वैद्य ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के भव्य व दिव्य राम मंदिर में भगवान रामलला का विराजमान होना ऐसा आलौकिक, अदभुत, अविस्मरणीय व ऐतिहासिक पल था, जिसकी किसी से भी तुलना नहीं की जा सकती है। त्रेता युग में भगवान राम के जन्म व उनके राज्याभिषेक के बाद ऐसा क्षण आया, जिसका साक्षी बनने के लिए देवता भी तरसते हैं। भगवान राम की यह हम सभी पर कृपा रही है कि हमें इस क्षण का साक्षी बनने का सौभाग्य मिला। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर बुधवार को शुरू हुए अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति गुरूवार को होगी। आचार्य बृजेश मिश्रा, पंडित संजय मिश्रा, राधाकांत मिश्रा के साथ विद्यार्थी अंकित राज, रितिक, नितिन, आदित्य, कन्हैया, दुष्यंत, नीरज तथा विभिन्न शहरों से आए सोना, जूही कुमारी, स्वाती कुमारी आदि भक्त भी अखंड रामायण पाठ में शामिल हुए।

## क्रिक बशर्स दीवान वीकडेज क्रिकेट लीग का विजेता बना




लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** थर्ड दीवान वीकडेज क्रिकेट लीग का फाइनल बुधवार को क्रिक बशर्स व नवाब इलेविन के बीच खेला गया। 75 रन की जीत के साथ क्रिक बशर्स थर्ड दीवान वीकडेज क्रिकेट लीग का विजेता बन गया। फाइनल दीवान क्रिकेट ग्राउंड पर हुआ।` क्रिक बशर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 268 रन का विशाल स्कोर बना डाला। मोहित चावला ने 35 गेंद पर 79 रन की विस्फोटक पारी खेली। कप्तान वैभव सिंह ने 30 गेंद पर 50 रन बनाए। मनीष भाटी ने 25 गेंद पर नाबाद 57 रन ठौंक डाले। हर्षित जैन व अतुल सिंह को 2-2 विकेट मिले। 269 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नवाब इलेविन 20 ओवर में 8 विकेट पर 193 रन ही बना पाया। पंकज भारद्वाज ने 31 गेंद पर 53, तुषार चौधरी ने 22 गेंद पर 49 व राजकुमार बिश्नोई ने 24 गेंद 39 रन बनाए। अमित शर्मा ने 4 व प्रियांशु ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहित चावला को दिया गया।

## एसडीएम नें फार्मर आईडी को लेकर किया जागरूक



- जरूरतमंदों असहायों को कंबल किये वितरित

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** उप जिलाधिकारी अलीगंज और तहसीलदार द्वारा जरूरतमंदों असहायों को कंबल वितरित किये और फार्मर आईडी से संबंधित जानकारी किसानों को जानकारी दी गई और जल्द से जल्द फार्मर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। अलीगंज क्षेत्र के खिरिया पावरान और नगला मोच में उप जिलाधिकारी डॉक्टर विपिन कुमार मोरल और तहसीलदार नीरज कुमार वार्ष्णेय द्वारा कैंप लगाकर लोगों को फार्मर आईडी को लेकर जागरूक किया साथ ही 200 कम्बल जरूरतमंदों असहायों को वितरित किये। उप जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री आइडी को अनिवार्य कर दिया है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, कृषि ऋण एवं अन्य योजनाओं का लाभ लेने वाले किसानों को अब अनिवार्य रूप से फार्मर रजिस्ट्री आइडी बनवानी होगी। खेती से जुड़ी जमीन की निगरानी पूरी तरह से डिजिटलयुक्त होगी। इसके लिए जिले के सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आइडी बनाई जा रही है। इसमें हर किसान का एक अलग यूनिक नंबर जारी होगा।

प्रशासन स्तर पर इस नंबर को डालते ही संबंधित किसान का पूरा ब्यौरा सामने आ जाएगा। कृषि से जुड़े काम के लिए लोन प्रक्रिया को आसान बनाना. फार्मर आईडी किसानों को बिना दस्तावेज और बैंक का चक्कर लगाए फसल लोन और लोन एक घंटे के भीतर जारी की जा सके। जल्द से जल्द सभी किसान अपनी फर्मर आईडी बनवा लें जिससे उनको योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

## सहस्त्र चंडी दिव्य महायज्ञ एवं संत प्रवचन का आयोजन आज से

- आयोजको द्वारा आयोजन स्थल पर तैयारियां की गई पूर्ण
- आयोजन समिति के अनुसार आगामी 30 जनवरी को महायज्ञ एवं संत प्रवचन से पूर्व कलश यात्रा निकाली जायेगी

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** श्री स्कंद नंदी गणेश सेवा मंडल के तत्वाधान में 11 दिवसीय श्री सहस्त्र चंडी दिव्या महायज्ञ एवं संत प्रवचन का आयोजन का शुभारंभ आज गुरुवार से होगा। नगर के एमजीएम इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाले महायज्ञ अनुष्ठान की आयोजकों द्वारा बुधवार की शाम तक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

आयोजक मण्डल के अनुसार इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारम्भ 23 जनवरी को सुबह नगर मे ध्वज यात्रा एवं भूमि पूजन कार्यक्रम के साथ किया जायेगा। ध्वज यात्रा नगर के मोहल्ला महावीर गंज स्थित माँ दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होगी। जो निधौली चौराहा, बाईपास रोड होते हुए तोप चौराहा, महाराणा प्रताप चौक से नगर के प्रमुख बाजार मार्ग से होती हुई नगर के एमजीएम इंटर कॉलेज मैदान पहुंचेगी। जहां भूमि पूजन किया जायेगा। आयोजन समिति के अनुसार आगामी 30 जनवरी को महायज्ञ एवं संत प्रवचन से पूर्व कलश यात्रा निकाली जायेगी। जिसका शुभारंभ नगर के सादाबाद रोड स्थित अग्रवाल कोल्ड स्टोरेज से होगा। यह कलश यात्रा मुख्य बाजार मार्ग होते हुए आयोजन स्थल एमजीएम इंटर कॉलेज मैदान पर पहुँचेगी। इसके बाद 31 जनवरी को विधि निर्माण एवं प्रतिष्ठा पूजन कार्यक्रम होगा। 1 फरवरी से 11 फरवरी तक सहस्त्र चंडी दिव्य महायज्ञ का आयोजन होगा। तथा 4 फरवरी से 8 फरवरी तक संत सम्मेलन एवं प्रवचन के कार्यक्रम होंगे।

## सपा नोएडा महानगर ने छोटे लोहिया (जनेश्वर मिश्र) को किया शत-शत नमन

- डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने समाजवाद का पर्चा लहराया था उन्होंने हमेशा दलित शोषित और पीड़ितों की लड़ाई लड़ी थी

देव मणि शुक्ल



**नोएडा।** छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र की 15 वीं पुण्यतिथि पर सेक्टर 53 स्थित कंचनजंगा मार्केट सपा नोएडा महानगर कार्यालय पर नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर उनको याद किया।

डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने समाजवाद का पर्चा लहराया था उन्होंने हमेशा दलित शोषित और पीड़ितों की लड़ाई लड़ी थी।

उन्होंने सदैव समाज के बारे में चिंतन किया, उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समाजवादियों के लिए समर्पित कर दिए, उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज नोएडा शहर में स्वास्थ्य ,शिक्षा और कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो चुकी है सरकारी अस्पताल में लोग बिना इलाज और दवाई के परेशान हैं नोएडा के जनसंख्या के अनुपात में ना तो यहां कॉलेजों की संख्या बढ़ाई गई और ना ही सरकारी स्कूलों की संख्या बढ़ाई गई।

स्कूलों कॉलेज में व्यवस्था पूरी तरह फेल है, आज शहर में चारों तरफ भय का माहौल है लगातार लूट ,चोरी, कत्ल की वारदात शहर में बढ़ती जा रही है, प्रदेश सचिव सुनील चौधरी वह पूर्व अध्यक्ष रेशपाल अवाना ने कहा कि जनेश्वर मिश्र को छोटे लोहिया के नाम से भी जाना जाता है उनके रग रग में समाजवाद भरा हुआ था, वही मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव व रामवीर यादव ने कहा कि आज जनेश्वर मिश्र की जयंती पर सभी समाजवादी लोग व्रत लेंगे कि वे जनेश्वर मिश्र के बताए मार्ग पर चलकर भाजपा की भय भूख और भ्रष्टाचार के उल्टे पड़े नारे को जन-जन तक पहुंचाएंगे और उन्हें बताएंगे कि महंगाई किस चरम पर है पेट्रोल डीजल महंगे हो गए हैं।

इसके साथ सरसों का तेल और अन्य चीजों के दाम भी आसमान छू रहे हैं,आज के बैठक में मौजूद मुख्य लोगों में वीरपाल प्रधान ,योगेश भाटी, अमित बसोया , बबली शर्मा, महकार तंवर, दिव्यांशु यादव, रामवीर यादव,कवित गुर्जर,सतवीर यादव, राम सहेली , गौरव सिंघल, रामवीर चौधरी, अनुराग यादव, सनी सिंगर,वीर बहादुर, विश्वास ,सिकंदर पासवान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एक मद्य निषेध प्रभात फेरी, एक मद्य निषेध प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बुधवार को सोनम देवी इण्टर कॉलेज, एटा में एक मद्य निषेध प्रभात फेरी, एक मद्य निषेध प्रदर्शनी व एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें छात्रगणों व शिक्षकगणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया संगोष्ठी में जिला मद्य निषेध अधिकारी एटा भूपेश कुमार के द्वारा बताया गया कि नशा युवा वर्ग को अपनी चपेट में ले रहा है।

जिससे युवा वर्ग अपने लक्ष्य से भटक जाता है साथ ही आर्थिक स्थिति व सामाजिक स्थिति का पतन होता जाता है।

इसलिए नशा को जड़ से उखाड़ फैकना आवश्यक है। संगोष्ठी में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य मनोज भारद्वाज, लोकेन्द्र कुमार स0अ0, मुनेश कुमार स0अ0, प्रदीप उपाध्याय स0अ0, श्रीमती रिया शर्मा स0अ0 शिक्षकगण उपस्थित रहे कार्यक्रम के अन्त में सभी को नशा के विरूद्ध शपथ ग्रहण करायी गयी एवं बीच-बीच में साहित्य का वितरण किया गया।

## स्थानीय नेता द्वारा वर्चस्व के लिए पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे करवाए जा रहे हैं दर्ज

- राम मंदिर स्थापना की पहली वर्षगांठ पर पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे हो रहे दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो



**गाज़ियाबाद।** 21 जनवरी को स्थानीय पार्षद पति पवन गौतम द्वारा दर्ज कराई एफआईआर में पत्रकार आशा चौधरी एवं अनुज चौधरी का नाम बिल्कुल ही गलत तरीके से दर्ज किए जाने पर पत्रकार समाज में रोष व्याप्त है।

दरअसल इन दोनों पत्रकारों द्वारा एक अवैध उगाही के मामले को प्रमुखता से उठाया गया था जिसके अंतर्गत इन पत्रकारों द्वारा पार्षद पति से फोन पर अवैध उगाही एवं स्थानीय दुकानदारों के आधार कार्ड के इकट्ठा करने के कारण पूछे गए थे । इस पर पवन गौतम द्वारा मेयर का नाम लेकर उनके आदेश पर आधार कार्ड एकत्रित करना बताया गया था और जब मौके पर पत्रकारों द्वारा जिन लोगों से अवैध उगाही हुई थी उनसे वीडियो में पूछताछ की थी और उन लोगों ने पार्षद पति पवन गौतम का नाम कमरे पर लिया था। उसके बाद जब इस खबर को कई स्थानीय समाचार पत्रों में छापा गया तो पुलिस के साथ मिलीभगत कर उसने एक झूठी स्न ढ्ढ क्र इन पत्रकारों के खिलाफ दर्ज करवा दी गई।

इस बाबा पत्रकार अनुज चौधरी ने बताया कि अवैध उगाही की शिकायत सर्वप्रथम जय कृष्ण द्वारा 8 तारीख को कराई गई थी जिसमें कवि नगर, नगर निगम जोनल कार्यालय द्वारा थाना कवि नगर को कार्रवाई करने की लिए प्रार्थना पत्र दिया था। उसके उपरांत भी पुलिस द्वारा पार्षद के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई।

उसके खिलाफ अखबारों में छपने पर पुलिस ने पवन गौतम के साथ मिलकर एक झूठी द्ब ढ्ढ क्र लिखवा दी सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि यदि जय किशन ने झूठी सूचना नगर निगम को दी थी और नगर निगम ने जांच कर उक्त झूठी सूचना को सत्य मानकर पुलिस में कार्रवाई के लिए तहरीर दी तो इसमें साफ प्रतीत होता है कि जय किशन भी दोनों पत्रकारों से मिला हुआ है तो फिर उसके खिलाफ कोई प्राथमिकी की क्यों नहीं हुई और अवैध उगाही की पर्ची है नगर निगम के नाम पर। तो पत्रकार की सलिंप्तता के साक्ष्य क्यों नहीं पेश किए आदि बहुत से प्रश्न है जिनके उत्तर अभी मिलना बाकी है।

## 20 हजार की रिश्वत लेते दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ दबोचा



लोकमित्र ब्यूरो

**लोनी।** मेरठ की एंटी करप्शन टीम ने अंकुर विहार थाने में तैनात दरोगा मुन्ना लाल सागर को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। धोखाधड़ी और जानलेवा हमले के आरोपी ने मुकदमे में से नाम निकालने की एवज में दरोगा पर 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाकर एंटी करप्शन विभाग में शिकायत की थी। निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने आरोपी दरोगा के खिलाफ ट्रॉनिका सिटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

मेरठ एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि प्रॉपर्टी डीलर कृपाल सिंह निवासी बेहटा हाजीपुर लोनी बॉर्डर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि विकास कुमार ने उनके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे से उनका नाम निकालने की एवज में अंकुर विहार थाने में तैनात दरोगा मुन्ना लाल सागर ने 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। मंगलवार को 15 सदस्यीय टीम कृपाल सिंह के साथ अंकुर विहार थाने पहुंची। कृपाल सिंह ने दरोगा को रुपये लेकर आने की बात कही। दरोगा मुन्ना लाल ने कृपाल सिंह को थाने के बाहर ही खड़े रहने को कहा। थाने के बाहर आए दरोगा मुन्ना लाल को कृपाल सिंह ने 20 हजार रुपये थमा दिए।

## होटल में चल रहा था देह व्यापार, पुलिस को देखकर मची भगदड़, 9 लोग गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** कौशांबी थानाक्षेत्र स्थित आयुष होटल में चल रहे देह व्यापार के धंधे का भांडाफोड़ कर कौशांबी पुलिस ने एक बुजुर्ग समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। होटल में आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। इसके साथ ही एक ऑनलाइन ट्रांजेक्शन एप का स्कैनर और होटल रजिस्टर को भी जब्त किया गया है। वहीं गिरफ्तार हुए नौ लोगों में होटल संचालिका भी शामिल है। वहीं पुलिस ने होटल से देह व्यापार में फंसी सात महिलाओं को रेस्क्यू कर उन्हें घर भेजा। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अजय कुमार सिंह ने बताया कि आयुष होटल में देह व्यापार संचालित होने की शिकायत मिली थी। पुलिस से मंगलवार की देर रात शिकायत की गई थी। तब टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा तो होटल के कमरों में महिला-पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में मिले थे। मौके से पुलिस ने होटल के प्रबंधक उत्तारखंड के पौढ़ी गढ़वाल निवासी सागर सिंह नेगी और त्रिलोकपुरी दिल्ली निवासी निशा को गिरफ्तार किया। दोनों होटल में महिलाओं को अच्छी आमदनी की नौकरी का झांसा देकर बुलाते थे और उनसे देह व्यापार कराते थे। इसके अलावा पुलिस ने सात अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें दिल्ली निवासी एक 60 वर्षीय बुजुर्ग भी शामिल है। वहीं पुलिस को देखकर भागने में कामयाब हुए। न्यू अशोक नगर दिल्ली निवासी विक्रम सिंह उर्फ विक्की की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी का खुलासा, एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** बुधवार को उ0नि0 रामवीर सिंह मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 03/25 थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त पवन बेड़िया पुत्र रोहीत बेड़िया निवासी ग्राम सेम्बसी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को नहरपुल वादे सिंह का पुरवा के पास से समय करीब 07.30 बजे शाम को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 जोड़ी पायल बरामद हुई । पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि 15-20 दिन पहले नहरकोठी स्थित महेश की दुकान से 01 जोड़ी पायल चोरी की थी । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई ।

### 15 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार




**अमेठी।** बुधवार को उ0नि0 रामचेत यादव थाना अमेठी मय हमराही द्वारा अभियुक्त अवधेश कश्यप पुत्र स्व0 राम अभिलाख कश्यप निवासी रौनिया पूरब थाना कुडवार जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 32 वर्ष को दूर्गापुर रोड फ्लाई ओवर के पास से समय करीब 06.25 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई अंतर्जनपदीय,25 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार,

### अवैध तमंचा, कारतूस 315 बोर बरामद

**अमेठी।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान में बुधवार 22.01.2025 को प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 66/23 थाना मुसाफिरखाना में वांछित व 25 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त सुधीर सिंह पुत्र वशिष्ट सिंह निवासी ग्राम सारंगापुर बडागांव थाना रौनाही जनपद अयोध्या उम्र करीब 27 वर्ष को पिण्डारा नहर पुल के पास से समय करीब 04¬10 बजे रात्रि गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस ,खोखा 315 बोर बरामद हुआ । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

### प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण, भंडारे आयोजित



**अमेठी।** जिले के उप निबंधक कार्यालय अमेठी के मुख्य द्वार पर बुधवार को दोपहर बाद स्टांप विक्रेताओं, दस्तावेज लेखकों और कार्यालय कर्मियों के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का आरंभ आशीष श्रीवास्तव की दुकान पर भगवान राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अयोध्या मे नवनिर्मित रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष बीतने के शुभ अवसर पर प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर रामशंकर प्रजापति, शिवकुमार दूबे, मनोज श्रीवास्तव, रमेश गुप्ता, अनिल तिवारी, चंदन प्रजापति, सभादीन कोरी, शिवराम तिवारी, विजय गौतम, रामप्रकाश गुप्ता सहित समस्त उप निबंधक कार्यालय से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

### अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**बाराबंकी।** अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी नगर पंचायत बंकी द्वारा नगर क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीमा विस्तारित क्षेत्र गोसाई पुरवा में चल रहे पार्क निर्माण कार्य गुणवत्ता परक कराए जाने हेतु संबंधित फर्म/ठेकेदार को निर्देशित किया गया। उन्होंने जल्द से जल्द निर्माण कार्य कराये जाने के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के आदेश दिये।

### ट्यूशन के लिये निकले दो बच्चे लापता, पुलिस ने सर्विलांस के जरिये तीन घण्टे बाद खोज निकाला

**बांगरमऊ,उन्नाव।** नगर के एक मोहल्ले से दो बच्चे शाम को ट्यूशन पढ़ने घर से निकले थे। किंतु कोचिंग सेंटर नहीं पहुंचे और अचानक लापता हो गए। उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। पिता की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने करीब 3 घंटे बाद सर्विलांस के जरिए दोनों बच्चों को ढूंढ निकाला। नगर के मोहल्ला कटरा निवासी अनूप अग्निहोत्री के दो बेटे प्रांजल 12 वर्ष और प्रतीक 9 वर्ष गत मंगलवार को घर से शाम करीब 4 बजे ट्यूशन पढ़ने स्टेशन रोड स्थित कोचिंग सेंटर के लिए निकले थे। किंतु दोनों बच्चे कोचिंग सेंटर नहीं पहुंचे और रास्ते से ही लापता हो गए। बच्चों के पास मौजूद मोबाइल भी स्विच ऑफ मिला। पिता सहित अन्य परिजनों ने नगर तथा क्षेत्र में दोनों बच्चों की काफी खोज की। किंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। अंततः पिता ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने आनन-फानन बच्चों का मोबाइल सर्विलांस पर लगाया। तब बच्चों की लोकेशन उन्नाव मार्ग पर स्थित ग्राम बौनामऊ में मिली। पुलिस ने दोनों बच्चों को बरामद कर उन्हें पिता के हवाले कर दिया। बच्चों के मिलने तक पुलिस बेहद हलाकान रही।

### अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी दस हजार के इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बांगरमऊ,उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की कड़ी में कोतवाली पुलिस ने आज एक 10 हज़ार के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है। अभियुक्त पर दलित किशोरी का अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। कोतवाली पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भठियापुर निवासी शहनूर पुत्र जुम्मन के विरुद्ध कोतवाली में नाबालिग दलित किशोरी के अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी शहनूर फरार चल रहा था। तब पुलिस अधीक्षक ने इसके ऊपर 10 हज़ार रूपये का इनाम घोषित किया था द्य खास मुखबिर की सूचना पर आज सुबह कोतवाली के उप निरीक्षक जिब्राइल शेख,आरक्षी गोविंद सिरोही व महिला आरक्षी रेनू ने आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पुल के निकट से आरोपी को उस समय दबोच लिया, जब वह कहीं भगाने की फिराक में वाहन के प्रतीक्षा कर रहा था। आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पुलिस न आरोपी शहनूर को अदालत मे पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के पटल/अनुभागों का किया निरीक्षण

» निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभी पटल/अनुभागों का बुधवार ए आकस्मिक निरीक्षण कर पत्रावलियों के सुव्यवस्थित ढंग से रख रखाव, साफ सफाई सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशासनिक अधिकारी कक्ष में अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका का अवलोकन किया एवं सेवा पुस्तिकाओं को अद्यतन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा की सेवा पुस्तिका में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा लिए गए अवकाशों एवं अन्य कार्यों को अद्यतन रखा जाए। इसके उपरांत उन्होंने नजारत, वेतन लिपिक विविध लिपिक कक्ष, राजस्व सहायक कक्ष, ईआरके शिकायत डिस्पैचर कक्ष, अभिलेखागार, पब्लिक काउंटर, भूलेख अनुभाग, न्याय सहायक कक्ष, ई-डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम, एलएसी कक्ष, शस्त्र लिपिक, राजस्व अभिलेखागार, मुख्य राजस्व लेखाकार कक्ष, जिला आपदा नियंत्रण कक्ष सहित अन्य पटल अनुभागों का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी पटल सहायकों को पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखरखाव, साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा साथ ही अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका आदि को अद्यतन रखने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी अनुभागों के पटल सहायकों को अपने सामने अपने पदनाम की नेम प्लेट लगाने के साथ ही जो कार्य संपादित किया जा रहे हैं उसका विवरण भी डिस्प्ले करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि कलेक्ट्रेट परिसर में कहीं पर भी गंदगी आदि न होने पाए इसका विशेष ध्यान रखेंगे अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में कलेक्ट्रेट अपने नए भवन में शिफ्ट हुआ है सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने पटल से संबंधित समस्त पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से स्थापित कर लें तथा उच्चाधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान सभी कार्यों का विधिवत अवलोकन कराएं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता हैं सूरज सिंह चौहान

» खरगमनखेड़ा मे आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

लोक मित्र संवाद

**पाटन उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम खरगवन खेड़ा मजरे चैनपुर में जय मां बुढ़िया महरानी क्रिकेट क्लब द्वारा नौ दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ युवा समाजसेवी सूरज सिंह चौहान ने फीता काट कर किया। प्रतियोगिता मे क्षेत्र सहित गैर जनपदों की लगभग 16 टीमों ने प्रतिभाग लिया है।

तहसील क्षेत्र ग्राम खरवनखेड़ा मे आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे युवा समाजसेवी सूरज सिंह चौहान ने फीता काट कर व खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए ।खेल से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिकता तथा बौद्धिक विकास होता है। खेल जीवन के लिए अति आवश्यक है। कार्यक्रम को शिववीर सिंह वीरू ने संबोधित करते हुए कहा ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है। ग्रामीण क्षेत्र मे प्रतिभाओं की कमी नहीं है ।उन्हें ऐसे ही छोटे-छोटे आयोजन के माध्यम से तरासने की जरूरत है। क्रिकेट का उद्घाटन मैच भीतरी व कोरवां के मध्य खेला गया। कोरवा क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर के खेल में भितरी की टीम ने 72 रन बनाएं लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरवा की टीम ने सात ओवर में पांच विकेट होकर 6 विकेट से प्रतियोगिता को अपने नाम किया सर्वाधिक 30 रन कोरवां के पठान ने बनाए। समिति द्वारा मुख्य अतिथि सहित अन्य तिथियों का माल्यार्पण व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सूर्यपाल सिंह, कृष्ण मोहन सिंह, शिव बहादुर सिंह ,बिन्नू सिंह, अंकित सिंह, तनिष सिंह, अरुण प्रताप, सूरज सिंह, आदि सहयोगी लोग उपस्थित रहे।

# अली अहमद बने एएमआईएम के जिला अध्यक्ष




लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** ऑल इंडिया मजलिसे इतिहादुल मुस्लिमीन का नया जिला अध्यक्ष अली अहमद साहब को बनाए जाने पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से मोहम्मद तुफैल ग्राम गनोरा के प्रधान एआइएमआइएम प्रदेश सेंट्रल जोन के सचिव खतीब अल्वी प्रदेश सेंट्रल जोन के सचिव विकास श्रीवास्तव किसान यूनियन के अध्यक्ष फैसल मलिक और एआइएमआइएम के समस्त कार्यकर्ता शामिल हुए और तमाम कार्यकर्ताओं को एआइएमआइएम के पद पर नियुक्त किया गया जिनमें से मुख्य रूप से इजहार अहमद उर्फ बाबू खान को जिला उपाध्यक्ष सहीम खान जिला महासचिव नूर आलम सिद्दीकी कोषाध्यक्ष जाबिर अली इदरीसी जिला सचिव समीउल्लाह राइन दरियाबाद विधानसभा 270 का अध्यक्ष मोहम्मद रफी नवाबगंज नगर अध्यक्ष अजहरुद्दीन उर्फ शिबू इदरीसी कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद तुफैल सदर विधानसभा 268 का अध्यक्ष मोहम्मद शकील मंसूरी रामनगर विधानसभा 267 का अध्यक्ष मोहम्मद आदिल जिला सचिव मोहम्मद शोएब खान जिला सचिव साबिर अली जिला सचिव मोहम्मद आमिर उस्मानी जिला सचिव इरफान उर्फ अन्ना जिला संयुक्त सचिव बनाया गया सभी को पदों पर नियुक्त किया गया वा हार माला डालकर सभी को सम्मानित किया गया

# बसपा कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** बुधवार को कान्हा मैरिज लान गौरीगंज में बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व समाज के बीच पार्टी संगठन की मजबूती को सभी विधानसभाओं में सेक्टर वार कैडर कैम्प आयोजित करने की कार्ययोजना तैयार की गई। बसपा की नीतियों और उपलब्धियों पर विस्तार से संवाद हुआ। अयोध्या मंडल के मंडल प्रभारी सर्वेंद्र अम्बेडकर ने कहा कि सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय बसपा की नीति है। बहुजन समाज पार्टी देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना को संघर्षरत है। उन्होंने बसपा के सेक्टर वार कैडर कैम्पों की विषय वस्तु के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी।

मंडल प्रभारी छोटे लाल मौर्य ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी केवल एक मात्र राजनीतिक दल है, जिसने अपने चालीस साल के सफर में धन्नासेठों और पूंजीपतियों से कभी एक पैसे का चंदा नहीं लिया और देश में कार्यकर्ताओं और मिशनरी सहयोगियों के बल पर अपना संगठन खड़ा किया। बसपा सुप्रीमो बहन मायावती ने अपने चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल में सर्वसमाज के हित में काम किए।26लाख लोगों को सरकारी नौकरियां दीं और 26योजनाएं चलाकर सर्व समाज का कल्याण किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को तन,मन,धन से मिशन और मूवमेंट के हित में काम करने को प्रेरित किया और कहा कि दुनिया में अच्छा शासन, अच्छा काम बसपा की पहचान है। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने किया। जिला प्रभारी दिनेश गौतम,राम अभिलाष बौद्ध, विजय कुमार गौतम, विजय प्रजापति ने बैठक को प्रमुख रूप से सम्बोधित किया। बैठक में जिला महामंत्री रमेश कुमार मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष शिवराम, लक्ष्मण प्रसाद, मोहन लाल गौतम, सुरेन्द्र बौद्ध , विद्याव प्रसाद गौतम, बलराम यादव, मोती लाल,राम पाल,राम सजीवन कोरी, शिव नायक पासी आदि मौजूद रहे।

# जनपद के थानों द्वारा चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

» महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा संग्राम सेनानी भगवती प्रसाद वारिसगंज में

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।**बुधवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के तहत नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा संग्राम सेनानी भगवती प्रसाद वारिसगंज में, थाना इन्हौना पुलिस द्वारा शिव कुमारी शुक्ला इंटर कालेज चिलौली में, थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा कस्बा तिलोई में, थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा कस्बा जगदीशपुर में, थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा ग्राम रातवलिया मझांर में, थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा कस्बा नहर कोठी में महिलाओं/बालिकाओं को थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में तथा साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किये गये। और साथ ही थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

# बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के 10 वर्ष पूर्ण

लोकमित्र ब्यूरो




**अमेठी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 22 जनवरी 2025 से 8 मार्च 2025 तक लगातार आयोजन किये जाने हेतु महिला कल्याण विभाग अमेठी द्वारा कार्यक्रम तैयार किया गया है जिसके क्रम में बुधवार आज से कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया है। शासन की प्राथमिकताओं में सुमार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत कन्याजन्मोत्सव का आयोजन संयुक्त जिला चिकित्सालय असैदापुर गौरीगंज ,जनपद -अमेठी में किया गया। कार्यक्रम में नवजात कन्याओं के जन्म पर अभिभावकों को वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी द्वारा बेबी किट एवं सम्मान पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करती हुई वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कन्याजन्मोत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के प्रति समाज में प्रचलित कुरीतियों, असमान लिंगानुपात, बाल विवाह एवं बालिकाओं के प्रति परिवार की नकारात्मक सोच के दृष्टिगत महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत कन्याजन्मोत्सव एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के रूप में नई पहल की जा रही है। जो बालिकाओं हेतु अत्यंत लाभकारी योजना है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बालिकाओं के जन्म से लेकर उच्चतम शिक्षा तक रुपया 25000 (छ¬ श्रेणियो) में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी तथा अंतिमा शुक्ला, बालिकाएं, महिलाएं मौजूद रहे।

### खेलते समय अबोध बालिका पानी भरे टब में गिरी, दम घुटने से मौत

**बांगरमऊ,उन्नाव।** एक वर्षीय अबोध बालिका अपने घर में खेल रही थी । तभी अचानक वह बगल में ही रखें पानी के टब में गिर पड़ी । पानी मे दम घुटने से अबोध बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है। नगर के मोहल्ला मोहल्ला पन्नी टोला निवासी नीरज वर्मा की एक वर्षीय बेटी आराध्या वर्मा आज दोपहर बाद अपने घर में खेल रही थी। बच्ची खेलते-खेलते अचानक पास में ही रखे पानी भरे टब में गिर पड़ी। घर के आंगन में खेल रही बच्ची अचानक गायब हो गई द्य परिजन बच्ची को खोजने के लिए घर से बाहर निकल ही रहे थे,तभी अचानक उनकी नजर पानी भरे टब पर गई द्य बच्ची टब मे भरे पानी में उतरा रही थी द्य परिजन आनन-फानन उसे टब से निकाल कर गंभीर हालत मे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। यह सुनकर परिजन दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगे।

# किसान हो रहे परेशान, आईडी और सम्मान के लिए

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** जिले का नाम और अयोध्या, दोनों को लेकर कई इतिहासकार और पत्रकार , अ,से अमेठी अ,से अयोध्या कहते है,कई साहित्यकार कलमकार लहुरी काशी के रूप में भी लिखते हैं, परंतु अमेठी की जनता को हमेशा छला जा रहा है युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है,,भ्रष्टाचार में डूबा कृषि विभाग,, और उसके दावे, इस पर क्या कहा ,उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार ने ,,उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त राजस्व ग्रामों में कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा कैम्प मोड में अभियान चलाकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. तैयार किये जाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी अमेठी द्वारा जनपद के जन सुविधा केन्द्रों एवं फार्मर रजिस्ट्री हेतु प्राप्त एप सहायक मोड से किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 तैयार की जा रही है।

जनपद में कुल 318852 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 बनायी जानी है जिसमें से अब तक कुल 96729 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 तैयार की गयी है। जो कि लक्ष्य का 30.29 प्रतिशत है। अवशेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 बनाये जाने का कार्य जनपद के समस्त जन सुविधा केन्द्रों एवं राजकीय कृषि बीज भण्डरों पर किया जा है। जिसका निरन्तर अनुश्रवण जनपद के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। उक्त के कम में जनपद के समस्त किसान भाइयों से अपील है कि आप स्वंय सेल्फ मोड से अथवा नजदीकी जन सुविधा केन्द्र व राजस्व ग्रामों में आयोजित होने वाले कैम्पों में उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 अवश्य बनवायें।

जिससे कि आपको प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत प्राप्त होने वाली किस्तें अनवरत प्राप्त होती रहें। जनता का आरोप, जब जिले की ग्राम सभाओ में टहलकर देखा गया तो नाम न छापने की शर्त पर लोगों ने बताया कि सारी कार्रवाई कागजों पर हो रही है सरकार को बेवकूफ बनाया जा रहा है, आवारा पशुओं से जनता परेशान है रिश्वतखोरी का गुण देश और समाज को खोखला करने पर उतारू है इस पर कौन सी सरकार ध्यान देगी इसका जनता इंतजार कर रही है।

### युवती को भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज



**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में एक युवती को रिश्तेदार द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगा है। पिता की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मसौली थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति की पुत्री को 15 जनवरी के दिन करीब 1 बजे उसके रिश्तेदार दिवाकर पुत्र स्व0 राकेश कुमार नि0 ग्राम कोहंग पुर थाना बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ ने बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर भगा ले गया है। पिता के अनुसार उसके द्वारा काफी खोज-बीन करने पर कोई पता नही चला सका है। जिससे वह मानसिक रुप से काफी चिन्तित व परेशान है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

# विधवा महिला से जालसाजी कर ठगे 2.70 लाख रुपए

लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र की विधवा महिला को जालसाजी कर एक एजेंट ने दो लाख 70 हजार रुपए प्राईवेट कंपनी में जमा कर दिए। लेकिन पीड़ित महिला को जमा धनराशि न मिलने पर एजेंट द्वारा फौजदारी पर उतार गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है। थाना क्षेत्र के कटरा मजरे डडियामऊ, पोस्ट नहामऊ निवासिनी इन्द्रना ने पुलिस अधीक्षक बाराबंकी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि मैं अनपढ़ महिला है। पीड़िता के पति की मृत्यु करीब 10 वर्ष पूर्व हो गई थी। पीड़िता के पति के बीमा की धनराशि जब मिली तो थाना क्षेत्र के टीआर भट्टा , ग्राम खुर्दमऊ निवासी विनोद कुमार घर आकर प्रार्थिनी से पुनः बीमा करने के नाम पर मु 2,70,000/-रु (दो लाख सत्तर हजार रूपये) ले लिया और कहा कि हम तुम्हारा बीमा कर रहे है जिसमें आपको चौगुना धनराशि मिलेगी। पीड़िता ने कहा कि हमारा बीमा एल.आई.सी. कम्पनी में ही करना उसके बाद भी विनोद कुमार ने प्रार्थिनी से जालसाजी करके एक फर्जी कम्पनी आरसन वन इण्डस्ट्रीज कम्पनी में पपीड़िता का पैसा जमा कर दिया। पीड़िता ने दिनाँक 18 दिसम्बर 2024 को सुबह करीब 7 बजे विनोद कुमार के घर जाकर जब अपना पैसा मांगा तो विनोद कुमार फौजदारी पर अमादा होकर कहा कि यह कम्पनी अब खत्म हो गई है और तुम्हारा पैसा कभी नहीं मिलेगा दुबारा मांगने आ गई तो जान से मारकर खत्म कर देंगे और पीड़िता को बेईज्जत करके भगा दिया। पुलिस अधीक्षक ने मुकदमा दर्ज करने के निर्देश पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है।

संक्षिप्त खबरें

### श्रीमदभागवत कथा के छठवें दिन रुक्मिणी विवाह का सुंदर विवेचन किया



**बीघापुर।** उन्नाव।तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा भवानी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन भागवताचार्य बृंदावन मथुरा से पधारे श्री कृष्ण महाराज ने रासलीला से लेकर रुक्मिणी विवाह तक की कथा का सुंदर विवेचन किया। भागवताचार्य ने कथा श्रवण कराते हुए कहा कि जीव और ब्रम्ह का मिलन ही रास है। गोपियों के साथ रास करके भगवान ने उनकी मनोकामनाएं पूर्ण किया। जो प्रत्येक इंद्री से निरन्तर भगवान श्रीकृष्ण के भक्ति रस का रसपान करे वही गोपी है। इसी लीला के माध्यम से भगवान ने कामदेव को पराजित कर योगेश्वर कहलाये। आतंक का पर्याय बने राजा कंस का उद्धार कर भगवान कृष्ण ने धर्म की स्थापना किया। इसके बाद रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनाते हुए कहा कि विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी भगवान कृष्ण को मन ही मन अपने पति के रूप में स्वीकार कर चुकी थी लेकिन रुक्मणी का भाई रुक्मी अपनी बहन का विवाह किसी भी स्थिति में श्री कृष्ण के साथ नहीं करना चाहता था वह श्री कृष्ण से द्वेष मानता था ।रुक्मिणी ने एक ब्राह्मण के द्वारा एक पत्र श्री कृष्ण को भेज कर अपनी पीड़ा कही श्री कृष्ण ने ब्राह्मण के हाथ पत्र के माध्यम से उत्तर भेज स्वयंवर के दिन विदर्भ पहुंचने की सूचना दी।श्री कृष्ण विदर्भ पहुंचे और मंदिर में पूजा करने आई रुक्मणी को अपने रथ पर बैठा लिया। रुक्मणी का भाई पूरे दलबल के साथ श्री कृष्ण पर आक्रमण किया लेकिन बलराम और श्री कृष्ण ने उनका पराजित कर रुक्मणी को द्वारका साथ लाएं और वही विधान पूर्वक रुक्मणी को पत्नी के रूप में स्वीकार किया ।कथा के दौरान छोटे बच्चों ने श्री कृष्ण और रुक्मणी के रूप में विवाह की झांकी प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया । कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान लल्लन सिंह, विनय पांडे पिंकू ,पप्पू दीक्षित, संजय पांडे, छोटे पांडे ,सुभाष शर्मा, माना दादा ,राजू यादव, सज्जन दीक्षित, रमेश गोस्वामी, राहुल शर्मा ,नवल सविता आदि रहे है।

### बाउंड्रीवाल को तोड़ने वाले पुलिस की पकड़ से दूर

**बीघापुर,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कुलहा बगहा के मजरा मुन्ना खेड़ा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट की बनाई जा रही बाउंड्री वालों को अराजकतत्वों ने 10 जनवरी को तोड़ दिया था ।सचिव, ग्राम प्रधान रजनीश कुमार ने 11 जनवरी को थाने में प्रार्थना पत्र लेकर अराजकतत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की थी ।मामले में थाना अध्यक्ष राजपाल द्वारा 11 जनवरी को मामले की जांच लाल कुआं चौकी इंचार्ज सत्येंद्र बहादुर सिंह को दी गई थी लेकिन 10 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक मामला पंजीकृत नही किया गया है। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

### कप्तान के आदेश से बीघापुर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे




**बीघापुर,उन्नाव।** लगातार सर्किल क्षेत्र में हो रही लूट की घटनाओं को देखते हुए कप्तान दीपक भूकर के आदेश पर कोतवाली बीघापुर क्षेत्र में दो जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि एस पी के आदेश पर ओसियां चौराहे पर ओसियां टेढ़ा मार्ग पर वही भैंसई कोयल में भैसई कोयल तिराहे पर भैसई पहाड़पुर बीघापुर मार्ग पर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं कैमरे लग जाने से सड़क मार्ग से आने जाने वालों पर नजर रखी जा सकेगी।

### संजय गाँधी पॉलिटेक्निक में रोजगार मेले का आयोजन 29 जनवरी को

**अमेठी।** जनपद में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं संजय गाँधी पॉलिटेक्निक जगदीशपुर द्वारा 29 जनवरी को पूर्वान्ह 10.30 बजे जनपद के संजय गाँधी पॉलिटेक्निक में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उक्त मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा रोजगार मेले में मैकेनिक और इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा उर्तीर्ण अभ्यर्थी रोजगार हेतु प्रतिभाग करने के लिए rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण करके अपने योग्यता के अनुरुप इच्छुक कम्पनी में आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो तथा बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते है, इस हेतु उन्हें कोई मार्ग व्यय देय नही होगा।

### समाजवादी कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन, कार्यवाही की मांग

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर जिले के समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम उदित यादव, और एडवोकेट, राजेश मिश्रा की अगवाई में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और महंत राजू दास पर कड़ी कार्यवाही की मांग की इस अवसर पर, गुंजन सिंह, सूबेदार यादव सहित दर्जनों समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सदर विधायक ने झंडी दिखा महाकुम्भ के लिए तीर्थयात्रियों को किया रवाना



**उन्नाव।** हर हर गंगे हर हर महादेव के नारो के साथ भक्ति रस में डूबे भक्तो का जत्था शहर के मोहल्ला बन्दूहार के गोपेश्वर महादेव मन्दिर से प्रयागराज महाकुम्भ के लिये रवाना हुआ तो पूरा वातावरण भक्ति के रंग में डूबा नजर आ रहा था। पंकज गुप्ता श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के क्रम में महाकुम्भ के लिये 121 श्रद्धालु भक्तो ने प्रस्थान किया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने गोपेश्वर महादेव मन्दिर में विधि विधान से पूजा अर्चना आरती कर कल्याण की कामना की इसके उपरान्त आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि आज का दिन अपने आप में बहुत पावन तिथि है आज के ही दिन 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में भव्य श्री राम मन्दिर में पुर्ननिर्माण किया गया था उन्होने संगम स्नान की महत्ता बताते हुये कहा कि हम सब सौभाग्यशाली है कि हम सबके जीवन काल में दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। इस पावन अवसर पर पं0 विजय शर्मा ने भगवान श्री राम की आराधना में भजनो की प्रस्तुति कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में जा रहे भक्तो को गंगाजलि देकर घरो में संगम का जल लाने हेतु भी प्रेरित किया। इस मौके पर सभासद राजेन्द्र भारतीय, सभासद सुनील अवस्थी, रत्नेश चन्देल, अवधेश पटेल, अतुल वर्मा, राधेश्याम शुक्ला, प्रवीण गौड़ आदि लोग मौजूद रहे।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र, इंस्पेक्टर अरुण द्विवेदी की अगुवाई में टीम ने टीपी नगर में लगवाए कैमरे

» अपराधियों की जल्द धर पकड़ में अहम भूमिका निभा रहा पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार का ऑपरेशन त्रिनेत्र

सुनील बाजपेई



**कानपुर।** यहां हर तरह के अपराधियों की धर पकड़ में पुलिस का सहयोग करने में अव्वल हाई क्वालिटी के आईपी कैमरे लगवाने का सिलसिला यहां लगातार जारी है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के इसी क्रम में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के इंस्पेक्टर अरुण द्विवेदी की अगुवाई में बाबू पुरवा थाना क्षेत्र में भी अब तक लगभग 500 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगवाए जा चुके हैं।

इसी क्रम में हाल में ही इंस्पेक्टर अरुण द्विवेदी के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट नगर की तेजतर्रार और व्यवहार कुशल टीम चौकी प्रभारी विकास शर्मा द्वारा भी ट्रांसपोर्ट नगर में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए द्वारा मधु फैक्ट्री से सामंजस्य स्थापित कर पॉपुलर धर्म कांटे को ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के क्रम में गोद लिया गया है।

जिसके तहत अब ट्रांसपोर्ट नगर चौकी क्षेत्र में भी सीपी प्लस कंपनी के चार हाई क्वालिटी के आईपी कैमरे एस एण्ड एन कंप्यूटर कंपनी द्वारा लगवाए गये।

अवगत कराते चलें कि यहां की पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अब तक हजारों कैमरे लगवाई जा चुके हैं। और अब हाई क्वालिटी के यही कैमरे वारदात के बाद फरार होने वाले अपराधियों की अति शीघ्र धड़ पकड़ के मामले में बहुत अहम भूमिका निभाने में भी सफल हो रहे हैं। यह पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के लगातार जारी ऑपरेशन त्रिनेत्र का ही कमाल है कि वारदात के बाद फरार होने वाले सभी अपराधी पुलिस के शिकंजे में जल्द से जल्द फंसने से नहीं बच सके।

यही नहीं आम जनता के जो भी लोग ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरे लगवाने में पुलिस की सहायता कर रहे हैं। देश और समाज के लिए उनका यह सहयोग भी सराहना का पात्र है।

# शराब के नशे में दामाद ने ससुराल में मचाया उत्पात



» शराबी युवक ने साले व पत्नी को बुरी तरह पीटा,पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** बीती रात शराब के नशे में धुत्त होकर अपनी ससुराल पहुंचे युवक ने चचेरे साले व पत्नी के साथ जमकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुम्हेना के मजरा पिपरिया निवासी रामेश्वर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की रात शराब के नशे में धुत्त होकर मेरा दामाद राममिलन निवासी रानीपुरवा अपने एक साथी के साथ रात 11 बजे घर में घुसकर लड़के कुलदीप व पत्नी रेखा देवी के साथ मारपीट करने के बाद फरार हो गया है।तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले को पंजीकृत कर लिया है। इस मामले में जानकारी देते हुए कोतवाल सुरेश मिश्रा ने बताया कि रात मारपीट से चोटिल लोगों का मेडिकल परीक्षण कराकर नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तलाश जारी है।

### मामूली हंसी मजाक मारपीट में हुआ तब्दील, युवक का फटा सिर

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत बालूघाट चौकी क्षेत्र के शक्ति नगर मोहल्ले में मंगलवार रात एक मामूली मजाक गंभीर मारपीट में बदल गया, जिसमें एक युवक का सिर फट गया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। शक्ति नगर निवासी विजय ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार की रात पड़ोसी युवक उससे मजाक कर रहा था। विजय ने इस मजाक का विरोध किया, जिसके बाद पड़ोसी युवक उसके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी।

मारपीट के दौरान विजय के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित विजय ने इस घटना के संबंध में पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, दूसरी ओर पड़ोसी युवक ने भी विजय पर उनके घर के मेनगेट पर ईंट मारने का आरोप लगाया है।

# महावीरन धाम में वैदिक विधान से हुई प्राण प्रतिष्ठा



लोक मित्र संवाद

**बीघापुर,उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा भवानी में महावीरन धाम में पंच देव प्राण प्रतिष्ठा के तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन वैदिक विधान से आचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। भक्तों ने हवन में आहुतियां प्रदान किया।विधायक आशुतोष शुक्ला की पत्नी श्रीमती पूनम शुक्ला ने श्री राम दरबार, लक्ष्मीनारायण, मां दुर्गा एवं हनुमान जी की मूर्तियों की पूजा अर्चना किया एवं हवन में आहुतियां प्रदान किया।सभी ग्राम वासियों ने भगवान की पैर पूजा कर पुण्य अर्जित किया।देर रात तक चले भंडारे में सभी भक्तों ने भंडारा छका। कानपुर से आई संगीत पार्टी ने देर रात तक झांकियां प्रस्तुत कर कलाकारों ने भाव विभोर कर दिया।

अजय शुक्ला ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कृष्णा शुक्ला, अभय, हिमांशु, आशुतोष, हर्षित, नितिन,माधव, प्रधान राम जी तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# थाना खमरिया का मानवीय चेहरा आया सामने

लोकमित्र ब्यूरो



**खमरिया-खीरी।** थाना क्षेत्र खमरिया के जेठरा गांव में बुधवार को सुबह कोई जन्म लेते ही नवजात जिगर के टुकड़े को छोड़ गया। सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस की मदद से उसे सीएचसी खमरिया अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया फिलहाल बच्ची स्वस्थ है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस बच्ची को सुबह करीब 5. बजे छोड़ा गया है, जो एक नवजात लड़की है। वह एक कपड़े में लिपटी हुई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खमरिया थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, थाना क्षेत्र के जेठरा गांव की झाड़ियों में एक नवजात बच्ची का भ्रूण पड़ा हुआ मिला है, यह मामला बुधवार सुबह का बताया जा रहा है।

सूचना मिलते ही खमरिया थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुँचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया,पुलिस ने लावारिस बच्ची को अपने कब्जे में ले लिया।

खमरिया पुलिस द्वारा लावारिस बच्ची को सीएचसी खमरिया ले जाया गया जहां उपस्थित चिकित्सक ने बताया बच्ची अभी पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

पुलिस द्वारा चाइल्ड लाइन को सूचित करते हुये, बाल कल्याण समिति के समक्ष कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नवजात बच्ची का इस तरह से झाड़ियों में फेंकना बेहद शर्मनाक है. यह घटना मां की ममता को भी शर्मसार करने वाली है, सरकार और प्रशासन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान चला रहे हैं, लेकिन इस तरह की घटनाएं निरंतर सामने आ रही हैं।

उपरोक्त मामले में थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल पहुंचकर लावारिस बच्ची को सीएचसी खमरिया अस्पताल रखवाया गया है, बच्ची पूर्ण स्वस्थ है ,बच्ची के लालन-पालन के लिए बच्ची को सीडब्लूसी के समक्ष पेश किया गया है और सीडब्लूसी बच्ची के लालन-पालन की जिम्मेदारी निर्धारित करेगा।

# बीडीओ ने विकास कार्यो की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए

लोकमित्र ब्यूरो



**रामनगर।** बीडीओ जितेंद्र कुमार ने पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं की समीक्षा की तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। पंचायत सचिवों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास प्लस के सर्वे में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी लोग पूरी ईमानदारी के साथ पात्रों का चयन करें। कोई पात्र व्यक्ति छूटने न पाए।

मनरेगा के कार्यों में और तेजी लाने तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से काम कराये जाने के निर्देश दिए। जिन मजदूरों को 81 दिन का काम मिल चुका है उनको प्राथमिकता के साथ लगाकर 100 दिन पूरे किए जाए। मजदूरों की संख्या बढ़ाने तथा बजट के अनुरूप लक्ष्य पूरा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों में अभियान चलाकर विधवा, वृद्धा पेंशन का लाभ दिलाया जाए व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में भी लोगों का आवेदन कराने तथा फार्मर रजिस्ट्री कराने , निःशुल्क बोरिंग योजना, मुख्यमंत्री उथले नलकूप योजना का लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में सहायक विकास अधिकारी कृषि डॉक्टर दलबीर सिंह यादव, ए डी ओ पंचायत अभय शुक्ला ,ए डी ओ समाज कल्याण रूबी यादव, ए पी ओ मनरेगा रेनू रावत, पंचायत सचिव दयानंद, ऋषभ पांडेय, निखिल कनौजिया, विजय कुमार, अमित मौर्य, बीना राजकमल आदि उपस्थित रहे।

# समस्या का समाधान करें जिला गन्ना अधिकारी

» हत्या जैसे भय किये जाने का भय का फोन कराकर दबाव बनाने से न नहीं रूकेगी भ्रष्टाचार, अनियमितताओं की कार्यवाही

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** जैसा कि हिटलर शाह जिला गन्ना अधिकारी लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश के गन्ना आयुक्त के आदेश पर स्थानांतरण नीति के तहत किये गए स्थानांतरण आदेश का उल्लंघन कर अपने कार्यालय से लेकर सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 गोला गोकर्ण नाथ में किये गये भ्रष्टाचार / अनियमितताओं की 2 दिसम्बर को की गई शिकायत पर आपने आरोपियों को बचाने के लिए अपने अधीनस्थ / चहेते अधिकारियों की कमेटी गठित कर और कमेटी के गोला बाहर बने खाद गोदाम पर कुछ गन्ना प्रवेछ्कों आदि को बुलाकर धमकाकर उनके ब्यान पर शिकायत को रफादफा करने का काम किया है। ज्ञात हो कि उससे बड़ा भ्रष्टाचार आप स्वयं एक जिम्मेदार जिला गन्ना अधिकारी होते हुए भ्रष्टाचार को बल देने के लिए प्रदेश के गन्ना आयुक्त और उप गन्ना आयुक्त परिक्षेत्र लखनऊ के पत्र पर पूर्व जिला गन्ना अधिकारी के आदेश को तार तार कर दिया गया।

उसकी उच्च अधिकारियों से शिकायत करने व समाचार पत्रों में प्रकाशित होने से बौखलाये आप इधर उधर के लोगों से फोन कराकर , भय पैदा करवा रहे हैं कि भ्रष्टाचार की शिकायत करने वालों रास्ता ऊपर को हो जाता है।

आप यह बतायें कि भ्रष्टाचार की शिकायत करने वालों का रास्ता ऊपर का कैसा होता है।

पुनः अवगत कराना चाहता हूँ कि समस्याओं का समाधान करें और भय न पैदा करायें। भय से डर नहीं है संघर्ष समस्या का समाधान न होने तक जारी रहेगा चाहे शरीर रहे या न रहे , हत्या क्यों न करवा दी जाये।

### सही कराई गई इंटर लाकिंग सड़क

**रामनगर।** कन्दरवल मोड़ से बुढ़गौरा की तरफ क्षेत्र पंचायत सूरतगंज से बनाई गई सड़क को कार्यदाई फर्म द्वारा सही कराया गया। उक्त सड़क काफी खराब थी जिस पर लोग उंगलिया उठा रहे थे। कार्यदाई फर्म के मालिक ने बताया कि सड़क खराब इस लिए हुई कि आगे भटठा है।कोयला लेकर ट्रक निकले और एक ट्राला पलट भी गया था । ग्रामीण मार्ग है इस लिए समस्या बनी।जैसे ही प्रमुख द्वारा बताया गया उन्होने मौके पर मजदूरों को भेज कर कार्य सही कराया।अब सड़क ठीक हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि ओवर लोड गाड़ी इस पर न निकले तो यह मार्ग गाँव वालो के लिए बड़े समय तक उपयोगी रहेगा। इसे बेहतर बनाया गया है। बता दे कि कंदर वल आए प्रमुख से एक बीडीसी ने ही इसकी गुणवत्ता खराबी की शिकायत की थी मगर संबंधित जे ई ने कोई कदम नहीं उठाया ।प्रमुख ने कार्यदाई फर्म के मालिक को जब अवगत कराया तो वह एक्टिव हुए और सड़क सही करा दी।

# बकाया गन्ना भुगतान को लेकर चीनी मिल यूनिट हेड से मिला राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन प्रतिनिधि मंडल

» कहा कल से शुरू करें इस पेराई सत्र का बकाया भुगतान नहीं तो गेट पर करेंगे सत्याग्रह

» यूनिट हेड ने पहले गन्ना समिति की कमीशन फिर किसानों के बकाया गन्ना भुगतान देने की बात पर भड़के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा

» जद्दोजहद के बाद कल 22 जनवरी से इस पेराई सत्र के बकाया भुगतान देने पर बनी सहमति

लोकमित्र ब्यूरो

खम्भार खेड़ा की बजाज चीनी मिल के अध्याशी को भी कल 22 जनवरी से इस पेराई सत्र का भुगतान करने की बात कही है न करने पर 23 जनवरी को कार्यालय घेरने की दी चेतावनी

**लखीमपुर-खीरी।** बजाज चीनी मिल गोला गोकर्ण नाथ के पेराई सत्र 2024-025 के बकाया गन्ना भुगतान को लेकर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ चीनी मिल के यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन से मिलकर कल 22 जनवरी से करने की बात की जिस पर यूनिट हेड ने गन्ना समिति गोला का बकाया कमीशन देने के बाद किसानों के भुगतान करने की बात कही।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने यूनिट हेड से नाराजगी जताते हुए 22 जनवरी से भुगतान शुरू न करने पर चीनी मिल के गेट पर अनिश्चित कालीन के लिए सत्याग्रह पर बैठने की बात की और कहा कि पहले किसानों के बकाया गन्ना भुगतान करें।

फिर गन्ना समिति का कमीशन दें, काफी जद्दोजहद के बाद कल 22 जनवरी से इस पेराई सत्र का बकाया गन्ना भुगतान देने पर सहमति बनी है। वही पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने खम्भार खेड़ा चीनी मिल के अध्याशी को भी कल 22 जनवरी से भुगतान करने को कहा है तथा चेतावनी दी है कि यदि कल से इस पेराई सत्र का भुगतान शुरू नहीं किया जाता है तो 23 जनवरी को यूनिट हेड को घेरने की चेतावनी दी है।

संगठन के प्रतिनिधि मंडल में गन्ना समिति गोला के पूर्व डायरेक्टर बादाम सिंह , धर्मेन्द्र कुमार,महेंद्र कुमार,गोधन लाल आदि मौजूद रहे।

# राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर निकाली गई शोभा यात्रा

लोक मित्र संवाद



**पाटन उन्नाव।** राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्ष गाँठ पर तहसील क्षेत्र के ग्राम मनिकापुर में बनखंडी सेवा समिति द्वारा भगवान श्रीराम की विशाल शोभा यात्रा निकाल कर क्षेत्र भ्रमण किया।

तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत मनिकापुर मे बनखंडी देवी सेवा समिति के तत्वाधान मे राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्ष गाँठ पर बुधवार को बनखंडी मंदिर से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए क्षेत्र के ग्राम भटखेरवा स्थित आनंदी देवी मन्दिर पहुंच कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।

आनंदी देवी मन्दिर मे शोभा यात्रा का गोकुल प्रसाद शुक्ला, शरशिज शुक्ला , विकास शुक्ला आदि ने स्वागत कर भण्डारा कर प्रसाद वितरण किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान शोभा यात्रा का ग्रामीणों ने जगह जगह स्वागत किया और भगवान राम की झांकी की आरती उतार कर पूजन किया।

शोभा यात्रा क्षेत्र भ्रमण के बाद बनखंडी देवी मन्दिर पहुंची। जहां समाज सेवी सूरज सिंह चौहानव शिववीर सिंह ने शोभा यात्रा का मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया।

शोभायात्रा के समापन पर शिवहर्ष सिंह, दिवाकर सिंह पूर्व प्रधान, गोलू सिंह आदि ने विशाल भण्डारे का आयोजन। प्रसाद वितरण के साथ शोभा यात्रा का समापन हुआ।

इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष आशीष बाबा, प्रमुख योगेश बाजपेई, बैजनाथ सिंह, शरदेन्दु मिश्रा, अनिल सिंह बी डी सी, पप्पू मिश्रा, राज सिंह, रतीभान सिंह अशोक सिंह, भारत सिंह, रावेन्द्र सिंह, आशीष द्विवेदी मुन्ना अवस्थी, अतुल सिंह, अन्नू तिवारी, यथार्थ सिंह शाश्वत सिंह सहित भारी संख्या मे राम भक्त उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### यूको बैंक का तीसरी वित्तीय तिमाही में शानदार प्रदर्शन, परिचालन लाभ बढ़कर 1586 करोड़ रुपया

**अयोध्या।** यूको बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ, अश्वनी कुमार ने बैंक के तिमाही प्रदर्शन की प्रगति रिर्पोट बताई। उन्होंने बताया कि परिचालन दक्षता में सुधार और ग्राहक केंद्रित पहलों के साथ बैंक ने सतत विकास को सुनिश्चित किया है। यूको बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सी.ई.ओ. अश्वनी कुमार ने तृतीय तिमाही में बैंक के वित्तीय परिणामों की घोषणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम की। जिसका प्रसारण यूको बैंक के प्रधान कार्यालय कोलकाता से किया गया। यूको बैंक के समस्त अंचल कार्यालयों ने भाग लिया। अंचल कार्यालय अयोध्या भी अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे एवं समस्त स्टाफ सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रेस वार्ता से जुड़े।अश्वनी कुमार ने बताया कि तृतीय तिमाही में बैंक का कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 12.28 प्रतिशत बढ़कर 488911 करोड़ हो गया । सकल ऋण वर्ष-दर-वर्ष 16.44 प्रतिशत बढ़कर 208655 करोड़ तथा कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 9.36 प्रतिशत बढ़कर 280256 करोड़ हो गया।उन्होंने बताया कि तिमाही में बैंक का वर्ष-दर-वर्ष शुद्ध लाभ 27.04 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ दिसंबर 2023 के 503 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2024 में 639 करोड़ रुपये हो गया, परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष 41.73 प्रतिशत बढ़कर 1586 करोड रुपये हो गया। नेट एनपीए 35 बीपीएस घट कर 0.63 प्रतिशत रह गया । खुदरा, कृषि और एम.एस.एम.ई. क्षेत्रों में अग्रिम बैंक का रैम सेगमेंट वर्ष-दर-वर्ष 22.01 प्रतिशत से बढ़कर 11,4350 करोड़ हो गया। खुदरा अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 31.01 प्रतिशत की वृद्धि, एम.एस.एम.ई. अग्रिमों में वर्ष- दर-वर्ष 12.75 प्रतिशत की वृद्धि तथा कृषि अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 20.04 प्रतिशत की वृद्धि हुई । होम लोन और वाहन लोन पोर्टफोलियो ने वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः19.35 प्रतिशत और 51.93 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

### अवध विवि की शिवांगी ने नॉर्थ ईस्ट जोन इन्टर यूनीवर्सिटी वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीता कास्यं पदक

**अयोध्या।** पंजाब के लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जालन्धर में आयोजित नॉर्थ ईस्ट जोन इन्टर यूनिवर्सिटी वेट लिफ्टिंग महिला प्रतियोगिता में डॉ. राममनोहर अवध विश्वविद्यालय की शिवांगी सिंह ने 87-प्लस किलोग्राम भार वर्ग में कुल 190 किलोग्राम भार उठाकर प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। इसी के साथ ही शिवांगी ने ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया। महिला खिलाड़ी के कास्यं पदक जीतने पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट जोन इन्टर यूनिवर्सिटी वेट लिफ्टिंग महिला प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। यह उनकी खेल प्रति मेहनत व समर्पण का परिणाम है। अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक बनेगी। वहीं विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल में निरन्तर अभ्यास जरूरी है। शिवांगी ने पदक जीतकर सिद्ध किया। विश्वविद्यालय क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि कुलपति के कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर पदक जीत रहे हैं। यह विश्वविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो. एस.एस. मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, विश्वविद्यालय-महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष जनमेजय तिवारी, महामंत्री प्रो. अमूल्य, कुमार सिंह, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ. राना रोहित सिंह, क्रीड़ा उप सचिव डॉ. अनुराग पाण्डेय, डॉ. विनय सिंह, डॉ. मनीष सिंह, प्रो.प्रवीन सिंह, प्रो. सन्तोष गौड़, डॉ. नागेंद्र सिंह, डॉ. पूनम जोशी, डॉ. सीमा पाण्डेय, डॉ. दुष्यंत सिंह, डॉ.अनिल मिश्रा, डॉ. कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. सतीश श्रीवास्तव, शिव कुमार सिंह सहित खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### लाइब्रेरी का संचालन बहुत ही सराहनीय कदम



**तिंदवारी।** विकास खंड कार्यालय में उर्मिला निशुल्क लाइब्रेरी का उद्घाटन हुआ। जनपद अलीगढ़ में पुलिस उपाधीक्षक के पद में तैनात जिले के चिल्ला थाना क्षेत्र निवासी राजू निषाद द्वारा शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में श्री शिव कुमार हरियाली कार्यक्रम के तहत हजारों पेड़ों का रोपण कराया गया। वहीं शिक्षा और अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जनपदों में निशुल्क लाइब्रेरी खोलने के क्रम में तिंदवारी कस्बे में 12वीं लाइब्रेरी का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि बीडीओ मनरेगा व मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री द्विवेदी ने कहा कि यह कदम सराहनीय है और हर विकास खण्ड में ऐसी लाइब्रेरी होनी चाहिए, जिससे बच्चों को शिक्षा का सही मौका मिले। लाइब्रेरी में पढ़ाई के इच्छुक बच्चों को प्रेषित संदेश में द्विवेदी ने कहा कि इस निः शुल्क लाइब्रेरी के माध्यम से छात्र अपनी मेहनत और समर्पण के साथ अपने सपनों को पूरा करें।बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का महत्व समझें और जीवन में सफलता पाने के लिए लगातार प्रयास करते रहें। यह लाइब्रेरी न केवल बच्चों को किताबों से शिक्षा देगी, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में भी उनका मार्गदर्शन करेगी। बी डी ओ मनरेगा ने कहा कि क्षेत्र के सुधी पाठकों और उन युवाओं के लिए यह उपहार साबित होगी, जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि सभी प्रकार की पुस्तकों को खरीद पाना संभव नहीं है, जो किताबें छात्रों के पास नहीं हैं, वह इस लाइब्रेरी में मिल जाएंगी, जिससे उन्हें तैयारी करने में आसानी होगी। इस निः शुल्क लाइब्रेरी के जनक पुलिस उपाधीक्षक राजू निषाद ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि भूरेलाल फौजी,आशीष सिंह चंदेल, उत्कर्ष शुक्ला, विकास खण्ड कार्यालय के कर्मचारियों के साथ साथ तमाम छात्र उपस्थित रहे।

### सेमीफाइनल में हल्ले द्वारिकापुर ने खजुरी और पटखौली ने खिहारन को हराया

**▸▸ पूर्व प्रधान राजकुमार यादव ने मैच का शुभारंभ किया**

**अयोध्या।**।क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिहारन में चल रही रूल आउट अंडर 18 क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबले में हल्ले द्वारिकापुर और पटखौली की टीमें विजयी हुई।पहले सेमीफाइनल में हल्ले द्वारिकापुर ने खजुरी मिर्जापुर को 30 रनों से हराया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हल्ले द्वारिकापुर की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 165 रन बनाए जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने आई खजुरी मिर्जापुर की टीम 135 रनों पर आल आउट हो गई। दूसरे मैच में पटखौली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 152 रन बनाए जिसका पीछा करने उतरी खिहारन की टीम 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 138 रन ही बना सकी। इससे पहले सेमीफाइनल मैच का शुभारंभ पूर्व प्रधान राज कुमार यादव ने किया,उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और अंत में हल्ले द्वारिकापुर के मो आसिफ तथा पटखौली के ऋतिक कुमार मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया।इस मौके पर महताब खान सिब्लू,मुलायम सिंह यादव,फिरोज खान,शमशाद खान,शब्बीर अंसारी,सज्जन रावत,मोनू अंसारी,शमीम अंसारी,शिव बहादुर पाल, अमित कसौंधन,सौरभ पाल, अरशद कुरैशी,अबरेश अंसारी,अमजद खान,जुनैद खान,रेहान अंसारी,उजैर अंसारी, साहिल खान,नौशाद सलमानी,रेहान कुरैशी,समीर अहमद,सिरताज,फरहान खान,अनुज रावत,मो अहमद,गोलू रावत, करन प्रजापति,अनुज गुप्ता समेत सैकड़ो क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

# श्रीरामलला के मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, जयकारों से गूंजी अयोध्या

## अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक बुधवार को रामलला विराजमान की प्रथम वर्षगांठ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** रामनगरी में बुधवार को फिर से श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह कोहरा व बेतहाशा ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। हर तरफ जय श्रीराम के जयकारे लगते रहे। मानो एक बार फिर से त्रेता युग लौट आया हो। श्रीराम चन्द्र के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर शाम तक जन्मभूमि पथ पर कतारबद्ध दिखे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



भव्य मंदिर में 22 जनवरी 2024 में ही रामलला विराजमान हुए थे। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक बुधवार को राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं का रेला नजर आया। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 11 जनवरी को ही पहली वर्षगांठ मना चुका है। तीन दिन आयोजन भी हुए। उस दौरान भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंच रामलला का दर्शन किया था। अब जब बारी आई 22 जनवरी की तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा निवेदित करने पहुंच गए। प्रदेश की योगी सरकार ने दर्शनार्थियों के लिए स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिये हैं। जिला प्रशासन मुस्तैदी के साथ जुटा दिखा।

### विभिन्न मठ मंदिरों में धूम, 41 दिन का अनुष्ठान शुरू

राम मंदिर की पहली वर्षगांठ को देखते हुए मठ मंदिरों में भी धूम है। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है। इसके अलावा दशरथ महल-कनक भवन समेत अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। उधर, मणिरामदास छावनी में सुबह रथयात्रा निकालने के बाद 41 दिवसीय अनुष्ठान का आगाज हो गया। इसमें सवा लाख से भी अधिक श्रीराम रक्षा स्रोत का जाप होगा।

### बीते पलों को जीने के लिए उमड़े श्रृद्धालु

बड़ी संख्या में अपने आराध्य का दर्शन करने पहुंचे।श्रद्धालुओं में से अनेक ऐसे भी हैं जो बीती 22 जनवरी को अयोध्या में थे। उसी पल को जीने के लिए वे फिर रामनगरी में हैं। ट्रस्ट को भीड़ के आने का अनुमान था इसलिए व्यवस्थाएं भी तदनुरूप की गई थी। राम मन्दिर के आसपास का सारा क्षेत्र ब्रह्म मुहूर्त से ही जयकारों से गूंजने लगा था। होटल और धर्मशालाएं पहले से ही लोग आरक्षित कराए हुए थे। रामलला के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने बताया कि हिंदी कैलेंडर के मुताबिक 11 जनवरी को द्वादशी मनाई गई थी, लेकिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक दर्शन करने पहुंचे हैं। सुबह से ही भीड़ दिखी।

### सुरक्षा के लिहाज से जोन व सेक्टर में बंटी अयोध्या

एसएसपी राजकरण नैयर ने बताया कि सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किये गए हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या को 6 जोन और 17 सेक्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। जोन में राजपत्रित अधिकारियों सेक्टर में सीओ लेवल के अधिकारी को तैनाती दी गई है।

### हनुमान चालीसा पढ़ते हुए राम मंदिर में किया प्रवेश

राजस्थान की विजयलक्ष्मी ने बताया कि उधर बालाजी और यहां रामलला की ही कृपा रही कि अच्छे से दर्शन मिल गया। उन्होंने बताया कि उनके साथ 17 लोगों का ग्रुप आया था। सभी हनुमान चालीसा पढ़ते हुए राम मंदिर में प्रवेश किये।

500 वर्षो बाद अयोध्या में रौनक लौटी है। सभी को दर्शन के लिए पहुंचना चाहिए।

## प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर हिन्दू महासभा ने प्रशासनिक प्रतिबंधों से श्रद्धालुओं की समस्याओं पर आक्रोश जताया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि पर राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने देशवासियों के नाम अपने शुभकामना संदेश में 22 जनवरी को ÷ हिन्दू स्वाभिमान दिवस ÷ घोषित किया। राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र अयोध्या से जारी बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि शुभकामना संदेश में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हिन्दू महासभा ने 70 वर्ष तक फैजाबाद जिला न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक मंदिर निर्माण का न्यायिक वाद लड़ा और सर्वोच्च न्यायालय से हिंदुओं के पक्ष में न्यायिक निर्णय प्राप्त करने में सफलता हासिल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2024 को नवनिर्मित मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की, जिसे आज एक वर्ष पूर्ण हो रहा है। पांच शताब्दियों की लंबी प्रतीक्षा और लाखों श्रीराम भक्तों के बलिदान के बाद देश के बहुसंख्यक समाज का सपना पूरा हुआ। देश के बहुसंख्यक समाज ने आत्म गौरव और आत्म स्वाभिमान का अनुभव किया। इसी आधार पर हिन्दू महासभा 22 जनवरी को हिन्दू स्वाभिमान दिवस घोषित कर रही है।

अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि पर राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब हिन्दू महासभा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा और काशी विश्वनाथ मंदिर को भी विधर्मी प्रतीकों से मुक्त करवाकर भव्य मंदिर निर्माण का अभियान चला रही है। उन्होंने दावा किया है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले ही मथुरा और काशी विश्वनाथ मंदिर में न्यायिक आदेश से भव्य मंदिर निर्माण का कार्य आरंभ हो जाएगा।श्री मिश्र ने अयोध्या के छावनी क्षेत्र में विभिन्न प्रशासनिक प्रतिबंधों के चलते देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अयोध्या छावनी में गुप्तार घाट, पंचमुखी महादेव, पंचमुखी हनुमान जैसे अनेक पौराणिक धार्मिक स्थल है, किंतु छावनी क्षेत्र में अनेक प्रशासनिक प्रतिबंधों के चलते श्रद्धालु वहां तक नहीं पहुंच पाते । यह चिंता का विषय है।अधिवक्ता मिश्र ने कहा कि हिन्दू महासभा अनेक प्रशासनिक प्रतिबंधों का विरोध करती है और मुख्यमंत्री तथा केंद्र सरकार को ज्ञापन देकर प्रतिबंधों को कम करने की मांग करेगी। जरूरत पड़ी तो हिन्दू महासभा आंदोलन भी करेगी।

## गौसेवा रोटी बैंक से नगरवासी बन रहे पुण्य के भागीदार- डॉ विजयलक्ष्मी जायसवाल

**गोसाईगंज अयोध्या।** नगर पंचायत गोसाईगंज द्वारा संचालित धारूपुर गौशाला की दशा व दिशा में काफी परिवर्तन देखने को मिल रहा हैं। रोजाना चल रहे गौसेवा रोटी बैंक से नगर में साफ सफाई भी दुरस्त रहने लगी है। गीला कूड़ा में जहां एम आर एफ प्लांट पर जैविक खाद्य बनाने की प्रक्रिया चल रही वही, रोटी बैंक से नगरवासी गौमाता को प्रथम रोटी दान करते हैं। साथ ही फल सब्जी की छिलके, गेहूं आदि खाद्य पदार्थ भी दान रूप में मिलता रहता है। रोटी बैंक के चालक गुड्डू सोनी रोजाना प्रातः 6 बजे से नगर के सभी वार्डों में भ्रमण कर गायत्री मंत्री स्तुति के साथ सेवा दान एकत्रित करते है, लगभग 1 बजे गौशाला पहुंचा कर गौमाता को वितरित कर दिया जाता है। उस समय इंतजार कर रही गौमाता को देख मन तृप्त हो जाता है। चेयरमैन डॉ विजयलक्ष्मी जायसवाल ने बताया धार्मिक रूप से गौसेवा आदि कल से बहुत अहम माना गया है, सरकारी व्यवस्था के साथ यह गौसेवा का पुनीत कार्य कर नगरवासी पुण्य के भागीदार बन रहे। शासन को यह सेवा सभी नगर निकायों में लागू करनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही नगर से गौवंश को केटल कैचर से गौशाला पहुंचा दिया जाता है। ज्ञात हो विगत 11 जुलाई को नगर पंचायत गोसाईगंज के 71वीं स्थापना दिवस पर नगर पंचायत अध्यक्षा द्वारा पूर्व अध्यक्ष स्व0 तारा देवी जायसवाल की स्मृति में गौसेवा रोटी बैंक का शुभारंभ किया था।

## सीएम की जनसभा में हर बूथ की सहभागिता में जुटी भाजपा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 24 जनवरी को होने वाली जनसभा की तैयारियां तेज कर दी गई है। जनसभा को लेकर भाजपा पदाधिकारी बूथ स्तर पर घर-घर सम्पर्क कर रहें हैं। शक्ति केन्द्रों तथा मंडलों में बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया रहा है। बुधवार को प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया, एमएलसी अवनीश पटेल ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनसभा में लग रहे टेंट, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, मंच साज-सज्जा, साउंड सिस्टम, वाहन पार्किंग तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।प्रदेश उपाध्यक्ष व



एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि जनसभा में सहभागिता के लिए पदाधिकारी बूथों पर जनसम्पर्क कर रहें है। जनसभा में हर गांव तथा हर बूथ से सहभागिता हो ऐसा प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया ने कहा विपक्ष की नकारात्मक तथा गुमराह करने की राजनीति को जनता जा चुकी है। वह उनके बहकावे में नही आने वाली है। 24 जनवरी को यहां सीएम की जनसभा ऐतिहासिक होगी। एमएलसी अवनीश पटेल ने कहा कि जनसभा की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौप दी गई है। लगभग तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शेष समयवद्ध पूर्ण कर ली जाएगी। निरीक्षण के दौरान विधायक में प्रकाश गुप्ता, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अभिषेक मिश्रा, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, जनसभा के संयोजक पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, गन्ना समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के खेलो भारत द्वारा ÷नगर खेल कुम्भ÷ के अंतर्गत दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन डॉ अरुणिमा सिन्हा भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो सुरेंद्र कुमार मिश्र विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा परिषद के उपसचिव डॉ अनुराग पांडेय ,विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय महानगर सहमंत्री आदर्श चतुर्वेदी अवध विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । कार्यक्रम सयोंजक श्रेया शुक्ला ने बताया दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में बैडमिंटन, चेस टेबिल टेनिस,कैरम में 15 टीम प्रतिभाग करेगी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो सुरेंद्र मिश्र ने पुरुष बैडमिंटन के पहले मैच की शुरआत टॉस कराकर की जिसमें सत्य प्रकाश और रामेश्वर प्रताप सिंह के बीच पहला मैच हुआ जिसमें पहले मैच में सत्य प्रकाश ने जीत दर्ज की । पुरुष चेस के फाइनल में शशांक और आदित्य के बीच हुआ जिसमें शशांक ने 3 मिनट 30 सेकेंड में बाजी मारी ।चेस महिला फाइनल शिवांशी और अल्पना के बीच हुआ। जिसमें शिवांशी में 5 मिनट 30 सेकेंड में जीत दर्ज की। चेस के मैच रेफरी गौरव सिंह ने मैच विनर घोषित किया । महिला बैडमिंटन के फाइनल में अलका सोनकर और अंशिका सिंह के बीच मैच हुआ जिसमें आंशिका ने जीत दर्ज की । पुरुष बैडमिंटन में फाइनल आशुतोष और शिवम के बीच हुआ जिसमें आशुतोष ने बाजी मार कर जीत दर्ज ।

पुरुष कैरम के फाइनल में यशराज सिंह और शिवांग सिंह की भिड़ंत हुई जिसमें यशराज ने बाजी मारी महिला कैरम के फाइनल में आयुषी सिंह और ज्योतिका के बीच मैच हुआ जिसमें आयुषी ने फाइनल जीता ।द्वितीय दिवस के समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने कार्यक्रम में पहुँचकर सभी प्रतिभागी का उत्साहवर्धन किया महानगर सहमंत्री तान्या सिंह ने पुष्पगुच्छ और स्मृतिचिन्ह देकर उनका स्वागत किया। कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल द्वारा सभी प्रतिभागियों को विजेता और उपविजेता टीमो को प्रशस्ति पत्र मेडल और सील्ड प्रदान की गई । कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने बताया अभविप अपने कार्य विस्तार की दृष्टि से विभिन्न आयाम कार्य गतिविधियों के माध्यम से समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर रही है खेलो भारत के माध्यम से विद्यार्थी परिषद एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है निश्चित तौर पर यह सभी खिलाड़ियों और संपूर्ण विद्यार्थी समूह के लिए एक बड़ा अवसर है। दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से प्रांत संयोजक शिवम मिश्र आशुतोष राणा विभाग कार्यालय मंत्री दुर्गेश तिवारी महानगर सहमंत्री तान्या सिंह,अवध विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी इकाई मंत्री दिवाकर चौरसिया नेहा वर्मा आंशिका तिवारी विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय सहित एक सैकड़ा से ज्यादा छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

### भगतिन अइया की सातवीं पुण्यतिथि पर 118 लोगों की हुई हेल्थ जाँच

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** ब्लड मैन के नाम से चर्चित आकाश गुप्ता की दादी यमुना देवी (भगतिन अइया )की सातवीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि स्वरुप निःशुल्क जाँच शिविर का आयोजन राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन व मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में मणि पर्वत स्थित वृद्ध आश्रम में लगाया गया। इस शिविर में 118 लोगों की हेल्थ चेकप कर उन्हें अन्य स्वास्थ्य से जुडी जानकारिया व परामर्श दी गयी। मेदांता हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा सामान्य रोग के साथ साथ बुजुर्गो व मरीजों की बीपी, सुगर, बीएमडी, पल्स, ईसीजी व अन्य जांचे निःशुल्क की गयी। शिविर का शुभारम्भ वृद्ध सेवक अमरेश चंद मिश्र ने रिवन काटकर किया और उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का निवास होता हैं लिहाजा स्वास्थ्य के प्रति हमें जागरूक रहना हैं और समय समय पर हमें अपने हेल्थ की जाँच कराते रहना चाहिए। राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष आकाश गुप्ता ने



कहा कि समाजसेवा की प्रेरणा उन्हें स्व दादी भगतिन अईया से मिली हुई हैं और उन्ही की प्रेरणा से संस्था द्वारा निरंतर जनहित कार्य किये जा रहे हैं, जिसमें रक्तदान, भोजन व कंबल वितरण, स्वास्थ्य शिविर व अन्य कार्य हैं और समाज के सामर्थ्यवान लोगों को ऐसे जनहित कार्यो के लिए आगे आना चाहिए।चिकित्सक डॉ मनीष राय ने कहा कि हेल्थ के प्रति हमें सचेत रहने की जरुरत हैं और शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति ही समाज के विकास में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकता हैं। इस मौक़े आरोही एक उड़ान की अध्यक्ष पल्लवी वर्मा, अमिता सिंह, पुष्पा गुप्ता, फौजी संदीप यादव, व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।शिविर समापन पर कार्यालय अधीक्षक रीमा मिश्रा ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पति अस्पताल में भर्ती, धमका रहे दबंग

**बांदा।** मटौंध थाना क्षेत्र के त्रिवेणी गांव निवासी पीड़िता कलावती ने तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि आरोपी जगमोहन, कपिल, रंजीत, राहुल, अंकित, मनीष, मोहित ने वर्ष 2021 में घर में घुसकर मारपीट और छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया था। इसका मुकदमा दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र पेशं कया गया। घायल वादी मोहनलाल के बयान भी हो चुके हैं। इसके बाद आरोपियों के द्वारा घर में आग लगाकर गृहस्थी का सामान जला दिया। इस रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। 8 जनवरी को कारित घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गई, जिसके कारण पीड़िता बच्चों सिहत घर छोडकर यहां-वहां भटकने को मजबूर है। पित गंभीर रूप से बीमार होकर जिला अस्पताल में भर्ती है। दोनो पैर व हाथ का आपरेशन हुआ है। अस्पताल में भी अभियुक्तगण आकर धमकी देते हैं, इसमें पीड़िता भयभीत है। पीड़िता ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

## संवैधानिक मूल्यों की जानकारी के आभाव में होता शोषण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नरैनी।** वनांगना संस्था के बैनर तले चल रहे तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यक्रम के तहत जीवन कौशल व नेतृत्व विकास पर युवाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हो गया। नरैनी व महुआ ब्लाक के 12 गांवों से शामिल युवक-युवतियों को संवैधानिक मूल्यों की जानकारी दी गई। खेल व रचनात्मक गतिविधियों के जरिए प्रशिक्षण दिया गया। समूह बनाकर संवैधानिक अधिकारियों पर चर्चा की गई।

कस्बा के अतर्रा रोड स्थित एक मैरिज हाल में सहयोग संस्था (लखनऊ) से आए प्रशिक्षक प्रवेश कुमार ने कहा कि संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों की जानकारी के आभाव में ग्रामीण, महिलाएं, युवातियां व किशोरियां शोषित होती हैं। इसके प्रति जागरूकता से जीवन में बदलाव आता है। उन्होंने बताया कि जनपद में वनांगना संस्था के सहयोग से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। समुदाय से ही लीडर्स की पहचान कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह लीडर्स अपने क्षेत्र में अशिक्षित व पिछड़ों को संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देने का काम करेंगे। उन्होंने समता समानता पर खेल के माध्यम से प्रशिक्षण को रचनात्मक बनाया। फ़िल्म दिखाकर संगठन की ताकत पर चर्चा हुई। रिसोर्स परसन जगदीश ने लैंगिक भेदभाव पर खेल खिलाकर समूह चर्चा की। वरिष्ठ संदर्भ समूह शबीना मुमताज़ ने कहा की समुदाय के कुछ सामनत शाही लोग आपके संगठन को तोड़ने की कोशिश करेंगे, हमें इस चुनौती को भी समझने की जरूरत है। कम्युनिटी लीडर्स को मौलिक अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों पर भी पहल करने. की ज़रूरत है। लीडर्स की प्रगति पर चर्चा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। शोभा देवी ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताए। फरजाना खान ने सभी साथियों का आभार वयक्ति किया। कम्युनिटी लीडर्स रूबी, पंकज व दीपक ने अपने विचार व सुझाव साझा किए। इस मौके पर लीडर्स माया, विमला, आलिया, शिफ़ा, महक, अर्चना, राजकुमारी, खुशबू, परवीन, अरविंद, अमित, विष्णु इत्यादि शामिल रहे।

### सरकार संविधान गौरव अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धान्तों के बार में जनसामान्य को कर रही जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** संविधान गौरव अभियान में बुधवार को सहादतगंज पार्टी कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय ने कहा कि सरकार संविधान गौरव अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धान्तों के बार में जनसामान्य को जागरूक कर रही है। संविधान शिल्पी बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करते हुए जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र का आधार है। हमारे गौरव का प्रतीक है। संविधान ने हमें समानता का अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गो को योजनाओं का लाभ दिया गया है। सरकार कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति के बारे में सोचती है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संविधान गौरव अभियान का मुख्य उद्देश्य भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके महत्व को जन-जन तक पहुँचाना है। यह अभियान संविधान के मूल्यों, आदर्शों और अधिकारों को समझने और उनका पालन करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, परमानंद मिश्र, प्रतीक श्रीवास्तव, महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष आशा गौड, शकुंतला गौतम सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे

# योगी ने ली चुटकी- राजभर जी, आशीष पटेल, निषादराज पीछे क्या छुपे हैं

## योगी ने दिखाई एनडीए की एकजुटता

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रयागराज।** महाकुंभ में संगम स्नान करने और यहीं पर कैबिनेट की बैठक करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यूपी के सभी मंत्री बुधवार को प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान सीएम योगी ने एनडीए की एकजुटता भी दिखाई।

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी मीडिया को देते समय एक ऐसा मौका आया जब भाजपा के सहयोगी दलों के नेता कहीं पीछे खड़े थे।

इस पर सीएम योगी ने खुद सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर, अपना दल के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद और रालोद कोटे से मंत्री बने अनिल कुमार को आवाज देकर आगे अपने बगल में बुला लिया। सहयोगी दलों के नेताओं को आगे बुलाने का अंदाज भी सीएम योगी का ऐसा रहा जिसे सुनकर हर कोई हंसता नजर आया।सीएम योगी महाकुंभ नगर के अरैल में स्थित त्रिवेणी संकुल में मंत्रिमंडल की बैठक करने के बाद वहां लिए गए फैसलों की जानकारी खुद देने के लिए सभी मंत्रियों के साथ मीडिया के सामने पहुंचे थे। उन्होंने एक-एक कर कैबिनेट के फैसलों की जानकारी मीडिया को दी।

इसी दौरान उनकी नजर अपने आसपास खड़े मंत्रियों की तरफ गई तो सहयोगी दलों के नेता काफी पीछे खड़े थे।इसी पर योगी ने कहा कि कहां गए राजभर जी, कहां गए अपने आशीष पटेल जी, निषाद राज कहां हैं। कहां है सबलोग, आप लोग पीछे कहां छुपे हैं। अनिल कहां है। इसके बाद एक-एक कर संजय निषाद, आशीष पटेल, अनिल कुमार सबसे आगे आ गए।

# अथर्व की गेंदबाजी से सुभाषचंद्र बोस क्लब जीता



**प्रयागराज।** अथर्व की अचूक गेंदबाजी (5-0-18-4) की बदौलत नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब ने डीएसए क्लब बी को पांच विकेट से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। डीएवी कालेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में डीएसए क्लब बी की टीम 20.4 ओवर में 74 रन (मोहम्मद ताहा 14 नाबाद, अथर्व 4/18, श्रेयांश लाल 2/06, लक्ष्य 2/08) पर सिमटी।

जवाब में नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब ने 11.5 ओवर में पांच विकेट पर 78 रन (शिवम पटेल 32, लक्ष्य 12 नाबाद, तनिष्क केसरवानी 3/27) बना लिए। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व तौसीफ शेख अंपायर एवं उमंग मिश्र स्कोरर रहे।

# मुलायम सिंह यादव पर अपमानजनक टिप्पणी पर सपा का प्रदर्शन

## महंत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण से सम्मानित मुलायम सिंह यादव पर अयोध्या हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास द्वारा सोसल मिडिया एक्स पर की गई अपमान जनक, अशोभनीय टिप्पणी पर महंत राजू दास के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आज सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन एवं जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव के नेतृत्व में नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन को ए डी एम सिटी सत्यम मिश्रा ने लिया।

सपा नेताओं ने महंत के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं आई टी एक्ट के तहत मुक़दमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। महामहिम राज्य पाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि अपमान जनक टिप्पणीकरने वाले महंत पर तत्काल कार्रवाई हो वरना सपा कार्यकर्त्ता आंदोलन के लिये बाध्य होंगे।

इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव प्रकाश राय उर्फ़ लल्लन राय, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, पूर्व एमएलसी बासुदेव यादव, रविन्द्र यादव एडवोकेट, पंधारी यादव, तारिक सईद अज्जू, दूधनाथ पटेल, मो हामिद, बब्बन दुबे, संतोष यादव, रामाधीन मौर्य, संदीप यादव,सुशील यादव, सऊद, हसीब, महबूब उस्मानी, रेहान अहमद, मृत्युंजय पाण्डेय, कुलदीप यादव, नाटे चौधरी, सविता कैंथवास, ओ पी पाल, आदिल हमजा, ओ पी यादव, शांति प्रकाश पटेल, दिनेश यादव, राजेश सोनकर, वीरू पासी, सचिन श्रींवास्तव, खिन्नी लाल पासी, श्याम यादव बच्चा आदि मौजूद रहे।

# मनुष्य को मनुष्य बनाना सबसे बड़ा मानवीय मूल्य- प्रोफेसर झा



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान में बुधवार को बदलते शैक्षिक परिदृश्य में मानवीय मूल्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के बीज वक्ता प्रोफेसर अरविंद कुमार झा, आचार्य, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने कहा कि कर्म से बढ़कर कोई मूल्य नहीं है। मानव में जो मानवीयता है उसका मूल्य एक होगा। मनुष्य को मनुष्य बनाना सबसे बड़ा मानवीय मूल्य है।

प्रोफेसर झा ने मानव मूल्य एवं मानवीय मूल्यों को रेखांकित किया। उन्होंने विभिन्न विद्वानों के विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि मस्तिष्क का विकास सिर के अंदर होता है जबकि एक अन्य विचारक के अनुसार मस्तिष्क का विकास वातावरण एवं उसके अनुभव द्वारा होता है। उन्होंने गणितीय दृष्टिकोण से मूल्यों को उद्घाटित किया।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर पी के साहू, पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने मूल्यों की व्याख्या की तथा कौशल आधारित मूल्य एवं दक्षता की बात करते हुए विभिन्न दृष्टांत तथा उदाहरण के द्वारा मानवीय मूल्यों को रेखांकित किया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर सत्यकाम, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने शिक्षा में मूल्यों को बढ़ावा देने हेतु उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में गीता सार एवं कुम्भ अध्ययन जैसे साहित्य को जोड़ने का संकल्प लिया। प्रोफेसर सत्यकाम ने शिक्षा एवं मूल्य की बिल्कुल नई अवधारणा दंड की विषद चर्चा की तथा दक्षिण भारत में शिक्षा के प्रचलित अर्थों में दंड की अवधारणा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भोजपुरी में भी शिक्षा का अर्थ दंड के रूप में प्रचलित है।

राष्ट्रीय संगोष्ठी का संचालन प्रो. छत्रसाल सिंह ने किया। शिक्षा विभाग के निदेशक प्रोफेसर पी.के. स्टालिन ने अतिथियों का वाचिक परिचय एवं स्वागत किया। आयोजन सचिव डॉ बाल गोविंद सिंह ने संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा आभार ज्ञापन डॉ. दिनेश सिंह, सह आचार्य, शिक्षा विद्याशाखा ने किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर के आए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किये।

# भारत के एक होने का शाश्वत प्रमाण है महाकुम्भ- शेखावत

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रयागराज।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि कुम्भ केवल आध्यात्मिक लाभ या पुण्य सृजन के लिए कोई संग्रह मात्र नहीं है, बल्कि भारत के विराट रूप का दर्शन है। उन्होंने कहा, सभी धार्मिक मान्यताओं, पूजा-पद्धतियों आस्था और सांस्कृतिक मान्यताओं वाले लोग अपने सारे विवेक भुलाकर कुंभ में सब एक साथ आते हैं, जो भारत की सांस्कृतिक ताकत का प्रतीक है।

शेखावत ने बुधवार को इलाहाबाद संग्रहालय में लघु चित्र प्रदर्शती %भागवत% का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हम भारत को एक राष्ट्र के रूप में देखते हैं, लेकिन अनेक लोग इस बात पर प्रश्न कर सकते हैं कि भारत अंग्रेजों और मुगलों के काल से पहले विभिन्न छोटे-छोटे राज्यों में बंटा हुआ था, उस समय यह इसका एक राष्ट्र का रूप में माना जा सकता था, लेकिन उस विविधताओं से भरे हुए भारत में भी कुम्भ भारत के एक होने का शाश्वत प्रमाण है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब प्रयागराज की ओर पूरे विश्व की दृष्टि है और 144 साल के अंतराल के बाद में दिव्य महाकुम्भ प्रयागराज में संपन्न हो रहा है। उस समय में इस इलाहाबाद जैसे ऐतिहासिक संग्रहालय ने कुम्भ की आध्यात्मिक मान्यता से जुड़े प्रसंगों को लेकर भागवत नाम से एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से एक तरफ कुम्भ और कुम्भ से जुड़े हुए प्रसंगों में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण से जुड़ी हुई कथा से जुड़े चित्रों का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि भारत की आज से सैकड़ों साल पहले जो कला की समृद्धि और गहराई थी, उसको देखने और समझने का अवसर भी यहां आने वाले लोगों को मिलेगा।

# राष्ट्रोत्कर्ष के पुरोधाओं को कल 'सनातन रत्न'

➪ सेक्टर 16 स्थित दंडी स्वामी नगर में 24 जनवरी को अभिनंदन समारोह

**महाकुंभनगर।** त्रिवेणी के पावन तट पर शनिवार को राष्ट्रोत्कर्ष संत समाज भारत रत्न की तर्ज पर सनातन रत्न देगा। यह सम्मान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को दिया जाएगा। यह सम्मान श्री स्वामी डंगू जी महाराज संस्थान (भूरा मठ अन्नक्षेत्र) की तरफ से दिया जाएगा।

अखिल भारतीय दंडी स्वामी समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरविंद स्वरूप जोशी ने बताया कि समारोह में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद जी महाराज, स्वामी चिदानंद मुनि जी महाराज को भी इस सम्मान से संत समाज ने अलंकृत करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा हीरा कारोबारी प्रवीण शंकर पांड्या और दिलीप कुमार लाखी का भी आना लगभग तय माना जा रहा है। यह सभी सेक्टर 16 स्थित दंडी स्वामी नगर में अखिल भारतीय दंडी स्वामी समाज एवं अखिल भारतीय सनातन धर्म संसद की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। यहां राष्ट्रोत्कर्ष पुरोधाओं के लिए संत समाज की ओर से समायोजित आयोजन में सनातन रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

दंडी स्वामी समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता विद्या मार्तंड अरविंद स्वामी जोशी ने बताया कि सनातन परंपरा के संरक्षण तथा संवर्धन में राष्ट्र के अनेक महापुरुषों का योगदान परिलक्षित हो रहा है। संत समाज ने ऐसे राष्ट्रोत्कर्ष पुरोधाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए सेक्टर 16 स्थित दंडी स्वामी नगर में 24 जनवरी को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है।

# मौनी अमावस्या के लिए किए जा रहे मकर संक्रांति से भी वृहद इंतजाम

## डीजीपी प्रशांत कुमार ने संगम में लगाई डुबकी, बोले सुगम यातायात, साफ-सफाई के लिए बढ़ाएंगे मैनपावर

**महाकुम्भनगर।** मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं के लिए मकर संक्रांति से भी बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। यह बात बुधवार को डीजीपी प्रशांत कुमार ने संगम में पुण्य स्नान के बाद कहीं। डीजीपी ने संगम पर सभी तैयारियां परखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीजीपी ने सुगम यातायात और साफ सफाई के लिए मैनपॉवर बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी कैबिनेट ने आज पवित्र गंगा में डुबकी लगाई। इससे पहले डीजीपी प्रशांत कुमार ने संगम में डुबकी लगाई और सुरक्षा व प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मौनी अमावस्या के दौरान मकर संक्रांति से भी वृहद व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने संगम तट पर साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आम श्रद्धालुओं को भी वही सुविधाएं दी जा रही हैं जो वीआईपी को उपलब्ध हैं। इसके लिए अतिरिक्त मैनपावर लगाया गया है, ताकि किसी को कोई असुविधा न होने पाए।

**विदेशी श्रद्धालु ने की सराहना**

स्नान के दौरान डीजीपी से दक्षिण अफ्रीका के एक श्रद्धालु ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। श्रद्धालु ने कहा कि यहां की व्यवस्थाएं अनुकरणीय हैं और धार्मिक आयोजनों के प्रबंधन का बेहतर इंतजाम किया गया है।

# महाकुम्भ को दिव्य और भव्य कुम्भ बनाने मे मनोयोग से कार्य करें- नवीन कुमार शर्मा



**प्रयागराज।** आज पीडब्लूड़ी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ जनपद प्रयागराज के 18 सूत्रीय मांग पत्र पर निर्माण खंड 3 के अधिशाषी अभियंता नवीन कुमार शर्मा ने ग्रेवांस की बैठक सौहार्द पूर्ण रूप से संघ के बरिष्ठ कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र के नेतृत्व मे पीडब्लूड़ी कार्यालय हुआ। जिसमे जनपद अध्यक्ष फूलचंद यादव ने कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित 18 सूत्रीय मांगपत्र अधिशाषी अभियंता को सौंप कर निस्तारण करने का अनुरोध किया।

जिस पर अधिशाषी अभियंता नवीन कुमार शर्मा ने संघ के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। कर्मचारियों को विश्व के सबसे बड़े महाकुम्भ को भव्य एवं दिव्य कुम्भ बनाने मे मनोयोग से कार्य करना चाहिए।

ग्रिवांस की बैठक मे प्रशासनिक अधिकारी मिश्रिलाल एवं संघ के अध्यक्ष फूलचंद यादव, जनपद मंत्री राम अचल पाल, उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल, संयुक्त मंत्री विजय भारत,क्षेत्रीय संगठन मंत्री संजीत कुमार यादव, जनपद संगठन मंत्री लालजी पाल ने भाग लिया।

# स्वाधीन भारत निर्माण के सैन्य क्रांति के प्रकाश थे सुभाष- राजेश केसरवानी

## सुभाष चंद्र बोस एवं ठाकुर रोशन सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**प्रयागराज।** अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप प्रयागराज के तत्वाधान में मां भारती के अमर सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 128 वीं जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर और महान क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह की 1330वीं जन्म जयंती पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पार्क मुट्ठीगंज में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने कहा कि स्वाधीन भारत के निर्माण में सुभाष चंद्र बोस पराक्रम एवं उनका समर्पण मां भारती की आजादी के प्रति रहा। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर देश की आजादी के लिए सैन्य क्रांति के बल पर अंग्रेजी शासन की नींव को हिला कर दिया। उनके द्वारा दिल्ली चलो एवं तुम मुझे खून दो मै तुम्हें आजादी दूंगा का नारा इस देश को नौजवानों को राष्ट्र की आजादी के प्रति प्रेरित किया।

इस अवसर उन्होंने क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह के जीवन पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के संयोजक अभिलाष केसरवानी रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कार्यक्रम के संयोजक अभिलाष केसरवानी रहे।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में, शत्रुघ्न जायसवाल, सुशील जैन, सिपाही लाल, अजय अग्रहरि, किशन चंद्र जायसवाल, नीरज केसरवानी, पद्माकर श्रीवास्तव श्रेष्ठ जायसवाल आदि रहे।

# मौनी अमावस्या के मौके पर चलेंगी 150 से अधिक स्पेशल ट्रेनें, हर 4 मिनट पर एक ट्रेन

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 की प्रयागराज में मकर संक्रांति के दिन महाकुंभ के पहले अमृत स्नान पर्व पर उम्मीद से अधिक लगभग 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया था। अब तक 9 करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं। इसी क्रम में महाकुंभ के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या के लिए तैयारियां पूरे जोर पर हैं। प्रयागराज रेल मंडल ने भी मौनी अमावस्या के दिन करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 150 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना तैयार कर ली है जो अपने आप में भारतीय रेलवे के लिए एक कीर्तिमान होगा।

महाकुंभ में प्रयागराज आकर संगम स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के सभी रिकार्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मकर संक्रांति के पहले अमृत स्नान के दिन लगभग 3.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया, जिनके लिए प्रयागराज रेल मंडल ने 101 मेला स्पेशल ट्रेनें चलानी गई थी। जो अपने आप में एक रिकार्ड था। इसी अनुरूप रेल प्रशासन महाकुंभ के सबसे बड़े अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के लिए भी तैयारियां कर रहा है।

मेला प्राधिकरण का अनुमान है कि मौनी अमावस्या के दिन 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम स्नान करेंगे। जिनमें से दस से बीस फीसदी श्रद्धालुओं के ट्रेन से आने का अनुमान है। जिनके लिए प्रयागराज रेल मंडल ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। ट्रेनों के अवागमन के साथ यात्रियों के ठहरने और सही ट्रेनों तक पहुंचने के लिए कलर कोडिंग के आधार पर टिकट और अतिरिक्त आश्रय स्थलों का प्रबंध कर लिया गया है।

मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के लिए रेलवे की तैयारियों के बारे में बताते हुए प्रयागराज रेलवे के सीनियर पीआरओ अमित मालवीय ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज रेलवे 150 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। सबसे अधिक ट्रेने प्रयागराज जंक्शन से चलेंगी, इसके अलावा मण्डल के अन्य स्टेशनों से दिशावार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा नियमित ट्रेनों का संचालन भी समयानुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी स्टेशन से एक दिन में 150 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन करना अपने आप में एक कीर्तिमान होगा। कुंभ 2019 में मौनी अमावस्या के पर्व पर लगभग 85 मेला स्पेशल ट्रेनों का ही संचालन हुआ था। उन्होंने बताया कि प्रयागराज रेलवे से चलने वाली नियमित ट्रेनों और स्पेशल ट्रेनों की संख्या के अनुमान से मौनी अमावस्या के दिन लगभग हर 4 मिनट पर एक ट्रेन का होगा संचालन।

# उज्जवल में गोपाल दास क्लब को जिताया



**प्रयागराज।** गोपाल दास क्लब ने विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को 17 रन से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 एवं 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किया। इस जीत में उज्जवल शर्मा (63 रन एवं तीन विकेट) की भूमिका महत्वपूर्ण रही। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में गोपाल दास क्लब ने 28.4 ओवर में 151 रन (उज्जवल शर्मा 63, शिवम 28, आर्यन प्रजापति 4/29, आनंद कुमार यादव 2/03) बनाकर विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को 26.1 ओवर में 134 रन (प्रतीक तिवारी 33 नाबाद, प्रतीक शुक्ला 18, मोहम्मद अहद 3/27, उज्जवल शर्मा 3/32) पर समेट दिया। उज्जवल शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# अर्जुन, अंकित, फरहान व अविरल चमके




**प्रयागराज।** कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब ने कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित कायस्थ पाठशाला क्रिकेट प्रतियोगिता में फाफामऊ क्रिकेट क्लब को नौ विकेट से हराकर पूर्ण अंक हासिल किए हैं। विजेता टीम के अंकित यादव के नाबाद ( 101 रन, 104 गेंद, 14 चौके, एक छक्के ) व फरहान अंसारी ( 100 रन, 80 गेंद, 13 चौके व दो छक्के ) की शतकीय प्रहार से अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। फाफामऊ क्लब के अर्जुन दुबे के नाबाद ( 152 रन, 125 गेंद, 19 चौके, दो छक्के ) व अविरल मिश्रा की ( 73 रन, 89 गेंद, नौ चौके ) की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत ना दिला सकी। बुधवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फाफामऊ क्रिकेट क्लब ने 40 ओवर में चार विकेट पर 257 रन ( अर्जुन दुबे 152 नाबाद, अविरल मिश्रा 73, मोहित यादव 15 रन, सुमित पाण्डेय 2/40, शुभ शर्मा 1/48 ) पर बनाए। जवाब में कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब की टीम ने 36.2 ओवर में एक विकेट पर 258 रन ( अंकित यादव 101 नाबाद, फरहान अंसारी 100, अभिषेक यादव 40 अविजित रन, अर्जुन दुबे 1/26 ) पर बना लिए। मैच में मो. आरिफ व प्रितेश सोनकर ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

मैच के बाद पूर्व रेलवे रणजी खिलाड़ी संदीप यादव ने अंकित यादव को मैन ऑफ डी मैच का पुरुस्कार दिया।

# हज़रत शहीद मर्द शाह बाबा के उर्स पर चादरपोशी



**प्रयागराज।** दायरा शाह अजमल में लसौड़े शाह बाबा के नाम से मशहूर हज़रत शहीद मर्द शाह बाबा का उर्स अक़ीदत व ऐहतेराम के साथ मनाया गया। इस्लामिक माह रजब उल मुरज्जब की इक्कीसवीं को जहां बाबा की मजार पर जायरीनों की आमद रही वहीं अक़ीदतमन्दों ने मज़ार शरीफ का गुस्ल संदल व चादरपोशी कर मन्नत व मुरादें मांगी। कव्वालों ने जहां पैग़म्बरे इस्लाम की शान में एक से बढ़ कर एक कव्वाली पेश की वहीं मनकुन्तो मौला व इमाम हसन और इमाम हुसैन के वसीले से भी कव्वाली सुना कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।आबिद नियाज़ी की ओर से जायरीनों को लंगर वितरित किया गया। मज़ार को आकर्षक झालरों से सजाया गया था। देर रात तक चले कव्वाली को सुनने बड़ी संख्या में अक़ीदतमन्द जुटे। इस दौरान मौलाना आबिद हुसैन, शकील, आबिद नियाज़ी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, सक़लैन, हाफ़िज़ अब्दुल समद, फिरोज़ खान, मोहम्मद चांद, दुलारे खां आदि शामिल रहे।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं संघटक कॉलेज में सछास की कार्यकारिणी गठित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं संघटक कॉलेज में समाजवादी छात्र सभा की राष्ट्रीय इकाई कार्यकारिणी गठित की गई। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय संघटक कॉलेज में समाजवादी छात्र सभा की राष्ट्रीय इकाई कार्यकारिणी गठित की।समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र नेता इलाहाबाद विश्वविद्यालय अजय सम्राट ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और समाजवादी छात्र सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान इदरीश की का आभार व्यक्त किया और इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं संघटक कॉलेज के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। छात्रसभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र नेता इलाहाबाद विश्वविद्यालय अजय सम्राट ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा पीडीए की खींची गई लकीर को मजबूत करने के लिए समाजवादी छात्र सभा के समस्त छात्र पूरी मजबूती के साथ प्रतिबद्ध हैं।

## रेलवे की अंडर-23 टीम में प्रथम

**प्रयागराज।** राजकोट में होने वाली कर्नल सीके नायडू अंडर-23 ट्रॉफी के लिए भारतीय रेलवे की टीम के एसीआर में कार्यरत इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पंजीकृत खिलाड़ी प्रथम मिश्र को भी शामिल किया है।

## यूपीसीए ट्रायल के लिए रजिस्ट्रेशन 27 तक

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के सभी आयु वर्ग और रणजी ट्रॉफी ट्रायल के लिए खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 27 जनवरी तक होगा। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त संयोजक (प्रबंधन) सोमेश्वर पांडेय के अनुसार प्रयागराज मण्डल में आने वाले चार जनपदों (इलाहाबाद, मिर्ज़ापुर, भदोही और चित्रकूट) के क्रिकेटर कहीं से भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन (https://www.upca.tv) करने के बाद चालान की प्रति, रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर एवं शुल्क के साथ इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय 02, कानपुर रोड (निकट सप्लाई डिपो, चौफटका पॉवर हाउस) प्रयागराज में दोपहर 2 से 5 बजे के मध्य शहज़ादे आलम अथवा संयुक्त संयोजक (प्रबंधन) सोमेश्वर पाण्डेय से संपर्क कर सकते हैं। जिन खिलाड़ियों का रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर यदि बदल गया है तो वह एक आवेदन देकर अपना नया नंबर दर्ज करा सकते हैं। एसीए कार्यालय में औपचारिक प्रकिया पूर्ण होने के बाद ही रजिस्ट्रेशन मान्य होगा। सभी खिलाड़ियों के लिए केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करना अनिवार्य है।

# भारत रत्न स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेयी की याद में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, (कौशाम्बी)।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ व निर्बल विकास एवं उत्थान समिति कौशांम्बी के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री एंव भारत रत्न स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेयी की याद में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ0 अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक,उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ ने किया कवयित्री राधा शुक्ला ने वाणी वंन्दना से शुरू किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह ने कवियों को स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया। कवि शारिक फूलपुरी ने पढ़ा कि मेरा दिल है मेरे हमदम तुम्हे आवाज देता है, मोहब्बत का हसी मौसम तुम्हे आवाज देता है मिलन के वासते बेताब है दिल अब तो आ जाओ प्रयागराज का संगम तुम्हे आवाज देता है इसी दौरान कवि मनमोहन सिहं तन्हा ने पढ़ा की नफरते मिलती है कैसे दिल मिला कर देखले, तू किसी की राह से पत्थर हटा कर देखले, दूसरों से पूंछ कर क्यों फैसला करता है तू इक दिया तू भी मोहबत का जला कर देख ले वरिष्ठ कवयित्री प्रीता वाजपेयी ने अपनी कविता में कहा कि कभी गैरत को तुम रुसवा न करना उठाना रंजोगम शिकवा ना करना गरीबी खुद में है रमजे इबादत, अमीरे शहर को सजदा न करना इलाहाबाद की प्रसिद्ध कवयित्री मिस्बाह इलाहाबादी ने अपने कलाम में पढ़ा नारी शक्ति का अद्भुत हवाला बानो,कह रही है बुलंदी हिमाला बानो, सूर्य बन करके तुम कोई संकल्प लो,हर तरफ छाओ ऐसा उजाला बनो कवि शिव शरण बंधु ने पढ़ा कि रहते रहते घर में घर हो जाते हैं चलते चलते लोग सफर हो जाते हैं राजनीति में कुछ लोगों की फित्तरत है जिधर बनी सरकार उधर हो जाते हैं कवि फरमूद इलाहाबादी ने कविता में कहा कि तेरे इश्क में क्या से क्या हो गए हम, गजल नज्म थे,मर्सिया हो गए हम,बुरा हो मोहब्बत का नारियल से सुपारी डली छलिया हो गयें हम कवि मखदूम फूलपुरी, कवयित्री शीवा कोरालवी, अमीर कौशाम्बी, शामिल हुए। श्रोताओं ने तालियां बजाकर कवि कवित्री की कविता की प्रशंसा की और हौसला बढ़ाया निर्बल विकास एवं उत्थान समिति के सचिव सैय्यद आफताब मेहदी ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की कविताओं से हम सभी परिचित है मगर हमारी कोशिश है कि इस दौर की युवा पीढ़ी कवियों के काव्य वैभय से भी परिचित हो सके और इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करके एकता का संदेश देने की हर संभव कोशिश जारी है कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि गण आकाश सिंह उप जिलाधिकारी मंझनपुर, डॉ राहुल सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अश्विनी कुमार जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास वर्मा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, सुरेन्द्र कुमार सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत किशनपुर फतेहपुर, शमशाद अहमद अध्यक्ष- नगर पंचायत करारी कौशाम्बी, डॉ ए0एच0सिद्दीकी निदेशक न्यू नवजीवन हॉस्पिटल कौशाम्बी, डॉक्टर नईम हाशमी मैनेजिंग डायरेक्टर गैलेक्सी हॉस्पिटल कौशांम्बी विनय सिंह पटेल संस्थापक, सदस्य साथी मिशन फाउंडेशन पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन का समापन राष्ट्रगान से किया गया कार्यक्रम के निवेदक सज्जाद मेहदी, पंकज कुमार एडवोकेट, फिरोज अहमद, मंगरु प्रसाद, ओम देव एडवोकेट, मो0 अजमल, मोनिका, गुलाम वारिस, मोहम्मद आरिफ मकसूद अहमद, अरविंद सरोज आदि उपस्थित रहे।

## कौशाम्बी के कोल्हुआ गांव का सुभाष बघेल कई भाषाओं में गाकर बना सुर्खियों का केंद्र

**बारा, (कौशाम्बी)।** कौशाम्बी जिले के कोल्हुआ गांव के निवासी सुभाष बघेल ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा के कारण स्थानीय और ऑनलाइन मंचों पर खास पहचान बनाई है। सुभाष अपनी मधुर आवाज और बहुभाषी गानों की अदायगी से लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। आपको बतादें कि म्यूजिक प्रोड्युक्सेर बिनोद धाकड़ जी मुरेना है और वीडियो डैरेक्टर ऐक्टर हंसराज कौशाम्बी फिल्म मेकर स्टूडियो म्योहार कई भाषाओं में गायकी का हुनर सुभाष न केवल हिंदी और भोजपुरी, बल्कि अंग्रेजी, मराठी, पंजाबी और बांग्ला जैसी भाषाओं में भी गीत गाने में माहिर हैं। उनकी गायकी की खास बात यह है कि वे हर भाषा की संस्कृति और भावनाओं को अपने गीतों में बखूबी दर्शाते हैं। सोशल मीडिया पर बढ़ती लोकप्रियता सुभाष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपने गानों के वीडियो अपलोड करना शुरू किया, जो तेजी से वायरल हो गए। लोग उनकी आवाज और बहुभाषी कौशल की जमकर तारीफकर रहे हैं। प्रेरणा और भविष्य की योजनाएं सुभाष का कहना है कि उन्हें यह प्रेरणा अपने गांव की सांस्कृतिक विरासत और विविधता से मिली।

## अयोध्या मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर हुआ सिराथू में सुंदर कांड का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, (कौशाम्बी)।** कोर्ट के निर्णय के उपरांत अयोध्या में बनाए गए भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नगर पंचायत परिसर सिराथू में बुधवार को सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदर कांड पाठ के बाद बनाए गए प्रसाद हलुआ का वितरण किया गया। जिसे सभी श्रद्धालुओं, ग्रामीणों, राहगीरों के बीच वितरित किया गया। अयोध्या मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को सिराथू कस्बे में उल्लासपूर्वक मनाया गया और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण को गुंजायमान कर दिया है।

कार्यक्रम में एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह , सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा , भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य , चेयरमैन सिराथू राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव , लेखा लिपिक दीप कमल , बबलू यादव , महेश सिंह सहित सभासद व नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे ।

## जिलाधिकारी ने 27 जनसेवा केंद्रों की आईडी निरस्त करने के दिए निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार किसानों को अधिक से अधिक योजनाओं को लाभ पहुंचाने और योजनाओं से किसानों को जोड़ने के लिए फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन योजना संचालित की गई है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में समस्त ग्राम पंचायतों में स्थापित समस्त जनसेवा केन्द्रों से कृषकां का फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन का कार्य अभियान चलाकर कराया जा रहा हैं। इस अभियान में सभी जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा आवश्यक सहयोग करते हुए अधिक से अधिक कृषकों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है। दिये गये निर्देशों के बावजूद जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा अपने ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित कृषको का पंजीकरण में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण जनपद की प्रगति में वृद्धि नहीं हो पा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 27 सीएससी सेंटरों जिंसमें-अभिमन्यु सिंह बिदनपुर आमद कारारी, विनोद कुमार दनियालपुर, राज बाबू चायल, विपिन कुमार भदवां, मो0 गुलाम वारिस कसिया, शहजाद निजाममई, अनीस कुमार जरैनी, अमित त्रिपाठी पट्टी परवेजाबाद, अजय साहू गौरा, सतीश यादव सैवठा, महेन्द्र कुमार भदवा, धीरेन्द्र प्रताप सिंह पुनवार, अमित कुमार तैयबापुर मंगौरा, मो0 हसन पंडीरी, राजेश अग्रहरि बउली, आनन्द राज मिश्रा जाठी, मनीष केसरवानी पूरब शरीरा, सोनू कुमार कादिराबाद, अरविन्द कुमार रसूलपुर बड़गांव, सोमनाथ शुक्ला मंझनपुर, सेजी अहमद त्रिलोकपुर, सोनू कुमार सिराथू, अंजनी कुमार पाण्डेय हिसामपुर परसखी, रामू निजामपुर नौगीरा, मो0 अमन घोइसा, अनीस कुमार जरैनी एवं आकांक्षा कुमारी चायल की आई0डी0 निरस्त करने के निर्देश दियें।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-05 चलाया गया जागरूकता अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना करारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम छिमिरछा मे जाकर, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा ग्राम कस्बा पश्चिम शरीरा मे भ्रमणशील रहकर, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम चरवा पूर्व थोक में जाकर एवं महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्यैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## मीरापुर में ध्रुव की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के मीरापुर में स्थित महाकाल भैरव मंदिर में स्व छत्रपाल मौर्य की स्मृति में आयोजित 68 वा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक सुनील महाराज ने श्रीमद् भागवत सप्ताह में बुधवार को तीसरे दिन कथाव्यास ने ध्रुव की कथा का वृतान्त सुनाया कि जब ध्रुव अपने पिता उत्तानपाद की गोद में बैठे खेल रहे थे। इतने में उनकी सौतेली मां सुरूचि पहुंच गई। ध्रुव को उत्तानपाद की गोद में खेलता देखकर उसका पारा सातवें आसमान पर जा पहुंचा। सौतन के पुत्र को अपने पति की गोद में देखकर वह अपना संतुलन खो बैठी। कथावाचक आगे बताया कि सुरूचि का मन ईर्ष्या से जल उठा। उसने झपटकर ध्रुव को राजा की गोद से खींच लिया और अपने पुत्र उत्तम को राजा की गोद में बैठा दिया और ध्रुव पर क्रोधित होकर बोली अरे मूर्ख राजा की गोद में वही बालक बैठ सकता है जो मेरी कोख से उत्पन्न हुआ हो। पांच वर्ष के ध्रुव को अपनी सौतेली मां के व्यवहार पर क्रोध आया। उन्होंने सारी बात अपनी मां को बताई। मां ने ध्रुव से कहा कि बेटा तुम्हारी सौतेली मां के प्रेम में तुम्हारे पिता हमसे दूर हो गए हैं। तुम भगवान को अपना सहारा बनाओ। माता के वचन सुनकर ध्रुव को ज्ञान उत्पन्न हुआ और वह घर छोड़कर भगवान की भक्ति के लिए चल पड़े। रास्ते में उनकी भेंट देवार्षि नारद से हुई। उन्होंने बालक ध्रुव को समझाया, किंतु ध्रुव भगवान को पाने की जिद पर अड़े रहे। बालक के दृढ़ संकल्प को देखते हुए नारद जी ने मंत्र की दीक्षा दी। ध्रुव ने नारद जी से मिले मंत्र से भगवान नारायण की तपस्या प्रारंभ कर दी। तपस्या के दौरान अनेक प्रकार की समस्याएं आई परंतु वह डिगे नहीं। ध्रुव की कठोर तपस्या देखकर भगवान नारायण की योग निन्द्रा टूट गई और उन्होंने प्रसन्न होकर ध्रुव को दर्शन दिए और ध्रुव को वह लोक प्रदान किया, जिसके चारों ओर ज्योतिष चक्र घूमता है। इस लोक में 36 सहस्त्र वर्ष तक तुम पृथ्वी पर शासन करोगे। नारायण का वरदान पाकर ध्रुव तारा बन गए। कथा में बृज भूषण मौर्य , राम सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

## ओसा चौराहा में मनाई गई राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज विश्व हिन्दू महासंघ जिला कार्यालय ओसा चौराहा में जिला अध्यक्ष ज्ञानस्वरूप मिश्रा की अध्यक्षता में सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागेश्वर प्रसाद मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष गोरक्षा प्रकोष्ठ सुभाष पांडेय, प्रदेश महामंत्री युवा प्रकोष्ठ सतीश कुमार द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष गोरक्षा प्रकोष्ठ पन्नालाल केसरवानी, जिला उपाध्यक्ष शुभम त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ कौशाम्बी मुकुन्दीलाल केसरवानी मनोज केसरवानी सहित सैकडों पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## हत्या के प्रयास की घटना से सम्बन्धित तीन आरोपियों को 05-05 वर्ष केकारावास की दिलायी गयी सजा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** 08 जुलाई, 2012 को वादी द्वारा थाना सराय अकिल पर सूचना दी गयी कि आरोपीगणों द्वारा उनके भाई को जान से मारने की नियत से गोली मार दी है, जिसके सम्बन्ध में स्थानीय थाने पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित मो0 मैहसर, सुजात अली, परवेज निवासीगण रानीपुर उर्फ रसूलपुर सुकवारा थाना सराय अकिल को आज न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक आरोपी को 05-05 वर्ष के कारावास तथा 6,000-6,000 रूपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों के साथ की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा व्यापारियों को समुचित सुरक्षा व सहयोग का भरोसा दिलाया गया।

**निरोधात्मक कार्यवाही में 10 गिरफ्तार**
कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना कौशाम्बी से 03, थाना पिपरी से 06, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर भव्य शोभायात्रा के साथ प्रसाद वितरण

**लोकांमत्र ब्यूरो**
**चायल, (कौशाम्बी)।** तिल्हापुर मोड़ में श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा को पूरे क्षेत्र में घुमाया गया शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल तिल्हापुर मोड़ के संरक्षक सुरेंद्र केसरवानी के द्वारा भगवान श्री राम मंदिर निर्माण में प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिक उत्सव का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सभी व्यापारी मौजूद रहे भक्तों ने श्री राम जी की पूजा अर्चना की तथा आशीर्वाद लिया बता दे कि अयोध्या में विराजमान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर राम भक्तों ने तिल्हापुर मोड़ में भव्य शोभायात्रा निकाली शोभायात्रा में अयोध्या में



विराजमान भगवान श्री राम जी के स्वरूप में शोभा यात्रा निकाली जो दर्शन मात्र से धन्य हुए ,मोड़ के लोग शोभायात्रा निकलते ही फूलों की वर्षा करते हुए दिखाई दिए राम भक्त लोगों ने जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की इस मौके पर सुभाष चंद्र केसरवानी, मदन कुमार केसरवानी, बांके लाल यादव ,शिवम केसरवानी, मनीष कुमार केसरवानी, नितिन केसरवानी सहित सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहें।

## वृद्धजन आश्रम में शेफर्ड टाइगर फोर्स के जिलाध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

### समाज के लोगों के साथ पहुंच डॉ. सुनील पाल ने वितरित किया फल और थाली

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** शेफर्ड टाइगर फोर्स के जिलाध्यक्ष डॉ. सुनील पाल का बुधवार को मंझनपुर स्थित वृद्धजन आश्रम में जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान वृद्धजनों के बीच केक काटा गया। इसके बाद बुजुर्गों को केक खिलाया। बाद में उन्हें फल और थाली वितरित किया गया। वृद्धजनों समेत आश्रम संचालक ने डॉ. सुनील पाल के इस पहल की सराहना की है।

मंझनपुर के समदा निवासी डॉ. सुनील पाल शेफर्ड टाइगर फोर्स के जिलाध्यक्ष हैं। बुधवार को डॉ. सुनील पाल का जन्मदिन रहा। इस मौके पर उन्होंने अपना जन्मदिन वृद्धजन आश्रम ओसा में आश्रित बुजुर्गों के साथ मनाने का फैसला किया। जहां दोस्तों के साथ पहुंचकर



उन्होंने बुजर्गों के बीच केक काटा और मिठाई वितरित किया। इसके साथ ही आश्रम में मौजूद 45 बुजुर्गों को फल, केक और थाली वितरित किया। यह सब पाकर वृद्धजन गदगद हो उठे। आश्रम संचालक आलोक राय समेत बुजुर्गों ने डॉ. सुनील पाल के पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह हर गांव से सिर्फ एक लोग बुजुर्गों के साथ जन्मदिन मनाने आते रहे तो बुजुर्गों को कभी अपने परिवार की कमी महसूस ही नहीं होगी। इस दौरान श्याम सिंह पाल, सभासद हरिश्चंद्र पाल, मंडल अध्यक्ष भाजपा राजीव कुमार पाल, दिनेश पाल, सचिन पाल, विजय पाल, मानसिंह पाल, जितेंद्र पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## थाना कौशाम्बी पुलिस ने सीपीएमएफ के साथ मिश्रित आबादी क्षेत्र में किया भ्रमण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा (कौशाम्बी)।** कौशाम्बी थाना प्रभारी उर्मिला सिंह ने पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी के निर्देशन में अपने समस्त टीम पुलिस बल के साथ कानून-व्यवस्था को बनाए रखने और नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीपीएमएफ) के साथ मिलकर मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। यह अभियान विशेष रूप से उन इलाकों में किया गया जहां विभिन्न समुदायों की आबादी निवास करती है।



फ्लैग मार्च का उद्देश्य
शांति और सौहार्द बनाए रखना- मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के विवाद या असामंजस्य को रोकना। अपराधियों में कानून का डर बनाए रखना और अवैध गतिविधियों पर नजर रखना। स्थानीय निवासियों को यह विश्वास दिलाना कि पुलिस और सुरक्षा बल उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।
फ्लैग मार्च में थाना कौशाम्बी के पुलिस अधिकारी और सीपीएमएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से संवाद भी किया और उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।
पुलिस ने जनता से आग्रह किया कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी प्रकार की शांति भंग करने वाली गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस और जनता दोनों की जिम्मेदारी है।
यह कदम महाकुंभ और आगामी त्योहारों और महत्वपूर्ण आयोजनों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए एक एहतियाती उपाय के रूप में देखा जा रहा है। जो सराहनीय कदम है।इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक उर्मिला सिंह,उपनिरीक्षक

## समर्पण फाउंडेशन ने स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

### सैकड़ो मरीजों का हुआ उपचार बाटी गई नि :शुल्क दवाएं

**लोकमित्र ब्यूरो**
**पश्चिम शरीरा, (कौशाम्बी)।** महेवाघाट क्षेत्र के भगतपुरा बाजार स्थित महाकाल ट्रेंड्स के स्थापना दिवस व राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समर्पण फाउंडेशन ने दूकान के पास स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें जीवन राज अस्पताल मंझनपुर से आए डाक्टरों की टीम ने रानी देवी राम अभिलाष सिंह इंटर कालेज भगवत पुर मंझनपुर कौशांबी के छात्र छात्राओं व भगवतपुर,अलवारा, आदि गांवो के करीब 3 सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों व विधालय के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही आवश्यक दवा उपचार कर स्वस्थ रहने संबंधित सलाह दिया।शिविर का शुभारम्भ डा. राजेश कुमार ने किया। डाक्टर भूपेंद्र सिंह डाक्टर अजय सिंह,सुषमा कुशवाहा,दुर्गेश साहू ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं असहाय गरीब लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर उन्हें




निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने सर्दी व शीतलहर से स्कूली बच्चों को बचने के बारे में कहा कि सर्द से स्वास्थ्य पर काफी कुप्रभाव होता है। इससे बच्चों को गर्म कपडों को पहनना बहुत जरूरी है। ठंडी चीजों के सेवन करने से बचना चाहिए। उबला हुआ पानी ही देना चाहिए। स्वास्थ्य टीम में शामिल चिकित्सकों ने साफ-सफाई से रहने व विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए घरेलू उपचार भी बताए। वहीं नियमित व्यायाम करने और पौष्टिक आहार के लाभ के बारे में जानकारी दी। शिविर में वजन,लंबाई,रक्तचाप (बीपी),आंख,दांत आदि की जांच की गई। इस मौके पर अजय सिंह चंद्रौल, राजेश सिंह,मनोज सिंह पटेल, शैलेंद्र सिंह,विवेक सिंह, प्रवीण सिंह पटेल, अनुराग सिंह,आयुष सिंह,अजीत सिंह पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी दो को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** थाना सैनी पर पंजीकृत आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित आरोपी सुघर सिंह निवासी अजुवा थाना सैनी को न्यायालय एसीजेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपी को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व 900 रूपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## वृद्धजन आश्रम के संचालक ने वृद्धजनों को लेकर पहुंचे महाकुंभ, कराया स्नान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** महाकुंभ 2025 के पावन पर्व पर ओसा स्थित वृद्धजन आश्रम के संचालक आलोक राय द्वारा आश्रम में रह रहे वृद्धजनों को संगम स्नान कराया गया। साथ ही उन्हें महाकुंभ में विभिन्न देव स्थलों का दर्शन करा कर मेला परिसर में घुमाया गया। वृद्धजनों ने संचालक के इस पहल की सराहना की है।